www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...

छत्तीसगढ़ का पहला राष्ट्रीय दैनिक

संपर्क करें : deshbandhuraipur@gmail.com

पत्र नहीं मित्र

देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार, 26 फरवरी 2026 । वर्ष – 67 । अंक –310 । पृष्ठ –12 । मूल्य – 4.00 रु प्रेस पंजीयन- 06072/59

मोदी की इजरायल यात्रा नैतिक कायरता : जयराम रमेश पृष्ठ 2

■ मां तुझे सलाम, यही है असली वंदेमातरम
■ बाह्य ऋण, विकास और वैश्विक जिम्मेदारीः भारत की ... पृष्ठ 6

■ संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन प्रस्ताव पर भारत-अमेरिका ने बनाई दूरी
■ ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की पृष्ठ 7

टॉमलजानोविच ने वीनस विलियम्स को हराया पृष्ठ 8

कांग्रेस सिंडिकेट ने जनता को लूटा नक्सलवाद अंतिम पड़ाव पर : साय

कॉरपोरेट घरानों को बस्तर सौंपने का आरोप निराधार

राज्यपाल के अभिभाषण पर कांग्रेस पर किया तीखा हमला

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। विधानसभा में आज राज्यपाल के अभिभाषण पर चर्चा के दौरान मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि कांग्रेस सिंडिकेट ने छत्तीसगढ़ की जनता को लूटने का काम किया। उन्होंने आरोप लगाया कि कोयला, शराब, डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) सहित विभिन्न मामलों में व्यापक भ्रष्टाचार हुआ और भ्रष्टाचार के लिए कुछ भी नहीं छोड़ा गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने शराब से प्राप्त राजस्व को अब जनहित के कार्यों में उपयोग करना सुनिश्चित किया है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राजीव मितान योजना की राशि का उपयोग केवल राहुल गांधी के कार्यक्रमों के दौरान ही दिखाई देता था।

श्री साय ने कांग्रेस शासन के दौरान ढाई-ढाई साल के नेतृत्व की अवधारणा को लेकर भी निशाना साधा और कहा कि इससे प्रशासनिक अस्थिरता पैदा हुई। उन्होंने पीएससी में हुई कथित अनियमितताओं का भी उल्लेख करते हुए कहा कि युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ किया गया।

मुख्यमंत्री ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में कई लोगों की गिरफ्तारी हो चुकी है और आने वाले समय में और भी गिरफ्तारियां होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास में नक्सलवाद और भ्रष्टाचार दो बड़ी बाधाएं रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में नक्सलवाद अब अंतिम सांसें गिन रहा है।

हाल ही में केंद्रीय गृह मंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक का जिक्र करते हुए साय ने कहा कि एक समय देश में 70 प्रतिशत से अधिक नक्सल गतिविधियां छत्तीसगढ़ में केंद्रित थीं और इसका कारण पूर्व सरकार की कमजोर इच्छाशक्ति थी। बस्तर को धरती का स्वर्ग बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि नियद नेल्ला नार योजना के माध्यम से बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं और सुरक्षा बलों के कैंप खोले जा रहे हैं। जहां कभी ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

एसटीपी निर्माण की गलत जानकारी देने वाले अधिकारियों पर कार्यवाही की मांग

नेता प्रतिपक्ष ने उठाया उठाया मामला

विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एस टीपी) के निर्माण का मुद्दा उठाया। उन्होंने गलत जानकारी देकर गुमराह करने वाले अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर मंत्री अरूण साव ने परीक्षण कराकर आगे की कार्रवाई की बात कही।

नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरण दास महंत ने प्रश्नकाल के दौरान सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट को लेकर कहा कि 2 बार संशोधन कर जवाब भेजे गए। पहले 26 बताया गया ? था फिर संख्या 21 भेजी गई। इस पर उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कहा कि ये सही है कि बाद में संशोधित उत्तर उपलब्ध कराया है।

उन्होंने कहा कि राज्य और केन्द्र सरकार मिलकर पूरी गंभीरता से काम कर रहे हैं। 12 नगरीय निकायों में 21 एसटीपी स्वीकृत है। 68 नगरीय निकायों में 96 एसटीपी की स्वीकृति है।

इस पर नेता प्रतिपक्ष महंत ने कहा कि मेरे क्षेत्र में एसटीपी प्लांट को लेकर जानकारी मांगी और हर बार प्रक्रियाधीन होने का जवाब आया। हर बार उत्तर गलत आता है। ये जो गुमराह करने वाले अधिकारी बैठे हैं, उनके लिए किस तरह के ईनाम या सजा का प्रावधान है। मंत्री अरूण साव ने परीक्षण कराकर कार्रवाई की बात कही।

'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

एनसीईआरटी की कक्षा 8 की नई किताब से जुड़े चैप्टर पर आपत्ति

कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। कानून अपना काम करेगा। मैं जानता हूं कि इससे कैसे निपटा जाए। मैं स्वतः संज्ञान ले रहा हूं : सूर्यकांत, सीजेआई

■ न्यायपालिका को बदनाम करने की इजाजत नहीं देंगे
■ कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी ने उठाया मामला

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने बुधवार को एनसीईआरटी की क्लास 8 की नई किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' से जुड़े चैप्टर पर आपत्ति जताई। सीजेआई ने कहा कि किसी को भी इस बात की इजाजत नहीं दी जाएगी कि वो न्यायपालिका को बदनाम करें। वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल, अभिषेक मनु सिंघवी, मुकुल रोहतगी ने सीजेआई के सामने यह मामला उठाया था।

कपिल सिब्बल ने कहा कि यह दुख की बात है कि कक्षा 8 के बच्चों को 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' के बारे में पढ़ाया जा रहा है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि उन्हें इस बात की जानकारी है। उन्हें लगातार इस बारे में फोन कॉल, मैसेज मिल रहे हैं। बार और बेंच दोनों इससे व्यथित है। नाराजगी जाहिर करते हुए सीजेआई ने कहा, 'संस्था का प्रमुख होने के नाते मैंने हमेशा अपने दायित्व को निभाया है। मैं किसी को इस बात की इजाजत नहीं दूंगा कि वो न्यायपालिका को बदनाम करें। किसी कीमत पर मैं इसकी इजाजत नहीं दूंगा, कोई कितना भी बड़ा क्यों न हो। कानून अपना काम करेगा। मैं जानता हूं कि इससे कैसे निपटा जाए। मैं स्वतः संज्ञान ले रहा हूं।'

यह सोची समझी चाल है

मुख्य न्यायाधीश ने कहा, 'यह सोची समझी चाल प्रतीत होती है। इससे ज्यादा मैं कुछ नहीं कहूंगा। सीजेआई के रूप में मैं अपनी ड्यूटी निभा रहा हूं।' इस मामले पर बेंच के दूसरे सदस्य जस्टिस बागची ने कहा कि यह (चैप्टर) संविधान के बुनियादी ढांचे के खिलाफ है।

लंबित मामलों का भी उल्लेख

दरअसल, राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) की नई रिलीज हुई क्लास 8 की सोशल साइंस किताब में 'हमारे समाज में न्यायपालिका की भूमिका' शीर्षक अध्याय के तहत 'ज्यूडिशियरी में करप्शन' पर एक सेक्शन शुरू किया गया है। संशोधित अध्याय ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

रमजान मुबारक

8

26 फरवरी

आज का अफ्तार 6.09

कल की सेहरी 5.10

निधि छिब्बर नीति आयोग की नई सीईओ

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कैडर की 1994 बैच की आईएएस निधि छिब्बर नीति आयोग की सीईओ बनाई गईं। छत्तीसगढ़ कैडर के ही 1987 बैच के आईएएस बीवीआर सुब्रह्मण्यम का कार्यकाल पूरा होने पर निधि छिब्बर को यह अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। निधि छिब्बर 2017 से केंद्र में प्रतिनियुक्ति पर हैं। वे अभी केंद्र में ही विकास, निगरानी एवं मूल्यांकन कार्यालय के महानिदेशक के पद पर पदस्थ हैं। सुश्री छिब्बर छत्तीसगढ़ के वर्तमान मुख्य सच्ची विकास शील की पत्नी हैं। वे पूर्व में केंद्रीय माध्यमिक ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

एके-47 के साथ नक्सली कमांडर मल्लेश का आत्मसमर्पण

कांकेर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले में प्रमुख नक्सली कमांडर मल्लेश ने आत्मसमर्पण कर दिया है। वह कुछ स्थानीय ग्रामीणों के साथ छोटेबेठिया में स्थित बीएसएफ के कैंप पर पहुंचा और वहां मौजूद वरिष्ठ अधिकारियों के सामने सरेंडर किया। उसके पास एके-47 राइफल भी थी, जिसे उसने जमा कर दिया।

मल्लेश ने बताया कि ग्रामीणों की सलाह और समझाने पर उसने यह कदम उठाया। अब वह नक्सल जीवन छोड़कर सामान्य समाज में वापस लौटना चाहता है। बस्तर क्षेत्र, खासकर कांकेर में वह लंबे समय से एक जाना-माना और प्रभावशाली नक्सली नेता माना जाता था। वह डीवीसीएम (डिविजनल कमेटी मेंबर) रैंक पर था। कांकेर के एसपी निखिल राखेचा और बीएसएफ अधिकारियों के समन्वित प्रयासों से यह सरेंडर संभव हो ⇨ शेष पृष्ठ 7 पर ⇨

सार संक्षेप

माकपा ने मोदी की इज़रायल यात्रा का किया विरोध

नई दिल्ली। मार्क्सवाद कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इज़रायल यात्रा का कड़ा विरोध करते हुए इसे 'फिलिस्तीनी मुद्दे के साथ विश्वासघात' करार दिया है। माकपा ने बुधवार को जारी एक बयान में कहा कि यह यात्रा ऐसे समय में हो रही है जब इज़रायल गाजा में कथित रूप से नरसंहार कर रहा है। संघर्षविराम के बावजूद इज़रायली हमले जारी हैं, जिनमें बड़ी संख्या में फिलिस्तीनियों की मौत हो रही है।

भाजपा सरकार ने शंकराचार्य का अपमान किया: अखिलेश

लखनऊ/उन्नाव। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर शंकराचार्य के अपमान का गंभीर आरोप लगाया है। बुधवार को उन्नाव और कानपुर दौरे के दौरान मीडिया से बातचीत में उन्होंने कहा कि शंकराचार्य पर झूठा मुकदमा भी दर्ज कराया गया है, जिसका संबंध भाजपा नेताओं से जुड़े लोगों से है। अखिलेश यादव ने कहा कि शंकराचार्य देश और समाज के लिए पूजनीय हैं और उनका सम्मान बचाने के लिए सभी लोगों को आगे आना चाहिए।

पुंछ में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

पुंछ। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के गनी वन क्षेत्र में भारतीय सेना की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने संयुक्त खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन गनी' रखा गया। यह जानकारी व्हाइट नाइट कोर नामक सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने विस्तृत तलाशी अभियान शुरू किया। समन्वय और सटीकता के साथ की गई इस खोज में एक प्राकृतिक गुफा के नीचे छिपा हुआ आतंकी हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा मिला।

दो पुलिस कर्मियों की सड़क हादसे में मौत

■ पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने दी श्रद्धांजलि

सिमगा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। सिमगा ब्लॉक के हथबंद थाना क्षेत्र के ग्राम पौंसरी उड़ेला मोड़ के पास एक तेज रफ्तार ट्रेलर के जबरदस्त टक्कर से मोटरसाइकिल में सवार दो पुलिस कर्मियों की दर्दनाक मौत हो गयी। उक्त घटना की खबर सिमगा व हथबंद क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गयी है। मिली जानकारी के अनुसार आरक्षक धर्मेन्द्र यादव व आरक्षक प्रशांत दीवान एक ही मोटरसाइकिल में हथबंद से डिप्यूटी पर जा रहे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रेलर ने बाइक को जबरदस्त टक्कर मारी दिया। जिससे मौके पर ही धर्मेंद्र यादव की मौत हो गयी वहीं आरक्षक प्रशांत दीवान को गंभीर अवस्था में इलाज हेतु रायपुर रेफर किया गया लेकिन रास्ते में उसकी भी मौत हो गयी। दोनों आरक्षक सिमगा थाना में पूर्व में पदस्थ रहे हैं। दोनों ही बहुत मिलनसार थे तथा सिमगा व हथबंद थाना के जटील अपराधों को सुलझाने में अहम भुमिका निभाएं है। दोनों के निधन पर क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पुलिस अधीक्षक भावना गुप्ता ने कहा कि दोनों आरक्षकों का असमय सड़क दुघर्टना में निधन होना पुलिस परिवार के लिए दुखद घटना है । पूरा पुलिस परिवार उनके परिजनों के साथ खड़ी है ।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

■ मचा हड़कंप, परिसर में सघन जांच जारी

बिलासपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। न्यायधानी में स्थित छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय को बुधवार को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, ई-मेल में आई इस धमकी से प्रशासन में हड़कंप मच गया। सूचना मिलते ही पुलिस बल, बम निरोधक दस्ता और साइबर टीम मौके पर पहुंची। पुलिस कप्तान की मौजूदगी में कोर्ट भवन, पार्किंग, प्रवेश द्वार और आसपास के क्षेत्र की गहन तलाशी ली गई। प्रारंभिक जांच में कोई संदिग्ध वस्तु नहीं मिली, फिर भी एहतियातन सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। प्रवेश पर सघन जांच की जा रही है और हर गतिविधि पर नजर रखी जा रही है। पुलिस साइबर सेल के माध्यम से ई-मेल के स्रोत, आईपी एड्रेस और सर्वर लोकेशन की जांच कर रही है। उल्लेखनीय है कि हाल के दिनों में इस तरह की धमकियों के मामले बढ़े हैं।

सत्य के लिए शांतिपूर्ण प्रदर्शन हमारी विरासतः प्रियंका

■ अगर सरकार का विरोध करना जुर्म है, तो हर कांग्रेसी यह जुर्म करेगा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी को कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने शर्मनाक बताया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के निडर सिपाहियों के साथ डटकर खड़ी है। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि सत्य के लिए शांतिपूर्ण एवं अहिंसक प्रतिरोध हमारी गौरवशाली विरासत है जो हमें महात्मा गांधी जी और लाखों-करोड़ों भारतीय पूर्वजों से मिली है। दुनिया भर के दबाव में झुककर, भारत के हितों से समझौता करने वाली सरकार के खिलाफ आवाज उठाने में 140 करोड़ भारतवासियों का हित है। जनता की आवाज उठाने के लिए युवा कांग्रेस के साथियों पर कार्रवाई अत्यंत निंदनीय एवं शर्मनाक है। कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस के निडर सिपाहियों के साथ डटकर खड़ी है। यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी पर कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने भी ऐतराज जताया है। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता केसी वेणुगोपाल ने कहा कि जो लोग जनता के लिए आंदोलन कर रहे हैं, जो आम लोगों की आवाज उठा रहे हैं, जो किसानों की आवाज उठा रहे हैं, सरकार उनकी बात नहीं सुन रही है। कांग्रेस नेता रणदीप सिंह सुरजेवाला ने कहा कि अगर सरकार का विरोध करना जुर्म है, तो कांग्रेस का हर व्यक्ति यह जुर्म बार-बार करेगा।

यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की कस्टडी बढ़ी-राष्ट्रीय राजधानी में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के प्रदर्शन मामले में पटियाला हाउस कोर्ट ने पांचों आरोपियों की पुलिस कस्टडी बढ़ा दी है। इनमें से चार आरोपियों को दिल्ली और एक को ग्वालियर से गिरफ्तार किया गया था। पटियाला हाउस कोर्ट ने सभी पांचों आरोपियों की चार दिनों की पुलिस कस्टडी बढ़ाई है। आरोपियों को 1 मार्च को फिर से कोर्ट में पेश किया जाएगा। पांच आरोपियों कृष्णा हरि, कुंदन यादव, अजय कुमार, नरसिम्हा यादव और जितेंद्र यादव की पुलिस कस्टडी पटियाला हाउस कोर्ट ने बढ़ाई है।

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का राहुल गांधी पर तंज

राहुल 'नकारात्मक राजनीति के पोस्टर ब्वॉय'

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर कांग्रेस और नेहरू-गांधी परिवार को घेरा। उन्होंने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने पटना में पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि किस तरह गांधी परिवार 'कम्प्रोमाइज राजनीति' का उदाहरण रहा है। पीयूष गोयल ने आरोप लगाया कि राहुल गांधी और उनकी कांग्रेस पार्टी लगातार देशहित से समझौता करती रही है। गोयल ने राहुल गांधी को 'नकारात्मक राजनीति के पोस्टर ब्वॉय' बताते हुए कहा कि वे 247 बार विदेश यात्राएं कर चुके हैं और कई बार प्रोटोकॉल की अनदेखी की है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि संवेदनशील सीमा क्षेत्र लद्दाख में राहुल गांधी ऐसे विदेशी व्यक्तियों के संपर्क में रहे जो भारत के हितों के खिलाफ काम करते हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि कांग्रेस का इतिहास हो या वर्तमान या फिर भ्रष्टाचार से जुड़े विभिन्न मामले, इन सभी से संकेत मिलते हैं कि पार्टी विदेशी ताकतों के प्रभाव में जनहित और राष्ट्रहित से समझौता करती रही है। इस तरह की राजनीति देश और देशवासियों के उज्ज्वल भविष्य को नुकसान पहुंचाती है और इसके अनेक उदाहरण जनता के सामने हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल गांधी कभी सोरोस तो कभी पाकिस्तान जैसे मुद्दों पर अपने ही देश के खिलाफ रुख अपनाते नजर आते हैं। केंद्रीय मंत्री गोयल ने आगे कहा कि राहुल गांधी ने भारत की अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का काम किया है और वे विदेशी ताकतों के प्रभाव में काम करते दिखाई देते हैं।

ऑपरेशन सिंदूर पर फिर बोले अमरीकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप

मेरी दखलंदाजी न होती तो पाक पीएम की मौत हो गई होती

■ बोले, मैंने आठ युद्धों को समाप्त किया

वॉशिंगटन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर यह दावा दोहराया कि उन्होंने अब तक आठ युद्धों को समाप्त कराने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कहा कि बड़ी संख्या में लोगों का मानना है कि यदि भारत द्वारा आतंकी ढांचे के चलाए गए ऑपरेशन सिंदूर के दौरान उनका हस्तक्षेप न होता, तो पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मृत्यु हो गई होती।

मंगलवार (स्थानीय समय) को व्हाइट हाउस में अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में ट्रंप ने कहा कि पहले दस महीनों में, मैंने आठ युद्धों को समाप्त किया, जिनमें कंबोडिया और थाईलैंड, पाकिस्तान और भारत के बीच युद्ध शामिल हैं। अगर हम संभावित परमाणु युद्ध में दखल न देते तो तीन करोड़ लोगों का कहना था कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री की मृत्यु हो गई होती।

ट्रंप ने आगे दावा किया, 'कोसोवो और सर्बिया, इजरायल और ईरान, मिस्र और इथियोपिया, आर्मेनिया और अजरबैजान, कांगो और रवांडा और निश्चित रूप से गाजा युद्ध' जैसे संघर्षों को भी समाप्त किया। कुछ महीने पहले, पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने ट्रंप से कहा था कि अगर उन्होंने हस्तक्षेप न किया होता तो ऑपरेशन सिंदूर के दौरान 3.5 करोड़ पाकिस्तानी मारे गए होते।

ट्रंप ने घोषणा की कि उनके नेतृत्व के महज एक साल में अमेरिका ने 'एक अभूतपूर्व बदलाव' देखा है, और कांग्रेस को बताया कि देश ने 'ऐसा परिवर्तन हासिल किया है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।' उन्होंने कहा, 'आज रात, सिर्फ एक साल बाद, मैं गरिमा और गर्व के साथ कह सकता हूं कि हमने एक ऐसा परिवर्तन हासिल किया है जैसा पहले कभी नहीं देखा गया।

बदलाव — रेलवे यूटीएस ऐप को बंद करने की तैयारी कर रहा, नए ऐप से यात्रा होगी आसान

1 मार्च से बदल जाएगा अनारक्षित टिकट बुक करने का तरीका

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय रेलवे यूटीएस (अनरिजर्वड टिकटिंग सिस्टम) ऐप को बंद करने की तैयारी कर रहा है। मौजूदा समय में इस उपयोग अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म पास और सीजन टिकट आदि के लिए किया जाता है। इसकी जगह रेलवे का नया सुपर ऐप रेलवन लेगा और इसकी मदद से सभी प्रकार के टिकटों की बुकिंग की जा सकेगी।

यूटीएस ऐप को रेलवे द्वारा एक मार्च से बंद कर दिया जाएगा और इससे यात्री अनारक्षित टिकट बुकिंग, प्लेटफॉर्म पास और सीजन टिकट की बुकिंग नहीं कर पाएंगे। ऐसे में रेलवे ने यात्रियों को सलाह दी है कि वह सभी प्रकार की टिकट बुकिंग के लिए रेलवन ऐप का उपयोग करें। इस ऐप को रेलवे द्वारा पहले ही लॉन्च किया जा चुका है। रेलवन को एक एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में पेश किया गया है जो एक ही इंटरफेस में कई कार्यों को समाहित करता है। इसका उद्देश्य देशभर के लाखों यात्रियों के लिए यात्रा को सरल बनाना है।

रेलवन ऐप का उपयोग करने के लिए यात्रियों को नया अकाउंट बनाने की आवश्यकता नहीं है। यूजर्स मौजूदा यूटीएस और आईआरसीटीसी लॉगइन की मदद से साइनअप कर सकते हैं।

रेलवन ऐप दोनों एंड्रॉइड और आईओएस दोनों पर उपलब्ध है और इसे निशुल्क डाउनलोड किया जा सकता है। यह नया ऐप उन यात्रियों के लिए फायदेमंद साबित होने की उम्मीद है जो कभी-कभार ही ट्रेन का इस्तेमाल करते हैं। साथ ही, बिना रिजर्वेशन वाले टिकट बुक करने वाले दैनिक यात्रियों को भी नए प्लेटफॉर्म से फायदा होगा, क्योंकि इसका इंटरफेस पहले के प्लेटफॉर्म के मुकाबले काफी आसान है। कैशलेस यात्रा को बढ़ावा देने और यात्रियों को नए प्लेटफॉर्म पर आने के लिए प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से, भारतीय रेलवे रेलवन ऐप के माध्यम से बुक किए गए अनारक्षित टिकटों पर डिजिटल माध्यमों से भुगतान करने पर 3 प्रतिशत की छूट दे रहा है। यह ऑफर 14 जनवरी से 14 जुलाई तक सीमित अवधि के लिए वैध है।

यह केवल रेलवन के माध्यम से सीधे बुक किए गए टिकटों पर लागू होता है। यात्री छूट का लाभ उठाने के लिए यूपीआई, डेबिट या क्रेडिट कार्ड, नेट बैंकिंग और अन्य डिजिटल वॉलेट का उपयोग कर सकते हैं।

देश

उवाच

स्कूलों और कॉलेजों में मोबाइल फोन पर प्रतिबंध लगाने पर चर्चा हुई है। 16 वर्ष से कम आयु के बच्चों को मोबाइल फोन देना उनकी शिक्षा को कई तरह से प्रभावित कर रहा है। कई देशों ने अध्ययन किए हैं और मोबाइल पर प्रतिबंध लगाए हैं।

–जी.परमेश्वर,कर्नाटक के गृह मंत्री

तापमान	अधिकतम	न्यूनतम
दिल्ली	29.0	12.0
मुंबई	31.0	24.0
कोलकाता	29.0	18.0
चेन्नई	29.0	24.0

स्वस्थ नागरिक राष्ट्र निर्माण के लिए अनिवार्य : मुर्मु

महाराष्ट्र के बुलढाणा में राष्ट्रीय आरोग्य मेले का किया उद्घाटन

बुलढाणा, 25 फरवरी (एजेंसियां)। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने बुधवार को महाराष्ट्र के शेगांव में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया और इसे भारत की पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों

राष्ट्रपति ने की आयुष मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार व अन्य सहयोगी संस्थाओं को सराहना

के माध्यम से स्वास्थ्य और कल्याण को बढ़ावा देने की महत्वपूर्ण पहल बताया। मूर्मु ने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि चार दिवसीय इस आयोजन में आयुष प्रणालियों के विभिन्न आयामों पर विचार-विमर्श किया जाएगा तथा परामर्श शिविरों और औषधि प्रदर्शनी के माध्यम से जन-जागरूकता बढ़ाई जाएगी। उन्होंने कहा कि ऐसे मंच विशेषज्ञों, उद्योग प्रतिनिधियों और आम जनता के बीच संवाद और सहभागिता को प्रोत्साहित करते हैं तथा आयुष की समग्र दृष्टि को जन-जन तक पहुंचाने का प्रभावी माध्यम बनते हैं। उन्होंने आयुष मंत्रालय, महाराष्ट्र सरकार और अन्य सहयोगी संस्थाओं की सराहना की। मुर्मु ने 'आरोग्यम् परमं सुखम' का उल्लेख करते हुए कहा कि स्वस्थ नागरिक राष्ट्र निर्माण के लिए अनिवार्य हैं। उन्होंने कहा कि योग, आयुर्वेद और सिद्ध जैसी प्रणालियां आधुनिक चिकित्सा के आगमन से पूर्व से समाज की सेवा करती आ रही हैं और सार्वजनिक स्वास्थ्य में उनका महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

आयुष चिकित्सा प्रणालियों ने नागरिकों के स्वास्थ्य में अमूल्य योगदान दिया है : द्रौपदी मुर्मु

औषधीय पौधों के महत्व का किया उल्लेख

राष्ट्रपति ने औषधीय पौधों के महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत के खेतों, रसोईघरों और वनों में जड़ी-बूटियों और औषधीय वनस्पतियों का समृद्ध भंडार मौजूद है। इनका संरक्षण और संवर्धन न केवल औषधियों के लिए कच्चे माल की उपलब्धता सुनिश्चित करता है, बल्कि पर्यावरण संतुलन, मिट्टी की गुणवत्ता और किसानों की आय में भी वृद्धि करता है। राष्ट्रपति ने कहा कि संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए मन और शरीर दोनों का संतुलन आवश्यक है। उन्होंने बताया कि आयुर्वेद आहार, दैनिक और ऋतुचर्या तथा निवारक स्वास्थ्य से संबंधित वैज्ञानिक सिद्धांत प्रदान करता है, जबकि योग आसन, प्राणायाम और ध्यान के माध्यम से शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करता है। उन्होंने प्राकृतिक चिकित्सा, सिद्ध, सोवा-रिग्पा, यूनानी और होम्योपैथी को भी आयुष ढांचे के अभिन्न अंग बताते हुए कहा कि यह देश में समग्र स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त बनाते हैं। उन्होंने 'रोकथाम इलाज से बेहतर है' पर बल देते हुए कहा कि नियमित व्यायाम, संतुलित आहार और अनुशासित जीवनशैली जैसे निवारक उपाय स्वास्थ्य प्रणाली पर बोझ कम करते हैं। राष्ट्रपति ने कहा कि समन्वित चिकित्सा और योग को वैश्विक स्तर पर स्वीकार्यता मिल रही है तथा आयुर्वेदिक उपचारों को विश्वभर में अपनाया जा रहा है।

राष्ट्रपति का झारखंड दौरा आज

जमशेदपुर। राष्ट्रपति मुर्मु आज जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगी। वह शहर के कदमा मरीन ड्राइव स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम तथा बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के एक भवन का शिलान्यास करने के बाद छात्रों से संवाद करेंगी। राष्ट्रपति नागपुर (महाराष्ट्र) से भारतीय वायु सेना के बीबीजे विमान से गुरुवार को दिन 11 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से वह एमआई-17 हेलीकॉप्टर के जरिए लगभग जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी। निर्धारित राष्ट्रपति दोपहर 12 बजे सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी और 12:20 बजे कदमा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। वहां से दोपहर 2:30 बजे प्रस्थान कर 2:50 बजे टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचेंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वह 3:40 बजे पुन: सोनारी एयरपोर्ट पहुंचकर रांची लौटेंगी और इसके बाद जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति जमशेदपुर में जिस कदमा स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के प्रस्तावित केंद्र का भूमि पूजन करने वाली हैं, उसका निर्माण लगभग 100 करोड़ की लागत से किया जाएगा। केंद्र धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के नैतिक और सांस्कृतिक विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

नल्लकन्नू ने समाज सेवा में बिताया अपना सार्वजनिक जीवन : राधाकृष्णन

उपराष्ट्रपति ने सीपीआई नेता के निधन पर जताया शोक

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारत के उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन ने बुधवार को कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (सीपीआई) के वरिष्ठ नेता और स्वतंत्रता सेनानी आर. नल्लकन्नू के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उपराष्ट्रपति के आधिकारिक 'एक्स' हैंडल से पोस्ट जारी करके कहा गया है कि नल्लकन्नू के गुजर जाने की खबर सुनकर बहुत दुख हुआ। वे एक महान नेता थे, जिन्होंने अपनी पूरी जिंदगी समाज की सेवा में बिताई, बिना किसी स्वार्थ के सार्वजनिक जीवन में रहे।

वे स्वतंत्रता सेनानी थे और इंडियन पब्लिक प्रॉपर्टी मूवमेंट के पायनियर थे। पोस्ट में आगे लिखा कि नल्लकन्नू एक योद्धा थे, जिन्होंने मजदूरों के हक, सामाजिक न्याय और दबे-कुचले लोगों की भलाई के लिए जीवन समर्पित कर दिया। उनकी सादगी, ईमानदारी, त्याग और सिद्धांतों के प्रति अटूट लगन के लिए सभी उन्हें पूजते थे। उनका जाना सार्वजनिक जीवन के लिए अपूरणीय क्षति है। उपराष्ट्रपति ने उनके परिवार, सीपीआई साथियों और तमिलनाडु के लोगों के प्रति गहरी संवेदनाएं व्यक्त कीं। उन्होंने कहा कि

त्याग से भरा उनका संघर्षपूर्ण जीवन हमेशा लोगों के दिलों में रहेगा।आर. नल्लकन्नू (आर.एन.के. के नाम से प्रसिद्ध) का 25 फरवरी 2026 को चेन्नई के राजीव गांधी गवर्नमेंट जनरल हॉस्पिटल में निधन हो गया। वे 101 वर्ष के थे। लंबी बीमारी और उम्र से जुड़ी समस्याओं के कारण 1 फरवरी से अस्पताल में भर्ती थे। अस्पताल ने बताया कि मल्टी-ऑर्गन फेलियर से उनकी मृत्यु हुई। वे सीपीआई के तमिलनाडु राज्य सचिव (1992-2005) रह चुके थे और नेल्लई षड्यंत्र मामले के आखिरी जीवित सदस्य थे। नल्लकन्नू ने 1943 में 18 वर्ष की उम्र में सीपीआई जॉइन की और 80 वर्ष से अधिक समय तक कम्युनिस्ट आंदोलन, मजदूर-किसान संघर्ष, सामाजिक न्याय, सेकुलरिज्म और लोकतांत्रिक मूल्यों के लिए संघर्ष किया। वे भूमि अधिकार, मजदूरी और पर्यावरण जैसे मुद्दों पर आंदोलन चलाते रहे।

सार संक्षेप

मोदी ने विजय देवरकोंडा व रश्मिका को दी शादी की बधाई

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवाह के बंधन में बंधने जा रहे, पुष्पा और एनिमल फिल्म फेम अभिनेत्री रश्मिका मंदाना और दक्षिण भारत के सुपरस्टार देवरकोंडा और उनके परिवार को हार्दिक शुभकामनाएं भेजी हैं। देवरकोंडा की एक निजी टीम ने प्रधानमंत्री का यह बधाई संदेश साझा किया है। विजय के माता-पिता, माधवी और गोवर्धन राव को संबोधित संदेश में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि विजय और रश्मिका के विवाह समारोह में आमंत्रित करने के लिए आपका धन्यवाद।

वसुंधरा राजे ने किए भगवान महाकालेश्वर के दर्शन

उज्जैन। राजस्थान की पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने मध्य प्रदेश के उज्जैन स्थित भगवान महाकालेश्वर के दर्शन कर विधि विधान के साथ पूजा अर्चना की।

केरल का नाम बदला जा सकता है तो बंगाल का क्यों नहीं : उमर

ममता के समर्थन में उतरे अब्दुल्ला

श्रीनगर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने बुधवार को कहा कि केंद्र सरकार को पश्चिम बंगाल का नाम बदलने की राज्य सरकार की मांग पर विचार करना चाहिए। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने मंगलवार को केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने को मंजरी दी थी, जिसके फौरन बाद ही पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अपने राज्य का नाम बदलने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि राज्य की लगातार मांगों के बावजूद केन्द्र सरकार ने राज्य का नाम 'बंगला' रखने की उनकी मांग पर विचार नहीं किया। अब्दुल्ला ने बनर्जी की बात का समर्थन करते हुए कहा कि दूसरे राज्यों ने भी नाम बदलने की मांग की है। अगर बनर्जी राज्य का नाम बदलने पर विचार कर रही हैं, तो केंद्र सरकार को यह मांग स्वीकार कर लेनी चाहिए। अगर केरल का नाम बदला जा सकता है तो पश्चिम बंगाल का नाम बदलने का प्रस्ताव भी स्वीकार होना चाहिए। उन्होंने यहां एक कार्यक्रम के दौरान कहा कि अगर भविष्य में जम्मू-कश्मीर विधानसभा में ऐसा कोई प्रस्ताव पेश होता है तो केंद्र को उस पर भी विचार करना चाहिए। मुख्यमंत्री ने उपराष्ट्रपति सी. पी. राधाकृष्णन का कश्मीर के उनके पहले दौरे पर स्वागत किया। राधाकृष्णन गुरुवार को कश्मीर विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में शामिल होने वाले हैं।

मोदी की इजरायल यात्रा नैतिक कायरता : जयराम रमेश

कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा की नैतिकता पर उठाए सवाल

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेसियां)। कांग्रेस ने कहा है कि गाजा की तबाही के लिए पूरी दुनिया इजरायल की आलोचना कर रही है और इस दृष्टि से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इजरायल यात्रा को नैतिक नहीं कहा जा सकता है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मोदी के इजरायल दौरे की आलोचना करते हुए इसे नैतिक कायरता बताया है।

कांग्रेस ने मोदी की इजरायल यात्रा पर बुधवार को सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि पीड़ितों और निर्दोषों की पीड़ा पर भारत का नजरिया हमेशा संवेदनशील रहा है इसलिए उम्मीद की जानी चाहिए कि मोदी प्रधानमंत्री इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू के समक्ष भी अपने परंपरागत भारतीय दृष्टिकोण को रखेंगे। वाड्रा ने कहा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री इजरायल की अपनी यात्रा के दौरान संसद को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों निर्दोष पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का जिक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। भारत ने एक स्वतंत्र राष्ट्र के रूप में अपने पूरे इतिहास में सत्य का साथ दिया है, हमें दुनिया को सत्य, शांति और न्याय का प्रकाश दिखाते रहना चाहिए। रमेश ने प्रधानमंत्री की इजरायल यात्रा पर सवाल उठाते हुए लिखा भारत का फलस्तीन के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक नजरिया रहा है, जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। उन्होंने फलस्तीन के साथ भारत ऐतिहासिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री जवाहरलाल नेहरू 20 मई 1960 को गाजा गए थे और वहां संयुक्तराष्ट्र आपातकालीन बल में तैनात भारतीय दल से मिले थे। फिर 29 नवंबर 1981 को भारत ने फलस्तीन के समर्थन में एक स्मारक डाक टिकट जारी किया था जबकि 18 नवंबर 1988 को भारत ने औपचारिक रूप से फलस्तीन राष्ट्र को मान्यता दी थी।

भारत का फलस्तीन के प्रति ऐतिहासिक और नैतिक नजरिया रहा है जिसे नजरअंदाज नहीं किया जा सकता : जयराम रमेश

भारत हमेशा सही के लिए खड़ा रहा : प्रियंका

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इजरायल के दो दिवसीय दौरे पर हैं। इस दौरान वह इजरायल की संसद 'नेसेट' को संबोधित करेंगे। पीएम मोदी के इजरायल दौरे को लेकर कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने कहा कि भारत एक आजाद देश के तौर पर अपने पूरे इतिहास में सही के लिए खड़ा रहा है, हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय की रोशनी दिखाते रहना चाहिए। कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि मुझे उम्मीद है कि प्रधानमंत्री मोदी अपनी आने वाली इजरायल यात्रा पर नेसेट को संबोधित करते हुए गाजा में हजारों बेगुनाह पुरुषों, महिलाओं और बच्चों के नरसंहार का जिक्र करेंगे और उनके लिए न्याय की मांग करेंगे। हमें दुनिया को सच्चाई, शांति और न्याय की रोशनी दिखाते रहना चाहिए।

मप्र के इंदौर के भागीरथपुरा में 54 साल के व्यक्ति की मौत

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। इंदौर के भागीरथपुरा क्षेत्र में दूषित पेयजल से बीमारी फैलने की आशंका के बीच 54 वर्षीय रामनरेश यादव की मौत का मामला सामने आया है। परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्होंने जो पानी पिया था, वही उनकी गंभीर बीमारी और मौत का कारण बना। जानकारी के अनुसार, रामनरेश यादव पिछले दो सप्ताह से अधिक समय से स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रहे थे। उनकी हालत बिगड़ने पर उन्हें अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया, जहां 15 दिनों तक इलाज चलने के बाद मंगलवार को उनका निधन हो गया। बुधवार को उनकी बेटी प्रेरणा यादव ने बताया कि शुरुआत में उन्हें दस्त की शिकायत हुई थी। बाद में पानी से फैले संक्रमण के कारण संक्रमित द्रव पूरे शरीर में फैल गया। लगातार उल्टी और दस्त से उनकी हालत कमजोर होती गई और धीरे-धीरे शरीर में सूजन आने लगी, जिसके बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। परिवार का कहना है कि मेडिकल जांच में उनके लिवर और किडनी को गंभीर नुकसान पहुंचने की बात सामने आई।

परिवार ने गंदे पानी को बताया वजह

छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक
CHHATTISGARH GRAMIN BANK
SCHEDULED BANK OWNED BY GOVERNMENT,
क्षेत्रीय कार्यालय : प्रिंस रेस्टोरेंट के बाजू में, गंजपारा, दुर्ग (छत्तीसगढ़) - 491001,
Regional Office: Beside Prince Restaurant, Ganjpara, Durg (C.G) - 491001, Ph. No. 6232032195
Email: adv.ro.dur@crgb.bank.in | Website: www.crgb.bank.in

नियम – 13(2) ऋणी को नोटिस (अचल संपत्ति)

जबकि (Whereas) वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण एवं प्रतिभूति–हित का प्रवर्तन अधिनियम 2002 के अंतर्गत एवं धारा 13(2) सहपठित प्रतिभूति-हित (प्रवर्तन) नियम 2002 के अधीन प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के निम्न हस्ताक्षरकर्ता प्राधिकृत अधिकारी ने मांग सूचना पत्र जारी किया गया , जिनमे निम्नलिखित उधार लेने वालों को उल्लेखित राशि ब्याज सहित नोटिस पावती की तारीख से 60 दिनों के भीतर भुगतान करने के लिए कहा गया –

शाखा	ऋणी का नाम	संपत्ति का विवरण	मांग सूचना एवं राशि (रु.)	13(2) नोटिस की दिनाक
सुपेला	श्री याकूब आलम पिता श्री जहूर अली	शॉप नंबर 19,प्लाट / ब्लाक नंबर -12, लक्ष्मी नगर,सब्जी मंडी,सुपेला,भिलाई, तहसील एवं जिला- दुर्ग (छ.ग.), कुल क्षेत्रफल:- 64 वर्गफीट, चौहद्दी :-उत्तर में- शॉप नंबर 18, दक्षिण में- शॉप नंबर 20 , पूर्व में- शॉप नंबर 02,पश्चिम में- रोड	दिनांक 10.02.2026 रु.1,64,465/- + ब्याज एवं अन्य व्यय	10/02/2026

उपरोक्तानुसार उल्लेखित ऋणियों द्वारा राशि भुगतान करने में असफल हो जाने पर ऋणियों को और आम जनता को एतद द्वारा धारा 13(2) के अंतर्गत नोटिस दिया जाता है ऋणियों को विशेष रूप से एवं आम जनता को एतद द्वारा सावधान किया जाता है कि उक्त संपत्ति के बाबत किये गए कोई भी व्यवहार पर छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक के उपरोक्त राशि एवं उस पर ब्याज के अधीन भार (CHARGE) होगा।

स्थान- दुर्ग, दिनांक 26.02.2026

प्राधिकृत अधिकारी
छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, क्षेत्रीय कार्यालय- दुर्ग

सांकेतिक कब्ज़े की सूचना

ICICI Bank

शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, बीपी-4, टेक्नोपोलिस बिल्डिंग, चौथी मंजिल, सेक्टर V, साल्ट लेक सिटी, कोलकाता पश्चिम बंगाल- 700091
CIN No: L65190GJ1994PLC021012, www.icicibank.com

आईसीआईसीआई बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्रतिभूतिकरण, वित्तीय आस्तियों का पुनर्निर्माण और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 एवं प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 3 सहित पठित धारा 13(12) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित कर्ज़दार(रों) को माँग सूचना निर्गमित की गई थी, उक्त सूचना में कहा गया था कि वे सूचना प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर सूचना में उल्लिखित राशि का भुगतान करें।

कर्ज़दार राशि चुकाने में विफल रहे हैं, अतएव कर्ज़दार और जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि उक्त अधिनियम 8 सहित पठित धारा 13(4) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे उल्लिखित तिथियों पर नीचे वर्णित संपत्ति का अधोहस्ताक्षरदाता द्वारा सांकेतिक कब्ज़ा ले लिया गया है। विशेष रूप से कर्ज़दार एवं जनसाधारण को संपत्ति के संव्यवहार नहीं करने हेतु सचेत किया जाता है तथा संपत्ति के साथ कोई भी संव्यवहार आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्रभार के अधीन होगा।

क्र. सं.	कर्ज़दार/ सह-कर्ज़दार का नाम/ ऋण खाता क्र.	संपत्ति का विवरण/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि	डिमांड नोटिस की तिथि/ डिमांड नोटिस में राशि (रु.)	शाखा का नाम
1.	दीपक हर्जपाल/ नितिन हर्जपाल/ पूजा हर्जपाल/ गिरधारी लाल हर्जपाल/ खुशबू हर्जपाल/ रेशमा हर्जपाल/ आर-10 एच नंबर 380, रायपुर रोड, नगर पंचायत बोदरी रामा वैली, छत्तीसगढ़, बिलासपुर - 495220/ LBBSR00006002337	ले आउट प्लॉट संख्या 380, 381, खसरा संख्या 93/8, पीएच संख्या 17, आर.एन.एम- बिल्हा, विकासखंड बिल्हा, बोदरी नगर निगम, वार्ड संख्या 1, सरदार पटेल वार्ड, जिला बिलासपुर, छत्तीसगढ़। (क्षेत्रफल 3600 वर्ग फुट / 334.572 वर्ग मीटर), चतुर्सीमा- उत्तर: प्लॉट संख्या 379, दक्षिण: प्लॉट संख्या 382, पूर्व: आर पी बिल्डर्स की भूमि, पश्चिम: कॉलोनी रोड/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 20/02/26	अक्टूबर 22, 2025 रु. 22,67,036.00/-	बिलासपुर
2.	राजकुमार डेम्बरा/ ताराबाई डेम्बरा/ ए-05, गोकुल नगर संत शदाणी नगर माना, रायपुर छत्तीसगढ़, रायपुर- 492015/ TBRPR00006891118/ TBRPR00006522313/ LBRPR00006542039	पीएच नंबर 117/53 पुराना, 81 नया, खसरा नंबर 1403/78, 1404/78, 1405/102, 1406/69, 1408/69, 1409/69, 1412/70, आरएनएम रायपुर, तहसील-रायपुर, जिला- रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर (क्षेत्रफल 0.0140 हेक्टेयर/1500 वर्ग फुट/139.40 वर्ग मीटर), चतुर्सीमा- उत्तर: किशोर मुलमल, दक्षिण: सुनील डेम्ब्रा, पूर्व: बाबूराम आहूजा, पश्चिम: सड़क/ सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 20/02/26	अक्टूबर 22, 2025 रु. 24,51,027.00/-	रायपुर
3.	कामिल राशीद खान/ आफरीन खान/ए-08, साई विला श्यामा प्रसाद मुखर्जी, वार्ड नंबर 63 भाठागांव, जिला रायपुर, छत्तीसगढ़, रायपुर- 492001/ TBRPR00006362590/ TBRPR00006362598	प्लॉट संख्या 32, ''विमल एवेन्यू'', खसरा संख्या 15008/31, वार्ड संख्या 46, डॉ. राजेंद्र प्रसाद वार्ड, पी.एच. संख्या 114/69, नगर पालिका निगम रायपुर, मौजा ग्राम अमलीडीह, आर.एन.एम. रायपुर-2, तहसील और जिला रायपुर, छत्तीसगढ़ (क्षेत्रफल- 1750 वर्ग फुट यानी 162.64 वर्ग मीटर), चतुर्सीमा- उत्तर: प्लॉट संख्या 31, दक्षिण: प्लॉट संख्या 33, पूर्व: प्लॉट संख्या 43, पश्चिम: सड़क। सांकेतिक कब्ज़े की तिथि 20/02/26	अक्टूबर 14, 2025 रु. 67,46,775.00/-	रायपुर/ सुकमा

उपरोक्त कर्ज़दार(रों)/जमानतदार(रों) को राशि वापस करने के लिए 30 दिन का नोटिस जारी किया जाता है, अन्यथा बंधक रखी गई संपत्ति(याँ) प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 और 9 के प्रावधानों के अनुसार इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के बाद नीलाम कर दी जाएगी।

दिनांक : फ़रवरी 26, 2026
स्थान : बिलासपुर, रायपुर और सुकमा

भवदीय, प्राधिकृत अधिकारी,
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के लिए

MUNICIPAL CORPORATION, RAIPUR
e-Procurement Tender Notice
Main Portal: http://eproc.cgstate.gov.in
(2nd Call)

NIT NO.:3290RMC/2025 RAIPUR, DATED: 25/02/2026

Online bids are invited for the following works up to 16/03/2026 at 17:30 hours.

Sr. No.	System Tender	Name of work/Description of work	Min Reserve Price
1	186329	REQUEST FOR PROPOSAL (RFP) For the Construction, Operation, Maintenance, and Utilization of 84 Pole kiosk (Backlit) (2'6" to 4'6") from Mowa Overbrige to Abuja Mall for Advertising Purposes	22,16,115/-

The details can be viewed and downloaded online directly from the Government of Chhattisgarh e-Procurement Portal https://eproc.cgstate.gov.in from 25/2/26 17.30 Hours (IST) on wards.

For more details on the tender and bidding process you may please visit the above-mentioned portal NIT Deatails and other documents.

NOTE: -
1. All eligible/interested contractors are mandated to get enrolled on e-Procurement portal.
2. Contractors can contact Help Desk for any clarification of their doubts regarding the process of Electronic Procurement System. Help Desk at Toll Free No. 18004199140 or through Email ID helpdesk.eproc@cgswan.gov.in

घरों से निकले वाले सूखा और गीला कचरे की सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

SUPERINTENDENT
MURICIPAL CORPORATION RAIPUR (C.G.)

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र
National Informatics Centre
इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय
Ministry of Electronics & Information Technology
भारत सरकार
Government of India
ए-ब्लॉक, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, लोधी रोड, नई दिल्ली-110003
A-Block, CGO Comple&, Lodhi Road, New Delhi-110003

विज्ञापन क्रमांक: एनआईसी/एसटीए/2026/2
Advertisement No.: NIC/STA/2026/2

राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (एनआईसी) वेतन स्तर-6 (354002-112400) में वैज्ञानिक तकनीकी सहायक 'ए' (समूह 'बी', गैर-राजपत्रित विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी पद) के पद पर सीधी भर्ती के लिए इच्छुक उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

The National Informatics Centre (NIC) invites online applications from interested candidates for direct recruitment to the post of Scientific/Technical Assistant-'A' (Group 'B', Non-Gazetted S&T post) in Pay Level-6 (35400-112400).

2. रिक्तियों की संख्या Number of Vacancies: 376 पद / posts
आरक्षण / Reservation:
अनारक्षित / Unreserved - 154,
अनुसूचित जाति / Schedule Caste - 56,
अनुसूचित जनजाति / Schedule Tribe-28,
अन्य पिछडा वर्ग (एनसीएल) Other Backward Class (NCL)-101,
आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग / Economically Weaker Section 37, और and
मानक विकलांगता वाले व्यक्ति / Persons with Benchmark Disabilities (क्षैतिज आरक्षण / Horizontal Reservation)-18
*includes x backlog vacancies

3. आवश्यक शैक्षणिक योग्यता / Essential Educational Qualification:

डिग्री/ Degree	क्षेत्र (एकल या संयोजन में) /Field (single ar in combination)
एम.एससी./एमएस/ एमसीए/बी.ई./बी.टेक उत्तीर्ण होना अनिवार्य हैं।	इलेक्ट्रॉनिक्स, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार, इलेक्ट्रॉनिक्स और दूरसंचार, कंप्यूटर विज्ञान, कंप्यूटर और नेटवर्किंग सुरक्षा, सोफ्टवेयर सिस्टम, सूचना प्रौद्योगिकी, सूचना विज्ञान।
A Pass in M.Sc/MS/MCA/B.E/B.Tech.	Electronics, Electronics and Communication, Electronics & Telecommunication, Computer Sciences, Computer and Networking Security, Software System, Information Technology, Informatics.

4. वे उम्मीदवार जिनके पास आवश्यक शैक्षणिक योग्यता और वर्ष 2024/2025/2026 के लिए वैध GATE स्कोर हैं, वे निम्नलिखित विषयों में आवेदन करने के पात्र है-
Candidates possessing the essential educational qualification and valid GATE Scores for the year 2025/2026 in the following, disciplines are eligible to apply:
(i) कंप्यूटर विज्ञान एवं सूचना प्रौद्योगिकी (सीएस) / Computer Science and Information Technology (CS);
(ii) इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचार अभियांत्रिकी (ईसी) / Electronics & Communication Engineering (EC); और / and
(iii) डेटा साइंस और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (डीए) / Data Science and Artificial Intelligence (DA).

5. विस्तृत विज्ञापन एनआईसी की वेबसाइट https://recruitment.nic.in पर गेट-2026 के परिणाम की घोषणा की तारीख से लगभग 10 दिनों के भीतर उपलब्ध होगा ।
The detailed advertisement will be available on NIC website https://mcruitment.nic.in tentatively within 10 days from the date of announcement of result of GATE-2026.

6. एनआईसी बिना कोई कारण बताए भर्ती प्रक्रिया में संशोधन रद्द करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।
NIC reserves the right to modify/cancel the recruitment process without assigning any reason.

7 कोई भी अतिरिक्त जानकारी/संशोधन/परिशिष्ट केवल एनआईसी भर्ती वेबसाइट पर ही अपलोड किया जाएगा।
Any further information/ corrigendum addendum would be uploaded only on the NIC recruitment website.

CBC 06106/11/ 0003/2526

डायलॉग के बिना एक्टिंग सबसे मुश्किल, खामोशी शब्दों से ज्यादा बोलती है : मिहिर आहूजा

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अभिनेता मिहिर आहूजा अपनी हालिया रिलीज वेब सीरीज 'शब्द– रीत और रिवाज' को लेकर उत्साहित हैं, जिसमें वह घुप्पी सिंह के किरदार में हैं। अभिनेता का मानना है कि बिना किसी डायलॉग के एक्टिंग करना परफॉर्मेंस का सबसे चुनौतीपूर्ण हिस्सा होता है। उन्होंने बताया कि खामोशी अक्सर शब्दों से ज्यादा गहरी और प्रभावशाली होती है। मिहिर ने कहा, 'एक्टिंग में चुप्पी बहुत कुछ कह जाती है। हम ज्यादातर समय डायलॉग याद करने और उनकी डिलीवरी पर फोकस करते हैं, लेकिन असली जादू तब होता है, जब टेक्स्ट बिल्कुल न हो। स्क्रिप्ट में जो लिखा होता है, उसके पीछे एक सबटेक्स्ट होता है, यानी भावनाएं, विचार और इरादे, जो शब्दों में नहीं दिखते।

डैंड्रफ से राहत और चमकदार बालों के लिए लगाएं दही

जड़ों को मिलेगी मजबूती

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में बालों की समस्याएं अब आम परेशानी बन चुकी हैं। कम उम्र में बाल झड़ना, रूखापन, दोमुंहे बाल और डैंड्रफ बड़ों के साथ-साथ बच्चों और युवाओं में भी देखने को मिल रहे हैं। इसकी वजह है प्रदूषण, तनाव, गलत खानपान और केमिकल से भरे प्रोडक्ट्स, जो बालों को अंदर से कमजोर बना देते हैं। ऐसे में लोग आयुर्वेदिक उपायों की ओर बढ़ रहे हैं, इन उपायों में से एक दही है।

आयुर्वेद में दही को ठंडक देने वाला माना गया है। यह शरीर और त्वचा की गर्मी को संतुलित करने में मदद करता है। जब स्कैल्प में ज्यादा गर्मी होती है, तो बालों की जड़ें कमजोर पड़ने लगती हैं। दही स्कैल्प को ठंडक देकर इस असंतुलन को कम करता है। वहीं, दही में मौजूद लैक्टिक एसिड, प्रोटीन और अच्छे बैक्टीरिया बालों और स्कैल्प के लिए बहुत फायदेमंद होते हैं। इसका सबसे बड़ा फायदा यह है कि दही स्कैल्प की गहराई से सफाई करता है। रोजमर्रा की धूल, पसीना और केमिकल प्रोडक्ट्स की परत स्कैल्प पर जम जाती है, जिससे बालों की जड़ें ठीक से सांस नहीं ले पातीं। दही में मौजूद लैक्टिक एसिड इस गंदगी को धीरे-धीरे हटाने में मदद करता है। इससे स्कैल्प साफ रहती है और नए बालों की ग्रोथ अच्छी होती है।

बालों की मजबूती के मामले में भी दही किसी टॉनिक से कम नहीं है। दही में पाए जाने वाले प्रोटीन बालों की जड़ों को पोषण देते हैं। जब जड़ें मजबूत होती हैं, तो बालों का टूटना और झड़ना अपने आप कम होने लगता है। डैंड्रफ यानी रूसी की समस्या भी हल होती है। दही में मौजूद अच्छे बैक्टीरिया स्कैल्प के संतुलन को सुधारते हैं और सूजन को कम करने में मदद करते हैं।

आयुर्वेद में दही को ठंडक देने वाला माना गया है। यह शरीर और त्वचा की गर्मी को संतुलित करने में मदद करता है। दही स्कैल्प को ठंडक देकर इस असंतुलन को कम करता है।

नीम हेयर थेरेपी: बार-बार रूसी कर रही परेशान, ट्राई करें आयुर्वेद में लिखी ये थेरेपी

नई दिल्ली। हर बदलते मौसम के साथ बालों और त्वचा को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता है। बालों का झड़ना और बार-बार रूसी का लौट आना सबसे बड़ी परेशानी है। बार-बार रूसी आना सिर्फ एक आम समस्या नहीं, बल्कि स्कैल्प में पोषण की कमी का कारण है। बार-बार लौटती रूसी, खुजली, सफेद परत, बालों का झड़ना और स्कैल्प इंफेक्शन की वजह से बाल जड़ों से कमजोर हो जाते हैं और तेजी से झड़ने लगते हैं, लेकिन क्या आप जानते हैं कि इन सभी परेशानियों का हल एक सिर्फ प्राकृतिक उपाय में छिपा है और वो है नीम। आयुर्वेद में इस समस्या का गहरा और जड़ से उपचार छिपा है, जिसे नीम हेयर थेरेपी के नाम से जाना जाता है। स्किन और शरीर की सेहत के लिए कड़वे नीम के लाभ सभी जानते हैं, लेकिन नीम थेरेपी बालों में भी जान डाल सकती है। नीम को आयुर्वेद में 'सर्वरोगनिवारिणी' कहा गया है और इसकी कड़वाहट ही इसकी सबसे बड़ी शक्ति है, जो बैक्टीरिया, फंगस और सूजन को कम करने में मदद करती है।

बार-बार रूसी आना सिर्फ एक आम समस्या नहीं, बल्कि स्कैल्प में पोषण की कमी का कारण है

कम उम्र में बढ़ता हाई ब्लड प्रेशर, युवाओं की सेहत के लिए बन रहा बड़ा खतरा

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पहले हाई ब्लड प्रेशर की चिंता 40 की उम्र के बाद ही रहती थी, लेकिन आज के इस भागती-दौड़ती जिंदगी में 20 से 30 साल की उम्र के लोग इसकी शिकायत कर रहे हैं। हाई ब्लड प्रेशर की बीमारी अक्सर बिना किसी लक्षण के शरीर के अंदर नुकसान पहुंचाती रहती है। इसी वजह से इसे साइलेंट किलर कहा जाता है। जब तक इसका पता व्यक्ति को चलता है, तब तक दिल, दिमाग या किडनी पर इसका असर शुरू हो चुका होता है।

सबसे बड़ा सवाल यह है कि युवाओं में हाई ब्लड प्रेशर क्यों बढ़ रहा है तो इसकी सबसे बड़ी वजह लाइफस्टाइल है। पहले की तुलना में अब शारीरिक मेहनत बहुत कम हो गई है। घंटों लैपटॉप और मोबाइल के सामने बैठकर काम करना, देर रात तक जागना और सुबह जल्दी उठकर फिर काम पर निकल जाना शरीर को थका देता है। नींद पूरी न होने से शरीर का संतुलन बिगड़ता है और इसका सीधा असर ब्लड प्रेशर पर पड़ता है। वहीं, खाने के नाम पर जंक फूड, पैकेट वाला खाना और ज्यादा नमक शरीर में पानी और फैट को रोकने लगते हैं, जिससे नसों पर दबाव बढ़ जाता है।

तनाव भी इसका एक बड़ा कारण है। पढ़ाई का दबाव, नौकरी और भविष्य की चिंता दिमाग को लगातार तनाव में रखती है। जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो शरीर में ऐसे हार्मोन निकलते हैं जो नसों को सिकोड़ देते हैं।

तनाव भी इसका एक बड़ा कारण है। पढ़ाई का दबाव, नौकरी और भविष्य की चिंता दिमाग को लगातार तनाव में रखती है। जब हम लंबे समय तक तनाव में रहते हैं, तो शरीर में ऐसे हार्मोन निकलते हैं जो नसों को सिकोड़ देते हैं। नतीजा यह होता है कि खून को बहने में ज्यादा ताकत लगती है और ब्लड प्रेशर बढ़ जाता है। आयुर्वेद भी मानता है कि मन की अशांति शरीर की बीमारियों को जन्म देती है, और हाई बीपी इसका सटीक उदाहरण है। मोटापा भी हाई ब्लड प्रेशर के बढ़ने का एक और कारण है। कम उम्र में वजन बढ़ना अब आम बात हो गई है। ज्यादा वजन होने से दिल को खून पंप करने के लिए ज्यादा मेहनत करनी पड़ती है। यही अतिरिक्त दबाव धीरे-धीरे हाई ब्लड प्रेशर में बदल जाता है। इसके साथ ही धूम्रपान और शराब जैसी आदतें नसों को कमजोर करती हैं और बीपी को असंतुलित कर देती हैं।

कंदरिया महादेव मंदिर

800 से ज्यादा मूर्तियां और बड़े पत्थरों को काटकर बनाया गया है खुजराहो का ये मंदिर

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। देश के हर हिस्से में महादेव को समर्पित बड़े और विशाल मंदिर हैं, जहां अपनी मनोकामना पूर्ति के लिए भक्त लंबे समय से आते रहे हैं।

शिव के बारह ज्योतिर्लिंग के प्रति हर भक्त की आस्था बड़ी है, लेकिन खजुराहो में भगवान शिव का ऐसा मंदिर है जो कला और संस्कृति के साथ मनोकामना पूर्ति के लिए विश्व प्रसिद्ध है। हम बात कर रहे हैं कंदरिया महादेव मंदिर की, जिसका हर पत्थर महादेव का गुणगान करता है।

मध्य भारत के खजुराहो मंदिर स्थल पर बचे हुए मंदिरों में सबसे बड़े और सबसे ऊंचे मंदिरों में शामिल कंदरिया महादेव मंदिर न सिर्फ आस्था की दृष्टि से, बल्कि कला और संस्कृति के नजरिए से भी खास है। मंदिर के बड़े गर्भगृह में भगवान शिव की लिंग स्वरूप पूजा की जाती है। मंदिर पर हुए आक्रमणों की वजह से भी मंदिर इतिहास के पन्नों में दर्ज है,



■ शिव के बारह ज्योतिर्लिंग के प्रति हर भक्त की आस्था बड़ी है, लेकिन खजुराहो में भगवान शिव का ऐसा मंदिर है जो कला और संस्कृति के साथ मनोकामना पूर्ति के लिए विश्व प्रसिद्ध है।

लेकिन सबसे खास है मंदिर को बनाने की 'इंटरलॉकिंग तकनीक'। 'इंटरलॉकिंग तकनीक' से तात्पर्य मंदिर की आर्किटेक्चर से है, जिसे देखकर ऐसा लगता है कि मंदिर पर उकेरी गई हर प्रतिमा एक दूसरे में उलझी हुई है। यह पता लगाना मुश्किल है कि कौन सी प्रतिमा कहां से शुरू होती है और कहां खत्म।

मंदिर होने के बावजूद भी मंदिर की दीवारों पर खजुराहो की संस्कृति भी देखने को मिलती है। मंदिर की दीवारों से मंदिर के भीतर 800 से ज्यादा प्रतिमाएं पत्थरों पर बारीकी से उकेरी गई हैं, और यही मंदिर की सबसे अद्भुत बात है। मंदिर पर उकेरी गई प्रतिमाओं को इतनी बारीकी से उकेरा गया है कि साड़ी की सिलवटें, नाखून और आभूषणों की चमक को देखा जा सकता है।

'सुपरफूड' पालक के सेवन से हो सकती है पथरी से लेकर जोड़ों में दर्द की परेशानी

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। जब भी शरीर में रक्त की मात्रा को बढ़ाने या शरीर के ओवरऑल हेल्थ की बात आती है, तब सबसे पहले पालक का नाम आता है। पालक को सब्जियों को 'सुपरफूड' कहा जाता है क्योंकि यह न सिर्फ रक्त के लिए बल्कि हड्डियों और पेट के लिए भी लाभकारी होता है, लेकिन बहुत कम लोग जानते हैं कि पालक से किन लोगों को परहेज करना चाहिए। पालक सभी लोग खा तो लेते हैं, लेकिन कुछ के लिए पालक मुसीबत बन जाता है। आज हम पालक के फायदों के बारे में नहीं, बल्कि उसके सेवन से होने वाले नुकसान के बारे में भी जानेंगे।

आयुर्वेद में पालक खाने के लाभ तो बताए गए हैं लेकिन उसके साथ ही कुछ सावधानियां भी बताई गई हैं कि किन लोगों को पालक से परहेज करना चाहिए। आयुर्वेद में पालक को उसकी प्रकृति, गुण और शरीर के दोषों (वात-पित्त-कफ) पर पड़ने वाले प्रभाव के आधार पर देखता है। पालक जहां रक्त को बढ़ाने का काम करता है, वहीं दूसरी तरफ पालक के सेवन से पथरी होने का खतरा बढ़ता है और पथरी से पीड़ित मरीजों को पालक न खाने की सलाह दी जाती है। अगर किसी को यूटीआई से संबंधित परेशानी ज्यादा रहती है, तो उसे पालक से परहेज करना चाहिए। पालक का अत्यधिक सेवन मूत्रवाही स्रोतों में रुकावट पैदा कर सकता है, इसलिए अगर यूटीआई रहता है तो पालक से परहेज करें। यह आगे जाकर पथरी का खतरा बन सकता है। आयुर्वेद के अनुसार, यदि आपकी पाचन अग्नि मंद है, तो पालक का सेवन सावधानी से करना चाहिए। पाचन शक्ति कमजोर होने पर पालक ठीक से पचने के बजाय पेट में टॉक्सिन पैदा कर सकता है, जिससे पेट में भारीपन और खराब बैक्टीरिया पनपने लगते हैं। ऐसी स्थिति में पालक से परहेज करना ही बेहतर है। इसके अलावा, यदि शरीर में वात और कफ की अधिकता है, तो भी पालक का अधिक सेवन नुकसानदेह हो सकता है। पालक की प्रकृति भारी होती है, जो कफ को बढ़ाकर श्वसन संबंधी संवेदनशीलता और वात को बढ़ाकर जोड़ों में जकड़न या गैस की समस्या पैदा कर सकती है।

पालक जहां रक्त को बढ़ाने का काम करता है, वहीं दूसरी तरफ पालक के सेवन से पथरी होने का खतरा बढ़ता है और पथरी से पीड़ित मरीजों को पालक न खाने की सलाह दी जाती है

रीढ़ की हड्डी को बनाना है लचीला?

अपनी दिनचर्या में शामिल करें तिर्यक भुजंगासन

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में तनाव, पीठ दर्द और पेट जैसी शारीरिक समस्या होना आम बात है। थोड़ी सी लापरवाही और ये समस्याएं घेर लेती हैं। मोरारजी देसाई नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ योगा बताता है कि शारीरिक हो या मानसिक, इन समस्या का समाधान योगासन के पास है।

योग विशेषज्ञ के अनुसार, स्वास्थ्य आहार के साथ-साथ 'तिर्यक भुजंगासन' के अभ्यास से शारीरिक समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। यह पेट के बल लेटकर किया जाने वाला योगासन है, इसलिए शुरुआती लोग भी आसानी से कर सकते हैं। आयुष मंत्रालय ने इसके महत्व पर प्रकाश डाला है। उनके अनुसार, तिर्यक भुजंगासन (ट्विस्टिंग कोबरा पोज) रीढ़ की हड्डी को लचीला बनाने, पीठ/गर्दन दर्द कम करने, फेफड़ों को मजबूत करने और पेट के अंगों (यकृत/पाचन) को उत्तेजित करने में कारगर है। साथ ही, यह कंधों के तनाव को कम करता है और मासिक धर्म संबंधी समस्याओं से भी निजात दिलाने में कारगर होता है। यह तनाव कम करता है और कमर की चर्बी कम करने में मदद करता है। हालांकि, इसके साथ आपको नियमित स्वास्थ्य आहार भी लेना पड़ेगा।

स्वास्थ्य आहार के साथ-साथ 'तिर्यक भुजंगासन' के अभ्यास से शारीरिक समस्या से काफी हद तक राहत मिल सकती है। यह पेट के बल लेटकर किया जाने वाला योगासन है: योग विशेषज्ञ

इसको करना बेहद आसान है। सबसे पहले पेट के बल लेट जाएं। दोनों पैरों के बीच थोड़ा सा गैप होना चाहिए। दोनों हाथों की हथेलियां कंधों के पास फर्श पर रखें, जैसे भुजंगासन में रखते हैं। कोहनियां शरीर को छूती हों। अब गहरी सांस भरें और धीरे-धीरे छाती और ऊपरी हिस्से को ऊपर उठाएं। कमर से नीचे का हिस्सा फर्श पर ही चिपका रहे। अब सांस छोड़ते हुए सिर और धड़ को दाईं ओर घुमाएं। कोशिश करें कि बाईं एड़ी या पैर को दाहिने कंधे के ऊपर से देख सकें। ट्विस्ट ज्यादा न करें, जितना आरामदायक हो। अपनी क्षमता अनुसार इस स्थिति पर रहें और सामान्य सांस चलती रहे। फिर सांस लेते हुए सीधे हो जाएं और ऊपर की ओर देखें। अब इसी तरह बाईं ओर दोहराएं।

योग एक्सपर्ट बताते हैं कि यह आसन करने से पूरे शरीर को शारीरिक समस्या से निजात मिल सकता है, लेकिन पीठ में गंभीर चोट, हर्निया या पेट की सर्जरी के बाद इस आसन का अभ्यास करने से बचें।

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 1684/रा.शा./रा.वि.प्रा./26
रायपुर दिनांक 25/02/26

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक-04 कौशल्या माता विहार (कमल विहार) सेक्टर-04 योजनांतर्गत श्री संजय केवलानी पिता श्री किशन केवलानी को भूखंड क्रमांक बी-234 रकबा 52.50 वर्गमीटर आबंटित है। आबंटिती श्री संजय केवलानी पिता श्री किशन केवलानी द्वारा दिनांक 18.02.2026 को श्री राममूरत त्रिपाठी पिता श्री शिवकृष्णा त्रिपाठी को विक्रय कर दिया है। क्रेता द्वारा बैनामा की फोटो प्रति प्रस्तुत करते हुए प्राधिकरण नामांतरण हेतु आवेदन किया है।

उक्त भूखंड का नामांतरण श्री राममूरत त्रिपाठी पिता श्री शिवकृष्णा त्रिपाठी के नाम से करने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उदघोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के भीतर प्राधिकरण के राजस्व कक्ष में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/ दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/ दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.02.26 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)
संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी रायपुर
ईश्तहार

पत्र क्र./28597/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28597
वार्ड का नाम- 5-बंजारी माता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR105C0292A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LAXMI-NARYAN MITTAL पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती बालकिशन मित्तल पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. श्री अनिल मित्तल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

मौजा ग्राम तुलसी रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 647/1 रकबा 0.1870हे, भूमि के संबंध में।

सर्वविदित हो कि मेरे पक्षकार के द्वारा विकेता मुन्ना लाल उर्फ भगवान दास निर्मलकर पिता सा गोविन्द के स्वामित्व एवं आधिपत्य की मौजा ग्राम तुलसी रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. स्थित भूमि ख.नं. 647/1 रकबा 0.1870हे, भूमि को विक्रय करने का मौखिक सौदा कर ब्याना राशि अदा कर दिया गया है केवल बैनामा पंजीयन की कार्यवाही शेष है। अत: उपरोक्त सौदे एवं संव्यवहार के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, शासकीय, गैरशासकीय व अशासकीय विभाग या अन्य किसी को कोई उजर, दावा या संपत्ति हो अथवा उक्त संपत्ति या उसके किसी भी भाग पर किसी प्रकार का स्वत्व, हक, अधिकार या भार हो तो वे इस आम सूचना प्रकाशन के दिनांक से 5 दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित में मय सुसंगत दस्तावेजो के साथ मेरे समक्ष प्रस्तुत करें एवं आम सूचना के खंडन किसी भी दैनिक समाचार पत्र में स्वीकार नहीं किया जायेगा। आम सूचना के खंडन हेतु पक्षकार को स्वयं या अपने नियुक्त अधिवक्ता के माध्यम से मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में वैध दस्तावेज के साथ उपस्थित होकर खंडन की सूचना दे सकता है। यह कि उक्त समयावधि के अवसान पश्चात मेरे पक्षकार के द्वारा उक्त वर्णित संपत्ति के विकय विलेख का निष्पादन व पंजीयन अपने पक्ष में करा लिया जावेगा तत्पश्चात् प्रस्तुत की गई किसी भी प्रकार की उजर, दावा एवं आपत्ति आदि असत्य झूठा एवं सारहीन माना जावेगा तथा ऐसा आपत्ति मेरे पक्षकार के उपर मान्य एवं बंधनकारी नही होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 25.02.2026

(सिद्धार्थ डागा) अधिवक्ता
डी-2 ग्राउण्ड फ्लोर बजरंग मार्केट, तहसील आफिस के सामने, आर.डी.ए. बिल्डिंग जी.ई. रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
मो.नं. 98269-02911

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती ललिता बरवा पति श्री अन्द्रेयस बरवा को मेरे पक्षकार के द्वारा दिये जाने वाली ऋण में संपत्ति स्वामी श्रीमती ललिता बरवा की संपत्ति आवासीय परिवर्तित भूमि प्लॉट नंबर के-17, खसरा नंबर 884/11, रकबा 954 वर्गफुट जो मौजा ग्राम नकटा, लैंडमार्क मिडॉस प.ह.नं. 14, रा.नि.म. व तहसील मंदिर हसौद, जिला रायपुर छ.ग. में स्थित है, को अपने विक्रेता श्री नेमसिंग साहू पिता अगराहित राम साहू से एक पंजीकृत विक्रय विलेख से क्रय किया था जिसका ,उल्लेख उप पंजीयक कार्यालय आरंग के अनुसूची-II में पुस्तक क्रमांक अ-1, ग्रंथ क्र 4705, पेज 90 से 117, सरल क्रमांक सी.जी. 2025-26-104-1-2185, दिनांक 29.07.2025 में दर्ज है। इसके पूर्व संपत्ति स्वामी श्री नेमसिंग साहू ने उपरोक्त वर्णित संपत्ति को विक्रेता रिलायबल इन्फा द्वारा अधिकृत भागीदार से एक पंजीकृत विक्रय विलेख के माध्यम से क्रय किया है जिसका उल्लेख उप पंजीयक कार्यालय रायपुर के अनुसूची-II में पुस्तक क्रमांक अ-1. ग्रंथ क्रमांक 75096, पेज नंबर 364 से 399, सरल क्रमांक 265, दिनांक 02.06.2021, एस.आर. 01, टोकन 04 में दर्ज है, जो कहीं गुम चुका है। अत: उक्त विक्रय विलेख एवं पूर्व विक्रय विलेख की सत्यप्रतिलिपि एवं अन्य दस्तावेजों के साथ मेरे पक्षकार बैंक युको बैंक में अन्य आवश्यक औपचारिकताओं के उपरांत जमा करा साम्य बंधक रखा जाना प्रस्तावित है। उपरोक्त वर्णित संपत्ति स्वामी के पूर्व मूल पंजीकृत विक्रय विलेख सरल क्रमांक 265, दिनांक 02.06.2021 के संबंध में यदि किसी व्यक्ति, संस्था, बैंक, निगम, निकाय, प्राधिकरण, सोसायटी अन्य कोई वित्तदायी संस्था या अन्य किसी को आपत्ति, दावा हो तो इस सूचना पत्र प्रकाशन के सात दिवस के अन्दर अपनी लिखित आपत्ति मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय में कार्यालयीन समय में प्रस्तुत कर पावत्ती प्राप्त करें। आम सूचना के माध्यम से किये जाने वाले आपत्ति मान्य नहीं होगा। समय समाप्ति पश्चात् मेरे उपरोक्त पक्षकार द्वारा साम्य बंधक रखे जाने की औपचारिकता को पूर्ण करा लिया जायेगा तथा इस संबंध में कोई भी आपत्ति दावा अवैध व शून्य प्रभावी होगा जो मेरे उपरोक्त पक्षकार को लागु नहीं होगा।

दिनांक- 25.02.2026

मृणाल अग्रवाल
अधिकृत अधिवक्ता
214 दूसरा माला एज कमर्शियल काम्प्लेक्स मोवा रायपुर

CHANGE OF NAME

It is informed to the general public that I, Seema Rathi W/o Vijay Kumar Rathi, R/o A- 501, Sky Villa, Sector-8A, Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG) had been named as Seema Devi Rathi, W/o Shri Vijay Kumar Rathi in some documents. However, in all my current documents my name is registered as Seema Rathi W/o Vijay Kumar Rathi, and my name should be registered as Seema Rathi W/o Vijay Kumar Rathi, in all the future documents also.

Seema Rathi
W/o Vijay Kumar Rathi
R/o A-501, Sky Villa, Sector-8A,
Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG)

CHANGE OF NAME

It is informed to the general public that I, Vishakha Rathi D/o Vijay Kumar Rathi, R/o A- 501, Sky Villa, Sector-8A, Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG) had been named as Vishakha Vijay Rathi, D/o Shri Vijay Kumar Rathi in my 10th and 12th marksheet. However, in all my current documents my name is registered as Vishakha Rathi D/o Vijay Kumar Rathi, and my name should be registered as Vishakha Rathi D/o Vijay Kumar Rathi, in all the future documents also.

Vishakha Rathi
D/o Vijay Kumar Rathi
R/o A-501, Sky Villa, Sector-8A,
Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG)

CHANGE OF NAME

It is informed to the general public that I, Vijay Kumar Rathi, S/o Late Shri Radhakishan Rathi, R/o A-501, Sky Villa, Sector-8A, Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG) had been named as Vijay Rathi, S/o Late Shri Radhakishan Rathi in some previous documents. However, in all my current documents my name is registered as Vijay Kumar Rathi, S/o Late Shri Radhakishan Rathi and my name should be registered as Vijay Kumar Rathi, S/o Late Shri Radhakishan Rathi in all the future documents also.

Vijay Kumar Rathi
S/o Late Shri Radhakishan Rathi
R/o A-501, Sky Villa, Sector-8A,
Koushlya Mata Vihar, Raipur (CG)

न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद
जिला-रायपुर (छ.ग)
ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00001 नरदहा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2025264402 00100067

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम नरदहा के वर्तमान भूमिस्वामी अब्दुल कयूम सिद्दिकी पिता/पति स्व. अब्दुल वहाब सिद्धिकी पता-346 मस्जिद के पारा नयापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15004/63 0.039 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दुल शहबाज सिद्दिकी पिता/पति स्व. अब्दुल वहाब पता फ्लैट नंबर 17 ब्लॉक नं. 1 वार्ड क्रमांक 02 चित्रकोट परिसर हर्षित नगर कबीर नगर मोहबा बाजार टाटीबंध रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोईदावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार मंदिर हसौद**

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, DHARMENDRA THAKUR S/O RADHESHYAM SINGH THAKUR resident of MAHADEV GHAT ROAD,SHITLA PARA, RAIPURA, RAIPUR (C.G.) PIN- 492013 have changed my old name DHARMENDRA THAKUR S/O - RADHESHYAM SINGH THAKUR so in future I should be recognized by my new name that is DHARMENDRA SINGH THAKUR S/O RADHESHYAM SINGH THAKUR in all Government and other documents.

DHARMENDRA SINGH THAKUR
MAHADEV GHAT ROAD,
SHITLA PARA, RAIPURA,
RAIPUR (C.G.) PIN- 492013

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, KAMAL JINDAL S/O GANESH RAM JINDAL resident of BUNGLOW NO. C-15, ROMANIQUE VILLAS LABHANDIH RAIPUR (C.G.) have changed my daughter old name ANSHEEKA JINDAL D/O KAMAL JINDAL so in future I should be recognized by my daughter new name that is ANSHIKA JINDAL D/O KAMAL JINDAL in all Government and other documents.

KAMAL JINDAL
BUNGLOW NO. C-15,
ROMANIQUE VILLAS
LABHANDIH RAIPUR (C.G.)

न्यायालय श्रीमती दीक्षा देशलहरे चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ श्रेणी रायपुर (छ.ग)

पेशी दिनांक 09.03.2026
प्रकरण क्रमांक 47 ए/2014
प्रोसेस क्रमांक 28/2026
श्रीमती कल्पना पाण्डेय ...... वादीगण
विरूद्ध
सुरेश तिवारी व अन्य .... प्रतिवादीगण

वादी 1. श्रीमती कल्पना पाण्डे (मृत्त) के वारिसान क्र. 1. हनुमान प्रसाद पाण्डे उर्फ जितेन्द्र पाण्डे, वर्ष 62 साल, पिता जगदीश प्रसाद पाण्डे वारिसान क्र. 2. राम नारायण पाण्डे, उम्र 34 साल, पिता हनुमान प्रसाद पाण्डे, वारिसान क्र. 3. राकेश पाण्डे उम्र 31 साल, पिता हनुमान प्रसाद पाण्डे, सभी निवासी 104 रिंग रोड नं 1 दुर्गा चौक मठपुरैना रायपुर छ.ग. ने आप प्रतिवादी क्र. 2 राम नरेश तिवारी (मृत) के वारिसान क्र. सोनू तिवारी, पिता स्व. श्री राम नरेश तिवारी, पता सत्ती बाजार रायपुर तह व जिला रायपुर छ.ग. वारिसान क्र. 2 मोनू तिवारी, पिता स्व. श्री राम नरेश तिवारी, पता- सत्ती बाजार रायपुर तह व जिला रायपुर छ.ग. के विरूद्ध वाद संस्थित किया है। आपको न्यायालय में तारीख 07.03.2026 को दिन में 11.00 बजे उत्तर देने के लिये उपसंजात (हाजिर) होने के लिये समंस किया जाता है। आप स्वयं न्यायालय में या ऐसे किसी प्लीडर द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिस सम्यक अनुदेश दिये गये हों और जो इस वाद से संबंधित सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश दिया जा रहा है कि आप उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन दाखिल करें और उस दिन ऐसी सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपको प्रतिरक्षा या मुजराई दावा या दावा आधारित है और यदि आप किसी अन्य दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे में हो या अपना प्रतिरक्षा या मुजराई को दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भरता करते हैं तो आप ऐसे दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि आप उपर बताई गई तारीख को इस न्यायालय में उपसंजात नहीं होंगे तो प्रकरण की सुनवाई और उसका निपटारा आपके अनुपस्थिति में किया जावेगा।

आज तारीख 23.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दी गई है।

नोट - यदि कारणवश पेशी तिथि को अवकाश हो जाता है या कार्य स्थगित हो जाता है या पीठासीन अधिकारी अवकाश पर हो तो प्रकरण की सुनवाई अगले कार्य दिवस पर किया जावेगा।

मुहर **(श्रीमती दीक्षा देशलहरे) चतुर्थ व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ श्रेणी, रायपुर (छ.ग.)**

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर
उद्घोषणा

क्रमांक 1683/आर.सी./रा.वि.प्रा./2026
रायपुर दिनांक 25/02/26

प्राधिकरण की गोविंद सारंग परिसर (कटोरातालाब) योजना के अंतर्गत श्री दिग्विजय सिंह ठाकुर पिता श्री जोहनराम ठाकुर को दुकान क्रमांक एस-30 (भूतल) क्षेत्रफल 158.44 वर्गफुट 30 (तीस) वर्षीय पट्टे पर आबंटित है, आबंटिती के द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त दुकान को फ्री-होल्ड किये जाने पर यदि किसी को कोई आपत्ति/ दावा होवें तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति / दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि तक कोई आपत्ति/ दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमों के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.02.26 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

देशबन्धु

रायपुर, गुरुवार 26 फरवरी 2026

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

कॉम्प्रोमाइज़्ड कौन है, नजर आ रहा है

पीएम इज़ कॉम्प्रोमाइज़्ड, कांग्रेस का ये नया सूत्रवाक्य इस समय मोदी सरकार के लिए सबसे बड़ी चुनौती बन चुका है। राहुल गांधी ने ये बात संसद में कही, इसके बाद इसी वाक्य वाले टी शर्ट्स के साथ युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने एआई समिट में प्रदर्शन किया। मंगलवार को राहुल गांधी ने भोपाल में किसान महापंचायत में अमेरिका के साथ हुए व्यापार समझौते का सच बताते हुए भी यही वाक्य कहा और किसानों को बताया कि कैसे उनके भविष्य को खतरे में डालकर नरेन्द्र मोदी ने अमेरिका के साथ भारत के लिए घाटे का सौदा किया है। कॉम्प्रोमाइज़्ड शब्द का असर इतना गहरा हुआ कि अब भाजपा ने भी इसी का इस्तेमाल गांधी परिवार पर हमला करने के लिए किया। बुधवार को पीयूष गोयल ने एक पोस्ट में पं.नेहरू, इंदिरा गांधी, राजीव गांधी और सोनिया गांधी इन सबके नाम के साथ कॉम्प्रोमाइज़्ड लिखकर आरोप लगाया कि चारों के सत्ता में रहने के दौरान भारत में क्या-क्या गलत हुआ। नेहरूजी, इंदिरा गांधी और राजीव गांधी अब इस दुनिया में नहीं हैं, वहीं सोनिया गांधी प्रधानमंत्री कभी नहीं रहीं, यूपीए के दोनों कार्यकाल में डॉ.मनमोहन सिंह ही प्रधानमंत्री थे। हालांकि भाजपा ने उनके जीवित रहते कई बार उनका अपमान किया और मृत्यु के बाद अंतिम विदाई में भी अनादर ही किया। लेकिन गनीमत है कि कॉम्प्रोमाइज़्ड शब्द का इस्तेमाल उनके लिए नहीं किया। वैसे भी भाजपा के निशाने पर गांधी परिवार और अभी खासतौर पर राहुल गांधी ही रहते हैं। तो भाजपा ने यही कहा कि राहुल गांधी का पूरा परिवार ही कॉम्प्रोमाइज़्ड है।

भाजपा को मुगालता है कि उसके ऐसे हमलों से अब वो सवाल उठने बंद हो जाएंगे, जिन पर नरेन्द्र मोदी बुरी तरह घिरे हुए हैं। लेकिन उसके लिए ज्यादा झटके वाली बात यह रही कि जिस समय गांधी परिवार पर यह हमला बोल रही थी, उसी समय कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने करीब एक घंटे की प्रेस कॉन्फ्रेंस बुधवार को की। इस में उन्होंने एपस्टीन फाइल्स पर आधारित कुछ ऐसे खुलासे किए, जिनके बाद हर देशवासी को डरना चाहिए कि आखिर देश की सत्ता किनके हाथों में है। भाजपा ने अपनी राजनीति को राम मंदिर के मुद्दे पर आगे बढ़ाया, बाबरी मस्जिद तोड़ी, वहीं पर राम मंदिर बनवा लिया और उसके बाद देश-विदेश के मंदिरों में नरेन्द्र मोदी को जी भर के पूजा पाठ करते हुए लोगों ने देखा है। हिंदू धर्म को बढ़ावा देने के साथ-साथ मुस्लिम अल्पसंख्यकों पर अत्याचारों को भी खूब बढ़ावा मिला और बड़े पैमाने पर नफरत फैलाने का काम भाजपा ने सफलतापूर्वक किया। ये कामयाबी उसे धर्म की रक्षा, हिंदुत्व की रक्षा के नाम पर मिली। लेकिन एपस्टीन फाइल्स के खुलासों ने फिर जाहिर कर दिया है कि धर्म तो भाजपा की राजनीति का केवल आवरण है, असल में विदेशी भ्रष्ट ताकतों के हाथों में देश की कमान देने का खेल भाजपा की राजनीति की असलियत है।

इससे पहले अटल बिहारी बाजपेयी की सरकार भी देश में रही, तब भी घरेलू स्तर पर धार्मिक संकीर्णता कई मौकों पर जाहिर हुई, लेकिन विदेश नीति और रक्षा नीति परंपरागत तरीके से ही चलती रही। उनमें कोई ऐसा बदलाव नहीं हुआ, जिससे लगे कि हम अमेरिका के गुलाम बन चुके हैं। लेकिन 2014 से हालात पूरी तरह बदले हुए हैं। पवन खेड़ा ने बताया कि एपस्टीन फाइल्स में पूर्व राजनयिक हरदीप पुरी, उद्योगपति अनिल अंबानी, खुद को आध्यात्मिक गुरु बताने वाले दीपक चोपड़ा, इजरायल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक, मौजूदा प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और खुद जेफ्री एपस्टीन इन सबके बीच भारत की विदेश नीति और अमेरिका या इजरायल से किए जा रहे रक्षा सौदों को लेकर जो बातचीत 2014 से 2017 के बीच लगातार हुई हैं, उनसे साफ जाहिर होता है कि मोदी सरकार में विदेश मंत्रालय और रक्षा मंत्रालय या अमेरिका या अन्य देशों में हमारे दूतावास केवल दिखावे के हैं। इनसे जुड़े फैसले लेने की असली ताकत जेफ्री एपस्टीन और उसके गिरोह के पास ही है। एपस्टीन तो अब मर चुका है, लेकिन उससे हरदीप पुरी के संबंध स्थापित होने के बावजूद प्रधानमंत्री उन्हें मंत्रिमंडल से बाहर नहीं कर रहे, उस पर पवन खेड़ा ने कहा कि मोदी अपने ही मंत्री के दबाव में हैं। क्योंकि अगर पुरी को हटाया गया तो बहुत सी ऐसी बातें सामने आ जाएंगी, जिनसे उनकी कुर्सी को खतरा हो जाएगा।

पवन खेड़ा ने नरेन्द्र मोदी को रोबो बताते हुए तंज कसा कि हाल ही में मैंने सुना कि नरेंद्र मोदी ने कहा- मैंने बचपन में एक रोबो बनाया था, जिसके लिए मुझे मेडल भी मिला था। यही बात ट्रंप, नेतन्याहू और एपस्टीन भी कहता है कि हमने एक रोबो बनाया है, जिसका नाम नरेंद्र मोदी है और वो भारत का प्रधानमंत्री है। इसके बाद पवन खेड़ा ने विस्तार से खुलासा किया कि किस तरह एपस्टीन और अनिल अंबानी की मुलाकात दीपक चोपड़ा ने करवाई। कैसे फरवरी 2017 में एपस्टीन से पहली मुलाकात के बाद अनिल अंबानी ने मार्च 2017 में एपस्टीन को मेल भेजकर व्हाइट हाउस के साथ भारत के रक्षा मामलों पर सलाह मांगी। जवाब में एपस्टीन ने पूछा कि आप इसके बदले में क्या दे सकते हैं? तो अनिल अंबानी ने जवाब में लिखा- भारत का पूरा बाजार। इसके बाद एपस्टीन इजराइल के पूर्व प्रधानमंत्री एहुद बराक को मेल भेजकर पूछता है कि अमेरिका के रक्षा मामलों में भारत की क्या भूमिका हो सकती है? इस तरह की बातचीत को पढ़कर कोई संशय नहीं रह जाता कि देश की विदेश और रक्षा नीति पर एपस्टीन जैसे लोगों की मर्जी चल रही थी। एक मेल में यह भी पता चलता है कि 15-18 मई, 2017 को जब फिलिस्तीन के तत्कालीन राष्ट्राध्यक्ष महमूद अब्बास भारत आए थे। तो ये बात अमेरिका, एपस्टीन, नेतन्याहू और एहुद बराक को पसंद नहीं आई और उन्होंने अपनी नाराजगी हरदीप पुरी से जाहिर की। इसके बाद 25-26 जून, 2017 को नरेंद्र मोदी अमेरिका गए और फिर 4-6 जुलाई, 2017 को इजराइल गए। फिर एपस्टीन ने कतर के एक व्यक्ति को बताया कि मोदी ने हमारी सलाह मानी और अमेरिका को खुश करने के लिए इजरायल में नाचे और गाए। इस मेल के आखिरी में लिखा है इट वर्क्ड यानी ये काम कर गया। अब सवाल यही है कि आखिर कौन सी तरकीब या दबाव काम कर गया। और मोदी का नाचना-गाना आखिर किस तात्पर्य से लिखा गया है।

खास बात ये है कि मोदी बुधवार को फिर इजरायल की दूसरी यात्रा पर रवाना हो गए, जबकि इजरायल और अमेरिका ईरान पर युद्ध छेड़ने तैयार बैठे हैं और ऐसे में इजरायल से भारत की करीबी दिखाने का मतलब है कि हम पूरी तरह अपनी संतुलनकारी विदेश नीति को छोड़ रहे हैं। देश ने कई किस्म के विचारों और तौर-तरीकों वाले प्रधानमंत्री देखे, लेकिन अमेरिका के आगे समर्पण कभी किसी ने नहीं किया। यहां नरेन्द्र मोदी भारत का सौदा कर चुके हैं और भाजपा अब भी गांधी परिवार पर हमले से आगे नहीं बढ़ रही है। कॉम्प्रोमाइज़्ड कौन है, नजर आ रहा है।

मां तुझे सलाम, यही है असली वंदेमातरम

दुनियादारी

■ सर्वमित्रा सुरजन

वंदे मातरम का असली मतलब अगर भाजपा के लोग समझते तो कभी उसे अपनी संकीर्ण मानसिकता के साथ राजनीतिक फायदे के लिए इस्तेमाल नहीं करते। लेकिन भाजपा के लिए वंदे मातरम का उद्घोष भी वैसा ही है, जैसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपनी मां के संघर्ष को बयां करें। देश से लेकर अंतरराष्ट्रीय मंचों तक पर नरेन्द्र मोदी ने न केवल अपनी गरीबी का रोना रोया, बल्कि अपनी मां के संघर्षों का जिक्र कर आंसू बहाए, ताकि सहानुभूति मिल सके। इसके बाद जन्मदिन पर कैमरे के कई एंगल्स के बीच उनके हाथ से प्रसाद खाना या उनके पैरों पर बैठना जैसे उपक्रम भी उन्होंने किए ताकि मां-बेटे के प्यार का राजनीतिक इस्तेमाल हो सके। हालांकि जब तक नरेन्द्र मोदी मुख्यमंत्री रहे, उनकी मां का ऐसा सार्वजनिक जिक्र हुआ हो, याद नहीं पड़ता। क्या प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्हें अपनी मां के करीब होने की जरूरत ज्यादा पड़ी, यह सोचने वाली बात है। नोटबंदी के फैसले को सही ठहराने के लिए प्रधानमंत्री ने अपनी मां को बैंक की कतार में भी खड़ा कर दिया था और जब उनके जीवन के आखिरी दिनों में जब वे आईसीयू में थीं, तब भी कई कैमरों के साथ नरेन्द्र मोदी आईसीयू में पहुंचे थे, यह भी सबने देखा है। उनकी मौत के बाद भी मां की ममता को राजनैतिक फायदे के लिए भुनाने की कोशिशें उन्होंने की, याद कीजिए कि बिहार चुनाव के वक्त वे गयाजी में उनका पिंडदान करने वाले थे, जबकि यह काम पहले उनके भाई वाराणसी में कर चुके थे। दो-दो बार पिंडदान कर मोदी न केवल अपनी दिवंगत मां का अपमान करते, बल्कि हिंदू धर्म का भी अनादर ही होता। लेकिन समरथ को नहीं दोष गुंसाईं को मोदी ने शायद कुछ ज्यादा ही गंभीरता से ले लिया है कि वे कुछ भी करेंगे और सवाल नहीं उठेंगे।

बहरहाल, मां के नाम को भुनाने का ताजा उदाहरण नरेन्द्र मोदी ने मेरठ में रेपिड मेट्रो के उद्घाटन पर दिया, जहां भाषण देने के दौरान उन्होंने कांग्रेस पर निकृष्ट से निकृष्टतम शब्दों का इस्तेमाल कर हमला किया, इसके साथ ही कहा कि कांग्रेस के लोग उनकी मां को अपशब्द कहते हैं। जबकि बिहार चुनाव के दौरान हुए इस प्रकरण में कांग्रेस का हाथ है, ऐसा कहीं साबित नहीं हुआ है। लेकिन इस समय नरेन्द्र मोदी एपस्टीन फाइल्स, अमेरिका से ट्रेड डील, ऑपरेशन सिंदूर पर उठे सवाल, मनरेगा को खत्म करना, हरदीप पुरी को संरक्षण जैसे कई मुद्दों पर इतनी बुरी तरह घिरे हुए हैं कि उनकी बौखलाहट अब खुलकर जाहिर होने लगी है। मोदी को यह समझ नहीं आ रहा कि सार्वजनिक तौर पर रोने-धोने की चालाकी से अब सियासी फायदा नहीं मिलेगा, क्योंकि लोग भी देश की हकीकत देख रहे हैं। और जिन्हें अब तक हकीकत नजर नहीं आई, उन्हें भारत मंडपम में एआई इम्पैक्ट समिट के दौरान युवा कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शर्ट उतार कर प्रदर्शन कर दिखा दिया कि मोदी इज़ कॉम्प्रोमाइज़्ड।

इस प्रदर्शन की भाजपा समेत मीडिया के बड़े हिस्से ने खूब आलोचना की, लेकिन इसका कितना व्यापक असर हुआ है, ये मोदी सरकार की घबराहट ने जाहिर कर दिया। उसने पहले कई कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया, लेकिन गिरफ्तार लोगों ने न डर दिखाया, न आत्मसमर्पण (सरेंडर) किया और न कॉम्प्रोमाइज़्ड (दबाव में आकर समझौता) हुए। इसके बाद कांग्रेस पर दबाव बनाने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने उसकी सार्वजनिक आलोचना की। कांग्रेस नेताओं को धिक्कारते हुए प्रधानमंत्री ने ये तक कह दिया कि इन्हें शर्म नहीं आती। लेकिन इसके बाद भी कांग्रेस के तेवर ढीले नहीं हुए, बल्कि राहुल गांधी ने तो बाकायदा वीडियो जारी कर बता दिया कि असली शर्म क्या होती है और ये किसे आनी चाहिए।

राहुल गांधी ने कहा 'मोदी जी, आप शर्म की बात करते हो? शर्म की बात मैं आपको बताता हूं। एपस्टीन फाइल में आपका, आपके मंत्री और आपके मित्र का नाम साथ में आना, ऐसे घिनौने अपराधी के साथ आपका नाम जुड़ा होना - ये शर्म की बात है। अमेरिका के साथ ट्रेड डील में देश को बेच देना शर्म की बात है। राहुल ने आरोप लगाया कि मोदी सरकार ने देश का डेटा दे दिया, किसानों को खत्म कर दिया और टेक्सटाइल इंडस्ट्री को बर्बाद कर दिया।' राहुल ने अडानी पर अमेरिका में चल रहे केस का ज़िक्र किया और कहा, 'पूरा देश जानता है कि अडानी केस ने आपकी रातों की नींद उड़ा रखी है। यह भाजपा और आपके फाइनेंशियल आर्किटेक्चर पर केस है। 14 महीनों से कोई कार्रवाई नहीं हुई- ये शर्म की बात है।' राहुल ने कहा, 'मोदी जी, आप अपने मित्रों अनिल अंबानी, अडानी और खुद के लिए जो उचित समझें, वो कीजिए। मैं और कांग्रेस पार्टी के बब्बर शेर देश की रक्षा करते रहेंगे- एक इंच पीछे नहीं हटेंगे।'

> अपने बेटे को जेल में देखकर भी मां कहे कि हमें आज भगत सिंह की जरूरत है, तो ऐसी मां को हज़ार सलाम, जो बिना घबराए अपने बेटे को न केवल हौसला दे रही हैं, बल्कि बाकी युवाओं को भी ऐसे अन्याय के खिलाफ खड़े होने का आह्वान कर रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल उत्तराखंड के कोटद्वार से आई, जहां जिम प्रशिक्षक दीपक की मां ने उन्हें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की परवरिश दी।

राहुल गांधी ने न केवल नरेन्द्र मोदी को चेतावनी दे दी, बल्कि अपने कार्यकर्ताओं को भी संदेश दे दिया कि वो हर हाल में उनके साथ खड़े हैं। युवा कांग्रेस में इस नए जोश का दिखना जाहिर करता है कि जिस कांग्रेस मुक्त भारत का सपना लेकर मोदी सत्ता में आए थे, वो अब दूर की कौड़ी नहीं बल्कि असंभव ही है।

राहुल गांधी का अपने कार्यकर्ताओं के साथ खड़े होना जाहिर बात है, लेकिन बड़ी बात ये है कि अब कार्यकर्ताओं के अभिभावक भी उनके साथ खड़े हो रहे हैं। जैसे युवा कांग्रेस अध्यक्ष उदय भानु चिब को एआई समिट में प्रदर्शन का मास्टरमाइंड बताते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया और अब उन्हें चार दिनों की रिमांड पर भी भेजा जा चुका है। लेकिन इस मुश्किल वक्त में घबराने की जगह उनके माता-पिता अपने बेटे पर गर्व कर रहे हैं कि वो सही काम के लिए हिम्मत दिखा कर डटे रहे। उदय भानु चिब की मां ने कहा कि हमें आज भगत सिंह की जरूरत है। मैं सभी नौजवानों से आह्वान करती हूं कि भगत सिंह बनो और अपने देश की सोचो। उन्होंने कोई गुनाह नहीं किया है।' वहीं उनके पिता ने कहा कि महात्मा गांधी और उनके साथियों ने आजादी के लिए अंग्रेजों के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। यहां दुख इस बात का है कि पीएम मोदी और उनके साथी तो हिंदुस्तानी हैं, कम से कम आप अंग्रजों जैसा हाल मत करो, ये भी हिंदुस्तान हैं, राष्ट्रवादी लोग हैं। उन्होंने कहा, 'मुझे अपने बेटे पर गर्व है। मैं नहीं समझता उदय ने कुछ गलत किया है। वो नौजवानों के हित में है।'

अपने बेटे को जेल में देखकर भी मां कहे कि हमें आज भगत सिंह की जरूरत है, तो ऐसी मां को हज़ार सलाम, जो बिना घबराए अपने बेटे को न केवल हौसला दे रही हैं, बल्कि बाकी युवाओं को भी ऐसे अन्याय के खिलाफ खड़े होने का आह्वान कर रही हैं। ऐसी ही एक मिसाल उत्तराखंड के कोटद्वार से आई, जहां जिम प्रशिक्षक दीपक की मां ने उन्हें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की परवरिश दी। गौरतलब है कि कोटद्वार में एक मुस्लिम दुकानदार को बजरंग दल के गुंडे प्रताड़ित कर रहे थे, क्योंकि उनकी दुकान के नाम में बाबा लिखा था। ज्ञान और संस्कृति से कोसों दूर रहने वाले इन गुंडों के हिसाब से बाबा नाम पर हिंदू धर्म का कॉपीराइट है। जब वे बूढ़े मुस्लिम दुकानदार को तंग कर रहे थे तो उनके बचाव में दीपक खड़े हो गए और जब उनसे उनका नाम पूछा तो उन्होंने अपना नाम मोहम्मद दीपक बताया था। यह प्रकरण 26 जनवरी का है। इस दिन नरेन्द्र मोदी संविधान पर बड़ी-बड़ी बातें कर रहे थे और उनके राज में पनपते गुंडे संविधान का मखौल उड़ा रहे थे। कायदे से नरेन्द्र मोदी को दीपक से मिल कर उसे बधाई देनी चाहिए थी, लेकिन क्या पता उन्हें राहुल गांधी के साथ-साथ दीपक जैसे लोगों से भी डर लगता हो। बहरहाल, बीते दिनों दिल्ली में राहुल गांधी ने दीपक से अपने घर पर मुलाकात की और पूछा कि उन्हें डर नहीं लगता। तो दीपक ने कहा कि कुछ गलत नहीं किया तो डरूं क्यों। दीपक ने ये भी बताया कि उनकी मां ने उन्हें कहा कि तुमने सही किया और इसमें डरने की कोई बात नहीं है।

घर में अपने बच्चों को बस यही सीख देने की तो जरूरत है कि सच के लिए डटे रहें और अन्याय के सामने झुके नहीं। सत्यकाम जाबाल को यही सीख उनकी मां जबाला ने दी, जीजाबाई ने शिवाजी को दी और विद्यावती कौर ने भगत सिंह को दी। अच्छा है कि यह सिलसिला अब तक बरकरार है।

बाह्य ऋण, विकास और वैश्विक जिम्मेदारी: भारत की आर्थिक रणनीति

■ अरुण डनायक

आधुनिक वैश्विक अर्थव्यवस्था में बाह्य ऋण किसी भी राष्ट्र के लिए एक अपरिहार्य यथार्थ बन चुका है और भारत भी इससे अछूता नहीं है। मध्य-आय जाल की स्थिति में विकास की गति बनाए रखने, अवसंरचना, उद्योग और सामाजिक क्षेत्र में निवेश तथा विशाल जनसंख्या की आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए बाह्य पूंजी की आवश्यकता बनी रहती है। स्वतंत्रता के बाद से भारत ने बाह्य उधारी को अंधानुकरण नहीं, बल्कि एक सुविचारित नीति-उपकरण के रूप में अपनाया है। इसका उपयोग मुख्यतः अवसंरचना, ऊर्जा, परिवहन, औद्योगिक विस्तार और वित्तीय स्थिरता के लिए किया गया है। विशेष रूप से, बाह्य वाणिज्यिक उधारी और आवश्यकता पड़ने पर आईएमएफ से प्राप्त ऋणों ने निजी क्षेत्र को भुगतान-संतुलन बनाए रखने में सहायता दी, जिससे निवेश, उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन को बल मिला। संविधान के अनुच्छेद 293 के तहत राज्यों के लिए प्रत्यक्ष विदेशी ऋण लेने की सीमित संभावना होती है, और अधिकांश बाह्य उधारी केंद्र सरकार के माध्यम से होती है, जिससे ऋण प्रबंधन और वित्तीय स्थिरता को संस्थागत रूप से नियंत्रित रखा जाता है।

> हाल के समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाज़ार से दूरी बनाए रखने की प्रवृत्ति के चलते बाह्य ऋण पर निर्भरता बढ़ने की संभावना बनी है, जिससे कंपनियों के लिए विनिमय-दर जोखिम का प्रबंधन और अधिक जटिल तथा चुनौतीपूर्ण हो सकता है। भारत का बाह्य ऋण संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है।

भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, जून 2025 के अंत तक केंद्र और राज्यों का कुल बाह्य ऋण 747.2 अरब अमेरिकी डॉलर था, जो सितंबर 2025 में हल्का घटकर लगभग 746 अरब डॉलर रह गया—अर्थात समग्र स्तर पर स्थिरता बनी रही। यह जून 2024 के 681.5 अरब डॉलर की तुलना में वार्षिक आधार पर 9.6 प्रतिशत अधिक है। दिसंबर 2025 को समाप्त तिमाही में बाह्य वाणिज्यिक उधारी (ईसीबी) के माध्यम से उधारी प्रवाह में वृद्धि के संकेत मिले; दिसंबर माह में अकेले 4.43 अरब डॉलर की नई ईसीबी जुटाई गई, जिससे अप्रैल-दिसंबर 2025 के दौरान कुल जुटाई गई राशि लगभग 27.5 अरब डॉलर तक पहुंच गई। यह आंकड़े प्रवाह को दर्शाते हैं, न कि कुल बकाया स्टॉक को। इससे संकेत मिलता है कि वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारतीय कंपनियां अंतरराष्ट्रीय पूंजी बाज़ारों तक अपनी पहुंच बनाए हुए हैं।

ऋण राशि बढ़ने के बावजूद बाह्य ऋण-से-जीडीपी अनुपात मार्च 2025 के 19.1 प्रतिशत से घटकर 18.9 प्रतिशत रह गया है, जो दर्शाता है कि आर्थिक वृद्धि ऋण वृद्धि से तेज़ रही। यद्यपि केंद्रीय सरकार की सकल राजस्व प्राप्तियों (रुपए 34.96 लाख करोड़) की तुलना में बाह्य ऋण का स्तर ऊंचा प्रतीत होता है, फिर भी यह अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुसार अभी जोखिम की सीमा के भीतर है।

हाल के समय में प्रत्यक्ष विदेशी निवेशकों के भारतीय शेयर बाज़ार से दूरी बनाए रखने की प्रवृत्ति के चलते बाह्य ऋण पर निर्भरता बढ़ने की संभावना बनी है, जिससे कंपनियों के लिए विनिमय-दर जोखिम का प्रबंधन और अधिक जटिल तथा चुनौतीपूर्ण हो सकता है।

भारत का बाह्य ऋण संरचनात्मक रूप से सुरक्षित है। 82 प्रतिशत दीर्घकालिक, अल्पकालिक मात्र 18.1प्रतिशत, विदेशी मुद्रा भंडार से 93प्रतिशत से अधिक आच्छादन, ऋण-सेवा अनुपात केवल 6.6प्रतिशत तथा परिसंपत्ति-दायित्व अनुपात 79.25प्रतिशत होने के कारण तात्कालिक जोखिम न्यूनतम है। यद्यपि डॉलर पर अपेक्षाकृत अधिक निर्भरता से विनिमय-दर जोखिम उत्पन्न होता है, लेकिन लगभग 700 अरब डॉलर के विदेशी मुद्रा भंडार द्वारा 93 प्रतिशत से अधिक बाह्य ऋण का आच्छादन इस जोखिम को प्रभावी रूप से संतुलित करता है। रुपये की डॉलर के मुकाबले हाल की कमजोरी का असर सीधे कुल बाह्य ऋण की राशि पर नहीं पड़ता। इसका मुख्य प्रभाव ऋण-सेवा लागत, ब्याज भुगतान और भविष्य में ऋण के पुनर्भुगतान पर पड़ता है, जिससे कंपनियों और सरकार की वित्तीय योजना पर अतिरिक्त दबाव बन सकता है।

आम धारणा के विपरीत, भारत का बाह्य ऋण किसी एक देश या संस्था पर केंद्रित नहीं है। इसका स्वरूप विविध और संतुलित है— 40 प्रतिशत वाणिज्यिक उधारी (अंतरराष्ट्रीय बांड और विदेशी बैंक), 22 प्रतिशत एनआरआई जमाएं, 11 प्रतिशत विश्व बैंक और एशियाई विकास बैंक जैसी बहुपक्षीय संस्थाएं, 5 प्रतिशत जापान जैसे द्विपक्षीय ऋणदाताओं, तथा आईएमएफ की 21.6 अरब डॉलर की सीमित देनदारियां (मुख्यतः 1991 के संकट से जुड़ी)। भारत ने वर्षों से आईएमएफ से कोई नया कार्यक्रम ऋण नहीं लिया, जिससे नीति-स्वायत्तता बनी रही।

भारत की ऋण-चुकाने की क्षमता लगातार मज़बूत बनी हुई है। मूलधन और ब्याज सहित ऋण-सेवा भुगतान चालू प्राप्तियों का केवल 6.6 प्रतिशत है। अंतरराष्ट्रीय परिसंपत्तियां-दायित्व अनुपात 79.25 प्रतिशत तक पहुंच चुका है, अर्थात भारत की अंतरराष्ट्रीय परिसंपत्तियां उसकी कुल विदेशी देनदारियों के लगभग 80प्रतिशत को आच्छादित करती हैं। यह भारत की बाह्य भुगतान क्षमता की मजबूती और तात्कालिक बाह्य संकट से सुरक्षा को स्पष्ट करता है। भू-राजनीतिक तनाव, वैश्विक ब्याज दरों में उतार-चढ़ाव और संरक्षणवादी प्रवृत्तियां बाह्य ऋण प्रबंधन की जटिलता बढ़ा सकती हैं, विशेषकर वाणिज्यिक उधारी में, जहां सतत निगरानी और विवेकपूर्ण नीति आवश्यक है।

फरवरी 2026 में आरबीआई ने ईसीबी ढांचे में उदारीकरण करते हुए पात्र उधारकर्ताओं की श्रेणी का विस्तार, स्वचालित मार्ग के अंतर्गत कुछ सीमाओं में शिथिलता, औसत परिपक्वता अवधि संबंधी शर्तों में लचीलापन तथा अनुमोदन प्रक्रियाओं को सरल बनाया। इससे भारतीय कंपनियों—विशेषकर अवसंरचना और विनिर्माण क्षेत्र—के लिए विदेशी पूंजी जुटाना अधिक सुगम होगा।

बाह्य ऋण प्रबंधन के साथ-साथ भारत आज 65 से अधिक देशों को आर्थिक सहायता प्रदान करने वाला एक प्रमुख राष्ट्र है। भूटान, नेपाल, मालदीव, मॉरीशस, म्यांमार, श्रीलंका, अफगानिस्तान तथा अनेक अफ्रीकी देश प्रमुख सहयोग प्राप्त देश हैं। केंद्रीय बजट 2025-26 में विदेश मंत्रालय के अंतर्गत लगभग रुपए 6,750 करोड़ विदेशी सहायता के लिए निर्धारित किए गए हैं।

भारत न तो ग्रीस और अर्जेंटीना जैसी गंभीर ऋण-जाल वाली अर्थव्यवस्थाओं की स्थिति में है, जहां वित्तीय अनुशासन की कमी, उच्च सार्वजनिक ऋण और संरचनात्मक कमजोरियां संकट का कारण बनी थीं और न ही 1997 के एशियाई वित्तीय संकट से प्रभावित देशों जैसी स्थिति का सामना कर रहा है। थाईलैंड में संकट अल्पकालिक ऋण और भुगतान असंतुलन से, इंडोनेशिया में विदेशी ऋण और अवमूल्यन से, तथा दक्षिण कोरिया में अत्यधिक देनदारियां और बैंकिंग संकट से उत्पन्न हुआ था। इसके विपरीत, भारत ने दीर्घकालिक ऋण संरचना, संतुलित मुद्रा संयोजन, मजबूत बैंकिंग प्रणाली, आरबीआई के कठोर पर्यवेक्षण तथा ऋण चुकाने की प्रतिबद्धता के माध्यम से वित्तीय स्थिरता बनाए रखी है।

भारत अवसंरचना, उद्योग और रोजगार सृजन के लिए विवेकपूर्ण उधारी करता है और विगत सरकारों द्वारा अपनाई नीतियां आज भी बाह्य ऋण प्रबंधन को मजबूत रखती हैं और दीर्घकालिक निवेश, सतत विकास तथा पड़ोसी सहायता में नीतिगत निरंतरता सुनिश्चित करती हैं। उधार और उदारता की रणनीति भारत की आर्थिक परिपक्वता, वित्तीय अनुशासन और अंतरराष्ट्रीय उत्तरदायित्व को दर्शाती है, जबकि वैश्विक ब्याज दरों, भू-राजनीतिक अनिश्चितताओं और संरक्षणवाद के मद्देनज़र सतत निगरानी की आवश्यकता बनी हुई है।

(लेखक , भारतीय स्टेट बैंक के सेवानिवृत सहायक महाप्रबंधक हैं

आपके पत्र

तस्वीर बनाने में एआई उन्हीं 12 चीज़ों का सहारा लेता है

विज़ुअल टेलीफोन नामक एक खेल होता है जिसमें दो लोग एक-दूसरे की ओर पीठ करके बैठते हैं। एक व्यक्ति कोई चित्र बनाता जाता है और दूसरे को उसका शाब्दिक विवरण देता जाता है। दूसरा सिर्फ विवरण के आधार पर वही चित्र बनाने की कोशिश करता है। अमूमन होता यह है कि दोनों के चित्र एक-दूसरे से बिल्कुल ही अलग-अलग होते हैं।

अब, शोधकर्ताओं ने एआई मॉडल्स को भी यही खेल (विज़ुअल टेलीफोन) खिलाया और देखा कि वे क्या बनाते हैं। पैटर्न्स जर्नल में प्रकाशित नतीजे बताते हैं कि वर्तमान एआई मॉडल्स को चाहे कितने भी सटीक और विविध विवरण दिए जाएं, ले-दे के वे वही 12 यूरोपियन चीज़ें डालकर तस्वीर बनाते हैं।

दरअसल, आजकल एआई मॉडल्स का खूब उपयोग हो रहा है। मनुष्यों के दखल के बिना एआई से भी खूब काम करवाया जा रहा है। वे खुद से कुछ लिख सकते हैं, मल्टीमीडिया बना सकते हैं, इन्हें बदल सकते हैं या इनकी समीक्षा कर सकते हैं। और इसके पीछे विशाल लैंग्वेज मॉडल्स काम करते हैं। अंत में चैटजीपीटी से पूछे गए सवाल का एक जवाब मिल जाता है। लेकिन, एक सवाल कई सारे एआई मॉडल्स को सक्रिय कर सकता है, क्योंकि एआई प्रणाली किसी सवाल का जवाब देने के लिए वह सवाल कई दूसरे एआई मॉडल्स को सौंप देती है।

इस प्रक्रिया को देखकर डालार्ना युनिवर्सिटी के एरेंड हिंट्ज़ और टॉवसन यूनिवर्सिटी की जेबा रिज़वाना के मन में सवाल आया कि क्या हो यदि इस पूरी प्रक्रिया में मनुष्य का कोई दखल न हो और एआई को खुद से कुछ रचने-गढ़ने और उसकी समालोचना करने के लिए खुला छोड़ दिया जाए? तो शोधकर्ताओं ने एआई मॉडल्स को विज़ुअल टेलीफोन खेल खिलाया। इस खेल की शुरुआत के लिए उन्होंने 100 इबारती उकसावे (टेक्स्ट प्रॉम्प्ट) बनाए। इन उकसावों को बनाते हुए उन्होंने इस बात का खास ख्याल रखा कि हर उकसावा एक-दूसरे से बहुत अलग हो, उनमें विविधता हो।

फिर, हर उकसावे को स्थङ्गरु नामक इमेज जनरेटर में डाला गया जो इबारती विवरण के आधार पर तस्वीर बनाता है। स्थङ्गरु द्वारा बनाई तस्वीरों को एक इमेज-डिस्क्राइबिंग मॉडल में भेजा गया, जो तस्वीर के आधार पर उसका विवरण तैयार करता था। फिर, इस विवरण को वापस एसडीएक्सएल में डाला गया। यह चक्र 100 दौर तक दोहराया गया।

बहुत जल्द ही हर उकसावे के मूल विचार गायब होने लगे और तस्वीरों में यूरोपियन पुट देखने को मिलने लगा। मसलन प्रधानमंत्री वाले उकसावे में, कुछेक राउंड के बाद शांति समझौता वाला गंभीर माहौल झाड़-फानूस से सजे एक भव्य बैठक व्यवस्था वाले बड़े से कमरे में तब्दील हो गया था। बाकी उकसावों की तस्वीरों में भी गोथिक कैथेड्रल, पेरिस की बारिश वाली रात, यूरोपीय गांव के नज़ारे दिखने लगे। शोधकर्ताओं ने अन्य एआई मॉडल के साथ भी यह खेल खेला, लेकिन तब भी यही रुझान बने रहे।

इस पूरी प्रक्रिया के बाद एआई द्वारा बनाई गई तस्वीरों में मुख्यतः 12 आकृतियां दिखाई दीं। शोधकर्ताओं का कहना है कि ये तस्वीरें 'पिक्चर परफेक्ट' (आदर्श) तस्वीरों की तरह थीं-आकर्षक, स्वीकार्य और आपत्तिजनक सामग्री से मुक्त।

(स्त्रोत फीचर्स)

ललित सुरजन की कलम से

अमेरिका: पूंजीवाद की शतरंजी चालें

विश्व राजनीति में दिलचस्पी रखने वाले पाठकों को शायद पता हो कि कार्टर के चुनाव मैदान में उतरने से कुछ वर्ष पहले अमेरिका में ट्राइलेटरल कमीशन नामक एक संस्था स्थापित हुई थी। जैसा कि नाम से स्पष्ट है अपने आपको आयोग कहने वाला यह एक त्रिपक्षीय प्रतिष्ठान था। इसमें अमेरिका, उत्तरी यूरोप और जापान ये तीन पक्ष थे याने इन देशों के बहुराष्ट्रीय निगम। कमीशन की स्थापना 1973 में अमेरिका के बड़े इजारेदार जॉन डी. रॉकफेलर ने की थी और हम समझ सकते हैं कि इसका मकसद अंतरराष्ट्रीय पूंजीवाद को बढ़ावा देना था। दुनिया के मजदूरों एक हो का नारा तो कमजोर होने लगा था उसका स्थान एक नया नारा ले रहा था- दुनिया के पूंजीपतियों एक हो। गो कि पूंजीपति मजदूरों की तरह सड़कों पर आकर नारे नहीं लगाते। उनका नारा बोर्ड रूम की कार्रवाईयों में अनुगूंजित होता है। जिमी कार्टर इस ट्राइलेटरल कमीशन के द्वारा मैदान में उतारे गए थे। यह बात कुछ-कुछ तब स्पष्ट हुई जब हार्वर्ड विश्वविद्यालय के प्रोफेसर जिबीग्न्यू ब्रज़ेज़िन्स्की प्रोफेसरी छोड़कर पहले तो कमीशन के मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने और कार्टर के राष्ट्रपति बनते साथ उनके राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार (एनएसए) जैसे महत्वपूर्ण पद पर नियुक्त कर दिए गए।

(अक्षर पर्व मार्च 2017 अंक की प्रस्तावना)

https://lalitsurjan.blogspot.com/2017/03/blog-post_9.html

पावन प्रसंग

अनुशासन और संगठन

नेपोलियन बोनापार्ट हर युद्ध में विजय पाते चले गए। एक बार जब उसकी भेंट कैसर से हुई तो कुतूहलवश कैसर ने उससे यही पूछा कि हर युद्ध में आप विजयी कैसे हो जाते हैं, इसका क्या मर्म है? नेपोलियन ने दो दिन बाद उत्तर देने का वादा किया। तीसरे दिन कैसर और नेपोलियन दोनों साथ-साथ समुद्र की ओर घूमने निकल गए। कैसर ने देखा कि नेपोलियन के सैनिक समुद्र में से अपने टोपों में पानी भर कर जांघों पर उसकी धार डालते हुए दूसरे हाथ से उसे बटने का उपक्रम कर रहे हैं। कैसर ने नेपोलियन से पूछा- ये सैनिक क्या कर रहे हैं? उत्तर मिला- उन्हीं से पूछ लीजिए न।

कैसर ने एक सैनिक के पास जाकर पूछा तो उत्तर मिला- पानी की धारा को रस्सी की तरह बट रहे हैं। कैसर को आश्चर्य हुआ - बोला ऐसा क्यों कर रहे हो, क्या यह संभव है कि पानी बटा जाए?

उत्तर मिला- हमारे कमांडर ने आज्ञा दी है, इसलिए कर रहे हैं। यह संभव है या नहीं, इतना सोचने की क्षमता हमारे कमांडर में भी है, फिर भी आज्ञा दी गई है तो कोई न कोई उद्देश्य तो होगा ही, कमांडर अकारण हुक्म क्यों देगा? कैसर ने अन्य सिपाहियों से पूछा- वहां भी वही उत्तर मिला। कमांडर से पूछा तो उसने जनरल कमांडर के संदर्भ में वही बात कही। जनरल कमांडर ने वही बात नेपोलियन के नाम पर दोहरा दी। अंत में कैसर ने नेपोलियन से पूछा- ऐसा हुक्म देने का क्या कारण है?

नेपोलियन हँसा और बोला- आपने मेरी सतत विजय का कारण जानना चाहा था न? उसी का उत्तर आपको हर व्यक्ति ने दिया है। जो भी आज्ञा दी गई उसके प्रति निष्ठापूर्वक कार्यरत हो जाना, अनुशासन और संगठन की भावना को सर्वोपरि महत्व देने की वृत्ति मेरी सेना के हर व्यक्ति में है। उन्हें पूरा विश्वास है कि हर आज्ञा देश के हित में ही होगी और उस निष्ठा के आधार पर वे पूरे मनोयोग से उसके पालन में जुट जाते हैं। यही मेरी सफलता का रहस्य है।

मां रो पड़ी तो... ?

सरदार भगतसिंह से मिलने उनका परिवार अंतिम बार 3 मार्च, 1931 को गया था। उस समय सभी परिजन अधीर हो रहे थे, सरदार भगतसिंह का धैर्य और संतुलन गजब का था। उनके दादा सरदार अर्जुन सिंह, जिनके बोए क्रांतिकारिता के बीज सरदार अजीत सिंह भगतसिंह के चाचा के रूप में फले और भगतसिंह के रूप में फूले भी। सरदार भगतसिंह के सर पर उन्होंने छोटे बच्चे की तरह हाथ फिराया, ओंठ फड़फड़ा कर रह गए। भावुकता के विस्फोट को अपने मनोबल से रोककर एक ओर जाकर रूमाल से नेत्र पोंछने लगे। पास खड़े न हो सके और न बोल सके।

सरदार भगतसिंह शुष्क हृदय न थे। उन्होंने दादाजी के मानसिक आघात की गहराई अपनी भावना से भली प्रकार नाप ली, पर स्वयं पूर्ण संतुलित रहे। उन्होंने अपनी माता से कहा भी-बेजी, दादाजी अब अधिक दिन न जी सकेंगे, आप बंगा जाकर उन्हीं के पास रहना। इतनी गंभीरता से स्थिति को अनुभव करते हुए भी उन्होंने सभी से अलग-अलग बात की और धैर्य बंधाया। उन्होंने अपनी मां से जो अंतिम आग्रह किया- वह और उसका ढंग तो चट्टान को भी हिला देने वाला था। उन्होंने मां से बात मानने का वचन ले लिया फिर बोले-बेजी, आप मेरी लाश लेने मत आना, कुलवी छोटा भाई को भेज देना। मां की आंखों से अश्रुधारा फूट पड़ी, वचन पहले दे चुकी थीं, रोती हुई बोली-बेटा ऐसा कठोर वचन क्यों लेता है? भगतसिंह का उत्तर था- आप अपने ऊपर नियंत्रण न रख सकेंगी और रो पड़ीं तो लोग कहेंगे कि भगतसिंह की मां रोती हैं। भगतसिंह की मां आखिर सिंह की मां थीं -बोलीं बेटा तेरे नाम को बट्टा न लगने दूंगी, अभी भी आंसू पी रही हूं और उस समय भी नहीं रोऊंगी।

अखंड ज्योति

देश विदेश

अमेरिका दुनिया में मुठभेड़ और युद्ध न पैदा करे : फू छोंग

बीजिंग। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने मंगलवार को रूस-यूक्रेन संकट पर सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें अमेरिकी प्रतिनिधि ने फिर एक बार चीन पर लांछन लगाया और कालिख पोती। यूएन स्थित चीनी प्रतिनिधि फू छोंग ने मौके पर इसका खंडन किया। फू छोंग ने कहा कि कुछ अरसे से अमेरिका ने विभिन्न मौकों पर तरह-तरह के बहाने और झूठ गढ़ा और लगातार चीन पर कालिख पोती। यह नग्न राजनीतिक हेरफेर है। इसका उद्देश्य गुटीय संघर्ष भड़काकर विभाजन और टकराव पैदा करना है। चीन फिर एक बार अमेरिका से दोष को दूसरे पर न डालने और दुनिया भर में मुठभेड़ व युद्ध पैदा करना बंद करने का आग्रह करता है।

संयुक्त राष्ट्र महासभा में यूक्रेन प्रस्ताव पर भारत-अमेरिका ने बनाई दूरी

12 देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया और 51 देशों ने मतदान से दूरी बनाई

■ **मतदान में 107 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया**

संयुक्त राष्ट्र, 25 फरवरी (एजेंसियां)। संयुक्त राष्ट्र महासभा में रूस-यूक्रेन युद्ध की चौथी वर्षगांठ पर पेश किए गए युद्धविराम प्रस्ताव पर भारत ने अमेरिका के साथ मतदान से दूरी बनाते हुए अनुपस्थित रहने का फैसला किया।

प्रस्ताव में यूक्रेन की क्षेत्रीय अखंडता के समर्थन और तत्काल युद्धविराम की मांग की गई थी। मतदान में 107 देशों ने प्रस्ताव के पक्ष में वोट दिया, जिनमें वाशिंगटन के कई सहयोगी देश भी शामिल थे। वहीं 12 देशों ने प्रस्ताव का विरोध किया और 51 देशों ने मतदान से दूरी बनाई। इस मतदान ने युद्ध समाप्ति के मुद्दे पर पश्चिमी देशों के बीच मतभेद भी उजागर कर दिए। अमेरिका का यह कदम असामान्य माना जा रहा है। रिपोर्ट के अनुसार वाशिंगटन को उम्मीद है कि शांति समझौता निकट है और प्रस्ताव के दो अनुच्छेद उसके कूटनीतिक प्रयासों में बाधा बन सकते थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने शांति समझौते के तहत यूक्रेन से कुछ क्षेत्र छोड़ने का सुझाव दिया है, जिसे कीव ने अस्वीकार कर दिया है।

अमेरिका ने प्रस्ताव के मसौदे से उन अनुच्छेदों को हटाने की मांग की थी, जिनमें महासभा द्वारा यूक्रेन की संप्रभुता, स्वतंत्रता, एकता और क्षेत्रीय अखंडता के प्रति 'मजबूत प्रतिबद्धता' दोहराने और अंतरराष्ट्रीय कानून तथा संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुरूप 'व्यापक, न्यायपूर्ण और स्थायी शांति' की बात कही गई थी। जब इन अनुच्छेदों को हटाने का अमेरिकी प्रस्ताव 11 के मुकाबले 69 मतों से खारिज हो गया (जिसमें भारत उन 62 देशों में शामिल था जिन्होंने मतदान से दूरी बनाई), तब अमेरिका ने अंतिम प्रस्ताव पर भी 'अनुपस्थित' करार दिया। इस दौरान एक असामान्य स्थिति देखने को मिली जब रूस ने अमेरिका के साथ मिलकर अनुच्छेद हटाने के पक्ष में मतदान किया, जबकि वाशिंगटन के सहयोगी देशों ने इसका विरोध किया। अमेरिका की उप-स्थायी प्रतिनिधि टैमी ब्रूस ने कहा कि प्रस्ताव के ये संदर्भ चल रही वार्ताओं से ध्यान भटका सकते हैं और व्यापक कूटनीतिक विकल्पों पर चर्चा को प्रभावित कर सकते हैं। उन्होंने कहा, 'हमें लगता है कि हम इस युद्ध की शुरुआत के बाद किसी भी समय से अधिक समझौते के करीब हैं।' रूस की उप-स्थायी प्रतिनिधि अन्ना एवस्तिग्नेयेवा ने भी इसी भावना से सहमति जताते हुए कहा कि अब राजनीतिक समाधान का अवसर खुला है और प्राथमिकता कूटनीति को दी जानी चाहिए।

ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

न्यूयॉर्क। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से रहने वालों को व्यावसायिक ड्राइवर लाइसेंस देने के खिलाफ एक संघीय कानून बनाने का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने भारत से आए एक अवैध प्रवासी से जुड़ी एक दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें एक बच्ची घायल हो गई थी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से एक कानून पारित करने का आह्वान करता हूं जिसे हम 'डेलिला लॉ' कहेंगे, जो किसी भी राज्य को अवैध अप्रवासियों को व्यावसायिक चालक लाइसेंस जारी करने से रोकेगा। ये बातें उन्होंने बुधवार (भारतीय समय) को कांग्रेस को दिए अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहीं। वह बच्ची, डेलिला कोलमैन, जिसके नाम पर वह इस कानून का नाम रखना चाहते हैं, वो सार्वजनिक दीर्घा में मौजूद थी। जब ट्रंप ने उसे बोलने के लिए बुलाया तो सबने खड़े होकर तालियां बजाईं और उसके पिता, मार्कस कोलमैन ने उसे गोद में उठा लिया। ट्रंप ने अवैध अप्रवासन के खिलाफ बोलते हुए डेलिला के मामले का जिक्र किया, जिसके लिए उन्होंने अपने पूर्ववर्ती, जो बाइडेन को दोषी ठहराया और अवैध प्रवासियों से जुड़े कई मामलों का जिक्र किया। उन्होंने डेलिला के मामले में चालक या उसके देश का नाम नहीं लिया। केवल इतना कहा कि चालक एक अवैध अप्रवासी था जिसे जो बाइडेन ने प्रवेश दिया था और कैलिफोर्निया के खुले सीमा नीति समर्थकों द्वारा उसे कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया था। बता दें कि प्रताप सिंह अक्तूबर 2022 में मैक्सिको के रास्ते अमेरिका में दाखिल हुआ था। उनकी पहचान गृह सुरक्षा विभाग ने दुर्घटना में शामिल ट्रक चालक के रूप में की थी। ट्रंप ने कहा कि दुर्घटना के बाद, डॉक्टरों ने कहा था कि डेलिला कभी चल-फिर या बोल नहीं पाएगी, उसका जीवन सामान्य नहीं होगा, वह दोबारा खाना भी नहीं खा पाएगी।

सुडोकू 7195

	8				1	4		
		9		2	8	1		
				4			9	
	3							7
4			3		5			9
6							4	
	9			8				
		5	7	3		6		
		6	1				8	

: नियम :

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

हल आज ही के अंक में

दैनिक पंचांग

mypandit.com 24 hour astrology service

■ बेजान दारूवाला

ग्रह स्थिति : गुरूवार 26 फरवरी, 2026 फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10

राशिफल

मेष- आज आपका मन काफी चंचल रहेगा, इस कारण आपको निर्णय लेने में काफी परेशानी होगी। इस कोई भी महत्वपूर्ण काम पूरा नहीं कर पाएंगे। विरोधियों का सामना करना पड़ेगा, लेकिन नए काम को करने की प्रेरणा मिलेगी।

वृषभ- आज आपको पूरी तरह से स्थिर होकर काम करने की जरुरत है। ऐसा नहीं होने पर अच्छे अवसर भी हाथ से जा सकते हैं। यात्रा का आयोजन सफल नहीं होगा। भाई- बंधुओँ से प्रेम तथा सहयोग मिलेगा।

मिथुन- आज भाग्यवृद्धि का दिन है। स्वादिष्ट और उत्तम भोजन की प्राप्ति होगी। आज आप अपने लिए नए वस्त्र और आभूषण खरीदने में व्यस्त रहने वाले हैं। स्वास्थ्य भी अच्छा रहेगा। धन का अधिक व्यय न हो, इसका ध्यान रखें।

कर्क- आज आपका मन अस्वस्थ और बेचैन रहेगा। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद होने से घर में विपरीत परिस्थिति उत्पन्न हो जाएगी। आपकी निर्णय शक्ति कुंठित होने से दिशा नहीं दिखाई देगी।

सिंह- आज का दिन लाभदायी है। मित्रों से लाभ होने की संभावना है। किसी सुंदर स्थल पर घूमने जाने की संभावना है। कन्फ्यूजन की स्थिति में रहेंगे। अति महत्वपूर्णनिर्णय आप टाल दें।

कन्या- आज का दिन शुभ फलदायी है। नए काम की अच्छी शुरुआत कर पाएंगे। व्यापार एवं नौकरीपेशा लोगों के लिए भी समय बहुत अच्छा है। व्यापार में लाभ एवं नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। पिता से लाभ होने की संभावना है।

तुला- आप नए काम शुरू करने का प्रयत्न करेंगे। बौद्धिक तथा साहित्य और लेखन का कार्य कर सकेंगे। किसी धार्मिक स्थान पर दर्शन के लिए जा सकेंगे। विदेशी मित्रों या सगे- संबंधियों के समाचार मिलने से खुशी अनुभव करेंगे।

वृश्चिक- आज का दिन शांतिपूर्वक और सावधानीपूर्वक गुजारने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम में असफलता के योग हैं, इसलिए कोई नया काम शुरू ना करें। क्रोध पर संयम रखें। नियम विरोधी एक्टिविटी से दूर रहें।

धनु- आज आप स्वादिष्ट भोजन, अच्छे पोशाक, प्रवास और पार्टी का आनंद ले सकेंगे। भरपूर मनोरंजन का आनंद उठाएंगे। दोस्तों से विशेष आकर्षण अनुभव करेंगे। प्रिय व्यक्ति से मिलकर रोमांच अनुभव करेंगे।

मकर- आपके व्यापार के लिए दिन अच्छा है। बिजनेस को बढ़ाने के लिए आप कोई विशेष प्रयास करेंगे। धन के लेन-देन में सरलता रहेगी। घर में शांति और आनंद का वातावरण बना रहेगा। आवश्यक कारणों के पीछे धन खर्च होगा।

कुंभ- आज कोई भी नया काम शुरू ना करें। जल्दी-जल्दी काम करने से आप नुकसान उठा सकते हैं। महिलाओं को अपनी वाणी पर संयम रखना होगा। यात्रा को टालना आपके लिए हितकर रहेगा। संतान की चिंता रहेगी।

मीन- आज का दिन अरुचिकर घटनाओं के कारण उत्साहजनक नहीं रहेगा। घर में परिवारवालों के साथ वाद-विवाद होगा। माता के स्वास्थ्य की चिंता आपको रहेगी। किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा।

नोट-उपरोक्त राशिफल बेजान दारूवाला द्वारा पूर्वलिखित है।

हांगकांग एसएआर सरकार ने 2026-2027 का बजट जारी किया

बीजिंग, 25 फरवरी (एजेंसियां)। चीन के हांगकांग विशेष प्रशासनिक क्षेत्र सरकार का 2026-2027 का बजट 25 फरवरी की सुबह 11 बजे जारी किया गया। इस बजट का आवरण रंग बैंगनी है, जो तेजी से बदलते बाहरी वातावरण में हांगकांग की आंतरिक आर्थिक गति के निरंतर सुदृढ़ीकरण का प्रतीक है। हांगकांग के वित्त सचिव पॉल चान मो-पो ने कहा कि मजबूत विदेशी व्यापार, निजी उपभोग में उछाल और अचल निवेश में तीव्र वृद्धि के कारण पिछले वर्ष हांगकांग की अर्थव्यवस्था में तेजी आई। वर्ष के लिए समग्र आर्थिक विकास दर 3.5 प्रतिशत रही, जो लगातार तीसरे वर्ष की वृद्धि दर्शाती है। उनका अनुमान है कि इस वर्ष हांगकांग की अर्थव्यवस्था में 2.5 प्रतिशत से 3.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी, और कुल मुद्रास्फीति दर 1.8 प्रतिशत रहेगी।

पॉल छान ने कहा कि एआई अनुप्रयोगों में हो रही तीव्र प्रगति और नई प्रौद्योगिकियों, उद्योगों और उत्पादों के तेजी से उभरने को देखते हुए, वे एआई को औद्योगिक परिवर्तन और विकास की दिशा में आगे बढ़ाने के लिए रणनीतियां तैयार करने और अनुकूल परिस्थितियां बनाने के लिए 'एआई+ और औद्योगिक विकास रणनीति समिति' की स्थापना और अध्यक्षता करेंगे। वे विशेषज्ञों, विद्वानों, व्यवसायों और उद्योग पार्क कंपनियों को भी इसमें भाग लेने के लिए आमंत्रित करेंगे, जिसका प्रारंभिक ध्यान जीवन, स्वास्थ्य और मूर्त बुद्धिमत्ता पर होगा। श्री चान के अनुसार, एआई प्लस विकास और आर एंड डी को बढ़ावा देने के लिए हांग कांग आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस रिसर्च एंड डेवलपमेंट इंस्टीट्यूट कंपनी लिमिटेड इस साल की दूसरी छमाही में परिचालन शुरू कर देगी। उन्होंने कहा कि यह एआई विकास के लिये शासन और नियामक व्यवस्था जैसे मामलों पर भी सलाह देगी। श्री चान ने कहा कि हांग कांग सभी के लिए एआई प्रशिक्षण को भी बढ़ावा देगा और एआई के साथ सार्वजनिक सेवाओं में सुधार करेगा।

अमेरिकी सांसदों ने स्कूलों में एआई के अधिक उपयोग पर की चर्चा

वाशिंगटन। अमेरिकी सांसदों ने स्कूलों में तेजी से प्रयोग हो रहे आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) पर चर्चा की। जिसमें शिक्षकों को समय बचाने वाले उपकरणों को अपनाने की सलाह दी, लेकिन गोपनीयता और शैक्षणिक अखंडता के लिए जोखिमों के बारे में चेतावनी भी दी। 'एक एआई-तैयार अमेरिका का निर्माण: एआई युग में शिक्षण' शीर्षक से आयोजित कांग्रेस की सुनवाई में सांसद केविन काइली ने कहा कि एआई का स्कूलों में पहले से ही व्यापक उपयोग हो रहा है। 2024-2025 के शैक्षणिक सत्र के दौरान अमेरिका के 60 प्रतिशत सरकारी स्कूल शिक्षकों ने अपने काम के लिए एआई टूल का उपयोग किया। शिक्षकों को इसके स्पष्ट लाभ मिले हैं। काइली ने कहा, 'जो शिक्षक हर हफ्ते एआई टूल का उपयोग करते हैं, उनका अनुमान है कि वे प्रति सप्ताह लगभग छह घंटे बचाते हैं। इसका मतलब एक वर्ष में यह लगभग छह सप्ताह के अतिरिक्त शिक्षण समय के बराबर है। हालांकि 70 प्रतिशत शिक्षक मानते हैं कि वे अपनी कक्षाओं में एआई का प्रभावी ढंग से उपयोग करने के लिए तैयार महसूस नहीं करते हैं। सर्वेक्षण के निष्कर्षों का हवाला देते हुए काइली ने कहा, 'लगभग 40 प्रतिशत माध्यमिक और उच्च विद्यालय के छात्र स्वीकार करते हैं कि उन्होंने असाइनमेंट पूरा करने के लिए शिक्षक की अनुमति के बिना एआई का उपयोग किया है।

वर्ग पहेली 7195



बायें से दायें:-

१.व्यापार (उर्दू)
३. जो सुनने में अप्रिय लगे
५. दाखिल, भीतर घुसा हुआ
६. सलाहकार
७. कारखाना
९. चाल, गति, वेग (उर्दू)
१०. विशेष लक्षणों से युक्त, अलौकिक
१२. झोंके के साथ दिया गया धक्का, जोर से दिया गया आघात
१३. बाजू, कांख, पहलू, पार्श्व, कपड़े का टुकड़ा जो अंगरखे कुरते आदि में कंधे के नीचे लगाया जाता है
१४. घायल और मृत
१६. धतूरा, स्वर्ण
१८. माया, जादू (उर्दू)
२०. धनहीन, दरिद्र
२१. सूर्य की किरण
२३. कशिश

ऊपर से नीचे:-

१. पंचांग, कैलेण्डर
२. उदारमना (उर्दू)
३. तकलीफदेह
४. झगड़ालू स्त्री
५. वर्णन, प्रतिपादन, प्रसंग
८. फायदेमंद
१०.बेचने वाला
११. माफ किया हुआ
१२. क्षणिक, अधूरा दर्शन
१३. उपद्रव, बखेड़ा (उर्दू)
१४. षडयंत्र, साजिश
१५. गर्भ (उर्दू)
१७. नृत्य करने वाला
१८. टीका, माथे पर लगाया गया चदन आदि का निशान
१९. याद करना
२२. ईश्वर, खुदा (उर्दू)

वर्ग पहेली-7194



युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

पीएम मोदी के इजरायल दौरे पर भारतीय प्रवासियों में जबरदस्त उत्साह

यरुशलम, 25 फरवरी (एजेंसियां)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे को लेकर यरुशलम में भारतीय प्रवासी समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवासियों ने इसे भारत और इजरायल के रिश्तों के लिए एक खास और ऐतिहासिक क्षण बताया। एक प्रवासी भारतीय ने आईएएनएस से कहा कि वे इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित और खुश हैं। यह यात्रा न केवल इजरायल में रह रहे भारतीयों के लिए बल्कि भारत के 1.5 अरब लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है, और उन्हें उम्मीद है कि इससे दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती मिलेगी। एक अन्य सदस्य (जो पिछले 12 वर्षों से इजरायल में रह रहे हैं) ने बताया कि 2017 में भी प्रधानमंत्री मोदी इजरायल आए थे और उस समय उन्हें संसद में उनसे मिलने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार भी वे बेहद उत्साहित हैं। कुछ लोगों को विशेष अनुमति मिली है और वे स्वयंसेवक के रूप में स्वागत की तैयारियों में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह दिन उनके लिए बहुत खास और गर्व का क्षण है। एक प्रवासी ने कहा कि वे लंबे समय से इस दौरे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इजरायल में भारतीय समुदाय को केयरगिवर, निर्माण और कृषि क्षेत्रों से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उन्हें उम्मीद है कि इस यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा होगी। दूसरी ओर इजरायल के राष्ट्रपति आइजैक हर्जोग ने प्रधानमंत्री मोदी के दो दिवसीय दौरे पर खुशी जाहिर करते हुए कहा कि इजरायल और यहां के देशवासी आपका स्वागत करने को काफी उत्सुक हैं। बता दें कि प्रधानमंत्री मोदी दो दिवसीय यात्रा पर इजरायल पहुंच गए हैं। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका स्वागत किया।

पाकिस्तान: आत्मघाती हमले का असर, केपी-पंजाब के बीच यातायात ठप

पेशावर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाकर पिछले कुछ दिनों से हमले तेज हो गए हैं। मंगलवार को अलग-अलग हमलों में करीब 7 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि देर शाम पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर हुए आत्मघाती हमले ने भी पुलिसकर्मियों की जान ले ली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इसके बाद से ही केपी-पंजाब के बीच आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। रमजान के महीने में आवाजाही को लेकर पाबंदी से दुकानदार काफी परेशान हैं। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, हमला देर रात पंजाब के भक्कर जिले में डेरा दरिया खान पुल के पास दाजिल चेकपोस्ट पर हुआ। आत्मघाती हमले के बाद खैबर पख्तूनख्वा को पंजाब से जोड़ने वाला मुख्य हाईवे बुधवार को भी बंद रहा।

आज का इतिहास

1712 – दिल्ली का सातवाँ मुग़ल बादशाह बहादुर शाह प्रथम का निधन।
1857 – पश्चिम बंगाल के बहरामपुर में आजादी के दीवानों ने अंग्रेजों के खिलाफ पहले सैन्य विद्रोह की शुरूआत की।
1937 – हिंदी फिल्मों के चर्चित निदेशक और प्रॉड्युसर मनमोहन देसाई का जन्म।
1946 – पत्रकार एवं साहित्यकार मृणाल पाण्डे का जन्म।
1966 – महान स्वतंत्रता सेनानी और देशभक्त विनायक दामोदर सावरकर का निधन।
1975 – गुजरात के अहमदाबाद में देश का पहला पतंग संग्रहालय 'शंकर केन्द्र' स्थापित किया गया।
1976 – अमेरिका ने नेवादा परीक्षण स्थल पर परमाणु परीक्षण किया।
1993 – न्यूयॉर्क के वर्ल्ड ट्रेड सेंटर पर बम हमले में 6 लोग मारे गए और 100 से ज्यादा घायल हुए।
1994 – उत्तरी कोरिया अपने परमाणु संयंत्रों को अंतर्राष्टीय निरीक्षण के लिए खोलने पर सहमत।
1995 – कॉपीराइट मुद्दे पर सं.रा. अमेरिका एवं चीन के मध्य समझौता।
1999 – पांच ग्रैमी अवार्ड जीतकर रैप गायिका लॉरिन हिल ने नया रिकार्ड बनाया।
2001 – क्रिकेट के महानतम खिलाड़ी सर डॉन ब्रैडमैन का निधन।
2002 – अफ़ग़ानिस्तान के अंतरिम प्रधानमंत्री हामिद करजई भारत की दो दिवसीय यात्रा पर नई दिल्ली पहुँचे।
2004 – मकदुनिया के राष्टपति बेरिस ट्रेज कोवस्की की विमान दुर्घटना में मृत्यु।

प्रथम पृष्ठ का शेष

कांग्रेस सिंडिकेट ने ...

गोलियों की आवाज गूंजती थी, वहां आज स्कूल की घंटी बज रही है। उन्होंने बताया कि कुख्यात नक्सली नेता हिड़मा की मां भी अब सरकारी अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ ले रही हैं। आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आवास स्वीकृत किए गए हैं।

कॉरपोरेट घरानों को बस्तर सौंपने के आरोप खारिज

मुख्यमंत्री साय ने कहा कि बार-बार यह आरोप लगाया जाता है कि बस्तर को कॉरपोरेट घरानों को सौंपा जा रहा है, लेकिन यह पूरी तरह निराधार है। हम बस्तर में सिंचाई सुविधाएं बढ़ाना चाहते हैं, पर्यटन को बढ़ावा देना चाहते हैं और अन्य बुनियादी सुविधाएं सुनिश्चित करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि बस्तर में होम-स्टे को प्रोत्साहित किया जाएगा ताकि स्थानीय लोगों को रोजगार मिल सके।

उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने राम वन गमन पथ के विकास के नाम पर भ्रष्टाचार किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार विकास, सुशासन और पारदर्शिता के मार्ग पर आगे बढ़ रही है तथा भ्रष्टाचार और नक्सलवाद मुक्त छत्तीसगढ़ बनाने के लिए प्रतिबद्ध है।

न्यायपालिका में भ्रष्टाचार...

में न्यायपालिका के समक्ष मौजूद प्रमुख चुनौतियों के रूप में 'न्यायपालिका के अलग-अलग स्तरों पर भ्रष्टाचार' के अलावा जजों की कमी, मुश्किल कानूनी प्रक्रियाएं और कमजोर बुनियादी ढांचा जैसी अनेक वजहों से लंबित मामलों का भारी बोझ का उल्लेख किया गया है। इसके विपरीत, पिछली किताब में मुख्य रूप से न्यायपालिका की भूमिका, स्वतंत्र न्यायपालिका की अवधारणा, अदालतों की संरचना और नागरिकों की उन तक पहुंच की व्याख्या की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार का स्पष्ट उल्लेख नहीं था। नए एडिशन में करप्शन का विषय शामिल करने पर आलोचना की गई है।

किताब की बिक्री पर रोक लगी

भारत के प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की नाराजगी के बाद 'ज्यूडीशियल करप्शन' चैप्टर वाली एनसीईआरटी की किताब की बिक्री पर रोक लग गई है। चीफ जस्टिस के कड़े रुख के बाद एनसीईआरटी ने ये फैसला लिया है।

नेता अफसर विशेष समुदाय को टारगेट नहीं कर सकते

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऊंचे संवैधानिक पदों पर बैठे नेता-अफसर किसी समुदाय को धर्म, जाति, भाषा और क्षेत्र के आधार पर निशाना नहीं बना सकते। ऐसा करना संविधान के खिलाफ है। किसी भी माध्यम से समुदाय को बदनाम नहीं करने दे सकते। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच ने आगामी नेटफ्लिक्स क्राइम थ्रिलर घूसखोर पंडत पर 19 फरवरी को सुनवाई की थी। ये टिप्पणियां जस्टिस भुइयां ने फिल्म की रिलीज को चुनौती देने वाली याचिका पर अपने अलग फैसले में कही थीं। कोर्ट के ऑर्डर की डिटेल कॉपी आने के बाद बुधवार को जानकारी सामने आई है।

निधि छिब्बर ...

शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की भी अध्यक्ष रह चुकी हैं। इससे पूर्व उन्हें नीति आयोग में अतिरिक्त सचिव का पदभार सौंपा गया था। अप्रैल 2025 में उन्हें कुछ समय के लिए खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय में विशेष कर्तव्य अधिकारी के रूप में नियुक्त किया गया था।

एके-47 के साथ ...

सका। नारायणपुर पुलिस की निरंतर तलाशी और दबाव ने भी इसमें भूमिका निभाई। कुछ दिन पहले ही मल्लेश ने ग्रामीणों से अपनी इच्छा जाहिर की थी, जिसके बाद उसकी सरेंडर प्रक्रिया को अंजाम दिया गया।

यह आत्मसमर्पण बीएसएफ की 94वीं वाहिनी के कमांडर राघवेंद्र सिंह की मौजूदगी में हुआ। सुरक्षा बलों ने इसे क्षेत्र में नक्सलवाद के खिलाफ बड़ी उपलब्धि करार दिया है। उनका कहना है कि कांकेर में लगातार चलाए जा रहे शांति स्थापना और नक्सल उन्मूलन अभियानों से काफी संख्या में नक्सली प्रभावित होकर मुख्यधारा में लौट रहे हैं। अधिकारियों को उम्मीद है कि आने वाले समय में बाकी बचे नक्सली भी हथियार डाल सकते हैं।

वर्तमान में उत्तर बस्तर कांकेर जिले में मात्र 23 नक्सली ही सक्रिय बताए जा रहे हैं। सुरक्षा बलों की ओर से उन्हें भी सरेंडर करने की अपील की जा रही है। यदि वे नहीं मानते, तो उनके खिलाफ सर्च ऑपरेशन तेज किए जा सकते हैं। मल्लेश के इस कदम से अन्य बचे हुए नक्सलियों पर भी मुख्यधारा में आने का दबाव बढ़ सकता है।

दुनिया को जानें

यूके जाने वाले भारतीयों के लिए ई-वीजा हुआ आवश्यक

लंदन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। यूनाइटेड किंगडम ने बुधवार से नए नियमों के तहत बॉर्डर और इमिग्रेशन सिस्टम में एक बड़ा बदलाव किया है। इसके तहत भारतीय यात्रियों के लिए ई-वीजा अनिवार्य हो गया है। दावा है कि इससे यूके की यात्रा अधिक आसान और सुरक्षित हो गई है और विजिटर्स को लाभ होगा। ई वीजा फिजिकल पासपोर्ट (भौतिक दस्तावेज) में लगे पारंपरिक वीजानेट की जगह लेगा। यात्रियों को अब उनके पासपोर्ट से जुड़े यूके वीजा और इमिग्रेशन अकाउंट (यूकेवीआई) पर एक सुरक्षित डिजिटल रिकॉर्ड मिलेगा, जिससे वीजा की जानकारी ऑनलाइन अप्लाई करना, स्टोर करना, मैनेज करना और दिखाना आसान हो जाएगा। यह नई प्रक्रिया कागज आधारित वीजा 'स्टिकर' (विगनेट्स) की जगह लेगी। हालांकि, बायोमेट्रिक पंजीकरण के लिए आवेदन केंद्र पर आवेदक को जाना होगा, लेकिन इससे प्रक्रिया अवधि के दौरान पासपोर्ट दस्तावेज छोड़ कर जाने की अनिवार्यता समाप्त हो जाएगी। यूके का कहना है कि ई वीजा शुरू होने से यूके जाने वाले लोग सीधे अपने ऑनलाइन यूकेवीआई अकाउंट के जरिए अपनी वीजा डिटेल्स देख पाएंगे।

भारत के लिए 'करो या मरो' का मुकाबला

सुंदर का जिम्बाब्वे के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारत की एकादश में स्थान बरकरार रखना मुश्किल होगा

- जीत की राह पर लौटने के लिए भारत को बड़ा स्कोर बनाने पर ध्यान लगाना होगा
- सुंदर की जगह अक्षर पटेल की भारत की एकादश में वापसी तय

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, 25 फरवरी (देशबन्धु)। मौजूदा चैंपियन भारत पिछले उप विजेता दक्षिण अफ्रीका से अहमदाबाद में ग्रुप 1 के अहम सुपर-8 मैच में रविवार को 76 रन से हार आईसीसी टी-20 क्रिकेट विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंचने को अगर मगर में फंस चुका है। सूर्य कुमार यादव की अगुवाई वाली टीम इंडिया को अब सब कुछ भुला कर जिम्बाब्वे को बृहस्पतिवार को चेन्नई में और वेस्टइंडीज को 1 फरवरी को सुपर 8 मैचों में कोलकाता में बड़े अंतर से हराने पर लगाना चाहिए। सेमीफाइनल को ले अगर-मगर में फंसे भारत का पहला मकसद अब जिम्बाब्वे के खिलाफ चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में बृहस्पतिवार को अपने ग्रुप 1 के दूसरे सुपर 8 मैच में बड़े अंतर से जीत है। ऑफ स्पिन ऑलराउंडर वाशिंगटन सुंदर की जगह भारत को जिम्बाब्वे के खिलाफ अपनी उपकप्तान बाएं हाथ के स्पिन ऑलराउंडर उपकप्तान अक्षर पटेल को एकादश में शामिल कर दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उन्हें बाहर रखने की रणनीतिक भूल को सुधारने की जरूरत है। भारत ने 2024 में जिम्बाब्वे से पहला मैच हारने के बाद उससे अगले लगातार चार मैच जीत कर सीरीज 4-1 से जीती थी और उसमें वाशिंगटन सुंदर 8 विकेट ले मैन ऑफ द' सीरीज रहे थे। बावजूद इसके सुंदर का जिम्बाब्वे के खिलाफ बृहस्पतिवार को भारत की एकादश में स्थान बरकरार रखना मुश्किल नजर आता है। सूर्य कुमार यादव तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी के लिए उतरे जिम्बाब्वे के स्पिनर भारत के शीर्ष में तीन बाएं हाथ के बल्लेबाजों की मौजूदगी का जिम्बाब्वे के स्पिनर लाभ नहीं उठा सकेंगे। सूर्य टी 20 में अंतरराष्ट्रीय मैचों में भारत के लिए 32 मैचों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी कर खासे कामयाब रहे है भारत को अब जिम्बाब्वे के खिलाफ जीत की राह पर लौटना है उसे वेस्ट इंडीज की तरह टॉस जीत पहले बल्लेबाजी करते हुए अपना ध्यान बड़ा स्कोर खड़ा करने पर लगाना होगा। रिंकू सिंह अपने बीमार पिता खानचंद को नोएडा के एक अस्पताल में देख कर मंगलवार रात ही वापस चेन्नै लौट चुके हैं। रिंकू यदि उपलब्ध नहीं हुए तो तब ही मौजूदा संस्करण से पहले अचानक अपनी लय खोने वाले विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन की एकादश में वापसी हो सकती है हालांकि इसकी संभावना कम नजर आती है। अपने शुरू के तीन मैचों में खाता खोलने में नाकाम रहने वाले विस्फोटक सलामी बल्लेबाज अभिषेक शर्मा ने भारत के लिए पहले सुपर 8 मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 12 गेंदों पर 15 रन बनाए लेकिन उनसे उनके परिचित आक्रामक मे भारत को मौजूदा संस्करण में बड़ी पारी का अभी भी इंतजार है। भारत के अपने चारों ग्रुप मैच जीतने और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पहला सुपर 8 मैच हारने में एक बल्लेबाज को छोड़ कर उसका शीर्ष क्रम जूझता ही नजर आया है। सच तो यह है कि भारत का सेमीफाइनल में पहुंचना अब ग्रुप 1 के बाकी मैचों के नतीजों पर बहुत हद तक जा टिका है। जिम्बाब्वे को वेस्ट इंडीज के खिलाफ वानखेड़े स्टेडियम की पिच पर खासा जूझना पड़ा। चेन्नै में चेपॉक की पिच भी बहुत हद तक वानखेड़े स्टेडियम की तरह बल्लेबाजों के मुफीद लग रही है।

भारत का सेमीफाइनल का गणित

भारत को यह भी दुआ करनी होगी दक्षिण अफ्रीका अपने बाकी दोनों मैचों में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज को हराकर तीन जीत के साथ ग्रुप 1 में शीर्ष पर रहे। तब दक्षिण अफ्रीका पहले और भारत दूसरे स्थान पर रह कर सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। दक्षिण अफ्रीका यदि वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से हार जाता है तो और भारत वेस्ट इंडीज और जिम्बाब्वे को हरा देता है तो तब वेस्ट इंडीज और भारत सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा। दक्षिण अफ्रीका यदि वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे से हार गया और भारत ने जिम्बाब्वे को हरा दिया लेकिन वेस्टइंडीज से हार गया तो वेस्टइंडीज सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा और तब बाकी तीन टीमों के दो दो अंक हो जाएंगे तो सेमीफाइनल का गणित नेट रन रेट पर आ टिकेगा। दक्षिण अफ्रीका यदि वेस्टइंडीज और जिम्बाब्वे को भी हरा देता है और भारत जिम्बाब्वे से हार जाता है लेकिन वेस्टइंडीज को हरा देता है तो तब दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंच जाएगा लेकिन बाकी तीन टीमों के दो दो अंक हो जाएंगे और सेमीफाइनल में पहुंचने वाली दूसरी टीम का फैसला नेट रन रेट से होगा। दक्षिण अफ्रीका और वेस्टइंडीज ने जिस धमाकेदार अंदाज में ग्रुप 1 में जिस बड़ी जीत के साथ आगाज किया उससे भारत की सेमीफाइनल की राह मुश्किल हो गई है। भारत की नेट रन रेट -3.80 है जबकि दक्षिण अफ्रीका की + 3.80 रन है। वेस्ट इंडीज अपने पहले ग्रुप 1 मैच में जिम्बाब्वे पर 107 रन की बड़ी जीत के साथ 5.35 रन की नेट रनरेट से शीर्ष पर है। अपना खिताब बरकरार रखने की दावेदार के रूप में उतरा भारत ग्रुप ए में अपने चार मैच जीतकर शीर्ष पर रह सुपर 8 में स्थान में दक्षिण अफ्रीका से पहला ग्रुप मैच हार गया। भारत के बल्लेबाज मौजूदा टी 20 विश्व कप में इससे पहले दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड के खिलाफ अपने घर में सपाट पिचों पर टी 20 सीरीज के से दे दनादन अंदाज में बल्लेबाजी नहीं कर पाए हैं।

बॉश, बुमराह और फोर्ड की लंबी छलांग, वरुण नंबर एक पर बरकरार

नई दिल्ली। टी-20 विश्व कप 2026 के सुपर-8 मुकाबलों के बीच आईसीसी ने टी-20 गेंदबाजों की रैंकिंग जारी की है। ताजा रैंकिंग में भारतीय स्पिनर वरुण चक्रवर्ती पहले स्थान पर बने हुए हैं, जबकि दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश, वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड और भारत के जसप्रीत बुमराह ने लंबी छलांग लगाई है। ताजा रैंकिंग में अफगानिस्तान के कप्तान राशिद खान दूसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के कॉर्बिन बॉश ने 21 स्थान की छलांग लगाते हुए तीसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। इंग्लैंड के स्पिनर आदिल राशिद चौथे स्थान पर हैं। पाकिस्तान के स्पिनर अबरार अहमद को दो स्थान का नुकसान हुआ है। अबरार पांचवें स्थान पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के लेग स्पिनर एडम जांपा ने 2 स्थान की छलांग लगाते हुए छठा स्थान हासिल किया है। वेस्टइंडीज के मैथ्यू फोर्ड ने भी बड़ी छलांग लगाई है। फोर्ड ने 23 स्थान की छलांग लगाते हुए शीर्ष 10 में एंट्री की है और सातवां स्थान हासिल किया है। तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शानदार गेंदबाजी की थी। उस प्रदर्शन के आधार पर बुमराह की भी एंट्री भी शीर्ष 10 में हो गई है। बुमराह 7 स्थान की छलांग लगाते हुए आठवें स्थान पर पहुंच गए हैं। बांग्लादेश के मुस्तफिजुर रहमान नौवें स्थान पर हैं, जबकि श्रीलंका के वानिंदु हसरंगा दसवें स्थान पर हैं। विश्व कप से बाहर हो चुके हसरंगा को चार स्थान का नुकसान हुआ है। शीर्ष 10 में 7 स्पिनर हैं।

भारत ने ऑस्ट्रेलिया को हरा पहली जीत दर्ज की

- मोहित ने ऑस्ट्रेलिया के कई हमले नाकाम किए

पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग-2025-26

नई दिल्ली, 25 फरवरी (देशबन्धु)। गोलरक्षक एच एच मोहित के शूटआउट में तीन बेहतरीन बचावों की बदौलत भारत ने मेजबान ऑस्ट्रेलिया को निर्धारित समय में एक एक की बराबरी पररोकने के बाद पुरुष एफआईएच प्रो हॉकी लीग-2025-26 के होबार्ट चरण के चौथे व आखिरी रिटर्न मैच में बुधवार को 3-1 हरा कर बोनस अंक के साथ लगातार सात हार के बाद पहली जीत दर्ज की। भारत ने पिछड़ने के बाद निर्धारित समय में एक एक की बराबरी पाई थी। रत 0-2 की बढ़त लेने के बाद ऑस्ट्रेलिया से पहला मैच शूटआउट में 3-4 से और मंगलवार को स्पेन के खिलाफ 1-0 की बढ़त को आखिरी मिनट में गवां एक एक से बराबरी पर मजबूत होने से उससे शूटआउट मे 3-4 से हार गया था। भारत ने राउरकेला चरण में चारों और होबार्ट चरण में शुरू के तीन मैच हारने के बाद आठ मैचों में पहली जीत दर्ज की। ड्रैग फ्लिकर जेरमी हेवर्ड के पेनल्टी कॉर्नर पर चौथे व आखिरी क्वार्टर के चौथे मिनट में गोल कर ऑस्ट्रेलिया का खाता खोला। शिलानंद लाकरा ने तीन मिनट बाद बॉबी पुवन्ना से मिले पास पर डी के भीतर पहुंच कर धैर्य दिखाते हुए ऑस्ट्रेलिया के गोलरक्षक को छका गोल कर भारत को एक एक की बराबरी दिला दी। भारत ने एक एक की बराबरी के बाद बाद निर्धारित समय में गोल कर जीत दर्ज करने की पूरी कोशिश की लेकिन गोल न कर पाया और मैच शूटआउट में खिंच गया। भारत के गोलरक्षक मोहित ने शूटआउट से पहले निर्धारित समय में भी ऑस्ट्रेलिया के कई हमले नाकाम किए।

भारत को 11 वें मिनट में पहला पेनल्टी कॉनर मिला लेकिन अमनदीप लाकरा के ड्रैग फ्लिक को ऑस्ट्रेलिया के रशर ने रोक लिया। अगले ही मिनट अभिषेक बाएं से गेंद को ले डी में पहुंचने के बाद चूके। अभिषेक के पास पर 16वें मिनट में मनिंदर के शॉट को ऑस्ट्रेलिया के गोलरक्षक ने रोका। 25वें मिनट में ऑस्ट्रेलिया को पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन भारत के गोलरक्षक सूरज करकेरा ने बेहतरीन बचाव किया। भारत को तीसरे क्वार्टर के तीसरे मिनट में मैच का दूसरा पेनल्टी कॉर्नर मिला लेकिन अरिजित हुंडल केफ्लिक को ऑस्ट्रेलिया के गोलरक्षक ने रोक दिया। अमित रोहिदास के पास पर अरिजित हुंडल गोल करने से चूके। ऑस्ट्रेलिया को 42 वें 45 वें मिनट में लगातार दो पेनल्टी कॉर्नर मिले लेकिन इस पर जोएल रिंटाला के ड्रैग फ्लिक को भारत के गोलरक्षक मोहित ने रोक दिया। शूटआउट में पहले प्रयास में ऑस्ट्रेलिया के टिम ब्रैंड के प्रयास को भारत के गोलरक्षक मोहित ने मुस्तैदी दिखा रोक उन्हें गोल करने से रोक दिया। शिलानंद लाकरा ने पहले प्रयास में ऑस्ट्रेलिया के गोलरक्षक एशले थॉमस को छका गोल कर भारत को1-0 कर दिया। लियाम एंडरसन के दूसरे प्रयास को भी भारत के गोलरक्षक मोहित ने रोक कर बेकार कर दिया। मनिंदर सिंह ने दूसरे प्रयास में शानदार स्पिन से ऑस्ट्रेलिया के गोलरक्षक एशले थॉमस को गच्चा दे गोल कर भारत को 2-0 से आगे कर दिया।

क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता की हालत गंभीर, आईसीयू में भर्ती

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेटर रिंकू सिंह के पिता खानचंद की तबीयत बेहद गंभीर बनी हुई है। ग्रेटर नोएडा स्थित यथार्थ हॉस्पिटल की ओर से जारी ताजा मेडिकल बुलेटिन में बताया गया है कि उनकी हालत नाजुक है और उन्हें अस्पताल के क्रिटिकल केयर यूनिट (सीसीयू) में भर्ती किया गया है। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, खानचंद इस समय मैकेनिकल वेंटिलेटर सपोर्ट पर हैं। उनकी सांस लेने की प्रक्रिया को मशीन के माध्यम से नियंत्रित किया जा रहा है। इसके साथ ही, उन्हें लगातार रीनल रिप्लेसमेंट थेरेपी यानी डायलिसिस की प्रक्रिया दी जा रही है। यह उपचार तब दिया जाता है जब किडनी ठीक से काम नहीं कर पाती और शरीर से टॉक्सिक पदार्थों को बाहर निकालने के लिए कृत्रिम सहायता की जरूरत होती है। डॉक्टरों की एक विशेषज्ञ टीम 24 घंटे उनकी निगरानी कर रही है। मेडिकल बुलेटिन में स्पष्ट किया गया है कि उनकी स्थिति अत्यंत नाजुक है और स्वास्थ्य में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। अस्पताल प्रबंधन का कहना है कि मरीज को सर्वोत्तम संभव उपचार दिया जा रहा है और सभी आवश्यक चिकित्सकीय व्यवस्थाएं उपलब्ध कराई गई हैं। सूत्रों के मुताबिक, रिंकू सिंह अपने पिता को देखने के लिए अस्पताल पहुंचे थे। कुछ समय उनके साथ बिताने के बाद वे टी20 वर्ल्ड कप खेलने के लिए वापस लौट गए। परिवार के करीबी लोगों का कहना है कि रिंकू लगातार डॉक्टरों के संपर्क में हैं और अपने पिता के स्वास्थ्य की हर जानकारी ले रहे हैं। इधर, अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार, बीते कुछ घंटों में खानचंद की स्थिति में और भी गंभीर हुई है। चिकित्सकों का कहना है कि अगले 24 से 48 घंटे बेहद महत्वपूर्ण हैं। परिवार के सदस्य अस्पताल में मौजूद हैं और लगातार प्रार्थना कर रहे हैं। इस बीच क्रिकेट प्रेमियों और प्रशंसकों ने भी रिंकू सिंह और उनके परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की है। सोशल मीडिया पर फैंस उनके पिता के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना कर रहे हैं।

- ग्रेटर नोएडा के सेक्टर ओमेगा वन स्थित यथार्थ अस्पताल में भर्ती

सार संक्षेप

पारस डोगरा पर 50 प्रतिशत मैच फीस का जुर्माना

हुबली। जम्मू और कश्मीर के कप्तान पारस डोगरा पर हुबली में चल रहे रणजी ट्रॉफी फाइनल के दूसरे दिन बुधवार को कर्नाटक के केवी अनीश को सिर मारने के लिए मैच फीस का 50 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है। आज यहां यह घटना दूसरे दिन के 101वें हुई। पहले दिन रिटायर्ड हर्ट हुए डोगरा ने 99वें ओवर में अब्दुल समद का विकेट गिरने के बाद अपनी पारी फिर से शुरू की। इसके बाद उन्हें शॉर्ट पिच गेंदबाजी का सामना करना पड़ा, जिसके साथ कर्नाटक के फील्डर्स ने स्लेजिंग भी की। 101वें ओवर में तनाव चरम पर पहुंच गया जब डोगरा ने अजीब तरह से एक गेंद को बाउंड्री की ओर खेला और जवाब में सिली पॉइंट पर तैनात स्थानापन्न खिलाड़ी केवी अनीश के हैलमेट के ग्रिल पर सिर मार दिया। इस हरकत पर कर्नाटक के पूर्व कप्तान मयंक अग्रवाल ने तुरंत दखल दिया, जो गुस्से में दोनों खिलाड़ियों के बीच कूद गए, इससे पहले कि अंपायरों ने स्थिति को शांत करने की कोशिश की। इसके बाद कर्नाटक के कप्तान देवदत्त पडिक्कल और अंपायरों के बीच लंबी बातचीत हुई।

300 पैरा-एथलीट ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में लेंगे भाग

नई दिल्ली। आठ ऑयल एवं गैस सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रमों (पीएसयू) सहित ओएनजीसी के लगभग 300 पैरा-एथलीट 26 फरवरी 2026 से नई दिल्ली के त्यागराज स्टेडियम में आयोजित होने वाले ओएनजीसी के 7वें पैरा गेम्स में भाग लेंगे।

प्रतिभागी पीएसयू में बीपीसीएल, ईआईएल, गेल, एचपीसीएल, आईओसीएल, एमआरपीएल, ऑयल तथा ओएनजीसी शामिल हैं। प्रतिभागियों में विभिन्न संगठनों से पुरुष एवं महिला पैरा-एथलीट शामिल होंगे। इन खेलों में एथलेटिक्स, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, तैराकी एवं व्हीलचेयर रेस जैसी विभिन्न खेल विधाओं में प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। श्रवण एवं वाक् दिव्यांगता, ऊपरी एवं निचले अंगों की दिव्यांगता, दृष्टिबाधिता (लो विजन एवं नो विजन) तथा व्हीलचेयर उपयोगकर्ताओं सहित विभिन्न दिव्यांगता श्रेणियों के खिलाड़ी इन खेलों में भाग लेंगे।

रिचर्ड पाइबस बने अफगानिस्तान के मुख्य कोच

काबुल। अफगानिस्तान ने इंग्लैंड में जन्मे रिचर्ड पाइबस को सभी प्रारूपों के लिए अपनी राष्ट्रीय टीम का नया मुख्य कोच नियुक्त किया है। वह अगले महीने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) में श्रीलंका के खिलाफ होने वाली सीमित ओवर सीरीज से पहले टीम के साथ जुड़ेंगे। पाइबस ने 1986 में केवल एक लिस्ट ए मैच खेला।

खराब बल्लेबाजी के कारण हारा पाकिस्तान : यूनुस

पल्लेकेले, 25 फरवरी (एजेंसियां)। पाकिस्तान के पूर्व पेसर वकार यूनुस ने कहा है कि टी-20 वर्ल्ड कप सुपर आठ मैच में इंग्लैंड क्रिकेट टीम से हार के दौरान शाहीन शाह अफरीदी की ज़बरदस्त बॉलिंग के बावजूद पाकिस्तान सही टोटल से चूक गया और बीच के ओवरों में कंट्रोल खो दिया। जियो हॉटस्टार पर बात करते हुए, यूनुस ने कहा कि पाकिस्तान को बोर्ड पर 15-20 रन और चाहिए थे। उन्होंने कहा, 'पहली इनिंग में, पाकिस्तान ने काफी रन नहीं बनाए। इस पिच पर, उन्हें और 15-20 रन चाहिए थे। 175-180 का टोटल बराबर होता। फिर हैरी ब्रूक तीसरे नंबर पर आए और पूरा कंट्रोल ले लिया। यह बिना किसी मौके के बैटिंग थी; वह शानदार थे। उन्होंने अकेले ही पाकिस्तान से गेम छीन लिया। ' उन्होंने आगे कहा कि पाकिस्तान ने कुछ फेज़ में अच्छी बॉलिंग की, लेकिन उनके स्पिनर असर डालने में नाकाम रहे और बहुत सारे आसान रन दे दिए। हालांकि, यूनुस ने अफरीदी के स्पेल की तारीफ करते हुए कहा, 'शाहीन ने बहुत अच्छी बॉलिंग की। लेंथ पर उनका कंट्रोल शानदार था। उन्होंने ज़रूरी विकेट लिए, जिसके लिए वह जाने जाते हैं। यह एक क्वालिटी स्पेल था, और वह इसे आगे बढ़ा सकते हैं।' उन्होंने फील्डिंग में हुई कमियों की ओर भी इशारा किया। उन्होंने कहा, 'पाकिस्तान ने फील्ड में आसानी से रन बनने दिए। जब उनका कंट्रोल था, तो वे शार्प दिखे। लेकिन जैसे ही प्रेशर कम हुआ, उनकी इंटेंसिटी कम हो गई। यहीं वे चूक गए।' इससे पहले, साहिबज़ादा फरहान ने 45 बॉल पर 63 रन बनाए, जबकि बाबर आज़म, फखर ज़मान और शादाब खान के योगदान से पाकिस्तान क्रिकेट टीम ने 164/9 का स्कोर बनाया।

टॉमलजानोविच ने वीनस विलियम्स को हराया

गैल्फी ने बियांका एंड्रीस्कू के खिलाफ उतार-चढ़ाव वाले मैच जीते

ऑस्टिन, 25 फरवरी (एजेंसियां)। एटीएक्स ओपन में वाइल्ड कार्ड के तौर पर मुकाबला कर रहे दो पूर्व ग्रैंड स्लैम चैंपियन अपने शुरुआती मैचों में हार गए। अजला टॉमलजानोविक ने पहले सेट में 3-1 से पिछड़ने के बाद वीनस विलियम्स को 6-4, 6-1 से हराया, जबकि डाल्मा गैल्फी ने बियांका एंड्रीस्कू के खिलाफ 2 घंटे 11 मिनट में 6-3, 5-7, 6-4 के उतार-चढ़ाव वाले मैच जीते। चार साल पहले, टॉमलजानोविच ने टेनिस इतिहास में अपना नाम दर्ज कराया था। वह 2022 में 23 बार की मेजर चैंपियन सेरेना विलियम्स के रिटायरमेंट से पहले उन्हें हराने वाली आखिरी खिलाड़ी बनीं, उन्होंने यूएस ओपन का तीसरा राउंड 7-5, 6-7(4), 6-1 से जीता। 32 साल की ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी, जो पिछले साल ऑस्टिन में सेमीफ़ाइनलिस्ट थीं, ने पहले अपनी बड़ी बहन वीनस का सामना नहीं किया था, और उन्होंने एक ऐसी खिलाड़ी के खिलाफ मैच से पहले घबराहट होने की बात मानी, जिसे उन्होंने खेल में 'प्रेरणा' बताया। वीनस के खिलाफ, टॉमलजानोविच ने 45 साल की वीनस की मजबूत शुरुआत का सामना करते हुए मुकाबला अपने पक्ष में कर लिया। वीनस ने तुरंत ब्रेक लिया, दो विंटेज विनर्स लगाए और टॉमलजानोविच के लगातार डबल फॉल्ट का फायदा उठाया, और मैच के अपने सबसे अच्छे शॉट - लाइन के नीचे एक शानदार बैकहैंड पास के साथ 2-0 से स्कोर मजबूत कर लिया। हालांकि, वीनस दो पॉइंट्स को जीतकर 4-2 से आगे नहीं बढ़ पाई, और वहीं से मैच का रुख बदलने लगा। सात बार की मेजर चैंपियन ने भी दो पॉइंट्स लेकर स्कोर 5-5 से बराबर कर लिया, लेकिन टॉमलजानोविच की क्रिएटिविटी और किस्मत के मेल से वह हार गईं -- एक ज़ोरदार स्पिन स्लाइस्ड विनर जो टेप के टॉप पर लगा। हालांकि दूसरा सेट स्कोरलाइन से ज़्यादा करीबी था, टॉमलजानोविच दो ज़रूरी मल्टी-ड्यूस गेम जीतकर कंट्रोल करने में कामयाब रहीं, उन्होंने दो ब्रेक पॉइंट बचाकर स्कोर 2-1 कर दिया और फिर अपने चौथे ब्रेक पॉइंट को बदलकर 5-1 की निर्णायक बढ़त बना ली। इस नतीजे का मतलब था कि वीनस और नंबर 2 सीड इवा जोविक के बीच कोई इंटर-जेनरेशनल सेकंड-राउंड मुकाबला नहीं होगा , जिन्होंने एना ब्लिंकोवा पर 6-3, 6-4 से जीत हासिल की । जब दिसंबर 2007 में जोविक का जन्म हुआ, तो वीनस पहले से ही छह बार की मेजर चैंपियन थीं, और उस सीज़न में 50-11 का रिकॉर्ड बनाने के बाद नंबर 8 पर थीं। इसके बजाय, जोविक पहली बार टॉमलजानोविच का सामना करेंगी। टॉमलजानोविच की जीत ने उन्हें दोनों विलियम्स बहनों के खिलाफ बिना हारे रहने वाली केवल दो खिलाड़ियों में से एक बना दिया। दूसरी हैं 2019 यूएस ओपन चैंपियन एंड्रीस्कू, जो पिछले अक्टूबर में टोक्यो के बाद अपना पहला डब्ल्यूटीए मेन-ड्रॉ मैच खेल रही थीं।

मेजबान शहरों ने फीफा विश्व कप की सुरक्षा को लेकर जताई चिंता

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। फीफा विश्व कप 2026 में सुरक्षा को लेकर मेजबान देश यूएसए, कनाडा और मेक्सिकों के शहरों ने चिंता जताई है। अधिकारियों के मुताबिक सुरक्षा व्यवस्था की योजना को मूर्त रूप देने का काम शेड्यूल से पीछे चल रहा है। इससे 11 जून को टूर्नामेंट शुरू होने पर बड़ी रुकावटों का डर बढ़ गया है। वेस्ट ऑस्ट्रेलियन की रिपोर्ट के मुताबिक, यूनाइटेड स्टेट्स हाउस होमलैंड सुरक्षा कमेटी के सामने गवाही के दौरान, स्थानीय प्रतिनिधियों ने दो बड़ी कमियों का जिक्र किया, जिनमें फेडरल सुरक्षा फंडिंग पर रोक और फेडरल और स्थानीय अथॉरिटीज के बीच खराब तालमेल हैं। फंडिंग की चिंता फेडरल इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी के उस फैसले से पैदा हुई है जिसमें उसने फेडरल सरकार शटडाउन के बीच ऑपरेशन को बेहतरीन, जान बचाने वाले ऑपरेशन तक कम करने का फैसला किया था। रिपोर्ट में कहा गया है कि विश्व कप सुरक्षा के लिए दिए गए लगभग 900 मिलियन डॉलर को रोक दिया गया है। रोके गए फंड में 625 मिलियन डॉलर शामिल हैं, जो पहले होस्ट शहरों को खिलाड़ियों, फैन्स और संरचना की सुरक्षा के मकसद से बड़े पैमाने पर सुरक्षा का प्रबंधन करने के लिए दिया गया था। मेजबान राज्यों के लिए ड्रोन एक्टिविटी पर नजर रखने और उनका मुकाबला करने की उनकी क्षमता को बेहतर बनाने के लिए अतिरिक्त 250 मिलियन डॉलर तय किए गए थे। नेशनल फ्यूजन सेंटर एसोसिएशन के अध्यक्ष माइक सेना ने सांसदों को बताया कि देरी से शहरों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि अगर हम दो साल पहले यह बातचीत कर रहे होते, तो हम बेहतर स्थिति में होते, लेकिन आज, जब हम इन खेलों के करीब आ रहे हैं, तो हम उस क्षमता के आसपास भी नहीं हैं जिसकी हमें जरूरत है।' मियामी में, आयोजकों का कहना है कि पैसे की अनिश्चितता पहले से ही योजना को प्रभावित कर रही है। मियामी वर्ल्ड कप होस्ट कमेटी के प्रमुख कार्यकारी अधिकारी रे मार्टिनेज ने चेतावनी दी कि समय खत्म हो रहा है। उन्होंने कहा, 'टूर्नामेंट में 107 दिन बचे हैं, लेकिन इससे भी जरूरी बात यह है कि फैन फेस्ट बनाना शुरू करने में लगभग 70 दिन बचे हैं। मियामी ने फेडरल मदद के लिए 70 मिलियन डॉलर के लिए आवेदन किया है। मार्च के आखिर तक अनुमोदन नहीं होने पर इवेंट्स में कटौती शुरू हो जाएगी। मैसाचुसेट्स के फॉक्सबोरो के अधिकारियों ने सुझाव दिया है कि अगर फंडिंग वापस नहीं मिली तो वे जिलेट स्टेडियम में होने वाले सात तय मैचों की मेजबानी से पीछे हट सकते हैं। कैनसस सिटी के अधिकारियों ने भी स्टाफ की कमी की बात कही है। डिप्टी पुलिस चीफ जोसेफ मैबिन ने सुनवाई में बताया कि उनके विभाग में शहर की सुरक्षा जरूरतों को पूरा करने के लिए जरूरी कर्मचारियों की कमी है।

> मुझे लगता है कि अगर हम दो साल पहले यह बातचीत कर रहे होते, तो हम बेहतर स्थिति में होते, लेकिन आज, जब हम इन खेलों के करीब आ रहे हैं, तो हम उस क्षमता के आसपास भी नहीं हैं जिसकी हमें जरूरत है : माइक सेना

सुडोकू 7195 का हल

2	8	3	9	7	1	4	5	6
5	4	9	6	2	8	1	7	3
7	6	1	5	4	3	2	9	8
9	3	8	4	1	2	5	6	7
4	1	7	3	6	5	8	2	9
6	5	2	8	9	7	3	4	1
1	9	4	2	8	6	7	3	5
8	2	5	7	3	9	6	1	4
3	7	6	1	5	4	9	8	2

देशबन्धु

[अर्थ जगत]

सर्वाधिक बढ़ने वाले शेयर

एचसीएल टेक्नो	2.80 प्रतिशत
टाटा स्टील	2.63 प्रतिशत
टीसीएस	2.14 प्रतिशत
इंडिगो	2.01 प्रतिशत
सनफार्मा	1.92 प्रतिशत

सर्वाधिक घटने वाले शेयर

रिलायंस इंडस्ट्रीज	2.23 प्रतिशत
भारतीय स्टेट बैंक	1.93 प्रतिशत
अडानी पोर्ट्स	1.72 प्रतिशत
इटरनल	1.46 प्रतिशत
भारती एयरटेल	1.39 प्रतिशत

सर्राफा

दिल्ली

सोना (प्रति दस ग्राम)स्टैंडर्ड	1,59,008
बिटुर	88,730
गिन्नी (प्रति आठ ग्राम)	39,795
चांदी (प्रति किलो) टंच हाजिर	2,65,417
वायदा	70,857
चांदी सिक्का लिवाली	900
बिकवाली	880

मुद्रा विनिमय

मुद्रा	क्रय	विक्रय
अमेरिकी डॉलर	92.13	89.11
पौंड स्टर्लिंग	124.99	120.57
यूरो	108.95	104.96
चीन युआन	14.19	12.36

अनाज

देसी गेहूं एमपी	2400-3000
गेहूं दड़ा	2862.70
आटा	2800-2900
मैदा	2900-2950
चोकर	2000-2100

मोटा आनाज

बाजरा	1300-1305
मक्का	1350-1500
ज्वार	3100-3200
जौ	1430-1440
काबुली चना	3500-4000

शुगर

चीनी एस	4293.58
चीनी एम	4500-4600
मिल डिलीवरी	3620-3720
गुड़	4986.64

दाल-दलहन

चना	5700-5800
दाल चना	7756.54
मसूर काली	8086.78
उड़द दाल	10709.71
मूंग दाल	10119.22
अरहर दाल	11146.04

नए टैरिफ के बाद सोलर स्टॉक्स लुढ़के

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की ओर से बुधवार को भारतीय सोलर आयात पर 126 प्रतिशत के टैरिफ के बाद सोलर से जुड़े स्टॉक्स में बड़ी गिरावट देखने को मिली है।

राष्ट्रपति ट्रंप ने सौर उत्पादों पर अनुचित रूप से सब्सिडी देने के लिए भारत से आने वाले सौर उत्पादों पर टैरिफ लगा दिया है। इस फैसले से सौर उत्पादों से जुड़े शेयरों में बिकवाली देखी जा रही है। अब तक के कारोबार में वारी एनर्जीज का शेयर 15 प्रतिशत तक की गिरावट दिखाई है।

एफटीए से इलेक्ट्रिक वाहन निर्यातकों के लिए खुलेंगे नए बाजार : कुमारस्वामी

- इलेक्ट्रिक वाहन क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा भारत
- अब तक 28 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा चुके

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारी उद्यम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को कहा कि विभिन्न देशों के साथ मुक्त व्यापार संधियों (एफटीए) से देश के इलेक्ट्रिक वाहन निर्माताओं के लिए नये बाजार खुलेंगे और भारत इस क्षेत्र में विनिर्माण का वैश्विक केंद्र बनेगा।

श्री कुमारस्वामी ने इलेक्ट्रिक वाहनों पर फिक्की द्वारा यहां आयोजित तीसरे राष्ट्रीय सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि ई-मोबिलिटी की देश की यात्रा विकसित भारत की यात्रा के अनुरूप है। उन्होंने कहा, 'जैसे-जैसे विनिर्माण मजबूत होगा, निर्यात की क्षमता भी बढ़ेगी। पिछले एक दशक में वाहनों के कलपुर्जों का निर्यात आठ अरब डॉलर से बढ़कर 16.9 अरब डॉलर पर पहुंच चुका है। यह वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला में भारत की बढ़ती विश्वसनीयता को दर्शाता

> यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया व संयुक्त अरब अमीरात के साथ एफटीए से भारतीय निर्यातकों के लिए नए द्वार खुलेंगे : एच डी कुमारस्वामी

है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यूरोपीय संघ, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया और संयुक्त अरब अमीरात के साथ एफटीए से भारतीय निर्यातकों के लिए नये द्वार खुलेंगे। उद्योग को घरेलू बाजार के साथ निर्यात को मजबूत करने पर भी ध्यान देना चाहिए। उन्होंने कहा, 'विकसित भारत 2047 के एजेंडा में इलेक्ट्रिक परिवहन केंद्र में होगा। नीति की स्पष्ट दिशा और औद्योगिक भागीदारी से भारत खुद को वैश्विक विनिर्माण केंद्र के रूप में स्थापित करेगा। उन्होंने देश में इलेक्ट्रिक परिवहन की बढ़ती लोकप्रियता का उल्लेख करते हुए कहा कि अब तक 28 लाख से अधिक इलेक्ट्रिक वाहन बेचे जा चुके हैं। इनमें 20 लाख दुपहिया और तीन लाख तिपहिया वाहन शामिल हैं। तिपहिया में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी करीब 32 प्रतिशत पर पहुंच चुकी है जो इस बात का स्पष्ट संकेत है कि देश में इसके लिए विपणन के अवसर बढ़ रहे हैं। उन्होंने बताया कि उत्पादन आधारित प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना के तहत वाहनों की बैटरी बनाने के लिए 18,000 करोड़ रुपए की राशि मंजूर की गई है और इसके जरिए 50 गीगावाट बैटरी विनिर्माण को सक्षम बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

कैफे-3 नियम पर ऊर्जा मंत्रालय ने प्रस्ताव प्रधानमंत्री कार्यालय को भेजा

नई दिल्ली। ऊर्जा मंत्रालय ने कॉर्पोरेट औसत ऊर्जा दक्षता (कैफे)-3 नियमों पर प्रस्ताव तैयार कर प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) को भेज दिया है। केंद्रीय भारी उद्यम मंत्री एच.डी. कुमारस्वामी ने बुधवार को बताया कि सभी हितधारकों से बातचीत के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने इस संबंध में प्रस्ताव तैयार किया है। श्री कुमारस्वामी ने कहा कि हमने सभी हितधारकों और ऊर्जा मंत्रालय के साथ एक बैठक की थी। मेरी जानकारी के मुताबिक, हितधारकों के साथ बैठक के बाद ऊर्जा मंत्रालय ने पीएमओ को प्रस्ताव भेज दिया है।' हालांकि उन्होंने प्रस्ताव के विवरण के बारे में नहीं बताया। वाहन उद्योग के सूत्रों ने भी इस तरह की बैठक की पुष्टि की, लेकिन कहा कि प्रस्ताव में क्या है इसके बारे में उन्हें जानकारी नहीं है। उल्लेखनीय है कि कैफे-3 नियमों को लेकर वाहन उद्योग एक राय नहीं है। कुछ कंपनियों का कहना है कि इसमें छोटे वाहनों को रियायत दी जानी चाहिए।

भारतीय निवेशकों को मिलेगा 30 अंतरराष्ट्रीय बाजारों में मौका

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारतीय निवेशक जल्द दुनिया के 30 बड़े स्टॉक मार्केट में आसानी से शेयरों की खरीद बिक्री कर पाएंगे और उनकी पहुंच अमेरिकी, यूके, जापान और यूरोप जैसे विकसित बाजारों तक भी होगी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) की सहयोगी कंपनी एनएसई इंटरनेशनल एक्सचेंज (आईएक्स) हाल ही में लॉन्च किए अपने ग्लोबल इन्वेस्टिंग प्लेटफॉर्म के अगले तीन से छह महीनों में विस्तार की योजना बना रही है।

एनएसई आईएक्स के प्रबंध निदेशक और सीईओ वी बालासुब्रमण्यम ने कहा कि एक्सचेंज वर्तमान में अमेरिकी शेयरों में ट्रेडिंग की अनुमति देता है और अधिक अंतरराष्ट्रीय बाजारों को जोड़ने के लिए काम कर रहा है।

उन्होंने कहा कि यूरोप, जापान और यूनाइटेड किंगडम

- निवेशकों को डीमैट खाते की आवश्यकता नहीं

सहित कई जी7 देशों को शामिल करने के लिए बातचीत चल रही है। एनएसई आईएक्स ग्लोबल एक्सेस प्लेटफॉर्म भारतीय निवेशकों को पूरी तरह से डिजिटल ऑनबोर्डिंग प्रक्रिया के माध्यम से विदेशी शेयरों में निवेश करने में सक्षम बनाता है। इस प्लेटफॉर्म पर ट्रेडिंग करने के लिए निवेशकों को डीमैट खाते की आवश्यकता नहीं है। एक्सचेंज टीप्लस 1 निपटान चक्र का पालन करता है, जिसका अर्थ है कि लेनदेन के एक दिन बाद ट्रेड का निपटान हो जाता है। एक्सचेंज ने कर और लागत संबंधी लाभों पर भी प्रकाश डाला है।

सोने की कीमत में गिरावट

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। सोना खरीदारों के लिए खुशखबरी है। बुधवार को सोने की कीमत में कमजोरी देखने को मिली है, हालांकि,यह सीमित रही है। इंडिया बुलियन ज्वेलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) के मुताबिक, 24 कैरेट सोने की कीमत 233 रुपए कम होकर 1,59,008 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है, जो कि पहले 1,59,241 रुपए प्रति 10 ग्राम थी। 22 कैरेट सोने की कीमत 1,45,865 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,45,651 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गई है। 18 कैरेट सोने का दाम 1,19,431 रुपए प्रति 10 ग्राम से कम होकर 1,19,256 रुपए प्रति 10 ग्राम हो गया है।

दूसरी तरफ चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है। यह 2,505

रुपए बढ़कर 2,65,417 रुपए प्रति किलो हो गया है, जो कि पहले 2,62,912 रुपए प्रति किलो था।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज पर सोने के 2 अप्रैल 2026 के कॉन्ट्रैक्ट का दाम 0.51 प्रतिशत बढ़कर 1,60,791 रुपए हो गया है। चांदी के 5 मार्च 2026 के कॉन्ट्रैक्ट की कीमत 2.31 प्रतिशत बढ़कर 2,66,756 रुपए हो गई है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में सोने और चांदी की कीमतों में तेजी देखी जा रही है।

ब्लू फ्लैग परियोजना के विस्तार व मरीना रोप कार के विरोध में मछुआरे

चेन्नई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। ब्लू फ्लैग परियोजना के विस्तार और मरीना रोप कार के विरोध में मछुआरे दो मार्च को मानव श्रृंखला बनाकर विरोध प्रदर्शन करेंगे। जिससे चेन्नई के तटीय इलाकों में तनाव बढ़ता जा रहा है। ट्रिप्लिकेन के अयोध्या कुप्पम और संथोम के श्रीनिवासपुरम के बीच स्थित 12 गांवों के मछुआरे विरोध प्रदर्शन करेंगे। मछुआरों का यह आंदोलन राज्य सरकार से मरीना तट के किनारे ब्लू फ्लैग बीच परियोजना के विस्तार की योजना को रद्द करने और समुद्र तट पर रोप कार परियोजना को रोकने का आग्रह करने के लिए किया जाएगा।

मछुआरा नेताओं के अनुसार,

- चेन्नई के तटीय इलाकों में बढ़ता जा रहा तनाव

अयोध्या कुप्पम, मट्टनकुप्पम, नोचिकुप्पम और श्रीनिवासपुरम के प्रतिनिधियों ने हाल ही में शुरू की गई तटीय विकास पहलों से 'आजीविका के लिए गंभीर खतरों' पर विचार-विमर्श किया गया। ब्लू फ्लैग विस्तार के अलावा, मछुआरा समुदाय मरीना लूप रोड और समुद्र तट क्षेत्रों के किनारे स्थित दुकानों को हटाने के प्रस्ताव का भी विरोध कर रहा है।

प्रदर्शनकारियों का कहना है कि वे विकास के खिलाफ नहीं हैं, लेकिन टूरिज्म इंफ्रास्ट्रक्चर का कोई भी विस्तार पारंपरिक मछली पकड़ने के अधिकारों, बिक्री स्थलों और तट तक पहुंच की कीमत पर नहीं होना चाहिए। उन्होंने आगे का काम शुरू करने से पहले अधिकारियों के साथ बातचीत की मांग की है। अयोध्या कुप्पम के एक मछुआरे सेल्वराज ने कहा कि समुदाय ने परियोजना के पिछले चरणों के लिए पहले ही रियायतें दे दी थीं। उन्होंने कहा कि ब्लू फ्लैग योजना का प्रस्ताव आने पर हमने अपनी जगह खाली कर दी और अपनी नावें दूसरी जगह स्थानांतरित कर दीं।

सार संक्षेप

फ्लाई91 के बेड़े में शामिल हुए दो और विमान

दुबई। क्षेत्रीय विमान सेवा कंपनी फ्लाई91 के बेड़े में दो नये एटीआर72-600 विमान शामिल हुए जिनका इस्तेमाल एयरलाइन अपने नेटवर्क विस्तार के लिए करेगी। एयरलाइन ने बुधवार को बताया कि उसने ये विमान संयुक्त अरब अमीरात की कंपनी दुबई एयरोस्पेस एंटरप्राइजेज से लिए हैं। औपचारिक तौर पर दोनों विमान यहां दुबई वर्ल्ड सेंट्रल में हुए एक समारोह में फ्लाई91 को सौंपे गए। कंपनी की प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, अब उसके बेड़े में विमानों की संख्या बढ़कर छह हो गई है। फ्लाई91 के नेटवर्क में वर्तमान में नौ शहर शामिल हैं। ये शहर हैं - मोपा (गोवा), अगाती (लक्षद्वीप) सोलापुर, जलगांव, सिंधुदुर्ग, पुणे, बेंगलुरु, हैदराबाद और कोच्चि। एयरलाइंस ने मार्च 2026 के अंत तक छह नए शहरों को अपने नेटवर्क में शामिल करने की घोषणा की है।

इस्पात उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का निधन

नई दिल्ली। इस्पात उद्योग के दिग्गज जतिंदर मेहरा का बुधवार को निधन होने के साथ भारत के धातु और खनन क्षेत्र के एक युग का अंत हो गया। छह दशकों से अधिक के अपने करियर में, मेहरा अपने तकनीकी ज्ञान, रणनीतिक सोच और महत्वाकांक्षी विचारों को सफल बड़े पैमाने की परियोजनाओं में बदलने की क्षमता के लिए व्यापक रूप से सम्मानित थे। मेहरा ने एस्सार समूह में धातु एवं खनन प्रभाग के उपाध्यक्ष के रूप में कार्य किया, जहां उन्होंने समूह के इस्पात और धातु व्यवसायों के मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। शोक संदेश में, एस्सार परिवार ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया और उन्हें एक दूरदर्शी लीडर के रूप में याद किया, जिनकी स्पष्टता, प्रतिबद्धता और नेतृत्व ने समूह की कुछ सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों को परिभाषित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कंपनी ने कहा कि भारत के इस्पात उद्योग के एक सम्मानित दिग्गज और ऐसे लीडर, जिनकी दूरदृष्टि ने एस्सार समूह की कुछ सबसे महत्वपूर्ण उपलब्धियों की नींव रखी, उनके निधन से एस्सार परिवार को गहरा दुख हुआ है।

बीएसएनएल निदेशक को कारण बताओ नोटिस जारी

नई दिल्ली। केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने बुधवार को बीएसएनएल के एक निदेशक को वीआईपी ट्रीटमेंट मिलने को 'अनुचित' और स्थापित नियमों का उल्लंघन बताते हुए कहा कि ऐसा आचरण अस्वीकार्य और चौंकाने वाला है और बताया कि इस कार्य के लिए अधिकारी को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में भारत संचार निगम लिमिटेड के निदेशक विवेक बंसल की प्रस्तावित यात्रा के लिए किए गए विस्तृत इंतजामों का खुलासा होने के बाद विवाद खड़ा हो गया है।

सिंधिया ने कहा कि यह घटना स्थापित नियमों और परंपराओं का उल्लंघन है। सिंधिया ने कहा कि यह अनुचित है और स्थापित नियमों और परंपराओं का उल्लंघन है। यह मुझे बिल्कुल भी

वैश्विक संकेतों से शेयर बाजारों में लौटी तेजी

मुंबई, 25 फरवरी (एजेंसियां)। विदेशों से मिले सकारात्मक संकेतों के बीच घरेलू शेयर बाजारों में बुधवार को तेजी रही और प्रमुख सूचकांक अंतिम समय में हुई मुनाफावसूली के बावजूद हरे निशान में बंद हुए।

- सेंसेक्स 0.06 प्रतिशत ऊपर 82,276.07 अंक पर रहा
- निफ्टी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,482.50 अंक पर बंद

बीएसई का संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 50.15 अंक (0.06 प्रतिशत) ऊपर 82,276.07 अंक पर पहुंच गया। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक 57.85 अंक यानी 0.23 प्रतिशत चढ़कर 25,482.50 अंक पर बंद हुआ। पिछले कारोबारी दिवस पर दोनों प्रमुख सूचकांक एक प्रतिशत से अधिक टूटे थे। आईटी, ऑटो, फार्मा और धातु कंपनियों में मजबूत लिवाली देखी गई जबकि एफएमसीजी, सार्वजनिक बैंकों, रियलटी और तेल एवं गैस सेक्टरों की कंपनियों में बिकवाली का जोर रहा।

अन्य एशियाई बाजारों में रही तेजी से शुरुआती कारोबार में घरेलू बाजारों में भी निवेश



धारणा मजबूत रही। सेंसेक्स सुबह 732 अंक की बढ़त बनाता हुआ 82,957 अंक तक पहुंच गया था, लेकिन रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारतीय स्टेट बैंक और अडानी पोर्ट्स जैसी दिग्गज कंपनियों में गिरावट के कारण बाद में इसकी बढ़त सीमित रह गई। बड़ी कंपनियों की तुलना में छोटी और मझौली कंपनियों में ज्यादा तेजी रही। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.66 प्रतिशत और निफ्टी स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.94 प्रतिशत चढ़ गया। एनएसई में जिन 3,287 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ उनमें से 1,700 के शेयर ऊपर और 1,479 के नीचे बंद हुए।

सेंसेक्स की कंपनियों में एचसीएल टेक्नोलॉजीज का शेयर 2.80 फीसदी चढ़ गया। टाटा स्टील में 2.63 फीसदी, टीसीएस में 2.14, इंडिगो में 2.01, सनफार्मा में 1.92, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.80, टेक महिंद्रा में 1.13 और एक्सिस बैंक में 1.07 प्रतिशत की तेजी रही। बीईएल, एलएंडटी, मारुतु सुजुकी, पावरग्रिड, टाइटन, अल्ट्राटेक सीमेंट, हिंदुस्तान यूनीलिवर और एनटीपीसी के शेयर भी ऊपर रहे।

रिलायंस इंडस्ट्रीज का शेयर 2.23 प्रतिशत गिर गया। भारतीय स्टेट बैंक में 1.93 फीसदी, अडानी पोर्ट्स में 1.72, इटरनल में 1.46, भारती एयरटेल में 1.39 और आईटीसी में 1.22 प्रतिशत की गिरावट रही। कोटक महिंद्रा बैंक, एचडीएफसी बैंक और बजाज फाइनेंस के शेयर भी लाल निशान में बंद हुए। जापान का निक्केई 2.20 प्रतिशत, चीन का शंघाई कंपोजिट 0.72 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 0.66 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। यूरोपीय बाजारों में शुरुआती कारोबार में ब्रिटेन का एफटीएसई 0.95 फीसदी और जर्मनी का डैक्स 0.43 प्रतिशत ऊपर था।

वायासैट व बीएसएनएल ने देश में शुरू किया पहला सैटेलाइट कौशल विकास पाठ्यक्रम

जबलपुर, 25 फरवरी (एजेंसियां)। भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) और वायासैट इंडिया ने 'सैटेलाइट और सैटेलाइट तकनीक के अनुप्रयोग' पर अपना पहला प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने की घोषणा की है।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित भारत रत्न भीम राव अंबेडकर इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम ट्रेनिंग में प्रस्तावित दूरसंचार नवाचार, अनुसंधान और प्रशिक्षण केंद्र (टीआईआरटीसी) के तत्वावधान में शुरू किया गया है। सैटेलाइट संचार के क्षेत्र में कौशल विकास एवं उद्योग की तैयारी को बढ़ावा देने के लिए बीएसएनएल और वायासैट इंडिया ने पिछले साल गठबंधन की घोषणा की थी।

प्रशिक्षण के शुभारंभ समारोह की अध्यक्षता बीएसएनएल के सीएमडी रॉबर्ट रवि ने की। वायासैट के अध्यक्ष (कॉमर्शियल) बेन पामर, वायासैट इंडिया के प्रबंध निदेशक गौतम शर्मा, वायासैट के उपाध्यक्ष (एडवांस्ड एनटीएन सॉल्यूशंस) संदीप मूर्ति और दूरसंचार विभाग के अन्य अधिकारी भी संचार भवन में मौजूद थे। सैटेलाइट एवं सैटेलाइट प्रौद्योगिकी के

- अनुसंधान व प्रशिक्षण केंद्र टीआईआरटीसी के तत्वावधान में शुरू किया गया

उपयोग पर यह प्रारंभिक पाठ्यक्रम विद्यार्थियों और करियर के शुरुआती दौर में काम कर रहे पेशेवरों के लिए 22 घंटे का एक वर्चुअल प्रोग्राम है। बीएसएनएल के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक रॉबर्ट जे. रवि ने कहा, 'नवाचार को बढ़ावा देने और देशज क्षमताओं का निर्माण करने के हमारे लक्ष्य के अनुरूप वायासैट के साथ गठबंधन के तहत हमारा प्रारंभिक पाठ्यक्रम शुरू करने को लेकर हमें वास्तव में बहुत प्रसन्नता है। हम भविष्य में इस गठबंधन का विस्तार कर विद्यार्थियों के लिए और पाठ्यक्रम एवं सुविधाएं लाने को लेकर हम प्रतिबद्ध हैं। दूरसंचार विभाग के उपमहानिदेशक अनिल कुमार भारद्वाज ने कहा, 'उपग्रह संचार मॉड्यूल, संचार प्रौद्योगिकियों और उनके उपयोग के मामलों में वैश्विक तकनीकी दिग्गजों द्वारा पहले से ही संचालित किये जा रहे प्रशिक्षणों के अतिरिक्त है।

चावल, गेहूं, चीनी, दालों के भाव टूटे, खाद्य तेलों में घट-बढ़

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। घरेलू थोक जिंस बाजारों में बुधवार को चावल के औसत भाव घट गए। चावल के साथ गेहूं, चीनी और दालों की कीमतों में भी गिरावट देखी गई। खाद्य तेलों में उतार-चढ़ाव का रुख रहा। औसत दर्जे के चावल की औसत कीमत 17 रुपए गिरकर 3,841 रुपए प्रति क्विंटल रह गई। गेहूं का भाव पांच रुपए घटकर 2,844 रुपए प्रति क्विंटल रहा। आटा कमोबेश पिछले कारोबारी दिवस के स्तर पर ही रहा।

विदेशों में मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का मई वायदा एक रिंगिट टूटकर 4,052 रिंगिट प्रति क्विंटल पर रहा। मई का अमेरिकी सोया तेल वायदा भी 0.51 प्रतिशत की गिरावट में 60.19 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय बाजारों में मूंगफली तेल की औसत कीमत 58 रुपए प्रति क्विंटल बढ़ गई। सोया तेल 43 रुपए और सरसों तेल 27 रुपए महंगा हुआ। वनस्पति में टिकाव रहा। वहीं, सूरजमुखी तेल 26 रुपए और पाम ऑयल 16 रुपए प्रति क्विंटल फिसल गया। मीठे के बाजार में आज गुड़ के औसत भाव 26 रुपए प्रति क्विंटल उतर गए। चीनी भी छह रुपए सस्ती हुई।

सरकारी वेबसाइट पर जारी खाद्यान्नों के दिन के औसत थोक भाव इस प्रकार रहे : **दाल-दलहन** : दाल चना 7756.54 रुपए, मसूर काली 8086.78 रुपए, मूंग दाल 10119.22 रुपए, उड़द दाल 10709.71 रुपए, तुअर दाल 11146.04 रुपए प्रति क्विंटल रहे। **अनाज** : (भाव प्रति क्विंटल) गेहूं दड़ा 2844.10 रुपए और चावल 3841.39 रुपए प्रति क्विंटल और आटा (गेहूं) 3306.93 रुपए प्रति क्विंटल रहा।

चीनी-गुड़ : चीनी एस 4291.77 रुपए और गुड़ 4959.97 रुपए प्रति क्विंटल बोले गए।

पशु-चिकित्सा के लिए स्वदेशी हार्मोन के वाणिज्यिक उत्पादन को सहायता

नई दिल्ली, 25 फरवरी (एजेंसियां)। केंद्र सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग ने देश में पशु चिकित्सा तंत्र को सुदृढ़ करने और महत्वपूर्ण पशु-चिकित्सा सामग्रियों के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता को बढ़ावा देने की दिशा में मालूर स्थित फर्म बायोवेट प्रा.लि. को पशुओं के उपचार के लिए कुछ चिकित्सकीय हार्मोन के विकास और वाणिज्यिक उत्पादन की परियोजना के लिए वित्तीय सहायता स्वीकृत की है।

विभाग की एक विज्ञप्ति के अनुसार यह सहायता उसके प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (टीडीबी) के जरिए स्वीकृत की गई है। इस परियोजना का उद्देश्य देश में प्रमुख पशु प्रजनन हार्मोनों के वाणिज्यिक उत्पादन हेतु एक समर्पित विनिर्माण सुविधा की स्थापना करना है। इनमें जीएनआरएच एनालॉग—गोनाडोरेलिन (गोनाडॉरेलिन) और बुसरेलिन एसीटेट—तथा प्रोस्टाग्लैंडिन

- परियोजना के माध्यम से बोर्ड आयात प्रतिस्थापन को कर रहा प्रोत्साहित

एनालॉग क्लोप्रोस्टेनॉल जैसे हार्मोन की वाणिज्यिक उत्पादन क्षमता का विकास शामिल हैं।

ये हार्मोन पशुधन प्रजनन प्रबंधन और प्रजनन संबंधी विकारों के उपचार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं, जिससे स्वस्थ तरीके से पशुधन विकास और प्रजनन दक्षता सुधार में मदद मिलती है। वर्तमान में भारत में इन हार्मोनों के लिए देश आयात पर निर्भरत है। इससे किसानों के लिए इनकी अधिक लागत ऊंची है।

टीडीबी के सचिव राजेश कुमार पाठक के हवाले से कहा गया है, 'स्वदेशी पशु-चिकित्सा हार्मोन निर्माण क्षमता का विकास पशुपालन को सशक्त बनाने और किसानों की आजीविका को समर्थन देने के लिए रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण है। इस परियोजना के माध्यम से बोर्ड आयात प्रतिस्थापन को प्रोत्साहित कर रहा है, घरेलू जैव-प्रौद्योगिकी क्षमताओं को बढ़ावा दे रहा है तथा महत्वपूर्ण प्रजनन चिकित्सीय उत्पादों की किफायती उपलब्धता सुनिश्चित कर रहा है। विभाग ने कहा है कि जैव प्रौद्योगिकी और जैव-अभियांत्रिकी में प्रगति के साथ, पशु स्वास्थ्य सेवाओं में हार्मोन संश्लेषण और उपयोग का महत्व बढ़ा है।

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28851/न.पा.नि./जोन क्र.-2/2026
रायपुर, दिनांक 20.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28851
वार्ड का नाम- 28-शहीद हेमूकालाणी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 28 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR235D00503 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KAMAL NARAYAN PATEL पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. K.N. PATEL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री राज नारायण पटेल पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. श्री के.एन. पटेल मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 2
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28861/न.पा.नि./जोन क्र.-2/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28861
वार्ड का नाम- 13-राजीव गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR222C00184 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MR. HEMLAL SAHU, S/o SUNDERLAL SAHU, SMT. OMIN BAI, W/o VIRENDRA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SUNDERLAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री हेमलाल साहू पिता/पति श्री/श्रीमती श्री सुंदर लाल साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमती पत्र, टैक्स रशीद /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 2
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28864/न.पा.नि./जोन क्र.-2/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28864
वार्ड का नाम- 13-राजीव गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 13 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR222C0184A जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MR. HEMLAL SAHU, S/o SUNDERLAL SAHU, SMT. OMIN BAI, W/o VIRENDRA SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती SUNDERLAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती ओमीन बाई साहू पिता/पति श्री/श्रीमती श्री वीरेन्द्र कुमार साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, सहमती पत्र, टैक्स रशीद /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 2
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-2)

शहीद स्मारक स्कूल भवन, फाफाडीह रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28872/न.पा.नि./जोन क्र.-2/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28872
वार्ड का नाम- 27-इंदिरा गांधी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 27 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR737C00135 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHANKAR-LAL SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री गणेश राम साहू पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. श्री सुखू राम साहू ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री संतोष पाण्डेय
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 2
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28947/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28947
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 27 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR108A00535 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MUKESH KUMAR पिता/पति श्री/श्रीमती SUSHIL KUMAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MANOJ KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/o SUSHIL KUMAR SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत दानपत्र/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28927 न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28927
वार्ड का नाम- 5-बंजारी माता वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 5 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR105D00477 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती URMILA DEVI पिता/पति श्री/श्रीमती KAMLESHWARI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती PINKU KUMAR PODDAR पिता/पति श्री/श्रीमती S/o KAM-LESHWARI PODDAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ 01. VASIYAT NAMA 2. SHAPAT PATRA 03. B1 KE AADHAR PAR /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर, खमतराई पानी टंकी, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28909 न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28909
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR109D00500 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHIV-SHANKAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती JETHURAM SAHU के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती HARSHAD KUMAR SAHU पिता/पति श्री/श्रीमती S/o SHIV SHANKAR SAHU ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत दानपत्र /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28930 न.पा.नि./जोन क्र.-5/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28930
वार्ड का नाम- 66-वामनराव लाखे वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 66 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR664J00255 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. SAURAV INGLE S/o GYANRAV INGLE 2. PRIYA SHINDE W/o MANISH RAO SHINDE 3. PRE-RNA SACHIN RAJIVADE W/o SACHIN RAJIVADE 4. GYAN RAV INGALE S/o MAHETAK RAV INGALE पिता/पति श्री/श्रीमती ..... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BALMUKUND SINGH THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती DURGA SINGH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/पंजीकृत विक्रय विलेख /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 5
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक मण्डल रायपुर-3 तहसील रायपुर, जिला रायपुर

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम डूमरतालाब प.ह.नं. 51 रा.नि.मं. रायपुर-3 तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में स्थित भूमि के संबंध में आवेदक अरूण अग्रवाल पिता स्व. हरिशंकर अग्रवाल निवासी एमआईजी बी 28, सेक्टर 2 डी.डी. नगर रायपुर के द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 404/1 रकबा 0.129 हे. का सीमांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 28.11.2025 के परिपालन में दिनांक 1.03.2026 को 12 बजे पश्चात किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय पर पटवारी कार्यालय में उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी उजर, दावा अथवा आपतित्त हो तो समक्ष प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन उपरांत किसी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-3 कोटा

कार्यालय राजस्व निरीक्षक सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.)

आम सूचना

जारी दिनांक 09.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सेरीखेड़ी प.ह.नं. 77 रा.नि.मं. सेरीखेड़ी तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक झाडुराम साहू पिता स्व. श्री पुरन साहू सा. सेरीखेड़ी द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 308, 309, 311, 317 कुल रकबा 0.199 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र./अ-12 वर्ष 2026 आदेश दिनांक 06.02.2026 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन/बटांकन हेतु स्थल निरीक्षण दिनांक 10.03.2026 को समय 11 बजे किया जाना नियत है। अतएव उकत भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामियों तथा आस-पास के भूमिस्वामियों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन/बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य हीं होगी।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
सेरीखेड़ी

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मे. गोविंद रियल्टी को ग्राम रायपुरा, तहसील एवं जिला रायपुर के खसरा क्रमांक 15001, के कुल प्लॉट ऐरिया 11, 330 वर्गमीटर पर प्रस्तावित बहुमंजिला आवासीय परिसर (रेसीडेन्शियल बिल्डिंग प्रोजेक्ट) जिसमें कुल निर्मित क्षेत्र (बिल्टअप एरिया) = 44, 367 वर्गमीटर हेतु स्टेट लेवल इन्वायरमेंट इम्पैक्ट ऐसेसमेंट अथॉरिटी (छ.ग.) पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत शासन के पत्र क्रमांक OL/EC/INFRA2/RAIPUR/3265 रायपुर दिनांक 19.02.2026 तथा ई.सी. पहचान संख्या : EC24C3801CG5797666N दिनांक 19.02.2026 द्वारा पर्यावरणीय स्वीकृती प्रदान की गई है, जिसका अवलोकन स्टेट लेवल इन्वायरमेंट इम्पैक्ट एसेसमेंट अथॉरिटी की वेबसाइट (Parivesh.nic.in) पर किया जा सकता है एवं छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के मुख्य कार्यालय, नॉर्थ ब्लॉक, पर्यावास भवन, सेक्टर-19, नया रायपुर तथा छत्तीसगढ़ पर्यावरण संरक्षण मण्डल के क्षेत्रीय कार्यालय, न्यू ऑफिस बिल्डिंग , रिंग रोड नंबर-2 टाटीबंध, जिला-रायपुर (छ.ग.) में भी उपलब्ध है।

वास्ते में गोविंद रियेल्टी
पार्टनर

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-रायपुर प.ह.नं. 00061 मठपुरैना ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-202526440722500213

तहसील रायपुर के प.ह.नं. 00061 के अंतर्गत ग्राम मठपुरैना के वर्तमान भूमिस्वामी मेसर्स जैन हाउसिंग एजेंसी प्रोपा. संतोष कुमार जैन पिता/पति स्व. जे.के. जैन पता जैनम विहार लालपुर रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 232/9 0.0079 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता श्री विद्या सागर पटेल पिता/पति श्री मुरारी लाल पटेल पता बडमल बलांगीर तह. व जिला बलांगीर ओडिसा के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 27.02.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार 03 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोईदावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नितिन दहिया पिता स्व. मनोहर लाल दहिया, निवासी सिटी कोतवाली के पास, छोटापारा मार्ग, रायपुर छ.ग. के संयुक्त हिन्दु परिवार के आय से आबंटित/क्रय किया गया मकान जो कि रायपुर विकास प्राधिकरण की शैलेन्द्र नगर, योजनान्तर्गत भूखण्ड क्रमांक डी-28 रकबा 1500 वर्गफूट अशोक दहिया पिता स्व. कपूर चंद दहिया, निवासी- डी-28, शैलेन्द्र नगर, रायपुर छ.ग. के नाम पर आबंटित थी। अशोक दहिया की मृत्यु 19.08.2018 को होने के उपरांत उनके वारिसान श्रीमती बेबी दहिया, अमित दहिया, सूमीत दहिया एवं श्रीमती प्रिया ने गुपचुप उक्त भूखण्ड / मकान का फ्री-होल्ड दिनांक 23.02.2026 को करा लिया गया है। मेरे पक्षकार को जानकारी प्राप्त हुई है कि उक्त भूखण्ड/मकान को विक्रय करने का प्रयासरत हैं। जबकि मेरे पक्षकार एवं उक्त व्यक्तियों के मध्य विभाजन एवं हिसाब-किताब के संबंध में विवाद है। उक्त विवाद के निराकरण हेतु माननीय न्यायालय के समक्ष वाद प्रस्तुत किया जा रहा है, इसलिए विवाद के निराकरण उपरांत ही उक्त भूखण्ड/मकान का क्रय-विक्रय किया जा सकेगा।

अत: सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि उपरोक्त वर्णित भूखण्ड/मकान का उक्त वारिसानों के साथ किसी प्रकार का संव्यवहार ना करें। यदि उक्त भूखण्ड/मकान का किसी प्रकार का संव्यवहार उक्त वारिसानों के साथ किया जाता है तो क्रेता ही पूर्ण रूप से जिम्मेदार व जबावदार होंगें तथा किसी प्रकार का संव्यवहार में प्रदत्त राशी वसूली हेतु उपरोक्त भूखण्ड/मकान व मेरा पक्षकार किसी प्रकार से जिम्मेदार व जवाबदार नहीं होंगे तथा उक्त संव्यवहार से संबंधीत समस्त कार्यवाही अवैध एवं शुन्य होकर मेरे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी।

सो सूचना जानें।

रायपुर (छ.ग.)
दिनांक-

जे. पी. तिवारी (अधिवक्ता)
कार्यालय/निवासी जैतू साव मठ के पास सरस्वती चौक, पुरानी बस्ती, रायपुर (छ.ग.)
मो. 9826123109, 7987709152

न्यायालय तहसीलदार रायपुर तहसील व जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/अ-6/वर्ष 2025-2026
ग्राम रायपुरखास, प.ह.नं. 62
रायपुर, दिनांक 24.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री अनिल कुमार चौथवानी पिता श्री लेखराज चौथवानी पता गुरुकृपा विजय सोप गली, फाफाडीह चौक के पास, स्टेशन रोड रायपुर तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम रायपुरखास प.ह.नं. 62 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित भूमि शीट नंबर 34, प्लाट नंबर 31/9/2, खसरा नंबर 483/1 रकबा 400 वर्गफुट भूमि को विक्रेता श्री सुरेश कुमार आहूजा पिता श्री मुल्कराज आहूजा पता-289, स्टेशन वार्ड, राजन तिवारी के घर के पास, रायपुर छ.ग. से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 13.09.2023 के माध्यम से क्रय किया गया है। अतएव उक्त भूमि को पंजीकृत बैनामा के आधार पर अपने नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 16.03.2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/अ-6/2025-2026
ग्राम भाठागांव प.ह.नं.-60
तहसील व जिला रायपुर
रायपुर, दिनांक 24.02.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती निर्मला साहू पति श्री दीनदयाल साहू निवासी इन्द्रावती कालोनी दुर्गा चौक के पास, राजातालाब तहसील व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम भाठागाँव, प.ह.नं. 60, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि खसरा नंबर 740/14 का भाग रकबा 900 वर्गफुट भूमि को विक्रेता महेश देवांगन पिता उजियार सिंह देवांगन निवासी ऐश्वर्या रेसीडेंसी तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 24.09.2024 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 13.03.2026 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 13.03.2026 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाँद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/अ-6/2025-2026
ग्राम गुढ़ियारी, प.ह.नं.-49
तहसील व जिला रायपुर
रायपुर, दिनांक 25.02.2026

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रीना देवी ठाकुर पति श्री रमेश ठाकुर निवासी मकान नं. 11/384, शुक्रवारी बाजार, गुढ़ियारी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.), द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि ग्राम गुढ़ियारी प.ह.नं. 49, तहसील व जिला रायपुर में स्थित परिवर्तित भूमि शीट नं. 39, भू-खण्ड क्रमांक 58/3, खसरा नंबर 1173/1 का भाग रकबा 1200 वर्गफुट, भूमि है वर्तमान में राजस्व अभिलेख पर विक्रेता के नाम दर्ज है उपरोक्त वर्णित भूमि को आवेदक ने विक्रेता ऋषिका दीक्षित पिता श्री विनोद दीक्षित निवासी के.के. रोड, मौदहापारा, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 15.12.2025 के माध्यम से क्रय कर स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पु.कं. अ-1 ग्रंथ क्रमांक 76813, पृष्ठ क्रमांक 40 से 60 दस्तावेज का नंबर सी.जी. 2025-26-108-1-4844 देकर विधिवत पंजीकृत किया गया है अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदिका अपना नाम भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु निवेदन किया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई इस न्यायालय में दिनांक 11.03.2026 को होगी।

अतएव जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो तो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से मय दस्तावेज अपनी लिखित दावा / आपत्ति दिनांक 11.03.2026 को इस न्यायालय में पेश करें। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 25.02. 2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **नायब तहसीलदार रायपुर**

न्यायालय तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

सूचना-पत्र

क्रमांक/वाचक/तहसीलदार/2026
रायपुर, दिनांक 19.02.2026
प्रति,

श्री भजनलाल अग्रवाल पिता राममनोरथ निवासी न्यू शांति नगर, पंडरीतराई रायपुर छ.ग.

विषय-इस न्यायालय के राजस्व प्रकरण क्रमांक/अ-6/वर्ष 2025-2026 में पक्षकार श्रीमती लता तिवारी विरूद्ध छ.ग. शासन ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47 तहसील व जिला रायपुर में उपस्थित होने बाबत्।

विषयांकित संबंध में आपको इस नोटिस के जरिये आपको सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती लता तिवारी पति श्री अरूण कुमार तिवारी निवासी पंडरी, रायपुर तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) द्वारा इस न्यायालय में धारा-110 छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 के अंतर्गत् नामांतरण बाबत् आवेदन पत्र पेश कर लेख किया है कि आवेदक द्वारा ग्राम पंडरीतराई, प.ह.नं. 109/47, रा.नि.मं. रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित संधारण भूमि शीट नंबर 25, प्लाट नंबर 63/1, खसरा नंबर 436/2, 438/29 का भाग रकबा 5000 भूमि को विक्रेता भजन लाल पिता राममनोरथ लाल अग्रवाल निवासी पंडरी, रायपुर (छ.ग.) से पंजीकृत बैनामा दिनांक 07.10.1981 को क्रय किया है। अत: पंजीकृत बैनामा के आधार पर नामांतरण किये जाने हेतु निवेदन किया है।

उक्त प्रकरण में आवेदित भूमि के आप विक्रेता/अभिलिखित भूमिस्वामी हैं, इसलिए आपको सूचित किया जाता है कि आप प्रकरण में नियत सुनवाई दिनांक 05.03.2026 को स्वत: अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से उपस्थित होकर अपना पक्ष रखें अन्यथा प्रकरण में आपके विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जावेगा ।

मुहर **तहसीलदार रायपुर**

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

मंगलम, काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./29018/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 29018
वार्ड का नाम- 37-शहीद चूड़ामणि नायक वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 37 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR717B00067 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती GYANESH TILWANKAR पिता/पति श्री/श्रीमती LATE PRABHAKAR TILWANKAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती DR. GOPAL DHA-BALIA पिता/पति श्री/श्रीमती S/o LATE RAMNIKLAL DHABALIA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 7
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

मंगलम, काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./29009/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 29009
वार्ड का नाम- 38-स्वामी आत्मानंद वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 38 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR715C00007 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती ARUN SHUK-LA, ARTI MISHRA, ARCHANA SHUK-LA, ADITYA KUMAR SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE BALIRAM SHARMA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती ACHLA SHUKLA पिता/पति श्री/श्रीमती W/o CHANDRA SHEKHAR SHUKLA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 7
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-7)

मंगलम, काम्प्लेक्स अग्रसेन चौक रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./29008/न.पा.नि./जोन क्र.-7/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 29008
वार्ड का नाम- 22-पं. ईश्वरी चरण शुक्ल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 22 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR814D00346 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SWATI DAVDA पिता/पति श्री/श्रीमती DEVESH DAVDA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती VIKAS SHARMA पिता/पति श्री/श्रीमती S/o SHYAMLAL SHARMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री राकेश शर्मा
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 7
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-10

आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री बंटी मजुमदार पिता स्व. दिलीप चंद्र मजूमदार निवासी माना रायपुर छ.ग. द्वारा आवेदित ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 राजस्व निरीक्षक मण्डल-10 रायपुर में स्थित भूमि जिसका खसरा नंबर 154/9 रकबा 0.2380 हे. का सीमांकन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के आदेश दिनांक 18.02.2026 के परिपालन में दिनांक 27.02.2026 को समय 11 बजे पश्चात् मेरे द्वारा किया जाना नियत है।

अत: उक्त सीमांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो तो वह उक्त तिथि में पटवारी हल्का नंबर 73 के देवपुरी में स्थित कार्यालय में मय दस्तावेज सहित स्वयं अथवा वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के पश्चात् मेरे द्वारा किसी प्रकार की दावा/ आपत्ति पर विचार किया जाना संभव नहीं है।

सो सूचना जाने।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-10

कार्यालय राजस्व निरीक्षक रायपुर-11 टिकरापारा तहसील व जिला रायपुर
सीमांकन/बटांकन के संबंध में आम सूचना

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक कैलाश सचदेव पि. अर्जुनदास सचदेव द्वारा आवेदित ग्राम टिकरापारा प.ह.नं. 70 राजस्व निरीक्षक मंडल रायपुर-11 टिकरापारा स्थित भूमि खसरा नंबर 477/6 रकबा 0.0720 हे. का सीमांकन बटांकन न्यायालय नायब तहसीलदार रायपुर के ज्ञापन क्र. अ-12/वाचक/नायब तह./वर्ष 2025 रायपुर के आदेश दिनांक 16.02.2026 के परिपालन में दिनांक 06.03.2026 को समय 12 बजे पश्चात किया जाना है। अत: उक्त भूमि के सीमांकन/बटांकन में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो वह उक्त दिनांक /समय तक पटवारी हल्का नंबर 70 के टिकरापारा लालपुर स्थित कार्यालय में दस्तावेजों सहित स्वयं अथवा अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते है। बाद के किसी दावा या आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा।

अत: सूचना जानें।

राजस्व निरीक्षक
रायपुर-11 (टिकरापारा)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला-रायपुर (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्रमांक/202601111500056/अ-6/2025-26
ग्राम खमतराई प.ह.नं. 38
तहसील व जिला रायपुर छ.ग.
रायपुर, दिनांक 23.01.2026

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री चरणपाल सिंह पिता सरदार कुलदीप सिंह निवासी नर्मदापारा रायपुर तहसील व जिला रायपुर द्वारा आवेदन पत्र प्रस्तुत कर लेख किया है कि उनके द्वारा ग्राम खमतराई, प.ह.नं. 34, रा.नि. मं. 06 रायपुर तहसील व जिला रायपुर स्थित भूमि जिसका जिसका खसरा नं. 48/21 रकबा 6870 वर्गफुट भूमि को विक्रेता सुदामा देवी पति स्व. श्री देवी प्रसाद जायसवाल निवासी डी-18, सेक्टर-5 देवेन्द्र नगर रायपुर द्वारा मु. आम रामचंद्र पिता स्व. देवी प्रसाद जायसवाल निवासी डी-18 सेक्टर-5 देवेन्द्र नगर रायपुर से पंजीकृत विक्रय विलेख दिनांक 02.02.2005 के माध्यम से स्वामित्व एवं आधिपत्य प्राप्त किया है। अत: उक्त क्रय भूमि को पंजीकृत विक्रय विलेख के आधार पर आवेदक के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज किये जाने हेतु आवेदक द्वारा निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण की सुनवाई में दिनांक 06.02.2026 को होगी।

अतएव उक्त भूमि को आवेदक के नाम नामांतरण किये जाने से जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो वे स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से अपनी लिखित आपत्ति दिनांक 06.02.2026 को इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियांद प्राप्त आपत्ति पर इस न्यायालय द्वारा कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 23.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर**

AFFIDAVIT

I Balkishan Agrawal age 77 years, S/o Tekchand Agrawal Rio B-27, Aishwarya Kingdom, Kachana, Raipur, C.G. do hereby solemnly affirm ad declare as oath as under :-

1. That, my name in my PAN Card No. ACIPA3931E mentioned as BALKISHAN AGRAWAL S/O REKHRAM AGRAWAL.
2. That, my name in my Voter ID Card No. WYK3105491 mentioned as BALKISHAN AGRAWAL S/O TEKCHAND AGRAWAL.
3. That, my name in my Aadhaar Card No. 7948 9970 0190 mentioned as BALKISHAN AGRAWAL S/O TEKCHAND AGRAWAL
4. That, my father's real name is TEKC-HAND AGRAWAL.
5. That, in my passport card, my father's name mentioned as REKHRAM AGRAWAL, which is wrong, true name is TEKCHAND AGRAWAL and that passport has been expired 17/01/2026, the passport number is N5330513.
6. All the contents are mentioned above are true and correct to the best of my knowledge and belief.

swears
BALKISHAN AGRAWAL

NAME CHANGE

It is hereby informed to the general public that I, Mahesh Vishwani, son of Bedamal Vishwani, aged 61 years, resident of G-19 Sector-3, Ekta Nagar, Raipur, 492009, Chhattisgarh. I solemnly affirm that I have abandoned my old name, Mahesh Kumar Vishwani, and have adopted the new name Mahesh Vishwani. Therefore, from today onwards, I should be known and identified by my new name, Mahesh Vishwani, son of Shri Bedamal Vishwani, in all government, semi-government, and other documents.

Mahesh Vishwani
Address: G-19 Sector-3, Ekta Nagar, Raipur, 492009, Chhattisgarh

---

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28925/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28925
वार्ड का नाम- 44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR757C00295 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SHEETAL CHAND पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती निर्मला देवी धाड़ीवाल पिता/पति श्री/श्रीमती स्व. शीतल चंद धाड़ीवाल ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ शपथ पत्र, टैक्स रसीद, सहमति पत्र, परिचय पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र व अन्य दस्तावेज /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 4
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28988/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28988
वार्ड का नाम- 44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR739E177D जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती JANKI DEVI MATLANI पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. GANGA RAM MATLANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती सी.एच. बेबी पिता/पति श्री/श्रीमती रामकृष्ण राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 4
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28990/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28990
वार्ड का नाम- 44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR739E1377B जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MANOHAR LAL MAKHIJA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. LADHA RAM MAKHIJA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्रीमती सी.एच. बेबी, सी.एच. शिवा दोनों पति/पिता सी.एच. रामकृष्णा राव, सी.एच. रामकृष्णा राव पिता स्व. चीनगवर राजू पिता/पति श्री/श्रीमती N/A ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 4
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-4)

प्रेस क्लब पानी टंकी के नीचे, छोटापारा रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28992/न.पा.नि./जोन क्र.-4/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28992
वार्ड का नाम- 44-स्वामी विवेकानंद सदर बाजार वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 44 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR739E177C जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती RAJENDRA MATLANI पिता/पति श्री/श्रीमती DEEP CHAND MATLANI के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती श्री शिवा पिता/पति श्री/श्रीमती रामकृष्ण राव ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री अरूण ध्रुव
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 4
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28954/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28954
वार्ड का नाम- 61-श्यामा प्रसाद मुखर्जी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 61 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR663T00172 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती MS RAJ CONS. BY PARTNER 1. GAUTAM KUMAR OJHA S/o LATE RAJNARAYAN OJHA 2. RINA OJHA W/o GAUTAM KUMAR OJHA 3. ANJU DEVI W/o SANTOSH OJHA 4. KALAWATI OJHA W/o LATE RAJNARAYAN OJHA, POWER OF ATTORNEY GAUTAM KUMAR OJHA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE RAJNARAYAN OJHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती HIRAD-HAR YADAV पिता/पति श्री/श्रीमती RAM JI YADAV ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-6)

आई.एस.बी.टी. चतुर्थ तल, रावणभाठा, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./29017/न.पा.नि./जोन क्र.-6/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 29017
वार्ड का नाम- 63-ब्रिगेडियर उस्मान वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 63 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR455J00029 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती SARASWATI DHANGAR W/o GANESH DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती LATE PARDESHI RAM DHANGAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती KU ANJU DHANGAR पिता/पति श्री/श्रीमती D/o ARJUN DHANGAR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 6
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28929/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28929
वार्ड का नाम- 17-ठक्कर बापा वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 17 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR109E00365 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती LAPANA RASHMI TOPPO पिता/पति श्री/श्रीमती VIJYANT KUMAR के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BHARTI THAKUR पिता/पति श्री/श्रीमती W/o RAJESH THAKUR ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-1)

संतोषी नगर खमतराई पानी टंकी रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28924/न.पा.नि./जोन क्र.-1/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28924
वार्ड का नाम- 15-कन्हैयालाल बाजारी वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 15 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR107I00721 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती 1. DILIP KHILWANI S/o BHAGWAN DAS 2. SANGITA KHILWANI पिता/पति श्री/श्रीमती 01. S/o BHAGWAN SAN-RANATH JHA के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती S/o SHRI SANTRANATH JHA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्रीमती दिव्या चंद्रवंशी
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 1
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-10)

अमलीडीह पानी टंकी रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28547/न.पा.नि./जोन क्र.-10/2026
रायपुर, दिनांक 23.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28547
वार्ड का नाम- 53-बाबू जगजीवन राम वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 53 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR652000397 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती AJAY KUMAR AGRAWAL पिता/पति श्री/श्रीमती LT. RAM BIHARI AGRAWAL के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती MOHAN BIGHANE पिता/पति श्री/श्रीमती JAGOJI BIGHANE ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 15 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

श्री विवेकानन्द दुबे
(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 10
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./29011/न.पा.नि./जोन क्र.-5/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 29011
वार्ड का नाम- 39-ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR569NO270C जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती KAVITA THARWANI , SHANKAR THAR-WANI S/o LAXMICHAND THARWANI पिता/पति श्री/श्रीमती .... के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती SAGAR KUMAR JAIN पिता/पति श्री/श्रीमती DEVENDRA KUMAR JAIN ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 5
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम, रायपुर (जोन क्र.-5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर

ईशतहार

पत्र क्र./28997/न.पा.नि./जोन क्र.-5/2026
रायपुर, दिनांक 25.02.2026
नामांतरण प्र.क्र. 28997
वार्ड का नाम- 39-ठाकुर प्यारे लाल वार्ड

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि वार्ड 39 स्थित भवन/भूमि प्रॉपटी आई.डी RPR560E00020 जो कि निगम अभिलेख श्री/श्रीमती BASANT DEWANGAN पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. YUGAL KISHOR DEWANGAN के नाम से दर्ज है जिसको श्री/श्रीमती BALKRISHNA VERMA पिता/पति श्री/श्रीमती LATE. L.R. VERMA ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सह पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री विलेख के अनुसार/ पंजीकृत विक्रय विलेख/ /वंशानुक्रम /अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त नगर पालिक निगम अभिलेख 1956 की धारा 167 के तहत द्वारा आवेदन किया है। यदि कोई व्यक्ति/संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर किसी प्रकार की सुनवाई नहीं की जाएगी। जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जारी करें।

(जोन कमिश्नर)
जोन क्रं. 5
नगर पालिक निगम रायपुर (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद
मामले की श्रेणी-राजस्व

ईश्तहार

संदर्भ:- जिला-रायपुर तहसील-मंदिर हसौद प.ह.नं. 00001 नरदहा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक आरडी-2025264402 00100067

तहसील मंदिर हसौद के प.ह.नं. 00001 के अंतर्गत ग्राम नरदहा के वर्तमान भूमिस्वामी अब्दुल कयूम सिद्दिकी पिता/पति स्व. अब्दुल वहाब सिद्धिकी पता-346 मस्जिद के पारा नयापारा रायपुर के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 15004/63 0.039 में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता अब्दुल शहबाज सिद्दिकी पिता/पति स्व. अब्दुल वहाब पता फ्लैट नंबर 17 ब्लॉक नं. 1 वार्ड क्रमांक 02 चित्रकोट परिसर हर्षित नगर कबीर नगर मोहबा बाजार टाटीबंध रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन/फौती होने के उपरांत नामांतरण/अभिलेख दुरूस्ती/खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 20.03.2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय तहसीलदार मंदिर हसौद पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोईदावा आपत्ति हो तो ईश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/अधिवक्ता/आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25.02.2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **तहसीलदार मंदिर हसौद**

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मो. हसन उल्ला खान पिता श्री अजमत उल्ला खान निवासी मकान नं. 36/1102, वार्ड नं. 57, सामुदायिक भवन के पास, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. निजी संपत्ति खसरा नं. 202/334, रकबा 750 वर्ग फुट जो कि मठपुरेना, चंद्रशेखर आजाद वार्ड नं. 52/60, काठाडीह रोड, गोकुल नगर, रायपुर, पटवारी हलका नं. 61, रा. नि. मं. रायपुर-14-बोरियाखुर्द, रायपुर छ. ग. में स्थित है से संबंधित पूर्व विक्रय विलेख दिनांक 29/09/2018 वाल्यूम नं. 73532, सीरियल नं. 3638, पेज 265 से 286 जो कि उप पंजीयक कार्यालय रायपुर में पंजीबद्ध है। जो कि मो. नुरूल आजिम ने मखमूर इकबाल खान को विक्रय किया था। उपरोक्त विक्रय पत्र कहीं गुम गया है। जो पर्याप्त खोजने पर भी नहीं मिल पा रहा हैं। उक्त पूर्व विक्रय विलेख के गुम हो जाने की सूचना पोलिस थाने में दर्ज करवाई जा चुकी है। वर्तमान में मो. हसन उल्ला खान पिता श्री अजमत उल्ला खान निवासी मकान नं. 36/1102, वार्ड नं. 57, सामुदायिक भवन के पास, बैरन बाजार, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. व्दारा उपरोक्त संपत्ति को 1. मो. वसीम रजा 2. मो. जसीम 3. मो. रजा सभी पिता स्व. मो. खुर्शीद आलम सभी निवासी जी. 184, अटल नगर, गली नं. 2, मठपुरैना, रायपुर, तहसील व जिला रायपुर छ. ग. को विक्रय किया जा चुका है । 1. मो. वसीम रजा 2. मो. जसीम 3. मो. रजा ने ऋण हेतू मेरे पक्षकार कैनरा बैंक आर. ए. एच. शाखा रायपुर के समक्ष आवेदन किया गया है। उक्त संपत्ति को बंधक रखे जाने पर यदि किसी व्यक्ति संस्था सहकारी सोसायटी या किसी अन्य को कोई आपत्ति हो तो मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में 07 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। बाद म्याद की गई आपत्ति अवैध व शून्य मानी जायेगी ।

सो सूचना जाने ।

रायपुर, दिनांक 25.02.2026

विजय शंकर तिवारी (अधिवक्ता)
779 केशर कुंज, सुंदर नगर रायपुर
मो 94252-08945 90390-08945

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर

उद्घोषणा

क्रमांक 1682/रा.शा./आर.सी./वि.प्रा./26
रायपुर दिनांक 25/02/26

प्राधिकरण की नगर विकास योजना क्रमांक 04 (कौशल्या माता विहार) में श्रीमती रेखा माखीजा पति स्व. वो पार्सनर श्री हरीष कुमार माखीजा एच.यू.एफ. को पुर्नगठित विकसित (सार्वजनिक एवं अर्धसार्वजनिक प्रयोन के) भूखण्ड क्रमांक बी-229 रकबा 119.00 वर्गमीटर सेक्टर-09 में आबंटित किया गया हैं। आबंटिती श्रीमती रेखा माखीजा की मृत्यु दिनांक 05.12.2024 को हो जाने के कारण पंजीकृत वसीयतनामा (अंतिम इच्छा पत्र) के माध्यम से उनके पुत्र श्री अमित माखिजा पिता स्व. हरीश माखिजा निवासी-बागड़ी नर्सिंग होम के बाजू गली, बूढ़ापारा, रायपुर तह. व जिला रायपुर छ.ग. द्वारा उक्त भूखण्ड का उत्तराधिकार नामांतरण करने बाबत् आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखण्ड का नामांतरण किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति / दावा हो तो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति / दावा प्रस्तुत नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार नामांतरण की कार्यवाही संपादित करा दी जावेगी। जिसके बाद कोई आपत्ति/दावा ग्राह्य नहीं होगा।

दिनांक 25.02.26 को जारी।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

रायपुर विकास प्राधिकरण रायपुर

उद्घोषणा

क्रमांक 1698/आर.सी./रा.वि.प्रा./26
रायपुर दिनांक 25/02/26

प्राधिकरण की मठपुरैना योजनान्तर्गत भूखंड क्रमांक 248 क्षेत्रफल 450 वर्गफुट श्रीमती सायरा बेगम पति स्व. मुजाहिद खान को 30 वर्षीय पट्टे पर आबंटित है। आबंटिती के द्वारा उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने हेतु दिनांक 27.01.2026 को कार्यालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

उक्त भूखंड को फ्री-होल्ड किये जाने में यदि किसी को कोई आपत्ति/दावा हो इस उद्घोषणा प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के भीतर प्राधिकरण में अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष उपस्थित होकर आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि तक कोई आपत्ति/दावा प्राप्त नहीं होने पर शासन के प्रचलित नियमो के अनुसार फ्री-होल्ड की कार्यवाही संपादित की जावेगी। निर्धारित तिथि के बाद कोई आपत्ति / दावा ग्राह्य नहीं होगा।

राजस्व अधिकारी (तहसीलदार)
रायपुर विकास प्राधिकरण
रायपुर (छ.ग.)

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, MUKTADIR QURESHI S/O ABDUL HAMEED QURESHI resident of PLOT 35,CROSS STREET NO.1,SHAKTI VIHAR RISALI, BEHIND VAIBHAV FABRICATION, CIVIC CENTRE BHILAI, DURG, (C.G.), 490006 have changed my old name MUKTADIR QURESHI S/O ABDUL HAMEED QURESHI so in future I should be recognized by my new name that is MUKTADIR HAMEED QURESHI S/O ABDUL HAMEED QURESHI in all Government and other documents.

MUKTADIR HAMEED QURESHI
PLOT 35,CROSS STREET NO.1,SHAKTI VIHAR RISALI, BEHIND VAIBHAV FABRICATION, CIVIC CENTRE BHILAI, DURG, (C.G.), 490006

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRERANA CHITLANGIA W/O VIVEK CHITLANGIA resident of H.NO-32 WARD NO.-26, GANJ LINE, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441 have changed my old name PRERANA CHITLANGIA W/O VIVEK CHITLANGIA so in future I should be recognized by my new name that is PRERANA VIVEK CHITLANGIA W/O VIVEK CHITLANGIA in all Government and other documents.

PRERANA VIVEK CHITLANGIA
H.NO-32 WARD NO.-26, GANJ LINE, RAJNANDGAON, (C.G.) 491441

ग्राम तर्री में मामूली बात को लेकर देखते ही देखते हिंसक झगड़े में तब्दील

नवापारा राजिम, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नवापारा से लगे ग्राम तर्री में मामूली बात को लेकर देखते-देखते हिंसक झगड़े में तब्दील हो गई। आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से युवक पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। उसे तत्काल नवापारा एचसीएच में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार घटना ग्राम तर्री में सोमवार 23 फरवरी की रात करीब 7.15 बजे की बताई जा रही है। पीड़ित चेतन ने पुलिस को अपनी रिपोर्ट में बताया कि वह मजदूरी का काम करता है और ग्राम तर्री में रहता है। घटना के समय उसका भाई ईश्वर निषाद और भानू साहू गांव के हनुमान मंदिर के पास बैठकर बातचीत कर रहे थे।

घर जाने को कहा, भड़क उठा आरोपी: चेतन अपने भाई ईश्वर निषाद को घर बुलाने पहुंचा। इसी बात पर भानू साहू आगबबूला हो गया और गुस्से में आकर अश्लील गालियां देने लगा। इतना ही नहीं, आरोपी ने जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ में रखे लकड़ी के डंडे से चेतन पर हमला कर दिया। हमले में चेतन के सिर और बाएं कंधे के पास गंभीर चोट आई। चीख-पुकार सुनकर जब डोमन विश्वकर्मा बीच-बचाव करने पहुंचा, तो आरोपी ने उसके साथ भी गाली-गलौज की और दाहिने हाथ की रिंग फिंगर को दांत से काट लिया, जिससे वह भी घायल हो गया।

प्रत्यक्षदर्शियों ने छुड़ाया: घटना के बाद आसपास के लोग मौके पर पहुंचे और घायल चेतन को गंभीर हालत में नवापारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
शुद्धिपत्र-2
ई-निविदा सूचना संख्याः 100- एस एन टी-परियोजना-निविदा- 2026, दिनांकः 20.12.2025
निविदा जमा करने की तिथि तथा समयः उपरोक्त निविदा संख्या में शुद्धि पत्र- 2 दिनांक 16.02.2026 को जारी किया गया है, निविदा खुलने के दिनांक में कोई परिवर्तन नहीं किया गया है।
विस्तृत जानकारी निविदा दस्तावेज का विक्रय, पात्रता का मापदंड तथा अन्य विस्तृत विवरण हेतु हमारी वेबसाइट https://www.ireps.gov.in. पर उपलब्ध है, उससे देख सकते हैं।
उप मुख्य सि. एवं दूर. इंजी.(परियोजना-।।)
सीपीआर/10/712 द.पू.मध्य रेलवे, बिलासपुर
South East Central Railway @secrail

न्यायालय तहसीलदार राजिम, जिला गरियाबंद (छ.ग.)
ईश्तहार
क्रमांक / / वाचक / तह. / 2026 राजिम, दिनांक 19/02/2026
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिवनाथ पिता फिरंता राम ध्रुव निवासी धरमपुरा तहसील व जिला रायपुर द्वारा ग्राम हथखोज प0ह0नं0... तहसील राजिम जिला गरियाबंद में स्थित भूमि खसरा नं0 1014/4 रकबा 0.06 हे0 भूमि को अनावेदक (क्रेता) दीपक साहू पिता स्व. बिरेन्द्र साहू जाति तेली निवासी बासीन तहसील राजिम जिला गरियाबंद से विक्रय करने की अनुमति प्रदान करने कलेक्टर महोदय गरियाबंद के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
उक्त के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / सर्वसाधारण को कोई आपत्ति या उजर दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वतः या अपने अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 15/03/2026 तक इस न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते है। पश्चात् प्राप्त आपत्ति या उजर दावा पर विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 19/02/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुद्रा से जारी किया गया।
मुहर तहसीलदार राजिम

NAME CHANGE

It is informed to the general public that I, PRAVEEN KUMAR VERMA S/O LATE MOTI LAL VERMA resident of H.NO. F-24, GREEN EARTH CITY, NEAR SHRI RAM FUELS, AMLESHWAR, AMLESER, DURG (C.G) 491111 have changed my old name PRAVEEN KUMAR VERMA S/O LATE MOTI LAL VERMA so in future I should be recognized by my new name that is PRAVEEN VERMA S/O LATE MOTI LAL VERMA in all Government and other documents.

PRAVEEN VERMA
H.NO. F-24, GREEN EARTH CITY, NEAR SHRI RAM FUELS, AMLESHWAR, AMLESER, DURG (C.G) 491111

न्यायालय तहसीलदार, तहसील कोमाखान, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम- मनकी, प.ह.नं. 22, रा.नि.मं. कोमाखान, तहसील कोमाखान, जिला-महासमुंद (छ.ग.)
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक - ओमप्रकाश यादव पिता टीभुराम यादव जाति राउत उम्र 33 वर्ष निवासी मनकी प.ह.नं. 22 तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द के द्वारा आवेदन प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है, उनकी माता श्रीमती कुन्तीबाई यादव पति श्री टीभूराम यादव का मृत्यु दिनांक 18.11.2019 को ग्राम मनकी तहसील कोमाखान जिला महासमुन्द में हुआ है। किन्तु आवेदक को अपनी माता श्रीमती कुन्तीबाई पति श्री टीभूराम यादव के मृत्यु के समय अज्ञानता एवं कानून की सही जानकारी नहीं होने के कारण आवेदक के द्वारा अपनी माता श्रीमती कुन्तीबाई पति श्री टीभूराम यादव के मृत्यु की सूचना नियत समय में ग्राम कोटवार मनकी एवं ग्राम पंचायत मनकी को नहीं दे पाये। जिसके कारण रजिस्ट्रार (जन्म / मृत्यु) ग्राम पंचायत मनकी के द्वारा आवेदक की माता श्रीमती कुन्तीबाई यादव पति श्री टीभूराम यादव के मृत्यु प्रमाण पत्र नहीं बनाया गया। अतः आवेदक के द्वारा अपनी माता कुन्तीबाई यादव पति श्री टीभूराम यादव के मृत्यु दिनांक 18.11.2019 घटना पंजीकृत किये जाने हेतु माननीय न्यायालय तहसीलदार कोमाखान के समक्ष आवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है, जिसमें आगामी पेशी दिनांक 06.03.2026 को नियत है।
उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति को किसी प्रकार का आक्षेप/उजर / दावा या आपत्ति हो अथवा आवेदन प्रस्तुत करना हो तो वे स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से दिनांक 06.03.2026 को उपस्थित हो कर पेश कर सकते हैं। बाद में प्राप्त का आक्षेप/उजर / दावा/आपत्ति अथवा आवेदन पर विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर तहसीलदार कोमाखान

कार्यालय संपदा अधिकारी, छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)
आम सूचना
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पीला राम वर्मा आ. श्री दौवा राम वर्मा, निवासी-क्वा.नं.-24/एफ, स्ट्रीट नं.-27, सेक्टर-04, भिलाई, जिला दुर्ग (छ.ग.) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र-दुर्ग अन्तर्गत भवन क्रमांक ई.डब्ल्यू.एस.-1917, विश्व बैंक कॉलोनी कुरूद भिलाई, जिला-दुर्ग (छ.ग.) में आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय, दुर्ग से दिनांक 20.05.2014 एवं फ्री-होल्ड दिनांक 08.01.2015 के अनुसार, उक्त भवन बयनामा रजिस्ट्री दिनांक 26.09.2022 को श्रीमती गंगा अनंत पिता श्री जगदीश प्रसाद अनंत के नाम पर विक्रय कर दिया गया है। नवीन क्रेता श्रीमती गंगा अनंत के द्वारा आवेदन एवं पंजीकृत दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपने नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया गया है।
अतः नवीन क्रेता श्रीमती गंगा अनंत के नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है, तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था बैंक, वित्तीय निकायों इत्यादि को कोई आपत्ति हो तो, इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करे बाद में प्राप्त आपत्ति/दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामान्तरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।
मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 17.04.2025 को जारी किया गया।
संपदा अधिकारी
छत्तीसगढ़, गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार सिमगा जिला-बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र. 202601210100018
अ/21 (1) वर्ष 2025-2026
साकिन-रिंगनी, प.ह.नं. 20
एतद् द्वारा ग्राम केसदा प.ह.नं. 19 तहसील सिमगा, जिला बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) को सूचित किया जाता है कि आवेदक गोकुल सिदार पिता गोरखलाल सिदार, जाति गोंड, निवासी 150/2 चिमरकेल महासमुंद, तहसील बसना, जिला महासमुंद (छ.ग.) द्वारा अपने अधिवक्ता के माध्यम से ग्राम रिंगनी, प.ह.नं. 20 तहसील सिमगा में स्थित ख.नं. क्रमशः 864, 865, 866, 869 रकबा 0.2500, 0.2300, 0.1200, 0.2000 हे. कुल ख.नं. 04 कुल रकबा 0.8000 हे. भूमि को अनावेदक आर.एस.इन्फ्राप्रेजेक्टस प्राइवेट लिमिटेड कार्या. पता एच 70, डब्ल्यू 10/43 वेस्टर्न एवेन्यूस, पुष्पा भवन, सैनिक फार्मस, दिल्ली को आपसी सौदा मूल्य 75.11.840/- (अक्षरी पचहत्तर लाख ग्यारह हजार आठ सौ चालीस रूपये) ठेका में भूमि विक्रय करने का सौदा किया है, तथा बयाना राशि 30.04.736/- रूपये (अक्षरी तीस लाख चार हजार सात सौ छत्तीस रूपये) प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत् छ.ग. भू.रा. संहिता 1959 की धारा 165 (6) के तहत आवेदन पत्र, बी-1 खसरा पांचसाला, नक्शा के साथ प्रस्तुत किया गया है। उक्त आवेदन पत्र न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) सिमगा के माध्यम से इस न्यायालय में प्राप्त हुआ है। जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उपरोक्तानुसार भूमि विक्रय की अनुमति प्रदान किये जाने पर जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति पेश करना हो वे स्वतः या अपने अधिवक्ता के माध्यम् से पेशी दिनांक 16.03.2026 तक इस न्यायालय में अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 20.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया।
मुहर तहसीलदार सिमगा

न्यायालय तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.मा.क्र. 20241120600026
अ/19 (1) वर्ष 2024-2025
ग्राम-परसकोल प.ह.नं.-41
तहसील व जिला महासमुंद
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद जिला महासमुंद छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक/92/वा-1/अ.वि.अ. (रा.)/2024 महासमुंद, दिनांक 04.10.2024 के अनुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् महासमुंद द्वारा नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रान्तर्गत सीवेज प्लांट निर्माण हेतु ग्राम परसकोल प.ह.नं. 41 स्थित भूमि खसरा नंबर 893 रकबा 3.210 हे. में से 1.00 हे. को टोकन दर पर आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है। उक्त प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.03.2026 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता हे, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर तहसीलदार महासमुंद

न्यायालय तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.मा.क्र. 20241120600027
अ/19 (1) वर्ष 2024-2025
ग्राम-महासमुंद, प.ह.नं.-42
तहसील व जिला महासमुंद
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) महासमुंद जिला महासमुंद छ.ग. के ज्ञापन क्रमांक/92/वा-1/अ.वि.अ. (रा.)/2024 महासमुंद, दिनांक 04.10.2024 के अनुसार मुख्य नगरपालिका अधिकारी, नगर पालिका परिषद् महासमुंद द्वारा नगर पालिका महासमुंद क्षेत्रान्तर्गत सीवेज प्लांट निर्माण हेतु ग्राम परसकोल प.ह.नं. 42 स्थित भूमि खसरा नंबर 1363, 1337 रकबा 1.930 हे. में से 1.00 हे. एवं खसरा नंबर 579 रकबा 1.2140 हे. में से 1.00 हे. भूमि को टोकन दर पर आबंटन किये जाने हेतु निवेदन किया गया है।
अतः उक्त भूमि को आबंटन कर भूमि स्वामी हक प्रदान किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा आपत्ति हो तो वह दिनांक 16.03.2026 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता हे, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 23.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर तहसीलदार महासमुंद

(चेतना ठाकुर) प्रथम व्यबहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी महासमुन्द (छ.ग.)
उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्राप्त करने हेतु आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम
सक्सेशन प्रकरण क्रः एस-3/2026
पेशी तारीख:25/03/2026
प्रोसेस नंबर:17/26
श्रीमती दिव्या चन्द्राकर वगैरह .... आवेदकगण
शाखा प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक वगैरह . अनावेदकगण
बनाम
आम जनता (जिनका हित निहित हो) ...अनावेदक
आवेदिका क्रमांक 1 मृतक अमित चन्द्राकर की पत्नि है आवेदक क्रमांक 2 मृतक की पुत्री है तथा आवेदक क्र. 3. मृतक का पुत्र है। आवेदकगण ही मृतक अमित चन्द्राकर के वैधानिक उत्तराधिकारी एवं आश्रित हैं। अमित चन्द्राकर की दिनांक 22/11/2025 को उपचार के दौरान हैदराबाद के अस्पताल में मृत्यु हो गई है। स्व0 अमित चन्द्राकर का मृत्यु प्रमाण पत्र की छायाप्रति संलग्न है। स्व0 अमित चन्द्राकर अपने जीवनकाल में खनिज से संबंधित कार्य करता था। उनके द्वारा गौण खनिज के उत्खनन हेतु महासमुन्द जिला के ग्राम चोरभट्ठी में भूमि खनिज विभाग से लीज पर लिया गया था एवं रायपुर जिला के ग्राम कोलियारी में भी भूमि लीज पर लिया गया था। रायपुर जिला के ही ग्राम लखना में भूमि लीज पर लिया गया था । अमित चन्द्राकर का निधन हो जाने के कारण खनिज विभाग के द्वारा भी लीज में नाम परिवर्तन हेतु उत्तराधिकार प्रमाण पत्र की मांग किया गया है इसलिए आवेदकगण द्वारा आवेदन अन्तर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम के तहत उत्तराधिकारी प्रमाण पत्र प्रदान किए जाने हेतु प्रस्तुत किया है। इसलिए इस प्रकाशन के माध्यम से सूचित किया जाता है कि कोई भी व्यक्ति, संस्था उक्त राशि पर हक या दावा रखते हों तो पेशी दिनांक 25/03/2026 को 11.00 बजे दिन को न्यायालय प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी महासमुन्द में उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के मार्फत् जिसको मुकदमे का हाल अच्छी तरह समझा दिया गया हो अपना पक्ष प्रस्तुत करें । उपस्थित नहीं होने पर आवेदकगण के आवेदन पर आम जनता के विरूद्ध एकपक्षीय कार्यवाही किया जायेगा।
दिनांक 25/03/2026 को अवकाश घोषित हो जाने पर या पीठासीन अधिकारी के अवकाश में होने पर अगले कार्यदिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा ।
आज दिनांक 23/02/26 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन पदमुद्रा से जारी किया गया ।
(चेतना ठाकुर)
प्रथम व्यबहार न्यायाधीश
मुहर **वरिष्ठ श्रेणी महासमुन्द (छ.ग.)**

न्यायालय आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)
सूचना-पत्र
प्रकरण क्रमांक 04/ई.सी. एक्ट/2026 विविध
पेशी तिथि 20.03.2026
श्रीमती मंजू बाई व अन्य
विरूद्ध
जितेन्द्र कुमार साहू व अन्य
सर्व संबंधित कर्मचारी मृतक बिरेन्द्र कुमार पिता पक्षकारो को सूचित किया जाता है कि श्रमिक /खोलूराम का दिनांक 04.02.2025 को नियोजक के राशि 16,50,000/- रू (अक्षरी सोलह लाख पच्चास नियोजन में हुई मृत्यु का क्षतिधन हजार रूपये) बीमा कंपनी द्वारा जमा किया है। उक्त मृतक का कर्मचारी प्रतिकर अधिनियम के तहत जो अपने आपको आश्रित व क्षतिपूर्ति राशि प्राप्त करने का अधिकारी समझते हों, वे इस न्यायालय में पेशी तिथि 20.03.2026 को प्रातः 11.00 बजे उपस्थित होकर आवेदन, अभिप्रमाणित फोटो, बैंक पास मूल एवं फोटो प्रति, दो स्वतंत्र साक्षी तथा अन्य दस्तावेज प्रमाण के साथ उपस्थित होवे। जमा राशि आबंटन में यदि कोई आपत्ति हो तो वे आपत्ति पेश करें। आपत्ति पेश ना होने की स्थिति में जमा राशि भुगतान बाबत् अग्रिम कार्यवाही की जावेगी।
आज दिनांक दिनांक 24.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।
यशवन्त कुमार सारथी
न्यायालय आयुक्त, कर्मचारी प्रतिकर
मुहर **अधिनियम, श्रम न्यायालय दुर्ग (छ.ग.)**

न्यायालय तहसीलदार महासमुंद जिला-महासमुंद (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.मा.क्र1 20240712010004
अ/59 वर्ष 2023-24
ग्राम-मचेवा, प.ह.नं.-41
तहसील व जिला महासमुंद
एतद् द्वारा सर्वसाधारण जनता को सूचित किया जाता है कि अध्यक्ष, संत मेरी एवं संत जोसेफ की मंडली महासमुंद द्वारा ग्राम मचेवा, प.ह.नं. 41, रा.नि.म. बरोण्डाबाजार, तहसील महासमुंद, जिला महासमुंद में स्थित शासकीय भूमि खसरा नं. 325 के भू-भाग से 7500 वर्गफुट जमीन को मसीही समाज के लिए धार्मिक एवं सामाजिक कार्यों के लिए आबंटित करने हेतु निवेदन किया गया है। अपने आवेदन पत्र के साथ समाज के रजिस्ट्रीकरण का प्रमाण पत्र पेश किया गया है। उक्त प्रकरण न्यायालय में विचाराधीन है।
अतः उक्त आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई उजर दावा, आपत्ति हो तो वह दिनांक 11.03.26 को कार्यालयीन अवधि में न्यायालय में स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है, उक्त नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
आज दिनांक 16.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।
मुहर तहसीलदार महासमुंद

आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मौजा छुईहा रै. प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. अर्जुनी तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. में स्थित भूमि खसरा नं. 152/20 रकबा 0.009 हे. भूमि विक्रेता बिन्दु बाई पति विष्णु प्रसाद निवासी टोनाटार से क्रेता पुष्पा बाई पति हरिसंत साहू निवासी ग्राम बारगांव तहसील बेरला जिला बेमेतरा द्वारा रजिस्ट्री बैनामा दिनांक 16.06.2025 से खरीदा गया है। पूर्व में उक्त भूमि को विक्रेता कृष्ण कुमार पिता बृजलाल सोनी निवासी बलौदाबाजार से क्रेता बिन्दु बाई पति विष्णु प्रसाद निवासी टोनाटार द्वारा दिनांक 27.03.2014 को खरीदा गया है जिसका बैनामा की मूल प्रति कही गुम हो गया है। बहुत खोजने पर नही मिला। उक्त भूमि किसी भी प्रकार से रहन गहन, विक्रय, हस्तांतरण का सौदा नही किया गया है। उक्त भूमि सभी तरह से पाक साफ एवं भार मुक्त है। उक्त रजिस्ट्री बैनामा किसी भी व्यक्ति संस्था को मिलता है तो वापस करें या मोबाइल नंबर 9926886222 से सम्पर्क करें अथवा किसी भी व्यक्ति संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो एक सप्ताह के अंदर अपना दावा आपत्ति अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष प्रस्तुत कर सकता है। नियत अवधि के पश्चात किसी भी प्रकार की उजर दावा अमान्य होगा।
सो सूचना जाने।
भवदीय
नीरज ठाकुर (अधिवक्ता)
व्यवहार न्यायालय बलौदाबाजार
जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.
मोबाईल 9926886222

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम लच्छनपुर
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालिक राम पिता श्री राम साय गायकवाड़ जाति सतनामी निवासी कापा नहर पारा शीतला मंदिर के पास मोवा रायपुर तहसील रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्र आशीष गायकवाड़ पिता मालिकराम माता का नाम द्रोपती का जन्म दिनांक 02.11.2006 (स्थान) ग्राम लच्छनपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक. 27-02-2026 को सुनवाई हेतु नियत है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 27.02.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर निपनिया (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र./ब/121वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम लच्छनपुर
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालिक राम पिता श्री राम साय गायकवाड़ जाति सतनामी निवासी कापा नहर पारा शीतला मंदिर के पास मोवा रायपुर तहसील रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री संगीता गायकवाड़ पिता मालिकराम गायकवाड़ माता का नाम द्रोपती गायकवाड़ का जन्म दिनांक 16.06.2003 (स्थान) ग्राम लच्छनपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग. जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आध् गार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 27.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 27.02.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर निपनिया (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम लच्छनपुर
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालिक राम पिता श्री राम साय गायकवाड़ जाति सतनामी निवासी कापा नहर पारा शीतला मंदिर के पास मोवा रायपुर तहसील रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री सरिता गायकवाड़ पिता मालिकराम गायकवाड़ माता का नाम द्रोपती गायकवाड़ का जन्म दिनांक 30.12.2001 (स्थान) ग्राम लच्छनपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आध् गार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 27-02-2026 को सुनवाई हेतु नियत है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 27.02.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर निपनिया (छ.ग.)

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
ईश्तहार
रा.प्र.क्र.ब/121 वर्ष 2025-2026
ग्राम का नाम लच्छनपुर
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मालिक राम पिता श्री राम साय गायकवाड़ जाति सतनामी निवासी कापा नहर पारा शीतला मंदिर के पास मोवा रायपुर तहसील रायपुर (छत्तीसगढ़) के द्वारा अपने पुत्री अमिता गायकवाड़ पिता मालिकराम गायकवाड़ माता का नाम द्रोपती गायकवाड़ का जन्म दिनांक 02.01.2000 (स्थान) ग्राम लच्छनपुर का पंजीयन करने हेतु रजिस्ट्रार जन्म/मृत्यु सचिव ग्राम पंचायत लच्छनपुर तहसील भाटापारा जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़) को जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण अधिनियम 1969 एवं छ0ग0 जन्म/मृत्यु रजिस्ट्रीकरण नियम 2001 के नियम 9 (3) के तहत शपथपत्र, अनुपलब्धता प्रमाण पत्र, सरपंच प्रमाण पत्र, आधार कार्ड, शैक्षणिक प्रमाण पत्र सहित आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है, जिसके संबंध 1 में प्रकरण विचाराधीन है तथा दिनांक 27.02.2026 को सुनवाई हेतु नियत है।
अतः उक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को किसी प्रकार की कोई दावा/आपत्ति पेश करना हो तो नियत पेशी तारीख 27.02.2026 तक स्वयं या अपने अभिभाषक या वैध प्रतिनिधि के माध्यम से दावा/आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। नियत अवधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।
यह ईश्तहार आज दिनांक 29.01.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर सहित जारी किया ।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर निपनिया (छ.ग.)

समक्ष न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
उद्घोषणा
एतद द्वारा सर्व साधारण व आम जनता निवासी ग्राम परसदा प.ह.नं. 11 तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा को सूचना प्रकाशित किया जाता हैं, कि आवेदक प्यारेलाल पिता बिसहत जाति सतनामी निवासी ग्राम परसदा प.ह.नं. 11, ने अपनी बहन स्व. देवंतीन पिता बिसहत का मृत्यु दिनाँक 23.09.2012 का पंजीयन भूलवश दर्ज नही करा पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति तथा अनुपलब्धता आदि संलग्न किया है।
अतएवं उपरोक्त आवेदक अपनी बहन स्व. देवंतीन पिता बिसहत का मृत्यु पंजीयन दर्ज करने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो, तो दिनाँक 11.03.2026 तक अपना आपत्ति / दावा कर सकते हैं। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावो पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।
अतः दिनाँक 23.02.2026 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
तहसीलदार नान्दघाट
मुहर जिला-बेमेतरा (छ.ग)

कार्यालय कलेक्टर, (आदिवासी विकास शाखा) बालोद (छ.ग.)
Fax&-07749-223915 Email-idactwd.balod@gmail.com
क्रमांक / 1320/आ.जा.क./ निर्माण / 2025-26 बालोद, दिनांक 24.02.2026
!! निविदा आमंत्रण !!
बालोद जिला खनिज संस्थान न्यास निधि जिला बालोद से प्राप्त प्रशासकीय स्वीकृति रू.34.35 (लाख) का निर्माण कार्य आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग की ओर से एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन दर अनुसूची दर पुस्तिका छ0ग0 शासन रायपुर दिनांक 01.01.2015 से (समस्त संशोधन सहित) प्रभावशील है। एस.ओ.आर पद्धति के तहत पंजीकृत डाक (ए.डी.) स्पीड पोस्ट के माध्यम से वर्ष 2025-26 में जिले के प्री. मै. आदिवासी कन्या छात्रावास / आदिवासी कन्या आश्रम में भवन छत मरम्मत एवं अतिरिक्त कक्ष निर्माण के लिये ई टेंडरिंग के माध्यम से प्रतिशत दर पर निविदा आमंत्रित किया जाता है। जिसका विवरण निम्नानुसार है।

क्र.	सस्था का नाम	विकास खण्ड का नाम	कार्य की प्रशा. स्वीकृत राशि (लाखों में)
1	2	3	4
1	प्री. मै. आदिवासी कन्या छात्रावास चिखलाकसा	डौण्डी	19.99
2	आदिवासी कन्या आश्रम डौण्डी	डौण्डी	14.36
योग			34.35

1. निविदा हेतु आवेदन की प्रारंभ तिथि -11.02.2026 दोपहर 6.00 बजे से
2. निविदा हेतु आवेदन की अंतिम तिथि -11.03.2026 दोपहर 6.00 बजे तक

नोटः-
1. कार्य पूर्ण करने की अवधि प्रति संस्था 06 माह।
2. प्रति कार्यों में ठेकेदार की श्रेणी ''डी'' क्लास या उससे ऊपर ।

टीपः- संस्थाओं की सूची निविदा की शर्ते व अन्य जानकारी विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में देखी जा सकती है ।
सहायक आयुक्त
जी-252606905 **आदिवासी विकास बालोद**

न्यायालय श्रीमान तहसीलदार महोदय, तहसील नांदघाट, जिला-बेमेतरा (छ.ग.)
उद्घोषणा
एतद द्वारा सर्व साधारण व आम जनता निवासी ग्राम घोरहा, प.ह.नं. 03, तहसील नांदघाट, जिला बेमेतरा को सूचना प्रकाशित किया जाता हैं, कि आवेदक शंकर यादव पिता सुखूराम यादव जाति राऊत निवासी ग्राम घोरहा, प.ह.नं. 03, ने आवेदन पत्र वास्ते मृत्यु पंजीयन करने बाबत् आवेदन पेश किया हैं, कि आवेदक के भाई स्व. शिवनारायण पिता सुखूराम यादव का/की मृत्यु दिनाँक 12.07.2010 को ग्राम घोरहा में हुआ हैं, जिसका मृत्यु पंजीयन भूलवश दर्ज नही करा पाने के कारण मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। आवेदक ने आवेदन पत्र के साथ चालान की प्रति तथा अनुपलब्धता आदि संलग्न किया है।
अतएव उपरोक्त आवेदक के भाई स्व. शिवनारायण पिता सुखूराम यादव का मृत्यु पंजीयन दर्ज करने में जिस किसी भी व्यक्ति को कोई दावा / आपत्ति हो, तो दिनाँक 11.03.2026 तक अपना आपत्ति / दावा कर सकते हैं। तत्पश्चात बाद में प्राप्त आपत्ति एवं दावो पर कोई सुनवाई नहीं किया जावेगा।
अतः दिनाँक 23.02.2026 को मेरे स्वतः के हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।
कार्यपालिक दण्डाधिकारी
मुहर तहसीलदार नान्दघाट जिला-बेमेतरा

न्यायालय कार्यपालिक दण्डाधिकारी निपनिया, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छत्तीसगढ़)
उद्घोषणा
रा.प्र.क्र. अ/2वर्ष 2025-26
एतद द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक नवीन सचदेव पिता टहलराम सचदेव एवं अन्य 02 सभी निवासी दीनदयाल उपाध्याय वार्ड भाटापारा, तहसील-भाटापारा, जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.) के द्वारा ग्राम धौराभाठा प.ह.न. 12, रा.नि.मं.-खोखली, तहसील-भाटापारा, जिला-बलौदाबाजार- भाटापारा (छ.ग.) स्थित भूमि खसरा नंबर 65/213 रकबा 1.2897 हे. में से 0.0069 हे. अर्थात 750 वर्गफुट, लगान 0.00 रुपये भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु छ.ग.भू.रा. संहिता 1959 की धारा 59 (2) के तहत पुनर्निर्धारण किये जाने हेतु आवेदन पत्र के साथ खसरा, नक्शा, बी-1 सहित प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
उक्त भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु परिवर्तित करने में जिस किसी को आपत्ति/दावा हो तो प्रकरण नियत 27.02.2026 तक आपत्ति/दावा प्रस्तुत कर सकते है । नियत अवधि पश्चात् प्राप्त आपत्ति / दावा पर विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 12.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एंव न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
मुहर भाटापारा

न्यायालय अपर कलेक्टर एवं विवाह अधिकारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा (छ.ग.)
फार्म ''अ''
सार्वजनिक सूचना
क्रमांक, 234, अ.कले., रीडर, विवाह, 2026 बलौदाबाजार दिनांक 20.02.2026,
सर्व साधारण की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि आवेदक अनिल कुमार सोनवानी पिता श्री शिव कुमार सोनवानी उम्र 21 वर्ष जाति सतनामी (अनुसूचित जाति) निवासी ग्राम कोसमन्दी थाना व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. एवं आवेदिका तनु साहू पिता ऋषि कुमार साहू उम्र 19 वर्ष जाति तेली (अन्य पिछडा वर्ग) ग्राम कोसमन्दी थाना व तहसील पलारी जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा विशेष विवाह अधिनियम 1954 की धारा 05 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।
अतः प्रस्तावित विवाह के विरूद्ध आपत्ति करने के इच्छुक कोई भी व्यक्ति संस्था इस संबंध में दिनांक 19.03.2026 समय 3 बजे के पूर्व अधोहस्ताक्षरकर्ता के समक्ष आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है।
आज मेरे द्वारा दिनांक 19.02.2026 को हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा सहित जारी किया गया।
विवाह अधिकारी
मुहर बलौदाबाजार भाटापारा

न्यायालय तहसीलदार लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग.
ईश्तहार
क्रमांक, 691, तह., वाचक, 2026 लवन
दिनांक 13.02.2026
रा.प्र.क्र. 202602210100024
अ/21(1) वर्ष 2025-26
ग्राम पनगांव प.ह.नं. 20
सर्व साधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक संग्राम सिंह पिता अजीत सिंह ध्रुव जाति गोड निवासी ग्राम पनगांव तहसील लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. द्वारा ग्राम पनगांव प.ह.नं. 20 तहसील लवन में स्थित भूमि खसरा नंबर 82 रकबा 0.890 हे. भूमि को अनावेदक गोपाल साहू पिता स्व. माखन साहू निवासी पुरानी बस्ती बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. को आपसी सौदा मूल्य 15,00,000 रूपये (अक्षरी- पंन्द्रह लाख रूपये) ठेका में भूमि विक्रय करने का सौदा किया है तथा बयाना राशि 2,00,000 रूपये (अक्षरी-दो लाख रूपये) प्राप्त किया है। उक्त भूमि को विक्रय करने की अनुमति मिलने बाबत छ.ग.भू.रा.संहिता 1959 की धारा 165(6) के तहत आवेदन पत्र मय बी-1 खसरा पांचशाला, नक्शा, ईकरारनामा, वकालतनामा की प्रति संलग्न किया है। जो जांच एवं प्रतिवेदनार्थ हेतु इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।
अतएव उक्त भूमि के विक्रय की अनुमति के संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आक्षेप या दावा प्रस्तुत करना हो तो स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से पेशी दिनांक 27.02.2026 तक पेश कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नही किया जायेगा।
यह उद्घोषणा आज दिनांक 13.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा/सील द्वारा जारी किया गया।
तहसीलदार
मुहर लवन

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग, रायपुर संभाग क्रं.-1, रायपुर
मैनुअल पद्धति से निविदा आमंत्रण सूचना
विज्ञप्ति क्रमांक 1156/एन.आई.टी.-16/टी.सी./25-26/ रायपुर, दिनांक 23/02/2026

क्र.	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि (लाखों में)
1	SR/MOW Work and Small Deposit Works in Section No-4 under PWD Sub Division No-1, Raipur	9.90
2	SR/MOW and Small Deposit Works at Bunglow at Civil Line under Section No-4 PWD Sub Division No.-1, Raipur CG	10.00

निविदा प्रपत्र प्राप्त करने की तिथि- 16.03.2026
2. उपरोक्त निर्माण कार्यो की निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी कार्यालयीन अवधि में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। साथ ही यह जानकारी विभागीय वेबसाइट www.cg.nic.in/pwdraipur/ में Live Tender के अन्तर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध । इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
कार्यपालन अभियंता
लोक निर्माण विभाग संभाग
जी-252606888 **क्रं.-1 लोक रायपुर**

कार्यालय कार्यपालन अभियंता, लोक निर्माण विभाग (भवन/सड़क) उत्तर बस्तर संभाग क्रमांक 1 जगदलपुर
अल्प निविदा आंमत्रण सूचना
प्रथम आमंत्रण
निविदा विज्ञप्ति क्रमांक 855/23/वलेलि /2025-26 जगदलपुर दिनांक 23.02.2026
एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है।

क्रं	निविदा क्रं.	कार्य का नाम	ठेके की अनुमानित लागत (लाख में)
1	T0140	Renovation for Toilet Section (2nd Floor) at Medical College & Hospital Dimrapal Under sub division no. 1 Jagdalpur	9.99
2	T0141	Renovation for F-type Residential Building Qtr. No. F/2 at Nayapara Colony Jagdalpur (Former M.P. Shri Dinesh Kushyap)	5.00
3	T0142	SR Work for D Type Banglow Lalbagh Jagdalpur Distt. Bastar	5.00
4	T0143	SR Work for F-5 Type Banglow Lalbagh Jagdalpur Distt. Bastar	2.50
5	T0144	SR Work for DJ Banglow Near Circuit House Jagdalpur Distt. Bastar	5.00
6	T0145	SR Work for F-2 Type Banglow Near Church at Jagdalpur Distt. Bastar	5.00
7	T0146	SR Work for F-1 Type Banglow Near Church at Jagdalpur Distt. Bastar	3.00
8	T0147	SR Work for F-4 Type Banglow Lalbagh Jagdalpur Distt. Bastar	3.00
9	T0148	SR work of F/2 Qtr. Nayapara Colony Jagdalpur (Occupied by Hon. Shri Dinesh Kushyap Former M.P.) Bastar (Part-1)	10.00

नोट -
निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 02.03.2026 उपरोक्त निविदा की जानकारी विभागीय वेब पोर्टल www.cg.nic.in/pwdraipur में भी अवलोकन किया जा सकता है।
ऑनलाईन से डाउनलोड किया गया निविदा फार्म को प्रेषित करने पर मान्य नहीं किया जावेगा, इस कार्यालय में उपस्थित होकर निविदा फार्म हेतु आवेदन प्रस्तुत करने पर ही निविदा फार्म प्रदाय किया जावेगा।
अन्य विवरण एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में लोक निर्माण विभाग उत्तर बस्तर संभाग क्र. 1 जगदलपुर के कार्यालय के नोटीस बोर्ड में देखी जा सकती है।
कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. (भ/स) उ.ब. संभाग
जी-252606886 **क्रं. 1 जगदलपुर**

न्यायालय तहसीलदार केशकाल जिला-कोण्डागांव (छ.ग.)
उद्घोषणा
रा.मा.क्र. 202512200100003/
अ-19 (1)/2025-26
ग्राम-अरण्डी तहसील केशकाल
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका मंगलदई पति रामप्रसाद जाति गांडा निवासी ग्राम अरण्डी तहसील केशकाल जिला कोण्डागांव द्वारा आवेदन प्रस्तुत किया है कि ग्राम अरण्डी प.ह.नं. 23 अरण्डी रा.नि.मं. बहीबोव तहसील केशकाल स्थित हक व आधिपत्य की भूमि खसरा नंबर 50/21 रकबा 0.0230 हे. भूमि आवेदिका पति रामप्रसाद पिता चमरा जाति गांडा रा.प्रकरण क्रमांक 232 आदेश दिनांक 14.12.1983 के तहत आबंटित हुआ था। छ.ग. नगरेत्तर क्षेत्रों में शासकीय पटटे पर आबंटित कृषि भूमि के भूमिस्वामी अधिकार नियम 2023 के प्रावधानों के तहत उपरोक्त भूमि का भूमिस्वामी अधिकार प्रदान करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।
इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति /संस्था/ को दावा आपत्ति हो तो प्रकरण सुनवाई दिनांक 27.02.2026 तक स्वयं या अपने अधिवक्ता के द्वारा अपना दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। समयावधि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। यह उद्घोषणा आज दिनांक 11.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुद्रा से जारी किया गया।
तहसीलदार
मुहर केशकाल

शपथ पत्र
मैं, देवानंद मनहर, आयु 50 वर्ष, पिता श्री नारायण, निवासी वार्ड क्रमांक 17, ग्राम ढौर, पोस्ट ढौर, थाना जामुल, तहसील व जिला दुर्ग छ.ग. आधार नम्बर 8227 1007 7918 निम्नलिखित शपथ पूर्वक कथन करता हूं:-
01. यह कि, मेरा नाम एवं पता उपरोक्तानुसार है, जो सत्य एवं सही है।
02. यह कि, मेरे मतदाता परिचय पत्र एवं राशन कार्ड में मेरा सही नाम देवानंद मनहर, पिता नारायण दर्ज है, जो कि सत्य एवं सही है, किन्तु मेरे आधार कार्ड में त्रुटिवश मेरा नाम देवा दर्ज हो गया है, जो कि गलत है। मेरा सही नाम देवानंद मनहर, पिता नारायण है, जो कि सत्य एवं सही है।
03. यह कि, मेरे मतदाता परिचय पत्र में अंकित मेरा जो वास्तविक एवं सही नाम देवानंद मनहर, पिता नारायण के नाम से मेरे समस्त दस्तावेजों, शासकीय, अर्द्ध-शासकीय दस्तावेजों में मुझे मेरे नाम से जाना-पहचाना एवं दर्ज किया जावे।
04. यह कि, मेरे नाम परिवर्तन की सूचना रायपुर छ.ग. के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र में मेरे द्वारा आज दिनांक 26.02.2026 को प्रकाशित करवाया गया है।
5. यह कि, उक्त शपथ पत्र मेरे द्वारा राजपत्र में अपने नाम परिवर्तन के प्रकाशित करने हेतु सक्षम प्राधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कर रहा हूं।
शपथकर्ता

कार्यालय, कार्यपालन अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकीय खण्ड, मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)
E-mail-eemohla-phe@cg.gov.in
// द्वितीय निविदा आमंत्रण सूचना //
ई-प्रोक्योरमेंट
छत्तीसगढ़ के राज्यपाल की ओर से लोक निर्माण विभाग छत्तीसगढ़ में एकीकृत ई-रजिस्ट्रेशन की श्रेणी 'डी' एवं उच्च में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदाएं प्रपत्र 'ए' में दिनांक 20.02.2026 को आमंत्रित की जाती है, जिसका विवरण निम्नानुसार है-

क्रंमाक	निविदा क्रमांक	सिस्टम क्रमांक	कार्य का नाम	निविदा की लागत (रूपये में)
1	2	3	4	5
1	4	186043	ग्राम मोहला में खंड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता फिटिंग और आंतरिक विद्युतीकरण कार्यों सहित (सभी तरह से पूर्ण कार्य)	7949305.00
2	5	186044	ग्राम मोहला में उपखंड कार्यालय भवन का निर्माण कार्य, जल आपूर्ति, स्वच्छता फिटिंग और आंतरिक विद्युतीकरण कार्यों सहित (सभी तरह से पूर्ण कार्य).	3834690.00

उपरोक्त कार्य के निविदा की सामान्य शर्ते, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से दिनांक 27.02.2026 से डाउनलोड की जा सकती है तथा निविदा डाउनलोड करने की अंतिम दिनांक 13.03.2026 (शाम 5.30 बजे) तक है।
कार्यपालन अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खंड,
जी-252606872 **मोहला-मानपुर-अं.चौकी (छ.ग.)**

कार्यालय, नगरपालिक निगम, भिलाई, जिला-दुर्ग
क्रमांक /सात/दो/भ.अ./2026/1311/453 भिलाई, दिनांक 2/2/2026
// द्वितीय सार्वजनिक सूचना //
कार्यालय नगर तथा ग्राम निवेश दुर्ग के पत्र क्रमांक 2934 दिनांक 28.08.2000 के माध्यम से ग्राम-जुनवानी, प.ह.न. 56/15, खसरा न. 57, 58, 60, 61 कुल रकबा 9.320 हेक्टेयर पर होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाईजर खसरा नं. 57/2 अनुष्ठा रेसीडेंसी वार्ड नं. 01 जुनवानी द्वारा अनुष्ठा रेसीडेंसी कॉलोनी हेतु आवासीय (भूखण्डीय) विकास अनुज्ञा स्वीकृत की गई थी, स्वीकृत विकास अनुज्ञा में दर्शित शर्तों तथा छ.ग. नगरपालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्ते) नियम, 1998 के नियम के 10 में दर्शित प्रावधान अनुसार होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाईजर द्वारा कमजोर आय वर्ग (ई.डब्लयू.एस.) हेतु कुल योजना भूमि का 15 प्रतिशत रकबा 13280 व.मी. आरक्षित रखा जाना था, इसी प्रकार छ.ग. भूमि विकास नियम 1984 के नियम 47 के प्रावधान अनुसार सामुदायिक खुला क्षेत्र कुल योजना क्षेत्र का 10 प्रतिशत अर्थात् 77566 व.मी. आरक्षित रखा जाना था, जिसे उनके द्वारा अप्राधिकृत रूप से भूखण्डों का उप-विभाजन कर विक्रय किया गया है।
इस प्रकार होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाईजर द्वारा छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम 1956, छत्तीसगढ़ भूमि विकास नियम 1984 एवं छत्तीसगढ नगरपलिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निर्बधन एवं शर्ते) नियम 1998 सहमठित छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम तथा नगर पालिका (कॉलोनाईजर का रजिस्ट्रीकरण, निबंधन एवं शर्ते) नियम, 2013 के प्रावधानों का उल्लंघन किया गया है, जिस पर पूर्व से जारी नोटिस दिनांक 29.01.2014, 20.02.2014, 31.01.2017, 28.07.2018, 27.03.2021, 14.09.2021, 12.10.2021 का सन्दर्भ देते हुए इस कार्यालय द्वारा अंतिम सूचना पत्र क्रमांक /सात/दो/भ.अ./2025/1833 दिनांक 30.12.2025 के माध्यम से प्रेषित किया गया था, जिसकी कोई जवाब आज दिनांक तक प्राप्त नही हुआ है। नियमों के निरन्तर उल्लंघन से उपरोक्त कॉलोनी, अवैध कॉलोनी की श्रेणी में है।
छत्तीसगढ़ नगरपालिक निगम अधिनियम, 1956 की धारा 292- एफ (2) में प्रावधान किया गया है कि ''आयुक्त, अवैध कॉलोनी निर्माण की भूमि का प्रबंध अधिग्रहित करने के प्रयोजन के लिए स्थानीय समाचार पत्रों में 3 बार सार्वजनिक सूचना प्रकाशित करेगा, उक्त क्रम में प्रथम सार्वजनिक सूचना क्रमांक 1125 दिनांक 20.01.2026 को प्रकाशन किया गया है। ऐसी सूचना के प्रकाशन के पश्चात् यदि किसी कॉलोनी निर्माण करने वाले या भू-खण्ड धारक से कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो आयुक्त द्वारा उस पर विचार किया जायेगा और यदि कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है, तो आयुक्त ऐसी भूमि प्रबंध अधिग्रहित करेगा और उस क्षेत्र के लिए योजना बनायेगा तथा उसे ऐसी रीति तथा ऐसी शर्तों के अध्याधीन विकसित करेगा जैसे कि विहित किया जाये।''
उपरोक्त तथ्यात्मक/वैधानिक स्थितियों पर समुचित विचारोपरान्त नगरपालिक निगम भिलाई द्वारा मिलाई गृह निर्माण सहकारी समिति द्वारा ग्राम-कोहका, प.ह.न. 56/15, खसरा न. 57, 58, 60, 61 कुल रकबा 9.320 हे. पर होम प्लस बिल्डर्स एवं कॉलोनाईजर, खसरा नं. 57/2 अनुष्ठा रेसीडेंसी वार्ड नं. 01 जुनवानी द्वारा प्रस्तावित अनुष्ठा रेसीडेंसी कॉलोनी एवं उक्त भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने का प्रस्ताव है। यदि उक्त कॉलोनी / भूमि का प्रबंध निगम द्वारा अधिग्रहित किये जाने पर यदि किसी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 15 दिवस के भीतर इस कार्यालय में कक्ष क्रमांक 04 में स्वंय या प्राधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है।
आयुक्त

मुख्यमंत्री से लेकर सारे मंत्रियों को पिलाया जा रहा गंदा पानी

■ विधानसभा में राजेश मूणत ने लगाया आरोप

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। विधानसभा में आज पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक राजेश मूणत ने राजधानी रायपुर की जीवनदायिनी खारुन नदी में नाले का गंदा पानी जाकर मिलने के विषय को आक्रामक अंदाज में उठाया। उन्होंने कहा नहीं च

राजधानी में मुख्यमंत्री से लेकर सारे अन्य मंत्रियों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है।

प्रश्नकाल समाप्त होने को जब दो से तीन मिनट ही बचा था बिना कोई अवसर गंवाए राजेश मूणत ने कहा कि मुख्यमंत्री से लेकर सारे अन्य मंत्री राजधानी रायपुर में बसते हैं। सारे लोगों को गंदा पानी पिलाया जा रहा है। मैं खुद रायपुर नगर निगम कमिश्नर तथा अन्य अफसरों के साथ शहर से 8 किलोमीटर की दूरी पर उस जगह पर गया था जहां खारुन नदी में नाले का गंदा पानी जाकर मिल रहा है।

विभागीय मंत्री अरुण साव ने कहा कि इसके समाधान के लिए 3 महीने पहले एक कमेटी बनाई है। मूणत ने कहा कि वह कमेटी कुछ नहीं कर रही है।

प्रश्नकाल में राजेश मूणत ने यह मामला उठाते हुए सरकार से जानना चाहा कि खारून नदी के पास 81 करोड़ 88 लाख रुपये व्यय कर 75 एम.एल.डी. क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एस.टी.पी.) के पूर्ण रूप से क्रियाशील होने के बाद भी चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहा गंदा पानी नदी के निर्मल जल को प्रदूषित कर रहा है? यदि हां तो इसे रोकने के लिए क्या उपाय किये गए? चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा 11 करोड़ की कार्य योजना नगरीय प्रशासन विकास विभाग को पिछले 1 वर्षों से भेजे जाने के बाद भी क्या स्वीकृति हेतु लंबित है? यदि हां तो क्यों तथा स्वीकृति कब तक दी जावेगी?

उप मुख्यमंत्री (नगरीय प्रशासन) अरूण साव की ओर से लिखित में जवाब आया कि खारून नदी के पास 81 करोड़ 88 लाख रुपये व्यय कर 75 एम.एल.डी. क्षमता के घरेलू दूषित जल उपचार संयंत्र (एस.टी.पी.) का निर्माण किया गया है, जो कि पूर्ण रूप से क्रियाशील है। चिंगरी नाला का दूषित जल नाले में बनाये गये पिकअप वियर से ओवर फ्लो होकर नदी में प्रवाहित हो जाता है। चिंगरी नाला का लाईनिंग तथा अप्रोच मार्ग नहीं होने से शिल्ट सफाई की समस्या, विपर की कम ऊंचाई तथा वृहद मात्रा में प्लास्टिक सॉलिड वेस्ट प्रवाहित होकर पिकअप वियर के मुहाने को बाधित करने से ओवर फ्लो की स्थिति निर्मित हो रही है। इस हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में समिति का गठन कर प्रस्ताव का परीक्षण किया जा रहा है। चिंगरी तथा पीहर नाले से आ रहे गंदे तथा दूषित पानी को नदी में जाने से रोकने के लिए रायपुर नगर निगम द्वारा रूपये 11 करोड़ की कार्य योजना तैयार की गयी है। उक्त प्रस्ताव के परीक्षण हेतु मुख्य अभियंता, नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा स्थल निरीक्षण उपरांत प्रस्तुत प्रतिवेदन के अनुक्रम में रायपुर नगर निगम से संशोधित प्रस्ताव प्राप्त होने के उपरांत आगामी कार्यवाही की जाएगी।

कांग्रेस विधायकों ने सीएसआर फंड में पक्षपात का लगाया आरोप

मंत्री के जवाब पर भूपेश ने कसा तंज, कहा- तो फिर मंत्री होने का क्या औचित्य

बजट सत्र के तीसरे दिन प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायकों ने सीएसआर फंड में पक्षपात का आरोप लगाते हुए कलेक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की। इस पर मंत्री के नकारात्मक जवाब पर पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब कलेक्टर को निर्देशित नहीं कर सकते तो मंत्री होने का क्या औचित्य है?



विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान कांग्रेस विधायक ब्यास कश्यप ने सीएसआर फंड का मुद्दा उठाते हुए कहा कि जांजगीर जिले में सीएसआर फंड में पारदर्शिता नहीं है। जनप्रतिनिधियों की अनुशंसा का पालन नहीं हो रहा है।

कलेक्टर अपनी मनमर्जी से राशि बाँट रहे हैं। जनप्रतिनिधियों की समिति का कोई औचित्य नहीं है।

इस पर उद्योग मंत्री लखन लाल देवांगन ने कहा कि सीएसआर को लेकर कोई समिति नहीं है। सीएसआर फंड का उपयोग गाँवों में हो सकता है। आपकी ओर से भी दो प्रस्ताव है।

इस पर कांग्रेस विधायक ने कहा कि मंत्री प्रस्तावों पर घोषणा कर दें।कलेक्टर को कार्यों के लिए निर्देशित कर दें।

इस पर मंत्री ने कहा कि मुझे घोषणा का अधिकार नहीं है। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने कहा कि जब कलेक्टर को निर्देशित नहीं कर सकते तो मंत्री होने का क्या औचित्य है?

पिट एनडीपीएस के तहत पहली बार प्रदेश में 145 प्रकरणों पर हुई कार्रवाई

अजय चंद्राकर एवं धरमलाल कौशिक के ध्यान आकर्षण का जवाब देते हुए उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि शासन की ठोस और प्रभावी कार्रवाई से मादक पदार्थों के सप्लाई और डिमांड नेटवर्क को तोड़ा जा रहा है।प्रदेश में चरस, गांजा, ब्राउन शुगर, हेरोईन, अफीम, डोडा, नशीली गोलियों जैसे मादक पदार्थों, अवैध नशीली दवाओं एवं मादक पदार्थों की तस्करी और बिक्री रोकने के लिए शासन दृढ़ संकल्पित है तथा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है।

उन्होंने सदन को जानकारी देते हुए बताया कि शासन द्वारा राज्य में पहली बार एनडीपीएस एक्ट के तहत् दर्ज प्रकरणों में सिरे से विवेचना कर आरोपियों, उनके सहयोगी एवं सप्लायर के विरूद्ध वित्तीय जांच भी की जा रही है पिट्स एनडीपीएस एक्ट को क्रियाशील कर आरोपियों के वित्तीय आधार को खत्म करने का काम किया जा रहा है पहले अपराधी जेल से निकलकर नशे के कारोबार से कमाए काले धन को एन्जॉय करते थे, पर अब उस पर भी नकेल कसी जा रही है। वर्ष 2025 में 16 आरोपियों की 13 करोड़ 29 लाख 54 हजार 735 रूपए की सम्पत्ति जप्त फ्रीज कराई गई है।वर्ष 2024 से 31 जनवरी 2026 तक 145 आदतन आरोपियों के विरूद्ध की गई है

उन्होंने बताया कि विगत चार माह में अवैध मादक पदार्थ तस्करी के 399 प्रकरण दर्ज कर 679 आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

गृह मंत्री ने बताया कि शासन द्वारा नशे के साधनों पर भी कार्रवाई की जा रही है। जिला रायपुर और दुर्ग में नशा सेवन के साधन जैसे गोगो, स्मोकिंग कोन, रोलिंग पेपर आदि की बिक्री के विरुद्ध विशेष अभियान चलाया जा रहा है. इस दौरान 18 व्यक्तियों के विरुद्ध बीएनएसएस की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।पुलिस आयुक्त, रायपुर द्वारा इन सामग्रियों को प्रतिबंधित करने हेतु आदेश भी जारी किया गया है।

गिग वर्करों के लिए कानून नहीं,अजय ने विस में उठाया मामला

■ कंपनियां दस मिनट में सामानों की डिलवरी का दावा कर युवाओं की जान जोखिम में डाल रहे हैं

विधानसभा में आज पूर्व मंत्री एवं भाजपा विधायक अजय चंद्रकार ने गिग वर्करों के लिए कोई श्रम कानून नहीं होने पर सवाल उठाया। चंद्राकर ने आरोप लगाया की बड़ी कंपनियां दस मिनट में सामानों की डिलवरी का दावा कर छत्तीसगढ़ के बच्चों की जान को जोखिम में डाली हुई हैं।

प्रश्नकाल में अजय चंद्राकर का सवाल था कि प्रदेश में स्विगी, जोमैटो, ब्लिंकइट, रैपिडो (गिग वर्क) इस तरह की कितनी कंपनियां कार्यरत हैं? इन कंपनियों को कार्य करने हेतु अनुमति देने की प्रक्रिया क्या है? इन कंपनियों में कितने गिग वर्कर कार्यरत हैं? उनमें से छत्तीसगढ़ के कितने हैं? क्या इसके संबंध में कोई नियम-निर्देश हैं? गिग वर्करों की भर्ती हेतु शैक्षणिक या अन्य योग्यताएं निर्धारित की गई हैं? क्या इनके वेतन, श्रमावधि एवं सामाजिक सुरक्षा एवं आर्थिक सहायता हेतु नियम-शर्तें लागू होती हैं? इसकी निगरानी करने के लिये क्या व्यवस्था है एवं किस स्तर के अधिकारी द्वारा इनकी देख-रेख की जाती है?

श्रम मंत्री लखनलाल देवांगन की ओर से जवाब आया कि प्रदेश में श्रम विभाग अंतर्गत स्विगी, जोमेटो ब्लिंक इट, रेपिडो जैसे कंपनियाँ पंजीकृत नहीं हैं। उप मुख्य श्रमायुक्त (केन्द्रीय) तथा कल्याण आयुक्त (केन्द्रीय) व्दारा इस प्रकार की कंपनी पंजीकृत नहीं होने की जानकारी दी गई है। उक्त कंपनियों के श्रम विभाग अंतर्गत पंजीयन नहीं होने के कारण इनमें कार्यरत गिग वर्कर की कुल संख्या तथा उनमें से छत्तीसगढ़ के गिग वर्करों की संख्या की जानकारी उपलब्ध नहीं है। श्रम विभाग व्दारा प्रवर्तित श्रम अधिनियम अंतर्गत उक्त कंपनियों को कार्य करने की अनुमति देने संबंधी कोई प्रक्रिया निर्धारित नहीं है। गिग वर्करों की भर्ती हेतु शैक्षणिक या अन्य योग्यताएं, वेतन एवं समयावधि निर्धारित करने का कोई प्रावधान नहीं है। सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 के अंतर्गत भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा गिग एवं प्लेटफार्म वर्करों की सामाजिक सुरक्षा हेतु राष्ट्रीय सामाजिक सुरक्षा मण्डल का गठन केन्द्रीय सरकार व्दारा किये जाने का प्रावधान किया गया है।

अजय चंद्राकर ने कहा कि पूर्व में प्लेसमेंट कंपनियों पर भी मैं इसी तरह प्रश्न लगाया था। गिग वर्करों का जमकर दोहन हो रहा है। ये कौन सी श्रेणी में आते हैं संगठित या असंगठित? मंत्री लखनलाल देवांगन ने कहा कि ये दोनों ही श्रेणी में नहीं आते। चंद्राकर ने पूछा कि इनकी सूरक्षा को ध्यान में रखते हुए क्या कोई नियम या अधिनयम बनाएंगे। देवांगन ने कहा इनको लेकर जैसे ही भारत सरकार का कोई नियम बनेगा हम छत्तीसगढ़ में उसका पालन करेंगे। अजय चंद्राकर ने कहा कि जब तक कोई नियम नहीं बनेगा छत्तीसगढ़ के बच्चे क्या इसी तरह शोषण का शिकार होते रहेंगे? कंपनियां दस मिनट में सामानों की डिलवरी का दावा कर इनकी जान जोखिम में डालती हैं। ऐसी परिस्थितियां निर्मित हुईं कि कई जेल चुके हैं, कई आत्महत्या कर चुके हैं। दूसरे प्रदेशों में इनकी जान-माल की सूरक्षा को लेकर नियम बने हुए हैं चाहें तो उन्हें फालो कर सकते हैं। छत्तीसगढ़ के बच्चों की जान बचाने इच्छा शक्ति दिखाइये।

छत्तीसगढ़ व्यापार का नया ग्रोथ इंजन: साय

कैट नेशनल ट्रेड एक्सपो का समापन

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) द्वारा आयोजित नेशनल ट्रेड एक्सपो 2026 का समापन समारोह हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय शामिल हुए, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमेन सुनील सिंघी ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में महापौर श्रीमती मीनल चौबे की उपस्थिति रही।कैट परिवार एवं व्यापारिक संगठनों द्वारा उनका भव्य स्वागत गजमाला पहनाकर किया गया । पाँच दिवसीय इस मेले में हजारों की संख्या में नागरिकों, व्यापारियों, युवाओं एवं उद्यमियों ने सहभागिता की। एक्सपो में 250 से अधिक प्रतिष्ठित ब्रांड्स ने भाग लिया, जहाँ आगंतुकों ने नवीन उत्पादों का अवलोकन किया, आवश्यक वस्तुओं की खरीदारी की तथा मैन्युफैक्चरर, डिस्ट्रीब्यूटर एवं डीलर्स को एक सशक्त क्ष्2क्षमंच प्राप्त हुआ। कपड़ा, फूड स्टॉल्स, सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं युवा गतिविधियों ने म्गाचव को विशेष आकर्षण प्रदान किया।

मुख्यमंत्री ने कैट टीम को बधाई देते हुए कहा कि इस प्रकार के एक्ज़ीबिशन प्रदेश के व्यापार और उद्योग को नई गति देते हैं। उन्होंने एक्सपो में प्रदर्शित अनेक नवाचार, ए आई आधारित समाधान एवं स्थानीय उत्पादों की सराहना करते हुए कहा कि कैट ने प्रदेश के व्यापारियों को एक सशक्त मंच प्रदान कर सराहनीय कार्य किया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वोकल फॉर लोकल और स्वदेशी की भावना को मजबूत करने में ऐसे आयोजनों की महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने युवाओं की बड़ी भागीदारी को उत्साहजनक बताते हुए कहा कि आज का युवा डिजिटल और सोशल युग के माध्यम से प्रदेश के उत्पादों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाने में सक्षम है, जिससे रोजगार सृजन और आर्थिक गतिविधियों को बल मिलेगा।

राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड के चेयरमेन सुनील सिंघी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री का स्वागत करते हुए राज्य के ऐतिहासिक एवं सर्वांगीण विकासोन्मुख बजट के लिए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड की पूरी टीम छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के हित में सदैव उपलब्ध है।

उन्होंने एक्सपो को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि यह आयोजन व्यापार, नवाचार और स्वदेशी भावना को एक साथ आगे बढ़ाने वाला गर्व का विषय है तथा इससे प्रदेश के व्यापारिक वातावरण को नई ऊर्जा मिलेगी।

कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन अमर पारवानी ने आत्मीय स्वागत करते हुए मुख्यमंत्री एवं श्री सिंघी का आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि व्यापारियों द्वारा दिए गए कुछ महत्वपूर्ण सुझावों को राज्य बजट में शामिल किया जाना व्यापार जगत के लिए उत्साहवर्धक है।

श्री पारवानी ने व्यापारियों की ओर से कुछ प्रमुख मांगें भी रखीं, एवं ज्ञापन दिया। जिनकी पूर्ति से प्रदेश के व्यापार के साथ-साथ राज्य के राजस्व में भी उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

अंबिकापुर में पीलिया का कहर

■ छात्र समेत दो की मौत
■ स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का परिणामः टीएस सिंहदेव

अंबिकापुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। अंबिकापुर में पीलिया का प्रकोप खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है. अंबिकापुर में अब तक कक्षा आठवीं में पढ़ने वाले छात्र और एक व्यक्ति की पीलिया से मौत हुई है. वहीं पीलिया के बढ़ते मरीजों को लेकर पूर्व डिप्टी ष्टरूटीएस सिंहदेव ने निशाना साधते हुए कहा कि ये स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है.

दूसरी तरफ अंबिकापुर में हर रोज पीलिया के मरीज मिल रहे हैं. अब तक 50 से अधिक पीलिया के मरीज मिल चुके हैं. नगर निगम के द्वारा सप्लाई किए जा रहे पेयजल दूषित होने के कारण लोग पीलिया से पीड़ित हो रहे हैं. नगर निगम प्रशासन लगातार लोगों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए कोशिश कर रहा है लेकिन माना जा रहा है कि लंबे समय से दूषित पानी की सप्लाई हो रही थी और यही वजह है कि अचानक पीलिया के मरीज बढ़े हैं. दूसरी तरफ अंबिकापुर की महापौर मंजूषा भगत ने विवादित बयान दिया और कहा कि पीलिया की बीमारी फैल रही है इसमें साजिश की बू आ रही है.

जानकारी के मुताबिक अंबिकापुर के नमनाकला खटीक पारा निवासी दिव्यांश राय क्लास आठवीं में अंबिकापुर के ही कार्मेल स्कूल में पढ़ाई करता था. 19 फरवरी को उसकी

तबीयत बिगड़ी और उसे मिशन अस्पताल ले जाया गया जहां पता चला कि उसे पीलिया है. लेकिन उसकी लगातार होते गंभीर स्थिति को देखकर परिजन उसे प्रकाश अस्पताल ले गए इसके बाद वहां से जीवन ज्योति अस्पताल रेफर किया गया था लेकिन उसकी मौत हो गई. इसके अलावा नवापारा झंझटपारा निवासी 40 वर्षीय सोनालाल की भी मौत पीलिया से 22 फरवरी को हुई थी.

वहीं पीलिया के बढ़ते मरीजों को लेकर पूर्व डिप्टी ष्टरूटीएस सिंहदेव ने निशाना साधते हुए कहा कि ये स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा है. उन्होंने ङ्ग पर पोस्ट शेयर कर लिखा- नमनाकला खटिकपारा, अंबिकापुर में पीलिया से 13 वर्षीय छात्र की मृत्यु का समाचार बेहद पीड़ादायक और अत्यंत चिंताजनक है. शोकाकुल परिवार के प्रति मैं अपनी गहरी संवेदनाएं व्यक्त करता हूं.

हम पिछले कई हफ्तों से इस गंभीर स्वास्थ्य समस्या की ओर ध्यान दिला रहे थे, लेकिन स्थानीय प्रशासन की लापरवाही का नतीजा यह हुआ कि आज एक मासूम ज़िंदगी चली गई.

आज जिला कांग्रेस कमेटी ने नए नगर निगम भवन कार्यालय के घेराव का ऐलान किया है. दोपहर 12=30 बजे कोठीघर में एकत्र होकर रैली के रूप में गौरव पथ स्थित नए निगम कार्यालय की ओर कूच करेंगे.

अंबिकापुर नगर निगम के कमिश्नर डी एन कश्यप ने बताया कि लगातार पेयजल की जांच के लिए सैंपल लिए जा रहे हैं. अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज के अलावा सूरजपुर और रायपुर स्थित लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के लैब में सैम्पल जांच के लिए भेजा गया है. माना जा रहा है कि बहुत जल्दी रिपोर्ट आ जाएगी. इसके बाद नगर निगम को कार्रवाई करने में आसानी होगी. हालांकि उनका कहना है कि जिस जिस इलाके में पेयजल में दूषित पानी मिलाने की आशंका है, वहां पर मरम्मत का काम किया जा रहा है.

नगर निगम की टीम स्वास्थ्य अमला के साथ मिलकर काम कर रही है. जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी पीएस मार्को ने बताया कि उन्हें भी इस घटना के बारे में पता चला है कि एक बच्चे की पीलिया से मौत हुई है. कल इस इलाके में स्वास्थ्य विभाग की टीम को भेजा जाएगा और वहां भी कैंप लगाकर जांच और इलाज किया जाएगा.

वेतन जारी करने दिव्यांग शिक्षक से मांगी घूस

रिश्वत लेते प्रिंसिपल रंगे हाथों गिरफ्तार

बलौदाबाजार, 25 बलौदाबाजार जिले के रिश्वतखोर प्राचार्य को एंटी करप्शन ब्यूरो ने बुधवार को 15 हजार रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है रिश्वतखोर प्राचार्य दुर्घटना में दिव्यांग हुए व्याख्याता का वेतन निकालने के लिए प्रतिमाह के हिसाब से रिश्वत लेता था रिश्वत राशि बढ़ाने पर जब व्याख्याता ने पैसे देने से मना कियो तो उनका वेतन तक रोक दिया गया व्याख्याता के पुत्र ने एसीबी रायपुर में इसकी शिकायत कर दी भाटापारा के खेमेश्वर डांडे ने एसीबी रायपुर में शिकायत दी गई थी कि उसके पिता विजय कुमार डांडे शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका भाटापारा में व्याख्याता के पद पर पदस्थ हैं वह वर्ष 2017.18 में दुर्घटना के वजह से दिव्यांग हो गये थे दिव्यांगता के बावजूद वह विद्यालय लगातार जाते थे लेकिन परन्तु आर.एन् बया प्राचार्य शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मोपका द्वारा प्रतिमाह वेतन निकालने में आना.कानी और प्रताड़ित किया जाता था उस दौरान निवेदन करने पर प्रतिमाह 10 हजार रूपये जबरदस्ती रिश्वत लेकर वेतन आहरण प्राचार्य आर एन बया द्वारा किया जाता था रिश्वत की राशि कई बार बैंक अकाउंट में भी लिया गया 6 महीने पूर्व 10 हजार रूपये के बजाय 15 हजार रूपये वेतन आहरण करवाने के लिए रिश्वत मांगी गई नहीं देने पर 6 महीने का वेतन रोक दिया गया था प्रार्थी ने वरिष्ठ अधिकारियों की शिकायत के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं होने पर एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत दी जांच में शिकायत सही पाए जाने पर 25 फ़रवरी को एसीबी ने ट्रेप कर भाटापारा रेलवे स्टेशन के पास आरोपी प्राचार्य आर एन बया को प्रार्थी से 15 हजार रूपये रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़ा आरोपी के विरूद्ध धारा 7 पीसीएक्ट 1988 यथासंशोधित अधिनियम 2018 के प्रावधानों के तहत आगे की कार्रवाई की जा रही है

नशीली दवाओं के अवैध कारोबार पर बड़ा प्रहार 3 आरोपियों को 9 वर्ष का सश्रम कारावास

■ एसपी धमतरी ने उत्कृष्ट विवेचना पर विवेचक उप निरीक्षक ईश्वर साकार को नगद ईनाम से किया पुरस्कृत

धमतरी, 25 फरवरी (देशबन्धु) । नशीली दवाओं के अवैध विक्रय के विरुद्ध पुलिस द्वारा की गई प्रभावी कार्यवाही में गिरफ्तार तीनों आरोपियों को विशेष न्यायालय (एन.डी.पी.एस. एक्ट) प्रकरण क्रमांक 05/2025 में दोषसिद्ध पाते हुए कठोर दंड से दंडित किया गया है।

न्यायालय द्वारा स्वापक औषधि एवं मन:प्रभावी पदार्थ अधिनियम, 1985 की धारा 21 (बी) के अंतर्गत प्रत्येक अभियुक्त को 9 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 25,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया। अर्थदंड अदा न करने पर 5 माह का अतिरिक्त कारावास निर्धारित किया गया है। साथ ही आयुध अधिनियम के अंतर्गत टिकेन्द्र साहू उर्फ टिल्लू को 3 वर्ष सश्रम कारावास एवं 2,000 रुपये अर्थदंड, जयप्रकाश साहू उर्फ गोलू एवं गुलशन साहू को 2 वर्ष सश्रम कारावास एवं 1,000 रुपये अर्थदंड से दंडित किया गया।

न्यायालय से दंडित किए अभियुक्त का नाम टिकेन्द्र साहू उर्फ टिल्लू पिता लक्ष्मीराम उम्र 18 वर्ष 7 माह निवासी-इंदिरानगर पचरीपारा कुरूद, थाना कुरूद जिला धमतरी, जय प्रकाश साहू उर्फ गोलू पिता लक्ष्मीराम उम्र 23 वर्ष निवासी इंदिरानगर पचरीपारा कुरूद थाना कुरूद जिला धमतरी और 3 गुलशन साहू पिता ओमप्रकाश साहू उम्र 18 वर्ष 1 माह निवासी कुहकुहा थाना कुरूद जिला धमतरी है।

मुखबिर सूचना पर थाना कुरूद पुलिस ने नया कृषि उपज मंडी के पास घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को होंडा सिटी कार क्रमांक सीजी 04 एएच 6401 सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से 288 नग नशीली कैप्सूल,

होंडा सिटी कार, 1 देशी कट्टा एवं 5 कारतूस, 2 चाकू, 3 मोबाइल और नगद राशि कुल 2,65,316 रुपये की संपत्ति जब्त की गई। प्रकरण में अपराध क्रमांक 44/25 धारा 22 (ख) एनडीपीएस एक्ट एवं धारा 25 आर्म्स एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया था।

उत्कृष्ट विवेचना पर एसपी धमतरी ने विवेचक का किया सम्मान

प्रकरण की सुदृढ़ एवं प्रभावी विवेचना के फलस्वरूप आरोपियों को कठोर दंड सुनिश्चित हुआ। उत्कृष्ट विवेचना के लिए विवेचक उप निरीक्षक ईश्वर साकार को पुलिस अधीक्षक धमतरी सूरज सिंह परिहार द्वारा नगद पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

NECC

26.02.2026	अंडा	मुर्गी	काकरेल
फार्म	480	70	160
चिल्हर	6.00	100	190
डिलीवरी	495 सैकड़ा		

मुर्गी खाद प्रति ट्राली 1000 रु.

CSPFA

प्रकाशक, मुद्रक- राजीव रंजन श्रीवास्तव द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि. के लिए देशबन्धु परिसर रामसागरपारा रायपुर से प्रकाशित एवं मुद्रित। सम्पादक- राजीव रंजन श्रीवास्तव। प्रेस पंजीयन- 6072/59
फोन- (0771) 4077750, 4077760, email id: deshbandhuraipur@gmail.com, website:deshbandhu.co.in

संपादकीय

सड़क बनाने को लेकर न्यायसंगत दृष्टि जरूरी

सड़कों को लेकर रोज बवाल खड़ा हो रहा है। सड़कें अच्छी साफ सुथरी चमचमाती मिले तो उसका आनंद ही अलग होता है। पर ऐसी नसीब तो प्रायः उन्हीं लोगों को मिलती है जिन्हें वीआईपी में गिने जाते हैं और इसे जनता की कमजोरी कहिए या उनका नसीब, जनता अपने हक के मामले में हमेशा पीछे रह जाती है। लोगों में इस बात को लेकर हमेशा निराशा बनी रहती है कि उनके इलाके की सड़क पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और साहब, अफसर, मंत्री, विधायकों की तरफ की सड़कों में डामर ऊपर डामर चढ़ रही है। सरकार के लिए सब एक समान होना चाहिए और सभी को सुविधाएं भी एक समान मिलनी चाहिए। यह देखा जाता है कि नगर निगम जर्जर सड़कों को नहीं बनाता उल्टे उन सड़कों को बनाए, जाता है जिनकी हालत अच्छी है और उस पर अभी दो-तीन साल काम की जरूरत ही नहीं है। रायपुर में ही अगर आप एक छोर से दूसरे छोर निकल जाएंगे तो यह बात पूरी तरह दिखाई देगी। जिधर वीआईपी कल्चर पलती है उधर की सड़कें चकाचक है और जिधर आम लोग जीवन बसर कर रहें हैं उधर की सड़कें जर्जर है और कोई सुध लेने भी नहीं आता। भाटागांव जाएं तो ब्हीकल तो क्या पैदल चलना भी मुमकिन नहीं होता। इतने धूल, गुबार और आड़े-टेढ़े गड्ढे वाली सड़कें दिन भर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है। अभी इस पर पिछले महीने से कुछ काम शुरू होते दिखा है पर पूरा बन जाए तभी समझ आयेगा। पुरानी बस्ती, टिकरापारा, संतोषी नगर, प्रोफेसर कालोनी, कमल विहार की तरफ सड़क की हालत खराब है। कुछ एरिया में तो बहुत ही खराब है। बच्चों को सायकल में स्कूल जाने में भी बड़ी परेशानी होती है जबकि सिविल लाइन, खमतराई, गुरुद्वारा के पीछे नहरपारा की सड़कें अभी अच्छी हैं बावजूद उधर की सड़कें बनाई जा रही है। सरकार को इससे केवल आलोचना का विषय बनना पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि जिधर की सड़कें खराब हो उधर पहले प्राथमिकता दी जाए ताकि सभी लोगों को सुविधा मिले और परेशानी से बच सकें। आखिर उधर पैसे खर्च करने से क्या फायदा जिधर सड़कें अच्छी हो। अच्छी सड़कों पर फिर डामर लेयर लगाकर केवल पैसों की बर्बादी करते हैं अगर वही पैसा खराब सड़कों को बनाने में लग जाए तो दुखी जनता सुखी हो जाएगी। जन प्रतिनिधियों का भी यही काम है कि वे दुखी जनता का ध्यान रखें। उनको वह सुविधा मिले जो वीआईपी लोगों को मिल रहा है। हमारा समाज समतामूलक समाज है और सुख दुख में सभी की समान भागीदारी होनी चाहिए। कुछ वर्ग को विशेष सुविधा और कुछ के साथ कोई सुविधा नहीं तो यह न्यायसंगत नहीं होगा।

उल्टा पुल्टा

अमिताभ बच्चन और प्राण साहब बस स्टॉप पर खड़े थे। बस आई, प्राण साहब बस में चढ़ गए, लेकिन अमिताभ नहीं चढ़े। क्योंकि बस पर लिखा था, रघुकुल रीत सदा चलि आई, 'प्राण' जाई पर 'बचन' न जाई ?

संकल्प थीम वाला बजट बस्तर के समग्र विकास का रोडमैप : मंत्री केदार

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 का संकल्प थीम आधारित बजट बस्तर सहित पूरे प्रदेश के लिए ऐतिहासिक, संतुलित एवं दूरदर्शी है। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री केदार कश्यप ने इस जनोन्मुखी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया है।

बजट नहीं, विकास का संकल्प-पत्र: मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह बजट केवल आयव्ययय का दस्तावेज नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की उन्नति, समृद्धि और आत्मनिर्भरता का सशक्त संकल्प-पत्र है। बस्तर के युवाओं, किसानों, आदिवासी समाज और दूरस्थ अंचलों को मुख्यधारा से जोड़ने की स्पष्ट सोच इस बजट में दिखाई देती है। शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, सिंचाई, डिजिटल कनेक्टिविटी, खेल, पर्यटन और आजीविका-हर क्षेत्र में संतुलित निवेश से बस्तर के विकास को नई दिशा मिलेगी।

युवा, शिक्षा और खेल को नई उड़ान: खेल एवं युवा सशक्तिकरण के अंतर्गत बस्तर ओलंपिक के लिए 5 करोड़ का प्रावधान युवाओं की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में सहायक होगा। वहीं अबूझमाड़ एवं जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी हेतु 100 करोड़ का निवेश बस्तर में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मजबूत आधार का निर्माण करेगा।

डिजिटल कनेक्टिविटी और परिवहन में विस्तार: बस्तरनेट परियोजना के लिए 5 करोड़ का प्रावधान दूरस्थ गांवों तक विश्वसनीय इंटरनेट सेवा उपलब्ध कराएगा। साथ ही मुख्यमंत्री बस सेवा योजना 10 करोड़ से बस्तर अंचल में आवागमन सुगम होगा और आम नागरिकों को बड़ी सुविधा मिलेगी।

पर्यटन और स्थानीय रोजगार को प्रोत्साहन: होम-स्टे नीति के लिए 10 करोड़ का प्रावधान बस्तर, सरगुजा क्षेत्र में सांस्कृतिक पर्यटन को बढ़ावा देगा, जिससे स्थानीय युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे।

आजीविका, कृषि और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती: एग्रो एवं फॉरेस्ट प्रोसेसिंग निवेश अनुदान 100 करोड़ तथा बकरी, सूकर एवं मधुमक्खी पालन 15 करोड़ जैसे प्रावधान ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में आत्मनिर्भर आजीविका को सुदृढ़ करेंगे।

स्वास्थ्य सुविधाओं का विस्तार: दंतेवाड़ा सहित मेडिकल कॉलेज के लिए 50 करोड़ तथा जगदलपुर सुपर स्पेशलिटी अस्पताल के सुदृढ़ीकरण से बस्तरवासियों को उन्नत और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त होंगी।

सड़क और अधोसंरचना से विकास को गति: नारायणपुर, बीजापुर, दंतेवाड़ा और सुकमा जिलों की प्रमुख सड़कों एवं पुलों के लिए किए गए प्रावधानों से आवागमन, व्यापार और सुरक्षा को मजबूती मिलेगी तथा विकास की रफ्तार तेज होगी।

सिंचाई और जल संसाधन से कृषि को संबल: इंद्रावती नदी पर मातनार एवं देउरगांव बैराज व 68 किमी नहर 2,024 करोड़, महादेवघाट बैराज 100 करोड़ और मदेमारका डायवर्जन योजना 110 करोड़ जैसी योजनाएं बस्तर की कृषि को स्थायी और समृद्ध बनाएंगी।

बस्तर विकास प्राधिकरण को सशक्त समर्थन: बस्तर विकास प्राधिकरण हेतु 75 करोड़ का प्रावधान क्षेत्रीय योजनाओं के प्रभावी और त्वरित क्रियान्वयन में सहायक सिद्ध होगा।

विकसित छत्तीसगढ़ की ओर मजबूत कदम: मंत्री केदार कश्यप ने कहा कि यह बजट वित्तीय अनुशासन बनाए रखते हुए अतिरिक्त संसाधनों के सृजन का उत्कृष्ट उदाहरण है। यह न केवल विकास की गति को तेज करेगा, बल्कि किसान, श्रमिक, युवा, उद्यमी और वनवासी-हर वर्ग के जीवन स्तर में गुणात्मक सुधार लाएगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में यह बजट 'विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को साकार करने में मील का पत्थर सिद्ध होगा और बस्तर को आत्मनिर्भर, सुरक्षित व समृद्ध बनाने की दिशा में निर्णायक भूमिका निभाएगा।

बजट की घोषणाएं बस्तर के लोगों के लिए छलावा : रेखचंद

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व संसदीय सचिव व विधायक रेखचंद जैन ने कहा है कि बजट की घोषणाएँ बस्तर के लोगों के लिए छलावा साबित हो रही हैं। बस्तर के संदर्भ में की जाने वाली घोषणाएं सालों बाद भी धरातल में नहीं उतर पाती हैं। राज्य की भाजपा सरकार को चाहिए कि वह पिछले बजट के सभी प्रावधानों को तत्काल प्रभाव से लागू करे। श्री जैन ने कहा है कि वर्ष 2026-27 का राज्य बजट भी अलाभकारी, असंतुष्टीदायक साबित हुआ है. इसमें बस्तर के गांव, गरीब, किसान, महिलाओं, युवाओं, कर्मचारियों समेत समाज के किसी भी वर्ग के लिए कोई खास पहल नहीं की गई है. सरकार बनाने के पहले भाजपा ने जो वायदा किया था उसे पूरा करने की बजाय केवल जबानी रकम खर्च करने की कवायद की गई है।

ज्ञान व गति की दुर्गति के बाद संकल्प का नया जुमला वित्त मंत्री ने परोसा है, जिसे जनता जान गई है। कर्मचारियों के लिए स्पष्ट घोषणा का अभाव बस्तर जैसे क्षेत्र में सेवा देने वाले कर्मचारियों को खल रही हैं। एक ओर जहां बस्तर में हजारों स्कूल बंद किए गए हैं वहीं अबूझमाड़ व जगरगुंडा में एजुकेशन सिटी स्थापित करने का झुनझुना थमाया गया है। बस्तर के लिए की गई भाजपा की घोषणाएं की बातें जुमला साबित हो रही हैं. बात चाहे कोंडागांव के मक्का प्रोसेस प्लांट की हो या बीते सालों में गीदम में मेडिकल कॉलेज स्थापना की। जिस सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल के द्वारा लोगों के मुफ्त इलाज का ढिंढोरा पीटा जा रहा था उसकी सच्चाई अब सबके सामने आ चुकी है। जैन ने कहा कि राज्य के बजट में मनरेगा मजदूरों के लिए कोई प्रावधान न होना उनके साथ अन्याय है। यह बस्तर संभाग के लाखों परिवारों के साथ भाजपा की धोखाधड़ी भी है. पूर्व विधायक के अनुसार कृषक उन्नति योजना में जो बातें चुनाव से पहले भाजपा घोषणा पत्र में कही गई थीं उनका पालन भी नहीं किया गया है। एक लाख रिक्त शासकीय पदों पर भर्ती का दावा स्थानीय बेरोजगारों के साथ किए गए छल के रूप में देखा जा रहा है।

विकसित भारत 2047 की ओर छत्तीसगढ़ का ऐतिहासिक बजट : धनीराम बारसे

सुकमा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ का अब तक का सबसे बड़ा बजट विकास की नई दिशा तय करने वाला बताया जा रहा है। भाजपा जिलाध्यक्ष धनीराम बारसे ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने सभी वर्गों के कल्याण को ध्यान में रखकर व्यापक प्रावधान किए हैं। बारसे ने कहा कि बजट में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों के विकास पर विशेष जोर दिया गया है। राजधानी रायपुर को आधुनिक और स्मार्ट बनाने के लिए मेट्रो रेल सर्वे तथा एआई सेंटर की स्थापना जैसी महत्वपूर्ण घोषणाएं की गई हैं। बस्तर क्षेत्र के अबूझमाड़ और जगरगुंडा में दो नई एजुकेशन सिटी की स्थापना के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। भानुप्रतापपुर कॉलेज भवन निर्माण के लिए भी राशि स्वीकृत की गई है। जिलाध्यक्ष ने कहा कि नगर निकायों के उत्थान हेतु मुख्यमंत्री आदर्श योजना के लिए 200 करोड़, प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 800 करोड़, चार लाइब्रेरी के लिए 22 करोड़ तथा पांच नालंदा परिसरों के निर्माण के लिए 22 करोड़ रुपये का प्रावधान है। 500 आंगनबाड़ी केंद्रों >> शेष पृष्ठ 9 पर>

छत्तीसगढ़ संकल्प बजट बस्तर के समग्र विकास का रोडमैप : वेदप्रकाश

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने छत्तीसगढ़ संकल्प बजट 2026-27 को प्रदेश के विकास को गति देने के साथ बस्तर की बेहतरी का बजट बताया है। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने संकल्प बजट का स्वागत करते हुये मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, वन मंत्री केदार कश्यप व वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने हर्ष जाहिर करते हुये कहा कि इस बजट में बस्तर क्षेत्र के विकास का विशेष ध्यान रखा गया है। जो आने वाले समय में विकसित बस्तर के लिये मील का पत्थर साबित होगा। बस्तर के सर्वांगीण विकास को मजबूत आधार देने का ऐतिहासिक कार्य संकल्प बजट 2026 में किया गया है। बस्तर का कायाकल्प करने प्राणदायिनी इंद्रावती नदी पर मटनार देउरगांव में बैराज निर्माण के लिये 2024 करोड़ का प्रावधान, बस्तर विकास प्राधिकरण के लिये 75 करोड़ का प्रावधान, दंतेवाड़ा में मेडिकल कॉलेज, दूरस्थ अंचल तक डिजिटल कनेक्टिविटी पहुंचाने >> शेष पृष्ठ 9 पर>

आईटीआई जगदलपुर के प्रशिक्षणार्थियों का नवाचार स्क्रेप से बनाया 'इंडिया' का आकर्षक नक्शा

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था जगदलपुर के व्यवसाय वेल्डर के प्रशिक्षणार्थियों ने नवाचार और कुशल प्रबंधन का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया है। प्रशिक्षणार्थियों ने संस्था के फिटर व्यवसाय के प्रायोगिक परीक्षा उपरांत निकले अनुपयोगी लोहे के स्क्रेप का रचनात्मक उपयोग करते हुए भारत का आकर्षक नक्शा तैयार किया है। इस रचनात्मक कार्य में संस्था के प्राचार्य सह संयुक्त संचालक परमेश्वर ईड़पाचे, वेल्डर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी पीएस बारिक तथा फिटर व्यवसाय के प्रशिक्षण अधिकारी श्री कन्हैयालाल नायक का मार्गदर्शन एवं सहयोग उल्लेखनीय रहा। प्राचार्य सह संयुक्त संचालक श्री ईड़पाचे ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे प्रशिक्षणार्थियों के लिए प्रेरणादायक बताया। उन्होंने कहा कि इस तरह के नवाचार से न केवल तकनीकी दक्षता बढ़ती है, बल्कि संसाधनों के बेहतर उपयोग और पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी मिलता है। उल्लेखनीय है कि तैयार किया गया इंडिया का नक्शा वर्तमान में संस्था परिसर में आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इससे पूर्व भी संस्था परिसर में पहाड़ी मैना का मॉडल तैयार किया जा चुका है, जो प्रशिक्षणार्थियों की रचनात्मक सोच और व्यावहारिक कौशल का प्रमाण है।

कलेक्टर-एसपी ने पुनर्वास केंद्र में किया स्मार्टफोन वितरित

सुकमा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बुधवार को जिला मुख्यालय सुकमा स्थित नक्सल पुनर्वास केंद्र में आयोजित गरिमामय कार्यक्रम में 70 आत्मसमर्पित नक्सलियों को अत्याधुनिक 5जी स्मार्टफोन एवं 31 युवाओं को रोजगारोन्मुख मेसन (राजमिस्त्री) किट वितरित की गई। यह कार्यक्रम कलेक्टर अमित कुमार, पुलिस अधीक्षक किरण चव्हाण एवं जिला पंचायत सीईओ मुकुन्द ठाकुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। इस दौरान अधिकारियों ने पुनर्वासित युवाओं से संवाद स्थापित किया। इस अवसर पर डिप्टी कलेक्टर मधु तेता, डीएसपी मोनिका श्याम, पुनर्वास केंद्र के नोडल अधिकारी कैलाश कश्यप सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि पुनर्वास केवल आत्मसमर्पण तक सीमित नहीं है, बल्कि आत्मनिर्भरता, सम्मान और स्थायी आजीविका से जुड़ा हुआ है। इसी सोच के अनुरूप 70 पुनर्वासित युवाओं को सैमसंग गैलेक्सी, 06 5G स्मार्टफोन चार्जर सहित प्रदान किए गए। 50 मेगापिक्सल डुअल कैमरा एवं 5000एमएएच फास्ट चार्जिंग बैटरी जैसी आधुनिक सुविधाओं से लैस ये स्मार्टफोन युवाओं को डिजिटल शिक्षा, ऑनलाइन प्रशिक्षण, कौशल विकास और शासकीय योजनाओं की जानकारी से सीधे जोड़ेंगे। साथ ही 31 युवाओं को मेसन किट उपलब्ध कराकर उन्हें निर्माण कार्यों में रोजगार और स्वरोजगार के लिए सक्षम बनाया गया है। युवाओं को सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता-कलेक्टर

कलेक्टर अमित कुमार ने कहा कि हमारा प्रयास केवल आत्मसमर्पण तक सीमित नहीं है, बल्कि इन युवाओं को सम्मानजनक और आत्मनिर्भर जीवन उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है। पुनर्वास केंद्र के माध्यम से हम उन्हें कौशल, शिक्षा और रोजगार के अवसरों से जोड़ रहे हैं, ताकि वे समाज की मुख्यधारा में मजबूती से आगे बढ़ सकें। प्रशासन हर कदम पर उनके साथ है और उन्हें एक सुरक्षित, स्थायी एवं उज्ज्वल भविष्य देने के लिए प्रतिबद्ध है।

70 आत्मसमर्पित युवाओं को दिया 5जी स्मार्टफोन, 31 को मेसन किट भी

पुनर्वास का निर्णय उनके जीवन का सबसे बेहतर निर्णय : आत्मसमर्पित नक्सली

प्रतापगिरी, तोंगपाल निवासी भीमा ने बताया कि लगभग 15 वर्षों तक नक्सल संगठन से जुड़े रहने के बाद पुनर्वास का निर्णय उनके जीवन का सबसे बेहतर निर्णय साबित हुआ। उन्होंने कहा कि यहाँ उन्हें बेहतर आवास, भोजन और प्रशिक्षण की सुविधा मिल रही है तथा वे राजमिस्त्री का प्रशिक्षण भी प्राप्त कर चुके हैं। आज मुझे 5जी मोबाइल भी दिया गया है। उन्होंने छत्तीसगढ़ में बेहतर पुनर्वास नीति लागू करने के लिए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का धन्यवाद दिया।

बस्तर में नवाचार देख उत्साहित हुईं बिलासपुर की दीदियां

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के ग्रामीण अंचलों में आजीविका के नए आयाम गढ़ने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बिलासपुर जिले के बिल्हा ब्लॉक से आए 50 सदस्यीय दल ने बस्तर जिले का दो दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण किया। राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत आयोजित इस एक्सपोजर विजिट का मुख्य उद्देश्य बस्तर के जगदलपुर, लोहंडीगुड़ा और तोकापाल ब्लॉकों में संचालित सफल कृषि और पशुपालन मॉडल्स का गहन अध्ययन करना था। इस भ्रमण कार्यक्रम की औपचारिक शुरुआत जनपद पंचायत के सभागार में आयोजित एक विस्तृत तकनीकी सत्र से हुई, जहाँ पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से इंटीग्रेटेड फार्मिंग क्लस्टर के क्रियान्वयन, किसानों के चयन की वैज्ञानिक प्रक्रिया और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से चर्चा की गई। इस दौरान बिलासपुर से आए प्रतिभागियों, समूह सदस्यों और कार्यालय स्टाफ को उप-समिति के कार्यों के साथ-साथ आजीविका सेवा केंद्रों द्वारा महिला किसानों को दिए जा रहे तकनीकी सहयोग की जानकारी दी गई, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि कैसे एक व्यवस्थित कार्ययोजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बना सकती है। सैद्धांतिक जानकारी प्राप्त करने के पश्चात दल ने क्षेत्र का भ्रमण कर जमीनी स्तर पर संचालित गतिविधियों का प्रत्यक्ष अवलोकन किया। सदस्यों ने विशेष रूप से ब्रीडिंग सेंटर और उन्नत मुर्गी पालन की बारीकियों को समझा, जिसमें मुर्गियों के आहार प्रबंधन से लेकर टीकाकरण की महत्वपूर्ण प्रक्रियाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया। इसके साथ ही दल ने क्लस्टर के भीतर मछली पालन और बकरी पालन जैसे आजीविका के पूरक माध्यमों का भी अध्ययन किया। भ्रमण के दौरान बस्तर की दीदियों द्वारा अपनाई गई उन्नत सब्जी उत्पादन तकनीक, नर्सरी प्रबंधन और कीट-रोग नियंत्रण के तरीकों ने बिलासपुर के दल को खासा प्रभावित किया। केवल उत्पादन ही नहीं, बल्कि कटाई के बाद होने वाली ग्रेडिंग, पैकेजिंग >> शेष पृष्ठ 9 पर>

एक्सपोजर विजिट में सीखी इंटीग्रेटेड फार्मिंग की बारीकियां

नवरात्रियों पर मंदिर जाने वाले देवी के नहीं मान्यताओं के भक्त

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। मां दंतेश्वरी मंदिर की यज्ञशाला में चल रहे श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के आठवें दिन बुधवार को नवरात्रि महात्म, मां कालरात्रि महिमा के साथ दैत्य शंखचूर्ण की कथा सुनाई गई। इसके साथ ही पांच सुहागन स्त्रियों की कुमकुम पूजा की गई। शाम को भक्तों ने मां कालरात्रि को पालकी में विराजित कर नगर भ्रमण कराया। इस मौके पर वाराणसी से पधारे आचार्य सुमित भारद्वाज ने नवरात्रि महात्म की कथा सुनाते हुए कहा कि सिर्फ नवरात्रियों पर मंदिर जाने वाले देवी के भक्त नहीं, अपितु मान्यताओं के भक्त होते हैं। हमें माता के आराधना नित्य करनी चाहिए। वह जननी है। जो लोग दिन विशेष पर ही माता के पास जाते है, वे सिर्फ औपचारिकता निभाते हैं। याद रखें पूरा संसार जगदंबा से ही प्रकट हुआ है। कथा वाचक ने कहा कि मां महाकाली महालक्ष्मी और मां सरस्वती तीनों का एक स्वरूप है जगदंबा। जो व्यक्ति लक्ष्मी को अपनी सेवा के लिए गलत कृत्यों में लगाते हैं। वहां लक्ष्मी नहीं टिकती। मां लक्ष्मी नारायण की सेवा करती हैं अगर जो व्यक्ति धन संपत्ति को सेवा कार्य में नहीं लगा अपने स्वार्थ में खर्च करता है। वह नारायण का भक्त नहीं हो सकता। संपत्ति में ग्रहण तब लगता है जब इसका दुरुपयोग हो। कथावाचक ने कहा कि हमें पांच ग्रास करना चाहिए। अतिथि, गाय, कुत्ता, चीटियों और ब्राह्मण को भोजन कराने से अनजाने में हुआ पाप नष्ट हो जाता है। सनातन धर्म भी हमें अपने साथ जीव जंतुओं की सेवा की प्रेरणा देता आया है।

चेहरा देख फैसला न करें: कथा बांचते हुए आचार्य सुमित भारद्वाज ने कहा कि रूप छीना जा सकता है, पर गुण छीना नहीं जा सकता। वैवाहिक निर्णय लेते समय भी रूप नहीं गुण देखकर हमें निर्णय करना चाहिए। वेद- पुराण के दृष्टांत हमें सचेत करते हैं। इन्हें हमें आत्मसात करना चाहिए। ऐसा करने पर ही हम चिंता मुक्त रहेंगे। टेक्नोलॉजी ने दुनिया को एक देह दर तक विकृत कर दिया है संसार संस्कार से ही संवरेगा। एआई जब से आई, तब से इसका उपयोग कम दुरुपयोग अधिक हो रहा है। यह दोष दूसरों को न दे, चूंकि ऐसा करने वाले हमारे आपके बच्चे ही हैं।

हुई कुमकुम पूजा: भागवत कथा के तहत बुधवार शाम पांच सुहागन माता की कुमकुम पूजा की गई तत्पश्चात सामूहिक रूप से मां कालरात्रि की पूजा पश्च सामूहिक रूप से दंतेश्वरी चालीसा का पाठ किया गया तत्पश्चात माता की पालकी नगर में निकाली गई।

गुरुवार के अनुष्ठान: श्रीमद् देवी भागवत महापुराण के तहत 26 फरवरी गुरुवार को मां महागौरी महात्म, मनसा देवी कथा, रुद्राक्ष उत्पत्ति व उसकी महिमा, गायत्री महिमा सुनाई जाएगी। इसके साथ ही मां महागौरी की पालकी निकाली जाएगी।

■ संपत्ति में ग्रहण तब लगता है जब उसका हो दुरुपयोग
■ भक्तों ने नगर में निकाली मां कालरात्रि की पालकी

पिछड़ा वर्ग समाज के प्रतिनिधियों ने की आयोग के अध्यक्ष से मुलाकात

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने छग शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के अध्यक्ष आर एस विश्वकर्मा से भेंट कर सात सूत्रीय मांगो को लेकर ज्ञापन सौंपा। प्राप्त जानकारी के अनुसार छग शासन के पिछड़ा वर्ग कल्याण आयोग के पदाधिकारियों का एक दिवसीय बस्तर दौरे पर था। इस दौरान उनके द्वारा पिछड़ा वर्ग से संबंधित योजनाओं और पात्र हितग्राहियों को समुचित लाभ की स्थिति जानने समाज व उनके पदाधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान छग पिछड़ा वर्ग समाज बस्तर संभाग ने संभागीय अध्यक्ष तरुण सिंह धाकड़ के नेतृत्व में ओबीसी समाज की मांगे प्रस्तुत की। जिसमे ओबीसी समुदाय को 27प्रतिशत आरक्षण 9वीं अनुसूची में शामिल करते हुए प्रदान करना, पंचायत चुनाव में अन्य पिछड़े वर्ग को पूर्व की भांति आरक्षण रोस्टर का पालन किया जाये, ओबीसी नॉन क्रीमिलेयर की आय सीमा 8 लाख से बढ़ाकार 15 तक किया जाये, संभागीय मुख्यालय जगदलपुर में 100 सीटर ओबीसी छात्रावास का निर्माण किया जाये, एस टी/एससी/ओबीसी के विद्यार्थियों के हित में यू.जी.सी. कानून को लागू किया जाये, सर्व पिछड़ा वर्ग समाज के लिए, जिला बस्तर जगदलपुर में जमीन एवं भवन आबंटन किया जाए। इसके साथ ही सरकार बस्तर एवं सरगुजा संभाग में पेसा कानून को पूर्णतया लागू करना जा रही है, जो कि स्वागत योग्य है, किन्तु सरकार से आग्रह है कि लागू करने के पूर्व पिछड़ा वर्ग समाज को विश्वास में लेकर उसमे हमारी भागीदारी सुनिश्चित की जाए। अन्यथा इसका खुलकर विरोध किया जायेगा। इस दौरान धाकड़ समाज, साहू समाज, तेली समाज, मरार समाज, शौंडिक समाज, कंवट समाज, सुंडी समाज, >> शेष पृष्ठ 9 पर>

सात सूत्रीय मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

CMYK

कैशलैस चिकित्सा सुविधा की घोषणा का स्वागत : छग टीचर्स एसोसिएशन

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बजट 2026 में कर्मचारियों के लिए घोषित कैशलेस चिकित्सा सुविधा को कर्मचारी संगठनों ने राहत भरा कदम बताया है। छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने इस प्रावधान का स्वागत करते हुए इसे कर्मचारियों के लिए च्चिंता मुक्त स्वास्थ्य सुरक्षाञ्ज की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना है। संगठन ने राज्य सरकार, विशेष रूप से मुख्य मंत्री विष्णु देव साय और वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया है।

छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन जिला कोण्डागांव जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह ने जारी बयान में कहा कि बजट में कैशलेस चिकित्सा का प्रावधान कर्मचारियों के लिए बेहद स्वागतेय है। अब तक कर्मचारियों और उनके परिजनों को इलाज के बाद बिल जमा करने, भुगतान की प्रक्रिया और धनराशि की व्यवस्था को लेकर कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ता था। कैशलेस सुविधा लागू होने से कर्मचारियों को आपात स्थितियों में तत्काल इलाज उपलब्ध कराने में आसानी होगी और आर्थिक तनाव में कमी आएगी। कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु बस्तर विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष कोण्डागांव विधायक सुश्री लता उसेंडी, पर्यावरण एवं जलवायु मंत्री केदार कश्यप, प्रदेश अध्यक्ष भाजपा किरण देव सिंह, सांसद महेश कश्यप एवं भाजपा नाग, विधायक केशकाल नीलकंठ टेकाम सहित बस्तर के सभी जनप्रतिनिधियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

हालांकि, संगठन की ओर से ऋषिदेव सिंह ने बजट में शिक्षकों से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण लंबित मांगों पर निराशा जताते बताया कि 2019 से लम्बित डीए एरियर्स राशि नहीं मिलने पर मायूसी एवं संविलियन से पूर्व की सेवाओं को पेंशन योग्य मान्यता देने का मुद्दा अभी भी लंबित है। इस

2019 से लम्बित डीए एरियर्स राशि नहीं मिलने पर मायूसी

संदर्भ में डब्ल्यूपीएस 5699/2021, कर्ण सिंह बघेल डब्ल्यूपीएस 5655/2021, रामसिंह मरावी डब्ल्यूपीएस 5705/2021 एवं अन्य याचिकाओं का उल्लेख करते हुए ऋषिदेव सिंह ने कहा कि माननीय उच्च न्यायालय ने अपने निर्णयों में स्पष्ट किया है कि संविलियन से पूर्व दी गई दीर्घकालीन सेवाओं को अप्रासंगिक मानकर नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। संगठन के अनुसार, न्यायालय ने सेवा की निरंतरता, किए गए कर्तव्यों की प्रकृति, वेतन का स्रोत, प्रशासनिक नियंत्रण तथा संविधान के अनुच्छेद 14 और 16 के अंतर्गत समानता के सिद्धांतों को ध्यान में रखने की आवश्यकता पर बल दिया है। इन आधारों पर शिक्षकों की मांग है कि संविलियन से पहले की सेवा अवधि को पेंशन गणना में शामिल किया जाए। ऋषिदेव सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर सरकार से सकारात्मक निर्णय की उम्मीद थी, लेकिन बजट में कोई स्पष्ट घोषणा नहीं होने से शिक्षकों में निराशा है। कैशलैस चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन कोण्डागांव जिला अध्यक्ष ऋषिदेव सिंह, जिला सचिव संजय राठौर, प्रदेश महामंत्री चन्द्रकांत ठाकुर, प्रदेश सहसचिव नीलम श्रीवास्तव, अखिलेश राय, जिला अध्यक्ष उपाध्यक्ष नरेश ठाकुर, चन्द्रकांत ठाकुर, सुरेंद्र ठाकुर, सदाराम चतुर्वेदानी, प्रभुलाल केमरो, ब्लॉक अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, रमेश प्रधान, सुकुराम नेताम, रामसिंह मरावी, डुमनलाल मरकाम जिला पदाधिकारी मनोज फिलिप, गुरूदीप छाबड़ा, राजेंद्र पाण्डेय, लखीराम बघेल, अवध किशोर मिश्रा, अनिल कोर्राम, फुलधर देवांगन, इसराद अंसारी, अनुप विश्वास, रामेश्वर राव, अशोक साहू, प्रभाकर सिंह, दंतेश्वरी नायडू, लीना तिवारी, बिंदिया अग्निहोत्री, सुशीला शर्मा, मनोज तिवारी, मोहन बोगा, अमलेश बारले, मायाराम उसरे, लिखेश्वर पाण्डेय, अजित जोसफ, शिशिर दुबे, अरूण नेताम, देशवती कश्यप, दर्शन कौर भाटिया, मालती ध्रुव, साधुराम मरकाम, नोहेश्वर वर्मा सहित अन्य कर्मचारियों ने खुशी जाहिर की।

18 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिका को 1.50 लाख

रानी दुर्गावती योजना से बेटियों को मिलेगा संबल : पायल गुप्ता

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला अध्यक्ष भाजपा महिला मोर्चा एवं नगर पालिका अध्यक्ष पायल गुप्ता दंतेवाड़ा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत राजकीय बजट का स्वागत करते हुए इसे जनहितैषी, विकासोन्मुखी एवं महिला सशक्तिकरण को समर्पित बजट बताया है।

उन्होंने कहा कि इस बजट में महिलाओं से जुड़े सभी महत्वपूर्ण मुद्दों को प्राथमिकता दी गई है। महिला स्वावलंबन, स्वरोजगार, स्वयं सहायता समूहों को प्रोत्साहन, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार, बालिकाओं की शिक्षा, पोषण योजनाओं तथा महिला सुरक्षा के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। यह बजट महिलाओं को आर्थिक रूप से मजबूत बनाने और उन्हें आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है।

पायल गुप्ता ने कहा कि सरकार ने ग्रामीण एवं आदिवासी अंचलों की महिलाओं के विकास पर विशेष ध्यान दिया है, जिससे दंतेवाड़ा जिले की महिलाओं को सीधा लाभ मिलेगा। कौशल विकास योजनाओं, लघु उद्योगों को बढ़ावा, तथा महिला उद्यमियों के लिए आसान ऋण व्यवस्था जैसे प्रावधान सराहनीय हैं।

दंतेवाड़ा के विकास पर जोर देते हुए उन्होंने कहा कि इस बजट में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार, सड़क निर्माण, पेयजल व्यवस्था, स्वच्छता अभियान, शिक्षा संस्थानों के उन्नयन एवं स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। नगर के सर्वांगीण विकास, रोजगार के अवसरों में वृद्धि तथा युवाओं के भविष्य को सुदृढ़ बनाने के लिए यह बजट मील का पत्थर साबित होगा।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट दंतेवाड़ा को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाएगा और महिलाओं, युवाओं एवं आम नागरिकों के जीवन स्तर में सकारात्मक परिवर्तन लाएगा।

अंत में पायल गुप्ता ने राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट च्सबका साथ, सबका विकासञ्ज की भावना को साकार करने वाला है और दंतेवाड़ा जिले के उज्ज्वल भविष्य की नींव मजबूत करेगा।

जिला कांग्रेस कार्यकारिणी की सूची जारी, सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस, संगठन को नए सिरे से धार देने की तैयारी

नारायणपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार एवं संगठन सृजन अभियान के तहत जिला कांग्रेस कमेटी ने कार्यकारिणी का विस्तार करने के लिए नवीन सदस्यों का सूची प्रदेश कांग्रेस कमेटी को सौंपा था, जिसके बाद पीसीसी ने नई कार्यकारिणी की सूची जारी किया है, सत्ता परिवर्तन के बाद कांग्रेस, संगठन को नए सिरे से धार देने की तैयारी में जुटी है। इसी के तहत एआईसीसी की निगरानी में जिला कार्यकारणी की नियुक्ति की गई है।

रायशुमारी के आधार पर नियुक्ति का फैसला

गौरतलब है कि प्रदेश में पहले विधानसभा और बाद में लोकसभा चुनाव में पराजय के बाद कांग्रेस ने संगठन को मजबूती के लिए कार्यकर्ताओं की रायशुमारी व पसंद के आधार पर पदाधिकारियों की नियुक्ति का फैसला किया है। इसी के तहत संगठन सृजन अभियान चलाया गया है। इसके पहले चरण में कार्यकर्ताओं से लंबी मंत्रणा और महीने भर में मंथन की कवायद के बाद जिला अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। इसके बाद इसी तरह की कवायद प्रदेश स्तर पर कर ब्लाक अध्यक्षों की नियुक्ति की गई है। अध्यक्षों की नियुक्ति के बाद अब इन संगठनों के विस्तार कीया गया है। संगठन के सभी महत्वपूर्ण पदों के लिए नामो की घोषणा किया गया है।

वंचित नेता किए एडजस्ट

बताया जा रहा है कि पिछले दिनों में जो कार्यकर्ता विपक्ष की भूमिका में सड़कों पर सक्रिय रहे हैं, उन्हें प्राथमिकता दिया गया है। वहीं जिला अध्यक्ष और ब्लॉक अध्यक्ष पदों के लिए जिन्होंने मजबूती से दावेदारी पेश की थी, लेकिन किन्हीं कारणों से पद नहीं पा सके, उन्हें जिला कार्यकारिणी में महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दिया गया है। बताया जा रहा है कि वरिष्ठ नेताओं और पूर्व विधायक के साथ समन्वय कर नामों का चयन किया गया है।

प्रधानमंत्री धन-धान्य कृषि योजना

कलेक्टर ने कृषि, उद्यानिकी सहित अन्य विभागों के फील्ड अधिकारियों की बैठक

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के भवन के सभाकक्ष में आज कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव ने प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना के तहत कृषि, उद्यानिकी,मत्स्य,पशुधन सहित अन्य संबंधित विभागों के मैदानी अधिकारी-कर्मचारियों की आवश्यक बैठक ली गई। बैठक में कलेक्टर श्री ध्रुव ने सभी विभागों से योजना के संदर्भ में उन्हें दिये लक्ष्यों की पूर्ति तथा लक्ष्य पूर्ति में आ रही समस्याओं के बारे में जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि आगामी खरीफ सीजन से के पूर्व कार्ययोजना तैयार कर लेवें ताकि मानसून के आगमन के साथ ही आवश्यक कार्य त्वरित किया जा सके। अभी से ही हम लक्ष्य की पूर्व तैयारी सुनिश्चित कर लेवें तो आगामी वर्ष तक हम योजना के तहत उत्साह जनक प्रगति को प्राप्त कर सकेंगे।

आगामी सीजन के लिए पूर्व तैयारी करने का लक्ष्य दिया कलेक्टर ने

इसके साथ ही उन्होंने कृषि विभाग को एग्रीस्टेक पंजीयन शत प्रतिशत किये जाने, धान के अलावा फसलों के क्षेत्र विस्तार, बीआरसी सेंटर में जैविक सामग्री उत्पादन, उद्यानिकी विभाग के अन्तर्गत नये नर्सरी विकसित किये जाने,सब्जी क्षेत्र विस्तार को बढ़ाने, मल्चिंग क्षेत्र विस्तार, शेड नेट निर्माण के साथ-साथ प्रधानमंत्री धन धान्य योजना के अन्तर्गत प्रकरणों में वृद्धि करने के निर्देश दिए। उन्होंने यह भी कहा कि आयल पॉम क्षेत्र विस्तार हेतु प्रत्येक मैदानी कर्मचारी जून-जुलाई से पूर्व कम-कम 1 हजार हेक्टेयर भूमि, जल आपूर्ति युक्त क्षेत्र का चिन्हांकन करने के साथ किसानों को मोबिलाइज करें। इस क्रम में पशुधन विकास विभाग को भी डेयरी उत्पादन हेतु हितग्राहियों का चिन्हांकन एवं दुग्ध उत्पादन और आपूर्ति सम्भावना क्षेत्रों के लिए कार्ययोजना समय पूर्व तैयार करें। इसके साथ ही कलेक्टर ने आगामी बैठक तक दिए गए निर्देशों के परिपालन के संबंध में पर्याप्त कार्यवाही करने को भी कहा। बैठक के दौरान उप संचालक कृषि सूरज पंसारी, उद्यानिकी विभाग सहायक संचालक श्री मीना मंडावी, उप संचालक पशुधन विकास डॉ श्यामा मालवीय सहित मैदानी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

आर्ट्स और कॉमर्स के विद्यार्थियों ने भी बनाए विज्ञान के मॉडल

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय विज्ञान दिवस के उपलक्ष्य में मंगलवार को शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में विभिन्न रचनात्मक स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। इसमें विज्ञान के अलावा आर्ट्स और कॉमर्स, एमबीए, एमसीए के विद्यार्थियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और साइंस व टेक्नोलॉजी से जुड़े अपने विचारों को कार्यशील मॉडल, पोस्टर और आकर्षक रंगोली के रूप में प्रस्तुत किए। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने विज्ञान विषयों के 19 पोस्टर बनाए। साठ स्टूडेंट ने तेरह ग्रुपों में सूचनात्मक रंगोली बनाए। साथ ही विद्यार्थियों ने विज्ञान और तकनीक के प्रयोगों पर आधारित दो मॉडल भी प्रस्तुत किए। स्पर्धा में प्रतिभागी विद्यार्थियों को इको साइंस, डिजिटल इंडिया व एआई, वुमन इन स्पेस, रोल ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी इन एजुकेशन एवं वुमन इन बायोसाइंस एंड हेल्थकेयर टॉपिक दिया गया था।

जगरगुण्डा बनेगा 'एजुकेशन सिटी' बस्तर के भविष्य को नई दिशा : भदौरिया

सुकमा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ राज्य के बजट 2026-27 में सुकमा जिले के जगरगुड़ा को च्एजुकेशन सिटीञ्ज के रूप में विकसित करने की घोषणा को ऐतिहासिक निर्णय बताते हुए सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय,वित्त मंत्री ओपी चौधरी,प्रभारी मंत्री केदार कश्यप एवं बस्तर सांसद महेश कश्यप के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि जगरगुड़ा जैसे दूरस्थ और पूर्व नक्सल प्रभावित क्षेत्र में एजुकेशन सिटी की स्थापना का निर्णय बस्तर अंचल के लिए मील का पत्थर साबित होगा। इससे स्थानीय विद्यार्थियों को उच्च गुणवत्ता वाली शिक्षा अपने ही जिले में उपलब्ध हो सकेगी, जिससे उन्हें बड़े शहरों की ओर पलायन नहीं करना पड़ेगा। श्री भदौरिया ने कहा कि प्रस्तावित एजुकेशन सिटी के अंतर्गत विद्यालय, महाविद्यालय, तकनीकी संस्थान तथा कौशल विकास केंद्रों की स्थापना का मार्ग प्रशस्त होगा। इससे क्षेत्र के युवाओं को रोजगारोन्मुखी एवं व्यावसायिक शिक्षा प्राप्त करने के अवसर मिलेंगे और वे आत्मनिर्भर बन सकेंगे। सांसद प्रतिनिधि अरुण सिंह भदौरिया ने कहा कि यह पहल न केवल शिक्षा क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव लाएगी, बल्कि स्थानीय अर्थव्यवस्था को भी मजबूती प्रदान करेगी। शिक्षा संस्थानों की स्थापना से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे, जिससे क्षेत्र में विकास की गति तेज होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार बस्तर के समग्र विकास के लिए प्रतिबद्ध है। बजट में जगरगुड़ा को एजुकेशन हब के रूप में विकसित करने की घोषणा इस प्रतिबद्धता का स्पष्ट प्रमाण है। उन्होंने प्रदेश सरकार एवं सभी जनप्रतिनिधियों का आभार जताते हुए कहा कि यह निर्णय सुकमा जिले के उज्ज्वल भविष्य की दिशा में एक ठोस और दूरदर्शी कदम है, जो आने वाले वर्षों में शिक्षा, शांति और रोजगार के नए आयाम स्थापित करेगा।

कलेक्टर ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक में दिए सख्त निर्देश

जगदलपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर आकाश छिकारा ने मंगलवार की शाम जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा बैठक ली। उन्होंने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों तथा विभिन्न योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की। बैठक में स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता और संस्थागत व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री छिकारा ने स्वास्थ्य केंद्रों की रात्रि काल में उपचार एवं स्वास्थ्य सेवाओं की जांच के लिए स्वास्थ्य विभाग के सभी अधिकारियों को रात्रि में निरीक्षण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के अंतर्गत गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, सभी स्वास्थ्य संस्थाओं में एएनसी जांच एवं संस्थागत प्रसव सुविधाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। उन्होंने जिन स्वास्थ्य केंद्रों में संस्थागत प्रसव की औसत 5 से कम होने की स्थिति में, वहां के संबंधित ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर को नोटिस जारी करने को कहा और खराब प्रदर्शन वाले प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ की ड्यूटी जिला अस्पताल में रोस्टर के अनुसार लगाने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्रों में पेयजल समस्या के समाधान पर जोर देते हुए प्रसव सेवाएं सुनिश्चित करने को कहा। बैठक में कलेक्टर ने मातृ- शिशु मृत्यु दर की पृथक से विस्तृत समीक्षा रिपोर्ट प्रस्तुत करने तथा स्टील बर्थ के प्रत्येक प्रकरण की जांच के निर्देश दिए। सर्वेक्षण सूची के आधार पर सभी बच्चों का टीकाकरण पूर्ण करने तथा जिला अस्पताल एवं मेडिकल कालेज में बीसीजी का शत-प्रतिशत टीकाकरण

मातृ-शिशु स्वास्थ्य व टीकाकरण पर विशेष जोर

कवरेज सुनिश्चित करने कहा गया।

कलेक्टर ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों के अंतर्गत टीबी, हायपर टेंशन, मानसिक स्वास्थ्य और जापानी इंसेफेलाइटिस के लिए एक्टिव सर्विलांस, डेंगू के पीक सीजन में व्यापक जागरूकता अभियान चलाने तथा सूअरपालन वाले क्षेत्रों में जापानी इंसेफेलाइटिस रोकथाम हेतु विशेष सतर्कता बरतने को कहा। टेलीमेडिसिन सेवाओं के विस्तार हेतु ई-संजीवनी के माध्यम से जिला अस्पताल स्तर पर प्रमुख सेवाएं शुरू करने तथा एआरवी रजिस्टर के सुव्यवस्थित संधारण पर बल दिया गया।

अस्पतालों में आयुष्मान कार्ड ब्लॉकिंग में संस्था स्तर पर शत प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर नियमित ब्लॉकिंग तथा डे-केयर पैकेज की ब्लॉकिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। बैठक में एनक्यूएएस सर्टिफिकेशन के तहत जून माह तक प्रत्येक ब्लॉक में 02 नए पीएचसी और 05 एसएचसी तैयार करने, वय वंदन योजना के शेष हितग्राहियों के कार्ड समयबद्ध बनाने, एनसीडी स्क्रीनिंग का लक्ष्य पूर्ण करने तथा अस्पतालों में दवाइयों के ऑनलाइन-ऑफलाइन स्टॉक का शत प्रतिशत मिलान करने के निर्देश दिए। बैठक में विभागीय अधिकारियों ने विभिन्न राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रमों की प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की। बैठक में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ संजय बसाक, सिविल सर्जन डॉ संजय प्रसाद, डीपीएम रीना लक्ष्मी सहित सभी ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, बीपीएम, शाखा प्रभारी सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

प्रादेशिकी का शेष...

विकसित भारत 2047 की ओर...

के निर्माण हेतु 42 करोड़ रुपये निर्धारित किए गए हैं। सूर्य घर योजना के लिए 400 करोड़ रुपये अतिरिक्त रखे गए हैं।

छत्तीसगढ़ संकल्प बजट बस्तर...

बस्तर नेट परियोजना हेतु 5 करोड़ की स्वीकृति, अबूझमाड़ व जगरगुण्डा में दो नये एजुकेशन सिटी का निर्माण, बस्तर की सुरक्षा व विश्वास की ओर एक और बड़ी पहल करते हुये 1500 बस्तर फाइटर्स पदों का सृजन, जगदलपुर के महादेव घाट में बैराज निर्माण के लिये 100 करोड़ का प्रावधान करने का ऐतिहासिक निर्णय लिया गया है। जो बस्तर के उज्ज्वल, सशक्त और विकसित भविष्य का मार्ग बनेगा। श्री पाण्डेय ने कहा कि यह बजट बस्तर को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने व बस्तर के युवाओं, महिलाओं, किसानों, वनवासियों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने की दिशा में बड़ा कदम है। भाजपा जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में प्रस्तुत यह संकल्प बजट प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारण्टी को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को विकास की ऊंचाईयों में पहुँचाते हुये 2047 तक विकसित राज्य बनाने की दिशा में एक सशक्त पहल है। श्री पाण्डेय ने मुख्यमंत्री श्री साय को छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप संकल्प बजट के लिये बधाई व शुभकामनाएँ प्रेषित की है।

बस्तर के नवाचार देख उत्साहित...

और स्थानीय मंडियों के माध्यम से सीधे बाजार से जुड़कर बेहतर मूल्य प्राप्त करने की रणनीति भी साझा की गई। बस्तर की दीदियों के द्वारा बुक्स ऑफ रिकॉर्ड के सटीक संधारण और उनके आत्मविश्वास ने आगंतुक दल के भीतर एक नया उत्साह भर दिया। 24 से 25 फरवरी तक आयोजित यह दो दिवसीय दौरा न केवल ज्ञानवर्धन का माध्यम बना, बल्कि दो अलग-अलग जिलों के महिला समूहों के बीच तकनीकी कौशल और अनुभवों को साझा करने का एक सशक्त मंच भी साबित हुआ। इस पूरी यात्रा ने प्रतिभागियों को यह विश्वास दिलाया कि समेकित खेती और आधुनिक मार्केटिंग के तालमेल से ग्रामीण जीवन में आर्थिक समृद्धि के नए द्वार खोले जा सकते हैं।

पिछड़ा वर्ग समाज के प्रतिनिधि...

कलार समाज, धोबी समाज, मरार समाज, कुम्हार समाज, बैरागी समाज, कुर्मी समाज, लोहार समाज, कोस्टा देवांगन समाज, लोहार समाज, सोनार समाज आदि के समाज प्रमुख गण उपस्थित थे।

जनगणना की तैयारी तेज 1 से 30 मई तक होगा पूर्ण डिजिटल मकान सूचीकरण

बीजापुर, 25 फरवरी। आगामी जनगणना-2027 के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियाँ तेज कर दी हैं। शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी संबित मिश्रा के मार्गदर्शन में कलेक्टोरेट के इन्द्रावती सभाकक्ष में दो दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण में जनगणना कार्य से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों को तकनीकी, प्रशासनिक एवं विधिक पहलुओं की विस्तृत जानकारी दी गई।

राष्ट्रीय महत्व का दायित्व: कलेक्टर- कलेक्टर मिश्रा ने जनगणना को राष्ट्रीय महत्व का दायित्व बताते हुए कहा कि यह केवल आंकड़ों का संकलन नहीं, बल्कि भविष्य की विकास योजनाओं की आधारशिला है।

उन्होंने निर्देश दिए कि- प्रशिक्षण को गंभीरता से लिया जाए। मैदानी कार्य में पारदर्शिता, सावधानी और प्रतिबद्धता सुनिश्चित की जाए। एक भी व्यक्ति या परिवार गणना से वंचित न रहे, क्योंकि त्रुटिपूर्ण आंकड़े विकास योजनाओं को प्रभावित कर सकते हैं।

दो चरणों में होगी जनगणना-2027- प्रशिक्षण में बताया गया कि जनगणना-2027 दो चरणों में संपन्न होगी प्रथम चरण- 1 से 30 मई 2026, मकान सूचीकरण (हाउस लिस्टिंग ऑपरेशन) प्रत्येक भवन एवं मकान का पूर्णत: डिजिटल माध्यम से सूचीकरण, द्वितीय चरण: जनसंख्या गणना प्रत्येक व्यक्ति की जनसांख्यिकीय एवं अन्य आवश्यक जानकारी का संकलन पूरी प्रक्रिया होगी डिजिटल, राज्य मास्टर ट्रेनर ने बताया कि इस बार संपूर्ण प्रक्रिया जनगणना प्रबंधन पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से संचालित की जाएगी। इससे डेटा की शुद्धता, पारदर्शिता, त्वरित विश्लेषण सुनिश्चित होगा।

जनगणना निदेशालय द्वारा तहसीलवार सॉफ्ट फाइल उपलब्ध कराई जाएगी, जिसमें राजस्व ग्राम एवं नगरीय क्षेत्रों को पूर्व सत्यापित मानचित्र के अनुरूप दर्शाया गया है। तहसील स्तर पर सूक्ष्म परीक्षण के बाद आवश्यक संशोधन कर अद्यतन जानकारी भेजी जाएगी।

प्रशिक्षण में इन विषयों पर हुआ मंथन- सपोर्टिव सुपरविजन, स्व.गणना प्रक्रिया, उत्तरदाता की भूमिका प्रगणक एवं पर्यवेक्षक के दायित्व, डेटा नैतिकता, गोपनीयता एवं सुरक्षा, मोबाइल एवं वेब एप से संबंधित समस्याओं का निराकरण, समय-सीमा का पालन एवं जनशक्ति प्रबंधन, सीएमएमएस मॉड्यूल, उपयोगकर्ता पंजीकरण एवं एचएलओ प्रबंधन, प्रशिक्षण के दौरान पीपीटी प्रस्तुतीकरण के माध्यम से तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया तथा उपस्थित चार्ज अधिकारियों की शंकाओं का समाधान किया गया। इस अवसर पर राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर सहित सभी अनुभागों के एसडीएम उपस्थित थे।

जिला प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे जनगणना कार्य में सहयोग करें और सही एवं सटीक जानकारी उपलब्ध कराकर विकास की इस महत्वपूर्ण प्रक्रिया को सफल बनाएं।

छग शासन का बजट दंतेवाड़ा क्षेत्र के लिए विकास की नई सौगात : राजेश कश्यप

दंतेवाड़ा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026 का बजट मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व एवं वित्त मंत्री ओ.पी. चौधरी के मार्गदर्शन में प्रदेश के संतुलित एवं समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक कदम है। जिला मीडिया प्रभारी दंतेवाड़ा राजेश कश्यप ने कहा कि इस बजट में दंतेवाड़ा क्षेत्र एवं बस्तर संभाग के समग्र विकास के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं। क्षेत्र में सड़क निर्माण एवं उन्नयन कार्यों के लिए विशेष राशि स्वीकृत की गई है, जिससे दूरस्थ ग्रामों को मुख्य मार्गों से जोड़ा जाएगा। शिक्षा के क्षेत्र में नवीन विद्यालय भवन, छात्रावास एवं डिजिटल शिक्षा सुविधाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है। स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने हेतु जिला अस्पताल के उन्नयन, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में संसाधनों की वृद्धि तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति हेतु बजट प्रावधान किए गए हैं। कृषि एवं सिंचाई के लिए लघु सिंचाई योजनाओं, नलकूप निर्माण तथा किसानों को आधुनिक कृषि उपकरणों पर अनुदान देने की व्यवस्था की गई है। युवाओं के कौशल विकास एवं स्वरोजगार को बढ़ावा देने के लिए प्रशिक्षण केंद्रों एवं रोजगारपरक योजनाओं का विस्तार किया जाएगा। भारतीय जनता पार्टी संगठन ने इस जनहितैषी एवं विकासोन्मुख बजट का स्वागत करते हुए कहा है कि यह बजट अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुँचाने का कार्य करेगा। भाजपा संगठन का विश्वास है कि दंतेवाड़ा क्षेत्र में अधोसंरचना, शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। राजेश कश्यप ने कहा कि यह बजट आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा तथा दंतेवाड़ा सहित पूरे प्रदेश में विकास और खुशहाली का मार्ग प्रशस्त करेगा।

ज्ञान–गति की दुर्गति के बाद अब संकल्प का नया जुमला

साय सरकार के बजट पर संतराम नेताम का प्रहार

फरसगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में साय सरकार द्वारा पेश किए गए वित्तीय वर्ष 2026–27 के बजट पर विपक्ष ने तीखा हमला बोला है। पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष संतराम नेताम ने बजट की कड़े शब्दों में आलोचना करते हुए इसे झूठ का पुलिंदा और भ्रष्टाचार का दस्तावेज करार दिया है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा कि यह बजट आम जनता के कल्याण का नहीं, बल्कि च्शब्दों के मायाजालज् में फंसाकर संसाधनों की लूट का संकल्प है।

जुमलों की पतंग काटेगी जनता

संतराम नेताम ने सरकार की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए कहा कि पहले गति बजट आया जिसका परिणाम शून्य रहा, फिर ज्ञान का बजट आया जो अज्ञान साबित हुआ और अब सरकार च्संकल्पज् का नया जुमला लेकर आई है। उन्होंने चेतावनी भरे लहजे में कहा, च्सरकार जुमलों की पतंग उड़ा रही है, लेकिन प्रदेश की जनता जल्द ही इस पतंग को काट देगी।ज्

बजट के मुख्य बिंदु जिन पर नेताम ने घेरा

बस्तर की अनदेखी– नेताम ने आरोप लगाया कि पिछले एक साल से बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक तक नहीं हुई है। 1.72 लाख करोड़ के भारी–भरकम बजट में बस्तर के लिए मात्र 50 करोड़ का प्रावधान क्षेत्र के साथ मजाक है।

रोजगार और शिक्षा पर सन्नाटा– उन्होंने कहा कि बजट में नए रोजगार सृजन के लिए कोई ठोस रोडमैप नहीं है। अनियमित और संविदा कर्मचारियों के नियमितीकरण का वादा एक बार फिर हवा हवाई साबित हुआ।

खोखली घोषणाएं– मुख्यमंत्री बस योजना के लिए मात्र 10 करोड़ रुपये का आवंटन सरकार की गंभीरता की कमी को दर्शाता है।

स्वास्थ्य सेवा पर संकट– आयुष्मान भारत के लिए आवंटित 1500 करोड़ रुपये को उन्होंने अपर्याप्त बताया, यह कहते हुए कि यह राशि तो अस्पतालों की पुरानी उधारी चुकाने के लिए भी कम पड़ेगी।

हम दो, हमारे दो की नीति का आरोप

पूर्व उपाध्यक्ष ने सरकार की आर्थिक नीति पर कड़ा प्रहार करते हुए कहा कि राज्य की आर्थिक स्थिति जर्जर है। उन्होंने आरोप लगाया कि जन कल्याणकारी मदों में कटौती कर उद्योग विभाग का बजट तीन गुना करना यह दर्शाता है कि यह बजट च्हम दो, हमारे दो की तर्ज पर चुनिंदा उद्योगपतियों को लाभ पहुंचाने के लिए तैयार किया गया है।

महिलाओं और गरीबों से वादाखिलाफी

बजट को महिला विरोधी बताते हुए नेताम ने कहा

0 500 रुपए में गैस सिलेंडर के वादे के लिए बजट में कोई प्रावधान नहीं है।

0 रानी दुर्गावती योजना पूरी तरह अस्पष्ट है।

0 रसोइया संघ और महतारी वंदन के अगले चरणों को लेकर सरकार ने चुप्पी साध रखी है।

यह बजट छत्तीसगढ़ की अस्मिता और संसाधनों को कॉर्पोरेट के हाथों में सौंपने की साजिश है। कांग्रेस इस च्अन्यायकारीज् बजट के खिलाफ सदन से लेकर सड़क तक उग्र आंदोलन करेगी।

— **संतराम नेताम**
पूर्व विधानसभा उपाध्यक्ष

फरसगांव में तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला

फरसगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ माने जाने वाले च्हरा सोनाज् यानी तेंदूपत्ता के बेहतर उत्पादन और गुणवत्ता सुधार के लिए बुधवार, 25 फरवरी 2026 को एक महत्वपूर्ण पहल की गई। वन मंडल केशकाल के अंतर्गत निस्तार डिपो फरसगांव में जिला स्तरीय च्तेंदूपत्ता शाखकर्तन (बूटा कटाई)ज् कार्यशाला का भव्य आयोजन हुआ, जिसमें विशेषज्ञों ने ग्रामीणों को उन्नत तकनीक के गुर सिखाए।

प्रमुख अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति

इस राज्य स्तरीय महत्व की कार्यशाला में मुख्य अतिथि के रूप में छत्तीसगढ़ राज्य लघु वनोपज संघ रायपुर के अध्यक्ष रूपसाय सलाम उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता केशकाल की वनमंडलाधिकारी एवं प्रबंध संचालक दिव्या गौतम ने की। विशिष्ट अतिथियों में नगर पंचायत अध्यक्ष प्रशांत पात्रे, बस्तर संभाग सरपंच संघ अध्यक्ष झाड़ीराम सलाम सहित क्षेत्र के कई जनप्रतिनिधि और समाज प्रमुख शामिल हुए, जिन्होंने इस अभियान को जन–जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

वैज्ञानिक तकनीक से बढ़ेगी पत्तों की गुणवत्ता और ग्रामीणों की आय

वैज्ञानिक पद्धति से होगा बेहतर उत्पादन–

कार्यशाला का मुख्य केंद्र बिंदु तेंदूपत्ता उत्पादन की वैज्ञानिक विधियां रहीं। अधिकारियों ने मैदानी कर्मचारियों औनर ग्रामीणों को प्रशिक्षित करते हुए बताया कि शाखकर्तन (बूटा कटाई) केवल एक प्रक्रिया नहीं, बल्कि पत्तों की गुणवत्ता निर्धारित करने वाला सबसे महत्वपूर्ण चरण है। प्रशिक्षण में धारदार औजारों के सही उपयोग, पौधों को क्षति पहुँचाए बिना संतुलित कटाई और समय सीमा के भीतर कार्य पूर्ण करने के मानक समझाए गए, ताकि बाजार में केशकाल के तेंदूपत्ते की मांग और कीमत दोनों बढ़ सके।

आजीविका सुदृढ़ करने का सशक्त माध्यम –

मुख्य अतिथि रूपसाय सलाम ने अपने संबोधन में जोर देकर कहा कि तेंदूपत्ता संग्रहण सीधे तौर पर वनांचल के लोगों की आजीविका से जुड़ा है। यदि ग्रामीण वैज्ञानिक पद्धति से शाखकर्तन करेंगे, तो न केवल पत्तों की गुणवत्ता बेहतर होगी, बल्कि संग्राहकों को उनकी मेहनत का अधिक लाभांश मिलेगा। उन्होंने इसे क्षेत्र की आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ करने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम बताया।

समन्वय और आभार–

कार्यक्रम में केशकाल और फरसगांव के उप वनमंडलाधिकारी, वन परिक्षेत्राधिकारी, पोषक अधिकारी और बड़ी संख्या में फड़ मुंशी व ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम के समापन पर उप वनमंडलाधिकारी सुषमा जे नेताम ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार प्रकट किया। यह कार्यशाला वनों पर आधारित आजीविका को सशक्त बनाने और रोजगार सृजन की दिशा में वन विभाग की एक दूरगामी पहल के रूप में देखी जा रही है।

कलेक्टर व एसपी ने नवीन बस स्टैंड का किया निरीक्षण

सुचारू संचालन हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के दिए निर्देश

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कोंडागांव कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा ने 24 फरवरी को नवीन बस स्टैंड का निरीक्षण किया और बस स्टैंड के सुचारू संचालन हेतु दिशा निर्देश दिए। उन्होंने वहां यात्रियों की सुविधाओं के लिए पेयजल सहित सभी आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही पुलिस सहायता केंद्र शुरु करने हेतु भी निर्देशित किया। इस अवसर पर एसडीएम अजय उरांव, मुख्य नगर पालिका अधिकारी दिनेश डे सहित पुलिस विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे।

बजट जन विरोधी और पूंजीपरस्त नीतियों का घोषणा पत्र : तिलक

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देस्बन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा 24 फरवरी 2026 को प्रस्तुत बजट को पूर्णत: जन–विरोधी और भाजपा सरकार की पूंजीपरस्त नीतियों को नंगा करने वाला बताते हुए तिलक पांडे सचिव मंडल सदस्य सीपीआई छत्तीसगढ़ राज्य परिषद् ने कहा कि यह बजट किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और युवाओं की पीड़ा को नजरअंदाज कर कॉर्पोरेट घरानों को लूट का हिस्सा बांटने का कागजी खेल मात्र है। कम्युनिस्ट दर्शन के अनुसार, राज्य की संपदा जनता की है, न कि कुछ मुट्ठीभर अमीरों की। यह बजट उस सिद्धांत का अपमान करता है, किसानों–मजदूरों की उपेक्षा करता है। किसानों के लिए कोई न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी नहीं, न ही सिंचाई या बीज सब्सिडी में वृद्धि। मजदूर वर्ग, जो राज्य की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है, उसके लिए न्यूनतम वेतन या पेंशन में कोई प्रावधान नहीं। नक्सल प्रभावित कोण्डागांव जैसे जिलों में विकास योजनाओं की अनदेखी हुई है, सड़कें, स्कूल, अस्पताल सब अधर में लटके हैं। यह बजट पूंजीपत्तियां के हितों को प्राथमिकता देता है, जबकि मार्क्सवादी सिद्धांत श्रमिक वर्ग की मुक्ति पर जोर देता है। कॉर्पोरेट को टैक्स छूट और सब्सिडी देकर जनता का खून चूसने की छूट दी गई है। आदिवासियों और युवाओं पर धोखा– आदिवासी, जो छत्तीसगढ़ की 32 प्रतिषत आबादी हैं, के लिए वन भूमि अधिकार या स्वास्थ्य योजनाओं में कोई ठोस कदम नहीं। कोण्डागांव जैसे आदिवासी बहुल जिलों को नक्सल बहाना बनाकर वंचित रखा गया है। युवाओं को 'रोजगार' के नाम पर खोखले वादे, न सरकारी नौकरियां, न कौशल प्रशिक्षण।

बेरोजगारी दर 20 प्रतिषत से ऊपर होने पर भी बजट चुप्पी साधे है। यह पूंजीवादी शोषण का चरम है, जहां युवा मजदूरी के लिए भटकते हैं और कॉर्पोरेट मुनाफा कमा रहे हैं। कॉर्पोरेट को लाभ, जनता को बोझ– बजट में बड़े उद्योगों को इंफ्रास्ट्रक्चर पैकेज दिए गए हैं, जबकि स्वास्थ्य–शिक्षा पर कटौती। महंगाई, बेरोजगारी और राजकोषीय घाटे को नजरअंदाज कर 'विकास' का ढोंग रचा गया। विपक्षी कांग्रेस ने भी इसे 'फीका और निराशाजनक' बताया है, जो उम्मीदों पर खरा नहीं उतरा। सचिन यादव जैसे नेताओं ने मध्य प्रदेश में इसी तरह की आलोचना की– जनता की समस्याओं की अनदेखी। भाकपा इसे पूंजीपरस्त साजिश मानती है, जो लेनिन के अनुसार, सर्वहारा वर्ग को कुचलने का हथियार है। भाकपा का आह्वान है एकजुट होकर संघर्ष। सीपीआई इस जन–विरोधी बजट का पुरजोर विरोध करेगी। हम किसानों, मजदूरों, आदिवासियों और युवाओं को एकजुट करेंगे और सड़क से सदन तक की लड़ाई लड़ेंगे।

बस्तर संभागायुक्त ने केशकाल में पीएमश्री विद्यालय का किया निरीक्षण

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बस्तर संभागायुक्त डोमन सिंह ने मंगलवार को पीएमश्री विद्यालय केशकाल का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालयीन स्टाफ की बैठक लेकर शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की और संसाधनों की उपलब्धता और आवश्यकता की जानकारी ली। उन्होंने पीएम श्री योजना के निर्धारित मापदंडों के अनुरूप सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने हेतु संबंधित प्राचार्य को निर्देशित किया। साथ ही उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों के रिक्त पदों की पूर्ति जल्द करने हेतु जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया और विद्यार्थियों हेतु कम्प्यूटर की व्यवस्था करने तथा सभी स्टाफ का ऑनलाइन उपस्थिति सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, एसडीएम सुश्री आकांक्षा नायक, जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, डीएमसी ईमल बघेल सहित प्राचार्य और शिक्षकगण उपस्थित रहे।

डीएमएफ मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रिक्त पदों पर आवेदन 18 तक

बीजापुर 25 फरवरी। जिला बीजापुर अंतर्गत पशु चिकित्सा संस्थाओं में सुविधाओं के सुदृढ़ीकरण तथा विभागीय व केन्द्रीय योजनाओं के शत–प्रतिशत क्रियान्वयन सुनिश्चित करने हेतु स्थानीय व्यवस्था के तहत डीएमएफ छ्रख्न मद से सहायक पशु चिकित्सा क्षेत्र अधिकारी के रिक्त पदों की पूर्ति की जाएगी। इस संबंध में पात्र अभ्यर्थियों से मासिक मानदेय आधार पर निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र आमंत्रित किए गए हैं। इच्छुक उम्मीदवारों को अपने शैक्षणिक एवं आवश्यक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित छायाप्रतियों के एक सेट के साथ आवेदन पत्र 18 मार्च को प्रात: 11:00 बजे से सायं 5:30 बजे तक कार्यालय उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं बीजापुर में रजिस्टर्ड डाक अथवा स्पीड पोस्ट के माध्यम से अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। विज्ञापन की प्रति एवं आवेदन पत्र का प्रारूप जिले की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड किया गया है। साथ ही कार्यालय कलेक्टर, जिला बीजापुर, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बीजापुर तथा उपसंचालक पशु चिकित्सा सेवाएं, जिला बीजापुर के सूचना पटल पर भी विज्ञापन एवं आवेदन प्रारूप चस्पा किया गया है। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

आत्मसमर्पित नक्सली को 2 लाख रुपए प्रोत्साहन राशि संवितरण

बीजापुर, 25 फरवरी। कलेक्टर संबित मिश्रा द्वारा छत्तीसगढ़ नक्सलवाद पुनर्वास नीति के तहत आत्मसमर्पित नक्सलियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने हेतु जिले के आत्मसमर्पित नक्सली को 2 लाख रुपए की प्रोत्साहन राशि आहरण एवं संवितरण की स्वीकृति दी गई है।

संकल्प से सिद्धि को समर्पित बजट : विकास

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजयुमो प्रदेश कार्य समिति सदस्य विकास दुआ ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा विधान सभा में प्रस्तुत वर्ष 2026–27 के बजट का स्वागत करते हुए इसे छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं के अनुरूप, दूरदर्शी और राज्य को समृद्ध बनाने वाला ऐतिहासिक दस्तावेज बताया है। विकास दुआ ने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, क्षेत्रीय संतुलन, मजबूत आधारभूत संरचना, मानव संसाधन विकास, अंतिम छोर तक सेवाओं की उपलब्धता तथा राज्य को निवेश के लिए आकर्षक गंतव्य बनाने पर केंद्रित है। बजट राज्य की नीति को प्रदर्शन में, निवेश को परिणामों में और आकांक्षाओं को प्रत्येक नागरिक के लिए उपलब्धियों में बदलने की दृढ़ प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह बजट प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी की 'गारंटी' को पूरा करने और छत्तीसगढ़ को 2047 तक 'विकसित राज्य' बनाने की दिशा में एक सशक्त कदम है। विकास दुआ ने बजट को 'ज्ञान' और 'गति का संगम' और 'विकसित छत्तीसगढ़' का आधार स्तम्भ बताते हुए कहा कि बजट में कृषक उन्नति योजना और सिंचाई परियोजनाओं के लिए किया गया प्रावधान यह सिद्ध करता है कि हमारी सरकार किसानों की खुशहाली के लिए प्रतिबद्ध है। बिना किसी नए कर के राजस्व बढ़ाना और किसानों को समय पर इनपुट सब्सिडी देना प्रशंसनीय है। बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्व रोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है।

'अटल निर्माण वर्ष' के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे।

'महतारी वंदन योजना' के सफल क्रियान्वयन के साथ–साथ महिलाओं के स्व रोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। बजट में सड़क, बिजली और ग्रामीण विकास (गति) के लिए आवंटित भारी भरकम राशि से राज्य के सुदूर वनांचलों तक विकास की किरण पहुँचेगी। विकास दुआ ने विशेष रूप से बस्तर और सरगुजा क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए किए गए विशेष प्रावधानों हेतु मुख्य मंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओ.पी.चौधरी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का लेखा–जोखा नहीं है, बल्कि यह हर छत्तीसगढ़िया के स्वाभिमान और समृद्धि का रोडमैप है। यह अंत्योदय के संकल्प को चरितार्थ करता है।

गांजा तस्करी में 12 साल सश्रम कारावास

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबंधु)। अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघ पुष्पा भतपहरी ने ओड़िशा कोरापुर जिले के अंतर्गत ग्राम वारणीफुट राणाशाही निवासी 25 वर्षीय रंजन खोरा पिता लक्ष्मण खोरा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 31 जुलाई 20 को एनएच 353 पर पिथौरा चौक के पास आने जाने वाले वाहनों को रोककर समझाईश दे रहे थे उसी समय खरियार रोड की ओर से एक स्लेटी कलर का टाटा टीआगो क्रमांक ओडी 10 एन 7574 आया जिसमें एक अपचारी बालक और रंजन खोरा बैठे हुए थे। छग आने के संबंध में पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दे पाए।

बाबा साहेब सेवा संस्था ने मनाया संत गाडगे की जयंती

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बाबा साहेब सेवा संस्था कोण्डागांव कार्यालय में संत गाडगे की छायाचित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित करके उनकी जयंती मनाई गई। इस दौरान उनके द्वारा समाज एवं जनहित में किए गए सद्कार्यों को याद किया गया। बताया गया कि संत गाडगे बाबा (डेबुजी झिंगराजी जानोरकर) का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने अपना पूरा जीवन समाज सुधार, स्वच्छता और शिक्षा के प्रचार–प्रसार में समर्पित कर दिया। उनका यह विचार आज भी उतना ही प्रासंगिक है कि 'शिक्षा और स्वच्छता ही प्रगति का मूल आधार है। 'कोंडागांव जिला क्षेत्र में सामाजिक संस्थाओं द्वारा ऐसे महापुरुषों की जयंती मनाना न केवल उनके योगदान को याद करना है, बल्कि नई पीढ़ी को उनके आदर्शों से जोड़ना भी है। संत गाडगे बाबा के प्रमुख संदेश–स्वच्छता है– वे अपने साथ हमेशा एक झाड़ू रखते थे और गांव–गांव जाकर सफाई करते थे। शिक्षा– उनका मानना था कि यदि खाने के लिए थाली न हो तो हाथ पर खा लो, लेकिन बच्चों को शिक्षित जरूर करो। मानवता की सेवा– भूखों को अन्न देना और लाचारों की मदद करना ही उनकी असली पूजा थी। कार्यक्रम में संस्था के संरक्षक तिलक पांडे, सुदराम मरकाम, बामसेफ जिला अध्यक्ष मन्नाराम नेताम, रमेश पोयाम, मुकेश मार्कंडेय एवं संस्था के अन्य पदाधिकारी व सदस्य उपस्थित रहे।

बच्चों की सुरक्षा सर्वोपरि, अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बीजापुर में की समीक्षा, दिए सशक्त दिशा–निर्देश

बीजापुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। एक दिवसीय प्रवास पर बीजापुर पहुंचीं छत्तीसगढ़ बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने सर्किट हाउस में विभागीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक लेकर जिले में बाल संरक्षण तंत्र के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष बल दिया।

बैठक के दौरान उन्होंने बालक एवं बालिका गृह में दर्ज बच्चों की अद्यतन जानकारी लेते हुए उनके रहन–सहन, खान–पान, स्वास्थ्य सुविधाओं एवं सुरक्षा व्यवस्था की विस्तार से समीक्षा की। हेल्पलाइन के व्यापक प्रचार के निर्देश– अध्यक्ष डॉ. शर्मा ने चाइल्ड हेल्पलाइन, काउंसलर, अधीक्षक एवं संबंधित अधिकारियों से संस्था संचालन की स्थिति एवं सामने आ रही कठिनाइयों की जानकारी ली।

उन्होंने निर्देश दिए कि चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जाए। सार्वजनिक स्थलों पर हेल्पलाइन नंबर का स्पष्ट प्रदर्शन हो। प्रत्येक थाना में बाल कल्याण अधिकारी का नाम एवं संपर्क नंबर अंकित किया जाए। बच्चों को बिना किसी भय या दबाव के अपनी समस्या बताने के लिए जागरूक किया जाए।

नशामुक्ति एवं काउंसलिंग पर जोर– बैठक में बच्चों को नशामुक्त करने के लिए विशेष अभियान चलाने तथा नशे के दुष्प्रभावों से बचाने के लिए काउंसलिंग और समुचित उपचार उपलब्ध कराने पर बल दिया गया। अध्यक्ष ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को किशोर न्याय अधिनियम तथा पॉक्सो एक्ट का गहन अध्ययन करने की समझाइश देते हुए कहा कि विधिक प्रावधानों की सही जानकारी से ही बच्चों के अधिकारों की प्रभावी सुरक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। संवेदनशीलता और समन्वय से मजबूत होगा तंत्र– डॉ. शर्मा ने कहा कि बच्चों की सुरक्षा और संरक्षण समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। सभी विभागों के समन्वय, संवेदनशीलता और सक्रियता से ही बाल संरक्षण तंत्र को मजबूत बनाया जा सकता है। बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने आश्वस्त किया कि आयोग के दिशा–निर्देशों का गंभीरता से पालन करते हुए जिले में बाल अधिकारों की सुरक्षा को और सुदृढ़ बनाया जाएगा।

राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष ने जिले का किया दौरा

कोण्डागांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य मानवाधिकार आयोग के कार्यवाहक अध्यक्ष गिरिधारी नायक ने 24 फरवरी को कोंडागांव जिले के प्रवास के दौरान जिला अस्पताल और छात्रावास का निरीक्षण करने के साथ ही बैठक लेकर महिला सुरक्षा, बाल सुरक्षा एवं उनके अधिकार के संरक्षण तथा वरिष्ठ नागरिकों के अधिकार से संबंधित प्रकरणों का प्राथमिकता के साथ निराकरण के निर्देश दिए। बैठक में निर्धारित एजेंडवार जानकारी कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और एसपी पंकज चंद्रा द्वारा दी गई। साथ ही उन्होंने निर्धारित बिंदुओं पर समीक्षा करते हुए संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

आयोग अध्यक्ष ने सहायक आयुक्त आदिवासी विकास से आश्रम–छात्रावास भवन एवं शौचालय की स्थिति की जानकारी लेकर वहां निवासरत विद्यार्थियों की निर्धारित संख्यानुसार शौचालय की पर्याप्त व्यवस्था करने, जिले में अनाथ बच्चों का सर्वे कराकर उनके बेहतर देखभाल व शिक्षा के लिए बाल गृह में प्रवेश दिलाने एवं लंबित पेंशन प्रकरणों की समीक्षा कर पेंशन प्रकरणों को समय पर निराकरण करने हेतु निर्देशित किया। शिक्षा विभाग से जिले के जर्जर विद्यालय भवनों की स्थिति और एकल शिक्षकीय विद्यालयों की जानकारी ली। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को कुष्ठ रोग की जांच, निदान और जागरूकता के निर्देश दिए। जिले में डॉग बाइट के प्रकरण की जानकारी लेकर इसके नियंत्रण हेतु आवश्यक उपाय और अस्पतालों में एंटी रैबीज की उपलब्धता सुनिश्चित करने को कहा।

■ बैठक में महिलाओं, बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों को सुरक्षा को लेकर दिए निर्देश
■ जिला अस्पताल और छात्रावास का किया निरीक्षण

जिला अस्पताल और छात्रावास का निरीक्षण

बैठक से पहले छत्तीसगढ़ राज्य मानवाधिकार आयोग अध्यक्ष श्री नायक ने जिला चिकित्सालय व छात्रावास का भी आकस्मिक निरीक्षण करके वहां की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस क्रम में विभिन्न वार्डों, लेबर वार्ड, एसएनसीयू और पोषण पुनर्वास केंद्र का अवलोकन कर उपलब्ध स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी लिया। इसके बाद उन्होंने कन्या छात्रावास का निरीक्षण कर छात्राओं से संवाद किया और पढ़ाई के साथ छात्रावास में मिल रही सुविधा के बारे में जानकारी लेकर छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के बाद जहां भी रहें वहां कार्य के निर्वहन के साथ–साथ समाज के प्रति भी जिम्मेदारी निभाएं, पर्यावरण संरक्षण की दिशा में भी योगदान दें। आंगन बाड़ी जुगानीकलार का निरीक्षण कर बच्चों के पोषण और अन्य गतिविधियों की जानकारी ली। इसके अलावा पुलिस थाना फ़रसगांव का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

इस दौरान आयोग के संयुक्त सचिव संजय अग्रवाल, डीएसपी माया असवाल और आयोग की टीम सहित अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, एसडीएम अजय उरांव, अतिरिक पुलिस अधीक्षक कपिल चंद्रा, एसडी ओपी अभिनव उपाध्यक्ष सहित पुलिस विभाग एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

कैपिटल ज़ोन

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था।
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

संपादकीय

सड़क बनाने को लेकर न्यायसंगत दृष्टि जरूरी

सड़कों को लेकर रोज बवाल खड़ा हो रहा है । सड़कें अच्छी साफ सुथरी चमचमाती मिले तो उसका आनंद ही अलग होता है। पर ऐसी नसीब तो प्राय: उन्हीं लोगों को मिलती है जिन्हें वीआईपी में गिने जाते हैं और इसे जनता की कमजोरी कहिए या उनका नसीब, जनता अपने हक के मामले में हमेशा पीछे रह जाती है। लोगों में इस बात को लेकर हमेशा निराशा बनी रहती है कि उनके इलाके की सड़क पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और साहब, अफसर, मंत्री, विधायकों की तरफ की सड़कों में डामर ऊपर डामर चढ़ रही है। सरकार के लिए सब एक समान होना चाहिए और सभी को सुविधाएं भी एक समान मिलनी चाहिए। यह देखा जाता है कि नगर निगम जर्जर सड़कों को नहीं बनाता उल्टे उन सड़कों को बनाए जाता है जिनकी हालत अच्छी है और उस पर अभी दो-तीन साल काम की जरूरत ही नहीं है। रायपुर में ही अगर आप एक छोर से दूसरे छोर निकल जाएंगे तो यह बात पूरी तरह दिखाई देगी। जिधर वीआईपी कल्चर पलती है उधर की सड़कें चकाचक है और जिधर आम लोग जीवन बसर कर रहें हैं उधर की सड़कें जर्जर है और कोई सुध लेने भी नहीं आता। भाटागांव जाएं तो व्हीकल तो क्या पैदल चलना भी मुमकिन नहीं होता। इतने धूल, गुबार और आड़े-टेढ़े गड्ढे वाली सड़कें दिन भर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है। अभी इस पर पिछले महीने से कुछ काम शुरू होते दिखा है पर पूरा बन जाए तभी समझ आयेगा। पुरानी बस्ती, टिकरापारा, संतोषी नगर, प्रोफेसर कालोनी, कमल विहार की तरफ सड़क की हालत खराब है। कुछ एरिया में तो बहुत ही खराब है। बच्चों को सायकल में स्कूल जाने में भी बड़ी परेशानी होती है जबकि सिविल लाइन, खमतराई, गुरुद्वारा के पीछे नहरपारा की सड़कें अभी अच्छी हैं बावजूद उधर की सड़कें बनाई जा रही है। सरकार को इससे केवल आलोचना का विषय बनना पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि जिधर की सड़कें खराब हो उधर पहले प्राथमिकता दी जाए ताकि सभी लोगों को सुविधा मिले और परेशानी से बच सकें। आखिर उधर पैसे खर्च करने से क्या फायदा जिधर सड़कें अच्छी हो। अच्छी सड़कों पर फिर डामर लेयर लगाकर केवल पैसों की बर्बादी करते हैं अगर वही पैसा खराब सड़कों को बनाने में लग जाए तो दुखी जनता सुखी हो जाएगी। जन प्रतिनिधियों का भी यही काम है कि वे दुखी जनता का ध्यान रखे। उनको वह सुविधा मिले जो वीआईपी लोगों को मिल रहा है। हमारा समाज समतामूलक समाज है और सुख दुख में सभी की समान भागीदारी होनी चाहिए। कुछ वर्ग को विशेष सुविधा और कुछ के साथ कोई सुविधा नहीं तो यह न्यायसंगत नहीं होगा।

फिल्म सिटी के लिए 1500 पेड़ों की कटाई का कांग्रेस ने किया विरोध

गड्ढों में उतरकर किया प्रदर्शन

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के नवा रायपुर स्थित तूता क्षेत्र में प्रस्तावित चित्रोत्पला फिल्म सिटी के निर्माण को लेकर विरोध तेज हो गया है। फिल्म सिटी के लिए करीब 1500 पेड़ों की कटाई के निर्णय के खिलाफ कांग्रेस ने बुधवार को अनोखा प्रदर्शन किया। पर्यावरण संरक्षण की मांग को लेकर कांग्रेस नेता और कार्यकर्ता निर्माण स्थल पर खोदे गए गड्ढों में उतर गए और सरकार के फैसले के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने कहा कि नवा रायपुर को एक च्ग्रीन सिटीज्‍ के रूप में विकसित किया गया है और यहां बड़ी संख्या में परिपक्व पेड़ों की मौजूदगी इसकी पहचान रही है। उनका आरोप है कि एक साथ 1500 पेड़ों की कटाई से न केवल स्थानीय पर्यावरण संतुलन बिगड़ेगा, बल्कि तापमान में वृद्धि और जैव विविधता पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ेगा

कांग्रेस नेताओं का कहना है कि तूता क्षेत्र अपनी प्राकृतिक हरियाली और शांत वातावरण के लिए जाना जाता है। ऐसे में यहां बड़े पैमाने पर पेड़ों की कटाई कर कंक्रीट संरचनाएं खड़ी करना पर्यावरणीय दृष्टि से गंभीर चिंता का विषय है। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ता उन स्थानों पर बने गड्ढों में उतर गए, जहां निर्माण कार्य के लिए पेड़ों को हटाया गया है।

कांग्रेस नेता पंकज शर्मा और जिला अध्यक्ष कुमार मेनन ने आरोप लगाया कि सरकार विकास के नाम पर हरियाली का च्कत्लज्‍ कर रही है। उनका कहना है कि किसी भी विकास परियोजना को पर्यावरणीय संतुलन और स्थानीय समुदाय की भावनाओं को ध्यान में रखकर ही आगे बढ़ाया जाना चाहिए।

डॉ. रमन सिंह का कोयंबटूर में हुआ स्लिप डिस्क का ऑपरेशन

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह का कोयंबटूर में स्लिप डिस्क का ऑपरेशन हुआ।डॉक्टर रमन सिंह का आपरेशन सफल रहा।खुद डॉक्टर रमन सिंह ने सोशल मीडिया साइट एक्स पर पोस्ट कर इसकी जानकारी दी।

डॉ. रमन सिंह ने पोस्ट कर कहा कि च्आज तमिलनाडु के कोयंबटूर स्थित हॉस्पिटल में मेरे कमर संबंधी (स्लिप डिस्क) समस्या का ऑपरेशन सफलतापूर्वक पूरा हुआ है और चिकित्सकों के परामर्श अनुरूप मैं स्वास्थ्य लाभ प्राप्त कर रहा हूँ।ऑपरेशन के बाद चिकित्सकीय परामर्श के अनुसार वे कुछ समय तक विश्राम में रहेंगे।

विधानसभा अध्यक्ष की अनुपस्थिति में रहे बजट सत्र का संचालन सभापति तालिका में शामिल पूर्व विस अध्यक्ष रहे धरम लाल कौशिक और विधानसभा उपाध्यक्ष रहें वर्तमान तखतपुर विधायक धर्मजीत सिंह को सौंपी गई है।

संविधान संशोधन विधेयक पर आयोजित जेपीसी की बैठक में शामिल हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। रायपुर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने आज नई दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित संविधान (130वां संशोधन) विधेयक, 2025 पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) की महत्वपूर्ण बैठक में शिरकत की। समिति के सदस्य के रूप में अग्रवाल ने विधेयक के विभिन्न प्रावधानों पर गहन विचार-विमर्श किया और जनहित से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव साझा किए।

बैठक के दौरान अग्रवाल ने जोर देकर कहा कि प्रस्तावित संशोधन का उद्देश्य शासन व्यवस्था में पारदर्शिता लाना और संवैधानिक ढांचे को और अधिक सशक्त बनाना है।

उन्होंने समिति के अन्य सदस्यों के साथ विधेयक के तकनीकी और कानूनी पहलुओं पर चर्चा की, ताकि इसके लागू होने के बाद आम नागरिकों के अधिकारों का पूर्णत: संरक्षण हो सके। अग्रवाल ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के कानून को आधुनिक और प्रभावी बनाने के लिए प्रतिबद्ध है। यह विधेयक उसी दिशा में एक दूरगामी कदम है।

बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि , संविधान का 130वां संशोधन विधेयक देश की भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। जेपीसी की इस बैठक में हमारा प्रयास है कि सभी हितधारकों के हितों का संतुलन बनाया जाए और एक ऐसा प्रारूप तैयार हो जो राष्ट्र निर्माण में सहायक सिद्ध हो।

महंत के निवास पर कांग्रेस नेताओं से मिले दिग्विजय सिंह

विधायकों-पार्टी पदाधिकारियों से चर्चा

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)।मध्यप्रदेश के पूर्व स दिग्विजय सिंह बुधवार को नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत के निवास पहुंचे। उनसे मिलने डॉ. महंत के निवास पर कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं का जमावड़ा लग गया।

दिग्विजय सिंह का स्वागत कोरबा सांसद ज्योत्सना महंत एवं डॉ. महंत के पुत्र सूरज महंत ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। मुलाकात के दौरान प्रदेश की राजनीतिक परिस्थितियों और संगठनात्मक मुद्दों पर चर्चा होने की जानकारी मिली है।

इस अवसर पर दीपक बैज, भूपेश बघेल, टी.एस. सिंहदेव, सत्यनारायण शर्मा, धनेंद्र साहू, पूर्व सांसद गंगा पोटाई, जयसिंह अग्रवाल, विधायक कवासी लखमा, उमेश पटेल, अटल श्रीवास्तव सहित अनेक वरिष्ठ नेता मौजूद थे।

स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने पीएचई प्रतिबद्ध : अरुण साव

- उप मुख्यमंत्री ने केमिस्ट के पद पर चयनितों को सौंपे नियुक्ति पत्र
- प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली को आधुनिक एवं परिणाममुखी बनाया जाएगा

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग में केमिस्ट के पद पर चयनित युवाओं को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। उन्होंने आज नवा रायपुर में छत्तीसगढ़ विधानसभा परिसर स्थित अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 10 चयनितों को नियुक्ति पत्र सौंपा। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के सचिव मोहम्मद कैसर अब्दुलहक और प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी भी इस दौरान मौजूद थे।

उप मुख्यमंत्री तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी मंत्री अरुण साव ने नव नियुक्त केमिस्टों को संबोधित करते हुए कहा कि केमिस्टों की संख्या बढ़ने से विभागीय जल परीक्षण प्रयोगशालाएं और अधिक सुदृढ़ होंगी तथा मैदानी स्तर पर जल की गुणवत्ता की जांच में सहूलियत होगी। उन्होंने कहा कि प्रदेशवासियों को शुद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण पेयजल उपलब्ध कराना शासन की प्राथमिकता और प्रतिबद्धता है। इन नियुक्तियों से विभाग में तकनीकी रूप से दक्ष मानव संसाधन की संख्या बढ़ी है। श्री साव ने कहा कि पारदर्शी और निष्पक्ष भर्ती प्रक्रिया से प्रदेश के युवाओं में विश्वास और उत्साह बढ़ा है। युवाओं को उनकी मेहनत और प्रतिभा का उचित प्रतिफल मिल रहा है।उन्होंने उम्मीद जताई कि नवनियुक्त सभी केमिस्ट पूर्ण निष्ठा, अनुशासन और सेवा-भाव के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे तथा विभागीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सक्रिय भूमिका निभाएंगे। उप मुख्यमंत्री साव ने कहा कि जल गुणवत्ता की निगरानी में किसी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रयोगशालाओं की कार्यप्रणाली को आधुनिक एवं परिणाममुखी बनाया जाएगा।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग के प्रमुख अभियंता ओंकेश चंद्रवंशी ने बताया कि विभाग द्वारा स्वीकृत केमिस्ट के 12 पदों पर व्यापम के माध्यम से चयन प्रक्रिया संपन्न की गई थी। दस्तावेज परीक्षण में 11 अभ्यर्थी पात्र पाए गए, जबकि एक अभ्यर्थी अनुपस्थित रहा। चयनित 11 अभ्यर्थियों में 2 महिला एवं 9 पुरुष अभ्यर्थी शामिल हैं।

बोर्ड परीक्षाओं में खिलाड़ियों और स्काउट-गाइड विद्यार्थियों को मिलेगा बोनस अंक का लाभ

- 5011 छात्रों ने दी 12वीं की फिजिकल एजुकेशन की परीक्षा
- बोर्ड परीक्षा तीन जोनल और आठ सेक्टर में बांटे परीक्षा केंद्र

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। माध्यमिक शिक्षा मंडल की इस वर्ष आयोजित होने वाली बोर्ड परीक्षाओं में खेल एवं सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों से जुड़े विद्यार्थियों को अतिरिक्त अंक प्रदान किए जाएंगे। इसके तहत रायपुर जिले से 226 खिलाड़ियों और 78 स्काउट.गाइड विद्यार्थियों के नाम जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा अग्रेषित किए गए हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार खेल गतिविधियों के आधार पर कक्षा 12वीं के 118 और कक्षा 10वीं के 108 विद्यार्थियों को बोनस अंक दिए जाएंगे। वहीं स्काउट.गाइड गतिविधियों में 12वीं के 31 और 10वीं के 37 विद्यार्थियों को इसका लाभ मिलेगा। राज्य स्तर पर कुल कितने विद्यार्थियों को बोनस अंक दिए जाएंगे इसकी समेकित जानकारी अभी मंडल को प्राप्त नहीं हुई है। अधिकारियों के अनुसार जिलों से प्राप्त आंकड़े पहले लोक शिक्षण संचालनालय को भेजे जाते हैं वहां से अनुमोदन के बाद शिक्षा मंडल को सूची उपलब्ध कराई जाती है। नियमों के अनुसार राज्य स्तरीय खेल प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को 10 अंकए राष्ट्रीय स्तर पर 15 अंक और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने पर 20 अंक तक का प्रावधान है। एनसीसी गतिविधियों में आरडी परेड और मावलंकर शूटिंग के लिए 15 अंक वायु थल या नौसेना शिविर में भागीदारी पर 15 अंक तथा डी कैट शिविर के लिए 10 अंक दिए जाएंगे। स्काउट.गाइड में राज्यपाल पुरस्कार पर 10 और राष्ट्रपति पुरस्कार पर 15 अंक प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा साक्षरता कार्यक्रम या उल्लास नव भारत अभियान से जुड़े स्वयंसेवकों और अनुदेशकों को अधिकतम 10 अंक तक दिए जाने का प्रावधान है। यह लाभ केवल उन्हीं विद्यार्थियों को मिलेगा जिन्होंने भारतीय ओलंपिक संघ युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफइंडिया अथवा अन्य मान्यता प्राप्त संस्थाओं द्वारा प्रमाणित प्रतियोगिताओं में भाग लिया हो। मंडल का मानना है कि इस पहल से विद्यार्थियों को खेल और सह.पाठ्यक्रम गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रोत्साहन मिलेगा तथा समग्र विकास को बढ़ावा मिलेगा।

रायपुर में रैलियों-जुलूस पर रोक

मालवीय रोड से जयस्तंभ चौक तक धारा 163 लागू

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के व्यस्ततम इलाकों मालवीय रोड, सदर बाज़ार, एमजी रोड और शारदा चौक से जयस्तंभ चौक होते हुए शास्त्री चौक तक किसी भी प्रकार की रैली, जुलूस, धरना-प्रदर्शन पर तत्काल प्रभाव से प्रतिबंध लगा दिया गया है।

यह आदेश पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने डीसीपी सेंट्रल जोन कार्यालय से मिले प्रस्ताव पर जारी किया है। ट्रैफिक दबाव और कानून-व्यवस्था की स्थिति को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लिया गया है।

जारी आदेश के अनुसार प्रतिबंध सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक प्रभावशील रहेगा। पुलिस प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि आदेश का सख्ती से पालन कराया जाएगा। संबंधित मार्गों पर किसी भी तरह की रैली, शोभायात्रा, जुलूस या धरना-प्रदर्शन की अनुमति नहीं होगी।

आदेश भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा 163 के अंतर्गत जारी किया गया है। पुलिस का कहना है कि इन मार्गों पर प्रतिदिन भारी यातायात रहता है, जिससे प्रदर्शन या जुलूस की स्थिति में आमजन को गंभीर असुविधा होती है और आपात सेवाएं भी प्रभावित होती हैं।

गौरतलब है कि इन मार्गों पर पूर्व में भी धरना-प्रदर्शन और रैलियों पर रोक लगाई जा चुकी है। उस समय वर्तमान कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला रायपुर के एसपी थे, जबकि मौजूदा वित्त मंत्री ओपी चौधरी तब कलेक्टर की जिम्मेदारी संभाल रहे थे। तब दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत इस पर प्रतिबंध लगाया गया था।

पुलिस अधिकारियों के मुताबिक, शहर के व्यावसायिक केंद्र माने जाने वाले इन इलाकों में पीक आवर्स के दौरान जाम की स्थिति आम हो जाती है। ऐसे में प्रशासन ने ट्रैफिक सुगमता और सार्वजनिक सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह कदम उठाया है।

प्रशासन ने नागरिकों और संगठनों से अपील की है कि वे वैकल्पिक स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित करने के लिए पूर्व अनुमति लें और कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

डीपीआई ने जारी किया आदेश

शिक्षकों व कर्मचारियों को अब मूल विभाग में लौटना होगा

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पहुंच के दम पर अटैचमेंट का खेला करने वाले शिक्षकों व विभाग के कर्मचारियों को अब ममल विभाग में लौटना होगा। ऐसे शिक्षक जो अटैचमेंट के जरिए दूसरे विभागों में काम कर रहे हैं उन्होंने लौटकर स्कूल आना होगा,इसी तरह विभाग के कर्मचारियों को भी अपने मूल विभाग में कामकाज करने होंगे। डीपीआई ने इस तरह का आदेश जारी किया है।

लोक शिक्षण संचालनालय छत्तीसगढ़ ने प्रदेशभर के संयुक्त संचालक, शिक्षा संभाग, छत्तीसगढ़,व जिला शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर निर्देशित किया है, गैर शैक्षणिक कार्यों में संलग्न शिक्षक संवर्ग के कर्मचारियों को उनके मूल पदस्थापना हेतु कार्यमुक्त करना होगा। पत्र में लिखा है, यह देखने में आया है कि विभाग में कार्यरत शिक्षक एवं कर्मचारी अपनी मूल सेवाओं को छोड़ कर अन्य कार्यालयों / संस्थाओं में गैर शिक्षकीय कार्यों में संलग्न है। ऐसे शिक्षकों एवं कर्मचारियों को तत्काल अपनी मूल संस्था में उपस्थिति देने हेतु निर्देशित कर कृत कार्यावाही से संचालनालय को अवगत कराने निर्देशित किया है।

जिला प्रशासन की अभिनव पहल

होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों पर नि:शुल्क पेयजल उपलब्ध कराए जाने पर जोर

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देशन एवं कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन द्वारा वॉटर फार आल अभियान के अंतर्गत जिले के समस्त होटल, रेस्टोरेंट, ढाबा एवं अन्य खाद्य प्रतिष्ठानों में नागरिकों को नि:शुल्क शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराए जाने हेतु नियमित मॉनिटरिंग की जा रही है।

अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु संबंधित अधिकारियों द्वारा स्थलीय निरीक्षण, स्टिकर सत्यापन एवं शपथ पत्र प्राप्त करने की कार्यवाही सतत रूप से की जा रही है। जिला प्रशासन द्वारा यह सुनिश्चित किया गया है कि प्रत्येक प्रतिष्ठान में वॉटर फार आल का स्टिकर प्रदर्शित हो तथा ग्राहकों को बिना किसी शुल्क के स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराया जाए। नियमित निगरानी एवं सघन कार्यवाही के परिणामस्वरूप अब जिले के विभिन्न होटल एवं रेस्टॉरेंट्स में ग्राहकों को नि:शुल्क शुद्ध पेयजल सहज रूप से उपलब्ध हो रहा है। इस पहल से आम नागरिकों को विशेष राहत मिली है।

प्रदेश में नशे से प्रति वर्ष 300 लोगों की मौत : अजय चंद्राकर

- ध्यानाकर्षण सूचना के जरिए भाजपा विधायकों ने उठाया मुद्दा
- पूरे नेटवर्क को खत्म किया जा रहा : गृहमंत्री

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बजट सत्र के तीसरे दिन ध्यानाकर्षण में भाजपा विधायक अजय चंद्राकर और धरम लाल कौशिक ने नशीले पदार्थो की अवैध बिक्री का मुद्दा उठाते हुए प्रशासन को असफल बताया।

भाजपा विधायक अजय चंद्राकर ने कहा कि रायपुर समेत पूरे प्रदेश में नशे से जुड़े मामले सामने आ रहे हैं। इसके कारण अपराध भी बढ़ रहा है, नशे की आगोश में है। इसे रोकने में प्रशासन विफल रहा है।

अजय चंद्राकर ने कहा कि जब विपक्ष में था, तब भी सवाल उठाता था आज स्थिति उससे भी भयावह है। विधायक सुशांत शुक्ला ने अवैध शराब को लेकर जानकारी मांगी।

शराब पर बात निकली तो दूर तलक जाएगी

इस पर गृह मंत्री ने कहा कि शराब पर बात निकलेगी तो दूर तक जाएगी।भूपेश बघेल बोले दूर तक जाए तो जाने दीजिए, चर्चा कराइए।विजय शर्मा ने कहा कि नशे व्यापार करने वाला आरोपी और नशे का आदि व्यक्ति बेचारा होता है। राजेश मूणत ने कहा कि राजधानी में सूखा नशा बिक रहा है, उसको पकड़वाने वाले के लिए इनाम की घोषणा करें।

दस नए हाईमास्ट की रौशनी से जगमग होगा रावणभाठा का ऐतिहासिक दशहरा मैदान

महापौर मीनल ने एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा, सुमन अशोक पाण्डेय, पार्षदो, आमजनो सहित 10 नए हाईमास्ट मैदान में चारो ओर लगाने के कार्य का किया भूमिपूजन

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। अब राजधानी शहर रायपुर का रावणभाठा में ऐतिहासिक दशहरा मैदान 10 हाईमास्ट की रौशनी से जगमग होगा और वहां रात्रिकालीन धार्मिक, सामाजिक, सांस्कृतिक,खेलकूद एवं अन्य विविध गतिविधियां नियमित रूप से की जा सकेंगी। अधोसंरचना मद अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के विद्युत विभाग द्वारा 10 नए हाईमास्ट की स्थापना ऐतिहासिक दशहरा मैदान रावणभाठा में की जायेगी।

आज महापौर श्रीमती मीनल चौबे ने ऐतिहासिक रावणभाठा दशहरा मैदान पहुंचकर वहां चारो ओर 10 नये हाई मास्ट लगाकर रौशनी बिखेरे जाने नये विकास कार्य का श्रीफल फोड़कर और कुदाल चलाकर भूमिपूजन सहित कार्यारंभ नगर निगम एमआईसी सदस्य और रावणभाठा दशहरा मैदान उत्सव समिति अध्यक्ष मनोज वर्मा, निगम विद्युत विभाग अध्यक्ष श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय, जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता, जोन 5 अध्यक्ष अम्बर अग्रवाल, पार्षद श्रीमती अंजली गोलछा जैन, रमेश सपहा, प्रमोद कुमार साहू, दशहरा मैदान उत्सव समिति संयोजक सुशील ओझा, पदाधिकारी राखी साहू, छबी सोनकर, अमित साहू, राहुल चौबे, लक्की ठाकुर, परमानंद सिंह, असलम खान, सुधार धनगर, सन्नी वर्मा, सत्यनारायण नायक, दिनेश गुप्ता, कमलेश साहू, हिमांशु मनीष, जीतू एवं अन्य रहवासी गणमान्यजनों, पदाधिकारियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, नवयुवको, महिलाओं, आमजनो, नगर निगम विद्युत विभाग कार्यपालन अभियंता संदीप शर्मा की उपस्थिति में करते हुए नगरवासियों को अनुपम सौगात दी।

10 नई हाई मास्ट लगने से ऐतिहासिक दशहरा मैदान रावणभाठा में रौशनी की छटा बिखरेगी और यहां रात्रिकालीन सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, खेलकूद एवं अन्य विविध गतिविधियां नियमित रूप से की जा सकेंगी। कार्यारंभ करने हेतु दशहरा मैदान उत्सव समिति अध्यक्ष एवं एमआईसी सदस्य मनोज वर्मा ने समस्त नागरिको की ओर से महापौर श्रीमती मीनल चौबे एवं विद्युत विभाग अध्यक्ष श्रीमती सुमन अशोक पाण्डेय सहित जोन 6 अध्यक्ष बद्री प्रसाद गुप्ता एवं उपस्थित वार्ड पार्षदो सहित गणमान्यजनों, आमजनों को हार्दिक धन्यवाद दिया।

आईसीएआई रायपुर शाखा एवं सीआईसीएएसए रायपुर को सीआईआरसी में 'बेस्ट ब्रांच अवॉर्ड' से सम्मानित

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। आईसीएआई रायपुर ब्रांच एवं सीआईसीएएसए को सेंट्रल इंडिया रिजनल काउंसिल आफ आईसीएआई (सीआईआरसी) के वार्षिक समारोह में 'बेस्ट ब्रांच अवॉर्ड' एवं 'बेस्ट सीआईसीएएसए अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। सीआईआरसी, जो 7 राज्यों की 57 शाखाओं का प्रतिनिधित्व करता है, का वार्षिक अधिवेशन चित्तौरगढ़ में आयोजित हुआ।

सेंट्रल इंडिया रीजन, जो उत्तरप्रदेश, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, झारखंड एवं उत्तराखंड सहित 7 राज्यों में विस्तृत है, आईसीएआई का भौगोलिक दृष्टि से सबसे बड़ा क्षेत्र है, जिसमें 70,000 से अधिक सदस्य एवं लगभग 2,50,000 विद्यार्थी पंजीकृत हैं। वर्ष 2025-26 के अध्यक्ष सीए विकास गोलछा एवं सीआईसीएएसए अध्यक्ष सीए ऋषिकेश यादव ने कहा कि यह सम्मान पूरे वर्ष आयोजित किए गए विविध शैक्षणिक, व्यावसायिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों में सदस्यों एवं विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी, टीमवर्क एवं समर्पण का परिणाम है। वर्ष 2026-27 हेतु नई प्रबंध समिति में सीए रश्मि वर्मा अध्यक्ष, सीए रवि जैन उपाध्यक्ष एवं सीए शीतल काला कोषाध्यक्ष इस अवसर में मौजूद रहे. यह उपलब्धि रायपुर शाखा के प्रत्येक सदस्य एवं विद्यार्थी को समर्पित है।

इस वर्ष शाखा की विभिन्न प्रमुख गतिविधियों एवं समारोहों में प्रदेश के अनेक विशिष्ट जनप्रतिनिधियों की गरिमामयी उपस्थिति प्राप्त हुई, जिनमें प्रमुख रूप से- विष्णु देव साय मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़, अरूण साव उपमुख्यमंत्री, विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री, ओपी चौधरी वित्त मंत्री की गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति ने शाखा की पहलों को नई ऊर्जा एवं प्रतिष्ठा प्रदान की।

इसी वर्ष रायपुर शाखा द्वारा लगभग 76,000 वर्गफुट क्षेत्रफल में देश की सबसे बड़ी आईसीएआई शाखा भूमि पर आईसीएआई भवन रायपुर का भव्य शिलान्यास समारोह कौशिल्या माता विहार में संपन्न किया गया, जो शाखा की अधोसंरचना विकास के प्रति दीर्घकालिक प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

राजधानी में ठगों का मायाजाल

- **दो लोगों ने गंवाए लाखों रुपए**
- **फ्राड का तरीका जानकर पुलिस भी रह गई हैरान**

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर से ठगी की दो अलग.अलग और बड़ी वारदात सामने आई है। इस खबर के सामने आते ही पुलिस के भी होश उड़ गए। ठगी के ये दोनों ही मामले सिविल लाइन थाना इलाके से सामने आए हैं। पुलिस ने दोनों मामलों में एफआईआर दर्ज कर ली है और जांच में जुट गई है।

जमीन के नाप पर 57 लाख की ठगी

मिली जानकारी के अनुसारए पहले मामले में सस्ती जमीन नीलामी के नाम पर धोखाधड़ी की गई है। यहां जमीन की नीलामी के नाम पर 57 लाख 40 हजार 900 रुपये की ठगी की वारदात को अंजाम दिया गया है। आरोपी ने पीड़ित को 18 मई 2022 को रजिस्ट्री ऑफिस ले जाकर जमीन की रजिस्ट्री भी करवाईए लेकिन इसके ;तपचनत थ्तंनक छमूद्ध बाद भी पीड़ित को जमीन का कब्जा नहीं मिला। इसके बाद पीड़ित ने सिविल लाइन थाना पहुंचकर नेक्सान सोल्यूशन प्राइवेट लिमिटेड फइनेंस कंपनी के अधिकारियों के खिलाफ थ्प्त् दर्ज करवाई है। वहीं पुलिस की टीम एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच में जुट गई है।

आरक्षक की पत्नी हुई ठगी का शिकार

वहीं दूसरा मामला भी सिविल लाइन थाना क्षेत्र से ही सामने आया है। यहां पुलिस आरक्षक की पत्नी को ठगी का शिकार बनाया गया है। आरोपियों ने महिला को ऑनलाइन मार्केटिंग में मुनाफे का झांसा देकर1 लाख 89 हजार रुपए की ठगी कर ली गई। आरक्षक मुकेश कुमार साहू वर्तमान में सिविल लाइन में पीएसओ ड्यूटी में पदस्थ है। आरोपियों ने मुकेश साहू की पत्नी को व्हाट्सएप नंबर पर ऑनलाइन मार्केटिंग में निवेश पर भारी कमाई का झांसा दिया। आरोपियों के झांसे में आकर पीड़िता ने अपने पोस्ट ऑफिस और एसबीआई खाते से अलग.अलग किस्तों में कुल 1 लाख 89 हजार उनके खातों में ट्रांसफर करवाए। जब यह बात पीड़िता के पति को पता चली तो उसने सिविल लाइन थाना पहुंचकर पूरे मामले में एफआईआरदर्ज करवाई। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर थ्प्त् दर्ज कर ली है और मामले की जांच में जुट गई है।

अंजय शुक्ला ने देव स्थानों में दर्शन पूजा व कार्यकर्ताओं से भेंट मुलाकात किया

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य आदिवासी स्वास्थ परंपरा औषधि पादप बोर्ड का उपाध्यक्ष नियुक्ति उपरांत अंजय शुक्ला जी द्वारा 24 फरवरी दिन मंगलवार को मण्डल के देव स्थानों में दर्शन पूजा एवं कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात किया है

जिसमे धरसींवा मण्डल के सभी बूथ अध्यक्ष, शक्ति केंद्र प्रभारी सभी मोर्चा मंडल के पदाधिकारियों की उपस्थिति रही उन्होंने ग्राम तेंदुआ में शीतला महामाई माता मन्दिर में पूजा से अपना दौरा शुरू किया जहां फिर चरोदा के शिव मंदिर में अभिषेक पूजा कर धरसीवा के हनुमान मंदिर में पूजा सहित निर्माणाधीन मन्दिर का अवलोकन भी किया नगर पंचायत कुंरा में चतुर्भुजी मन्दिर में पूजा आरती किया वहाँ से सिलयारी और बोहरही मंदिर

खपरीमढी के माँ बंजारी मन्दिर एव बेलदार सिवनी में शिव आराधन कर दौरा पूर्ण किया इस कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष राकेश यादव नगर पंचायत अध्यक्ष गोविंद साहू मण्डल के महामंत्री दिलीप साहू महिला मोर्चा अध्यक्ष किरण साहू उपाध्यक्ष कौशल साहू पार्षद मोहन प्रजापति ईश्वर यादव जगमोहन धृतलहरे भूपेंद्र कसार दुर्गेश अग्रवाल काशी देवांगन प्रकाश देवांगन अंजलि गुप्ता हेमिन बाई साहू झगनु साहू कैलाश साहू लाता निषाद पितोष साहू सुरेंद्र शर्मा विजय अग्रवाल गोपाल अग्रवाल फाजिल खान सहित मण्डल एव नगर पंचायत के वरिष्ठ कार्यकर्ता सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारियों एवं महिला मोर्चा के कार्यकर्ता सहित ग्रामजन उपस्थित रहे।

सिलियार में पंहुचने पर मंडल महामंत्री अशोक साहू सरपंच श्री मति साहू कोषाध्यक्ष युवा मोर्चा विकाश शर्मा वंही उसके बाद मंगस सरपंच श्री निषाद उपस्थित रहे।

बंगोली मंडल में स्थित मां बंजारी शक्तिपीठ में

पूजा अर्चना कर मातारानी से आशीर्वाद लेकर देवतुल्य कार्यकर्ताओ से भेंट मुलाकात जिसमे मुख्य रुप से अध्यक्ष चंद्रकांत साहू जी, उपाध्यक्ष दीपक तिवारी जी, महामंत्री मारुति नंदन वर्मा जी,बंजारी ट्रस्ट के अध्यक्ष खेमलाल नायक जी,मंडल उपाध्यक्ष जगमोहन साहू जी, कार्यालय प्रभारी पुरुषोत्तम साहू जी,प्रचार प्रसार मंत्री यशवंत कन्नौजे जी,युवा मोर्चा के अध्यक्ष भोज राम धीवर जी, महामंत्री कौशल साहू,महिला मोर्चा अध्यक्ष हीरा वर्मा जी,यशोदा निर्मलकर जी, ओमकार वर्मा जी, सरपंच प्रतिनिधि शेखर चंद्रवंशी जी,मंथन वर्मा जी,तारकेश्वर देवर जी, राकेश कन्नौजे जी, दिवाकर चंदेल जी,मोहन कन्नौजे जी, चंदू साहू जी,खरोरा मंडल उपाध्यक्ष छगन यादव जी, महेश धीवर, उमेश्वर वर्मा पंच चिचोली, एवं कार्यकर्ताओं द्वारा किया गया। खपरी ग्राम प्रमुख डेरा राम यादव द्वारा श्री अंजय शुक्लका श्रीफल देकर सम्मान किया गया। तत्पश्चात बेलदार शिवनी पहुंचकर बेलदार सिवनी के प्राचीन शिव अर्द्धनारीश्वर महाकाल मंदिर में पूजा पाठ कर अभिषेक किये।

जल ही जीवन है

निधन

हंसराज रांवका

नवापारा राजिम 25 फरवरी। नगर एवं जैन समाज के वयोवृद्ध 95 वर्षीय हंसराज रांवका का आकस्मिक निधन प्रात: हो गया। वे दिगंबर जैन समाज के सुश्रावक वयोवृद्ध व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 25 फरवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे उनके निज निवास सत्यनारायण मंदिर के पास से निकाली गई । वे रवि, रमेश रांवका के पिता एंव शुभम फुहार के दादा थे।

जपबीर सिंह ग्रेवाल

रायपुर, 25 फरवरी। सिटी ऑफ़ ड्रीम्स, कचना निवासी 47 वर्षीय जपबीर सिंह ग्रेवाल (जौली) का निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार 26 फरवरी को दोपहर 1 बजे मारवाड़ी शमशान घाट में किया जाएगा। वे राजवंत सिंह ग्रेवाल के भतीजे, परमबीर ग्रेवाल के बड़े भाई व गुरैक, जयबीर ग्रेवाल के पिता थे।

सुरेश पिनयानी



रायपुर, 25 फरवरी। मकान नं.59 अर्जुन एनकलेव संतोषी नगर रायपुर निवासी सुरेश पिनयानी अपनी सांसारिक यात्रा पूर्ण करके प्रभु चरणों में लीन हो गये है। अंतिम यात्रा 26 फरवरी दिन गुरुवार को समय सुबह 10 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम जाएगी। वे निखिल, अखिल पिनयानी के पिता थे।

भारतीय संतों की वाणी ही तो मानवता के उज्जवल दीप हैं : राजेश्री महंत

पं. सुंदरलाल शर्मा मुक्त विवि बिलासपुर द्वारा आयोजित एकदिवसीय व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित हुए महामंडलेश्वर

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। सत्य, अहिंसा और परमार्थ के जो मंगल स्वर भारतीय संतों की वाणी से निकले, वे ही तो मानवता के उज्जवल दीप हैं। जन -जागरण के भक्ति -भाव हमारे संतो ने जन-जन में गए हैं, वे हमारे सामाजिक, राष्ट्रीय और आध्यात्मिक उत्थान के मूलाधार हैं ! उनकी भक्ति, उनकी तन्मयता, उनका त्याग, उनके तप, मानव चरित्र विकास का वह सूर्य है जो जीवन के अंधकार को समाप्त कर देता है। यह बातें महामंडलेश्वर राजेश्री महन्त रामसुन्दर दास जी महाराज ने मुख्य अतिथि की आसंदी से अभिव्यक्त की, वे पंडित सुंदरलाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर द्वारा सिहावा अकादमिक भवन में आयोजित एक दिवसीय व्याख्यान में मुख्य अतिथि के रूप में छात्र-छात्राओं एवं प्रबुद्ध जन को संबोधित कर रहे थे। व्याख्यान के मुख्य विषय भारतीय समाज एवं संस्कृति के संरक्षण में संतों का योगदान था इस अवसर पर उन्होंने कहा कि- धर्म, संस्कृति और शांति के अग्रदूत भारतीय संत ही थे जिनके आदर्श आज भी भारत की धरती से शांति का संदेश दे रहा है भारतीय संत परंपरा में भगवान शंकराचार्य जी से लेकर जगतगुरु श्री स्वामी रामानंदाचार्य जी महाराज तक अनंत संतों ने अपने चरणों से धरती पर जो अमिट अक्षर लिखे हैं, वे न मिटेंगे और ना ही मानवता को कभी मिटाने देंगे ! कार्यक्रम के अध्यक्ष कुलपति प्रोफेसर वी के सारस्वत जी ने कहा कि- भारतीय ज्ञान परंपरा से गुरुजी आए हैं तो उन्हें बोलना किस विषय पर है इसका निर्धारण हमने किया। आप लोगों ने इतनी शांति से इन्हें सुना यही इस कार्यक्रम की सार्थकता है, अन्यथा विश्वविद्यालय में छात्र-छात्रा यह प्रतीक्षा करते रहते हैं कि कार्यक्रम कब समाप्त हो ! हम गुरुजी का आभारी हैं जिन्होंने हम सबको अपना समय प्रदान करके आध्यात्मिक ज्ञान से हमारा मार्गदर्शन किया। इसके पूर्व मुख्य अतिथि का स्वागत विश्वविद्यालय परिवार की ओर से किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कुल सचिव चंद्र भूषण मिश्र, कार्यक्रम के संयोजक प्रोफेसर हीरालाल शर्मा, पूर्णेन्द्र तिवारी, कमलेश सिंह, हर प्रसाद साहू सहित अनेक गणमान्य नागरिक गण भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री से भेंट कर बजट में कैशलैस चिकित्सा सुविधा शामिल करने के लिए जताया आभार

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रतिनिधिमंडल ने विधानसभा में प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय से सौजन्य भेंट कर राज्य बजट में कर्मचारियों एवं अधिकारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा शामिल किए जाने पर अभिनंदन करते हुए आभार व्यक्त किया।

प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा ने कहा कि यह निर्णय कर्मचारी वर्ग एवं उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलना एक ऐतिहासिक एवं कर्मचारी हितैषी कदम है। फेडरेशन सरकार के इस संवेदनशील निर्णय का स्वागत करता है तथा आशा करता है कि भविष्य में भी कर्मचारी हितों को इसी प्रकार प्राथमिकता दी जाती रहेगी। ज्ञात हो कि छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर निरंतर संघर्षरत है, जिनमें कैशलैस चिकित्सा सुविधा प्रमुख मांगों में शामिल रही है। इस महत्वपूर्ण मांग की पूर्ति से प्रदेश के कर्मचारियों में उत्साह एवं संतोष का वातावरण है। प्रतिनिधिमंडल में श्री कमल वर्मा (प्रांतीय संयोजक), श्री सुनील उपाध्याय, जय कुमार साहू, श्री राजेश सिंघी, श्री संतोष कुमार वर्मा, श्री संजीत शर्मा, श्री देवाशीष दास, श्री लोकेश वर्मा, श्री अमित शर्मा, श्रीमती सोनाली तिडके, श्री आकाश त्रिपाठी, श्री जगेश्वर भट्ट, श्री दीपक सोनकर, श्री प्रवीण सिंह एवं श्रीमती निशा यादव उपस्थित रहे।

चौथी बटालियन में जवान ने की आत्महत्या

फांसी लगाकर दी जान पुलिस जांच में जुटी

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर के माना स्थित चौथी बटालियन परिसर में एक जवान द्वारा आत्महत्या किए जाने की घटना सामने आई है। जवान का शव फांसी के फंदे पर लटका मिलने के बाद बटालियन परिसर में हड़कंप मच गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और बटालियन प्रशासन मौके पर पहुंच गए।

बैरक परिसर के भीतर हुई घटना

प्रारंभिक जानकारी के अनुसार जवान ने बैरक परिसर के भीतर फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। साथी जवानों ने जब उसे संदिग्ध अवस्था में देखा तो अधिकारियों को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची टीम ने जवान को नीचे उताराए लेकिन तब तक उसकी मौत हो चुकी थी।

मृतक की पहचान अर्जुन इक्का के रूप में

मृत जवान की पहचान एनआर अर्जुन इक्का के रूप में हुई है। वह छत्तीसगढ़ के जशपुर जिले का रहने वाला था। घटना के बाद साथी जवानों और अधिकारियों में शोक की लहर है। जवान के परिजनों को घटना की सूचना दे दी गई है।

माना थाना क्षेत्र का मामला

घटना माना थाना क्षेत्र के अंतर्गत आती है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई पूरी की और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य भी जुटाए हैं।

आत्महत्या के कारणों का खुलासा नहीं

फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल पाया है। पुलिस जवान के साथियों अधिकारियों और परिचितों से पूछताछ कर रही है ताकि घटना के पीछे की वजह स्पष्ट हो सके।

मानसिक दबाव या निजी कारणों की जांच

जांच के दौरान यह भी पता लगाया जा रहा है कि जवान किसी मानसिक तनावए पारिवारिक समस्या या अन्य व्यक्तिगत कारणों से परेशान तो नहीं था। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जांच कर रही है।

पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद होगा खुलासा

पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और विस्तृत जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। फिलहाल मामले को आत्महत्या के रूप में दर्ज कर जांच जारी है।

ऊर्जा विभाग सचिव ने छत्तीसगढ़ में ग्रीन हाइड्रोजन की संभावनाओं पर रखा पक्ष

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ बायोफ्यूल विकास प्राधिकरण (सीबीडीए) द्वारा आज छत्तीसगढ़ को ग्रीन हाइड्रोजन के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने तथा ग्लोबल क्लीन एनर्जी के विस्तार के उद्देश्य से अर्धदिवसीय सेमिनार का आयोजन कोर्टयार्ड बाय मैरियट में किया गया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ शासन के ऊर्जा विभाग के सचिव रोहित यादव (आईएएस) मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।

सचिव रोहित यादव ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक परिवेश में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देना तथा पारंपरिक औद्योगिक ईंधनों के स्थान पर स्वच्छ विकल्पों को अपनाने की दिशा में कार्य करना है। उन्होंने बताया कि बायोमास आधारित ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की संभावनाओं को देखते हुए इसे प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे जैविक खेती को बढ़ावा मिलने के साथ किसानों की आय में भी वृद्धि हो सकेगी।

उन्होंने चर्चा के दौरान बतायाकि छत्तीसगढ़ में कृषि अवशेष, डेयरी उद्योग से उत्पन्न अपशिष्ट, फल एवं सब्जी मंडियों का जैविक कचरा तथा गोबर प्रचुर मात्रा में उपलब्ध है। उपयुक्त तकनीक के माध्यम से इनके प्रसंस्करण द्वारा बड़े पैमाने पर ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन की व्यापक संभावनाएँ मौजूद हैं।

राज्य में स्टील एवं स्पंज आयरन उद्योग का मजबूत आधार रायपुर और उसके आसपास के क्षेत्र जैसे उरला, सिलतरा, भिलाई तथा रायगढ़ के औद्योगिक क्षेत्रों में है। इसके अतिरिक्त जगदलपुर एवं बस्तर में भी औद्योगिक इकाइयाँ स्थापित हैं। इन क्षेत्रों में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग से औद्योगिक डिकार्बोनाइजेशन को बढ़ावा मिलेगा तथा राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित पर्यावरणीय लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायता मिलेगी।

हरित हाइड्रोजन के क्षेत्र में भविष्य की योजनाओं पर सेमिनार

ग्रीन हाइड्रोजन को औद्योगिक ईंधन के रूप में अपनाने से दोहरे लाभ होंगे—एक ओर स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा मिलेगा, वहीं बायोमास के मूल्य संवर्धन से किसानों की आय में वृद्धि होगी। यह पहल भारत की ऊर्जा सुरक्षा, अपशिष्ट से आय सृजन तथा नेट-जीरो उत्सर्जन के लक्ष्यों की प्राप्ति में सहायक सिद्ध होगी।

ऊर्जा विभाग के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुमित सरकार ने कहा कि सेमिनार का उद्देश्य राज्य के औद्योगिक इकोसिस्टम में ग्रीन हाइड्रोजन के उपयोग को बढ़ावा देना, भविष्य के अनुसंधान की दिशा तय करना, संभावित बाधाओं की पहचान करना तथा इसके व्यापक क्रियान्वयन के लिए मार्ग प्रशस्त करना है।

सेमिनार में उपस्थित विशेषज्ञों ने भी अपने विचार साझा किए। "Hydrogen Economy: Innovation-Led Growth in Industrial Clusters in Chhattisgarh" विषय पर भाभा परमाणु अनुसंधान रिसर्च संस्थान (बार्क) के वरिष्ठ वैज्ञानिक सयाजी मैहत्रे ने बायोमास आधारित ग्रीन हाइड्रोजन उत्पादन पर प्रस्तुतीकरण दिया।

"Accelerating Green Hydrogen Adoption in Chhattisgarh" çßáØ ÂÚU Ministry of New and Renewable Energy, भारत सरकार के विषय विशेषज्ञ धर्मेन्द्र कुमार पंचार्या, भिलाई स्टील प्लांट के प्रतिनिधियों एवं अन्य उद्यमियों ने पैनल चर्चा में भाग लिया। सेमिनार में वित्तीय संस्थानों जैसे एसबीआई एवं नाबार्ड के प्रतिनिधियों की भी सहभागिता रही।

इसके अतिरिक्त नेशनल ग्रीन हाइड्रोजन मिशन से डॉ. धर्मेन्द्र कुमार, शक्ति सस्टेनेबल एनर्जी फाउंडेशन के एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर डॉ. सचिन कुमार, बार्क, सीएसएमसीआरआई भावनगर, आईआईटी भिलाई के वरिष्ठ वैज्ञानिक, विभिन्न निजी औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधि तथा सीबीडीए के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

ट्रैफिक पुलिस लागू करने जा रही लेफ्ट टर्न फ्री नियम

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बढ़ते ट्रैफिक और रोज.रोज लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए रायपुर ट्रैफिक पुलिस ने लेफ्ट टर्न फ्री नियम को सख्ती से लागू करने का फैसला लिया है अब अगर आपको किसी चौराहे से बाएं मुड़ना है तो आपको सिग्नल के ग्रीन होने का इंतजार करने की जरूरत नहीं है अगर रास्ता साफहै तो रेड सिग्नल में भी आप आराम से लेफ्ट टर्न ले सकते हैं इससे ट्रैफिक का फ्लो बेहतर होगा और बेवजह की भीड़ कम होगी

लेफ्ट टर्न फ्री नियम क्या है : आसान भाषा में समझें तो लेफ्ट टर्न फ्री का मतलब है कि जो लोग सिर्फबाएं मुड़ना चाहते हैं उन्हें सिग्नल पर खड़े रहने की जरूरत नहीं है पहले क्या होता था कि सभी गाड़ियां चाहे सीधा जाना हो या लेफ्ट एक ही लाइन में खड़ी हो जाती थींए जिससे पीछे लंबा जाम लग जाता था अब इस नियम से लेफ्ट जाने वाले वाहन सीधे निकल जाएंगे और सीधा जाने वालों के लिए रास्ता भी खुला रहेगा

इन बातों का रखना होगा ध्यान : लेकिन इस नियम का सही फायदा तभी मिलेगा जब लोग इसे ठीक से फॉलो करें लेफ्ट टर्न लेते समय सबसे जरूरी बात है सावधानीण् पैदल चलने वालों को पहले निकलने दें सामने से आ रहे वाहनों का ध्यान रखें और तेज गति से मोड़ न लें थोड़ा सा ध्यान रखने से दुर्घटनाओं से बचा जा सकता है और ट्रैफिक भी स्मूथ रहेगा

रोज लगने वाले जाम से मिलेगी राहत

पुलिस ने लोगों से की अपील : पुलिस ने खास तौर पर उन लोगों से अपील की है जो सीधे जाना चाहते हैं लेकिन फिर भी लेफ्ट लेन में गाड़ी खड़ी कर देते है ऐसा करने से पूरा सिस्टम बिगड़ जाता है और लेफ्ट टर्न फ्री का फायदा खत्म हो जाता है ट्रैफिक पुलिस ने साफकहा है कि जो लोग गलत लेन में गाड़ी खड़ी करेंगे उनके खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी यानी अब नियम तोड़ने पर जुर्माना भी भरना पड़ सकता है यह नियम हर जगह लागू नहीं होता जहां नो लेफ्ट टर्न का बोर्ड लगा है या जहां ज्यादा भीड़भाड़ रहती है जैसे स्कूल अस्पताल या बाजार के पास वहां आपको सिग्नल के नियम ही मानने होंगेण् इसलिए गाड़ी चलाते समय साइन बोर्ड और ट्रैफिक पुलिस के निर्देशों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है पुलिस के एक आंकड़े के हिसाब से हर सिग्नल में लगभग 100 में ासे 20 लोगों को लेफ्ट मुड़ना रहता है और जब वो नहीं मूड पाते तो जाम और लंबा हो जाता ह ऑटोमैटिक ट्रैफिक सिग्नल इस चीज को डिटेक्ट करता है जिसके कारण सिगनल लंबे समय तक खुला रहता है और लोगों का समय भी खराब होता हैण् अगर समय की बात करें तो इस नियम से हर चौराहे पर लगभग 30 सेकंड से लेकर 2 मिनट तक का समय बच सकता है सुनने में कम लगता है लेकिन पूरे दिन में हजारों गाड़ियों के हिसाब से देखें तो यह बहुत बड़ी बचत है इससे ईंधन भी कम खर्च होता है और प्रदूषण भी घटता है

लोगों को जाम से मिलेगी राहत : कुल मिलाकर लेफ्ट टर्न फ्री नियम शहर के ट्रैफिक को बेहतर बनाने की दिशा में एक अच्छा कदम है बस जरूरत है कि लोग इसे समझें और सही तरीके से अपनाएं अगर सभी वाहन चालक अपनी लेन में रहें और नियमों का पालन कर तो रायपुर में जाम की समस्या काफी हद तक कम हो सकती है एक जिम्मेदार नागरिक होने के कारण मैं आपको ये खबर दिखा रहा हूं जिससे आपको इस नियम के बारे में अच्छे से समझ आए तो आप भी एक जिम्मेदार नागरिक होने के नाते इन नियमों का पालन करो।

सिंधी पंचायत के पदाधिकारियों की चेट्रीचंड्र महोत्सव पर मंथन

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छग सिंधी महापंचायत की मुख्य पदाधिकारियों की किंग्सवे होटल तेलीबांधा में महत्वपूर्ण बैठक हुई।

15 को आयोजित कार्यक्रम के लिए सीएम को आमंत्रण

एक तरफ चेट्रीचंड्र महोत्सव की तैयारियों में जुटी मुख्य टीम के संरक्षक द्वय श्रीचंद सुंदरानी- लालचंद गुलवानी, अध्यक्ष अमर गिदवानी के नेतृत्व में महापंचायत के प्रमुख पदाधिकारी मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को 15मार्च को बीटीआइ ग्राउंड शंकरनगर में आयोजित होने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम च्चंड्र जी रातज्ञ में शामिल होने चेयरमैन चेतन तारवानी, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा, महिला आदि ने प्रमुखता से शिरकत कर शामिल होने आग्रह पत्र देकर आमंत्रित किया। ामुख्यमंत्री ने महापंचायत की टीम को कार्यक्रम में उपस्थित होने आश्वस्त किया।

प्रवक्ता दिनेश अठवानी ने बताया महापंचायत की समाज में सक्रिय भागीदारी के चलते चेट्रीचंड्र महोत्सव के उपलक्ष में महिला टीम द्वारा अध्यक्ष भावना कुकरेजा-कार्यकारी अध्यक्ष राशि बलवानी के नेतृत्व में मातृ शक्ति द्वारा 600महिला व पुरूष सदस्यों की उपस्थिति में च्8मार्च को एक दौड़ साईं झूलेलाल के नाम आयोजित है।

मैरिन ड्राइव से नगर घड़ी चौक से पुन: मैरिन ड्राइव पर आकर खत्म होगी। 15मार्च को बीटीआइ मैदान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी ऐतिहासिक कार्यक्रम च्चंड्र जी रातज्ञ के भव्य आयोजन की तैयारियों की भी जानकारी साझा की गई। ाजिसमें नगर वासियों का मनोरंजन करने अंतर्राष्ट्रीय कलाकार धूम मचाने आ रहे हैं। आज की बैठक में प्रमुख रूप से महामंत्री जितेन्द्र बडवानी, कार्यकारी अध्यक्ष किशोर आहूजा, कोषाध्यक्ष रवि ग्वालानी- सुदेश मंध्यान, इंदर डोडवानी, अशोक मलानी, महिला अध्यक्ष भावना कुकरेजा, चेयरपरसन पिंकी लालवानी आदि ने संबोधित कर मार्गदर्शन भी किया। ाबैठक का संचालन जितेन्द्र बडवानी ने किया।

मोबाइल चोरी के शक में दो आरक्षकों ने नाबालिग को बेरहमी से पीटा

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में मोबाइल चोरी के शक में एक नाबालिग की आरक्षकों ने बेहरमी से पिटाई कर दी नाबालिग के कूल्हे पर गंभीर चोट के निशान हैं दोनों आरक्षकों ने ड्यूटी के दौरान चौकी प्रभारी को बिना सूचित किए दूसरी जगह जाकर यह कृत्य किया डीसीपी वेस्ट जोन संदीप पटेल ने दोनों आरक्षकों के निलंबन का आदेश जारी कर दिया है।

डीसीपी ने किया सस्पेंड

मोबाइल चोरी के शक में नाबालिग को बेरहमी से पीटा डीसीपी ने दो आरक्षकों को किया सस्पेंड पूरा मामला टिकरापारा थाना अंतर्गत कमल विहार पुलिस सहायता केंद्र का है यहां पदस्थ आरक्षक क्रमांक 1211 लक्ष्मी नारायण एवं आरक्षक क्रमांक 2382 आसमान सिंह ने ड्यूटी के दौरान चौकी प्रभारी को अवगत कराए बिना दूसरी जगह जाकर एक नाबालिग को मोबाइल चोरी के आरोप में बेरहमी से पीट दिया नाबालिग को इतनी बेरहमी से पीटा कि शरीर के कई हिस्सों में चोंट के निशान उभर आये घटना के संज्ञान में आते ही डीसीपी संदीप पटेल ने दोनों आरक्षकों को आमजन के साथ दुर्व्यवहार चौकी प्रभारी के आदेशों की अवहेलना करते हुए स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित करने पर तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है निलंबन अवधि में इन्हें रक्षित केंद्र रायपुर संबद्ध किया गया है

एनएसयूआई ने डीईओ कार्यालय का किया घेराव

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कक्षा 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षा का टाइम टेबल आनन.फानन में जारी किए जाने के विरोध में एनएसयूआइ ने जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय रायपुर का घेराव किया। संगठन ने परीक्षा तिथियों में संशोधन की मांग करते हुए कहा कि विद्यार्थियों को पर्याप्त तैयारी का समय दिया जाना चाहिए। जिला शिक्षा अधिकारी ने 23 फरवरी को परीक्षा कार्यक्रम जारी करते हुए संबंधित स्कूलों को आवश्यक निर्देश भी दिए हैं। विद्यार्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथियों के अनुसार अपनी तैयारी सुनिश्चित करें और परीक्षा से जुड़ी जानकारी के लिए अपने स्कूल से संपर्क में रहें। जारी किए गए टाइम टेबल के अनुसार 9वीं और 11वीं की वार्षिक परीक्षाएं 27 फरवरी से शुरू होंगे। अचानक परीक्षा कार्यक्रम घोषित होने से छात्र असमंजस में हैं और तैयारी को लेकर चिंता जताई जा रही है।

- कक्षा 9वीं और 11वीं वार्षिक परीक्षा की तिथि में संशोधन की उठाई मांग
- कहा- छात्रों को तैयारी के लिए दिया जाना चाहिए पर्याप्त समय

एनएसयुआई ने जल्दबाजी में परीक्षा तिथि तय करने का लगाया आरोप: घेराव का नेतृत्व कर रहे अनुज शुक्ला और हेमंत पाल ने आरोप लगाया कि पीएम श्री विद्यालयों की जांच के लिए दिल्ली से टीम के संभावित दौरे को देखते हुए विद्यार्थियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के उद्देश्य से जल्दबाजी में परीक्षा तिथि तय की गई है। उन्होंने कहा कि इस तरह की हड़बड़ी से छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। साथ ही वर्तमान में बोर्ड परीक्षाएँ संचालित हो रही हैं। अनेक विद्यालयों में शिक्षकगण बोर्ड ड्यूटी में संलग्न हैं तथा विद्यालयों का पूरा शैक्षणिक वातावरण बोर्ड परीक्षा व्यवस्था में व्यस्त है। ऐसे समय में 9वीं एवं 11वीं की परीक्षा आयोजित करना विद्यार्थियों एवं शिक्षकों दोनों के लिए असुविधाजनक एवं अव्यवस्थित स्थिति उत्पन्न करेगा। एनएसयूआई नेताओं ने यह भी कहा कि 3 मार्च से होली का महत्वपूर्ण त्योहार प्रारंभ हो रहा है। इस कारण कई विद्यार्थी पारिवारिक कारणों से शहर से बाहर गए हुए हैं। ऐसे में अचानक परीक्षा तिथि घोषित कर देना छात्रों के लिए असुविधाजनक है। संगठन ने मांग की कि कम से कम एक सप्ताह का अतिरिक्त समय दिया जाएए ताकि छात्र व्यवस्थित रूप से तैयारी कर सकें। प्रदर्शन के दौरान कार्यकर्ताओं ने नारेबाजी कर शिक्षा विभाग के खिलाफआक्रोश जताया और चेतावनी दी कि यदि परीक्षा तिथि में संशोधन नहीं किया गया तो आंदोलन को और उग्र किया जाएगा। एनएसयूआई ने स्पष्ट कहा कि वे विद्यार्थियों के हितों से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं होने देंगे।

प्रदेश में अगले तीन दिन बारिश के आसार

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ में मौसम का मिजाज बदला हुआ है। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी में बने कम दबाव के क्षेत्र (लो प्रेशर एरिया) का असर प्रदेश में देखने को मिल रहा है। मौसम विभाग के अनुसार अगले तीन दिनों तक प्रदेश के कुछ इलाकों में हल्की बारिश हो सकती है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका जताई गई है।

मौसम विभाग के मुताबिक आगामी तीन दिनों में दिन के तापमान में 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी हो सकती है। इसके बाद तापमान में कोई विशेष बदलाव की संभावना नहीं है। वहीं रात के तापमान में अगले सात दिनों तक खास परिवर्तन नहीं होगा। बीते 24 घंटों में प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। ओरछा और बड़े बचेली में सबसे अधिक 40 मिलीमीटर वर्षा रिकॉर्ड की गई।

तापमान की बात करें तो जगदलपुर में अधिकतम तापमान 34 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि अंबिकापुर में न्यूनतम तापमान 11.9 डिग्री सेल्सियस रहा।

लो प्रेशर एरिया से बदला मौसम : मौसम में बदलाव की मुख्य वजह समुद्र और ऊपरी हवा में सक्रिय सिस्टम हैं। दक्षिण-पूर्व बंगाल की खाड़ी के ऊपर कम दबाव का क्षेत्र बना हुआ है, जो समुद्र के ऊपर हवा के दबाव में कमी के कारण विकसित होता है। इसके साथ लगभग 3 किलोमीटर ऊंचाई तक चक्रवाती परिसंचरण भी सक्रिय है।

गरज-चमक के साथ बिजली गिरने की भी आशंका

हालांकि यह सिस्टम अगले 24 घंटे में पूर्व दिशा की ओर बढ़ते हुए कमजोर पड़ सकता है, लेकिन इसके प्रभाव से नमी वाली हवाएं प्रदेश तक पहुंच रही हैं।

इसके अलावा मध्य और ऊपरी स्तर की पश्चिमी हवाओं में एक ट्रफ सक्रिय है। गंगीय पश्चिम बंगाल और उत्तर तटीय ओडिशा के पास भी ऊपरी हवा में चक्रवाती परिसंचरण बना हुआ है। इन सभी सिस्टमों के संयुक्त प्रभाव से छत्तीसगढ़ के ऊपर नमी और अस्थिरता बढ़ रही है, जिससे बादल बन रहे हैं और कहीं-कहीं हल्की बारिश की स्थिति बन रही है।

बंगाल की खाड़ी के दक्षिण-पश्चिम हिस्से में कम दबाव का मजबूत क्षेत्र बना हुआ है, जहां से लगभग 6 किलोमीटर ऊंचाई तक बादल बनने की अनुकूल परिस्थितियां हैं। यह सिस्टम पहले पश्चिम-उत्तर दिशा में आगे बढ़ेगा और फिर उत्तर-पूर्व की ओर मुड़ सकता है। अगले 48 घंटों तक इसके सक्रिय रहने की संभावना है।

ट्रफ लाइन से फैल रही नमी : इस लो प्रेशर से जुड़ी ट्रफ लाइन तमिलनाडु, कर्नाटक और दक्षिण महाराष्ट्र तक फैली हुई है। जमीन से करीब 1 किलोमीटर ऊंचाई पर बनी यह ट्रफ समुद्री नमी को दूर-दराज के इलाकों तक पहुंचा रही है।

ऊपरी वायुमंडल (5-6 किमी ऊंचाई) में भी एक ट्रफ सक्रिय है, जो बादलों को ऊंचाई तक फैलने में मदद कर रही है। नीचे से आ रही नमी और ऊपर की ठंडी हवाएं मिलकर वातावरण को अस्थिर बना रही हैं।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार यह सिस्टम छत्तीसगढ़ के बेहद करीब नहीं है, इसलिए तेज बारिश या तूफान की संभावना कम है। हालांकि वातावरण में नमी बढ़ने से आंशिक बादल छा सकते हैं। दक्षिण छत्तीसगढ़, विशेषकर बस्तर संभाग में बादलों की मौजूदगी अधिक रह सकती है। दिन में हल्की गर्मी और रात में हल्की ठंड या उमस महसूस हो सकती है।

रायपुर सहित प्रदेश के ज्यादातर हिस्सों में फरवरी के दौरान सामान्यतः आसमान साफ रहता है और हवाएं हल्की चलती हैं। हालांकि उत्तर भारत में सक्रिय वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के असर से कभी-कभार मौसम में बदलाव देखा जाता है।

इस दौरान गरज-चमक, बारिश, आंधी या ओलावृष्टि जैसी स्थितियां बन सकती हैं। सर्दियों का असर कम होने के साथ न्यूनतम तापमान में धीरे-धीरे बढ़ोतरी होने लगती है, हालांकि कुछ वर्षों में फरवरी में अच्छी बारिश भी दर्ज की गई है।

बर्थडे पार्टी में हथियार लहराते बदमाश युवकों ने किया डांस

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी रायपुर में बदमाश युवकों का वीडियो वायरल हुआ है बदमाशों ने बर्थडे पार्टी में अधनग्न होकर हथियार लहराते हुए गैंगस्टर गाने पर डांस किया सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है पुलिस मामले की जांच में जुटी है सोशल मीडिया पर हथियार लेकर प्रदर्शन करने का ट्रेंड तेजी से बढ़ा है बदमाश हथियारों के साथ प्रदर्शन कर अपनी दहशत बनाने के लिए वीडियो बना सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हैं ऐसा ही एक वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है जिसमें बर्थडे पार्टी में बदमाश हथियारों के साथ डांस कर रहे है सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में बदमाश डांस करते हुए दिख रहे हैं उनके हाथ में चाकू और शराब की बोतलें हैं तीन बदमाश युवक बिना शर्ट के जींस में नाच रहे हैं वही दो बदमाश युवक तो केवल अंडर गारमेंट्स में हैं बदमाश युवक अपने साथियों को कंधे पर बिठा हथियार लहराते हुए नाचते दिख रहे हैं वही वायरल वीडियो को पुलिस ने संज्ञान में लिया है और जांच में जुटी हैं

अवैध अतिक्रमण के खिलाफ पुलिस ने चलाया अभियान

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस उपायुक्त नार्थ जोन मयंक गुर्जर के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त आकाश मरकाम, सहायक पुलिस आयुक्त सुश्री पूर्णिमा लामा, सहायक पुलिस आयुक्त ;यातायात, रमेश येरेवार, थाना उरला पुलिस बल तथा नगर निगम बीरगांव के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की संयुक्त उपस्थिति में आज को थाना उरला क्षेत्रांतर्गत बीरगांव नगर निगम मुख्य मार्ग के किनारे अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण के विरुद्ध विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही की गई। संयुक्त कार्यवाही के दौरान सड़क किनारे अनाधिकृत रूप से संचालित दुकानों ठेलो गुमटियों एवं अन्य अस्थायी व्यवसायिक प्रतिष्ठानों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। कई स्थानों पर सड़क एवं फुटपाथ पर अवैध कब्जा कर आवागमन में बाधा उत्पन्न की जा रही थी जिससे आम नागरिकों तथा वाहन चालकों को आवागमन में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा था। कार्यवाही के दौरान संबंधित संचालकों को समझाइश भी दी गई कि वे भविष्य में किसी भी प्रकार का अवैध अतिक्रमण न करें तथा निर्धारित स्थानों पर ही अपना व्यवसाय संचालित करें। पुलिस एवं नगर निगम की टीम द्वारा मौके पर आवश्यकतानुसार बल प्रयोग किए बिना सुव्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण तरीके से अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही संपन्न की गई। इस कार्यवाही के परिणामस्वरूप मुख्य मार्ग पर यातायात का संचालन पुन: सुचारु एवं व्यवस्थित हो सका है। आम नागरिकों को आवागमन में हो रही असुविधा से राहत मिली है तथा क्षेत्र में कानून व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था सुदृढ़ हुई है। पुलिस प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि भविष्य में भी अवैध अतिक्रमण के विरुद्ध इसी प्रकार की सतत एवं प्रभावी कार्यवाही जारी रहेगी ताकि शहर में यातायात व्यवस्था सुगम एवं सुरक्षित बनी रहे।

अनाधिकृत रूप से संचालित दुकानों ठेले गुमटियों को हटाया गया

महिला को बचाने गए युवक को ट्रक ने मारी टक्कर

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राजधानी में पिछले 24 घंटे में अनेक हादसे हुए। शहर के काशीराम नगरए राजेन्द्र नगर और नवा रायपुर में यह सडक़ दुर्घटनाएं हुई। इसमें एक युवक की जान चली गई जबकि अन्य मामलों में पीड़ित गंभीर रूप से घायल हैं। महिला को बचाने गए युवक की ट्रक ने ली जान काशीराम नगर के सामने में ड्क्षरग रोड़ नं.1 पर एक दर्दनाक हादसा हुआ। वर्षा के कारण सडक़ पर फिसलन होने से स्कूटी सवार एक महिला बीच सडक़ पर गिर गई। युवक महिला को बचाने के लिए आगे बढ़ा और उसे सुरक्षित बाहर निकाल लियाए परन्तु उसी वक्त पीछे से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने युवक को ठोकर मार दी। ठोकर इतनी भीषण थी कि युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहींए महिला की स्कूटी को ट्रक दूर तक घसीटकर ले गया।

मौके पर पर दर्दनाक मौत

अनियत्रित होकर डिवाइडर से टकराया ट्रक: रिंग रोड.1 पर डिवाइडर से एक ट्रक के टकराने के बाद लंबा जाम लग गया। यह दुर्घटना कुशालपुर पुल के ऊपर में हुई थी। अनियत्रित ट्रक डिवाइडर पर चढ़ गया था। दुर्घटना के वजह से वाहनों को पुल के नीचे भी भेजा जा रहा था। सर्विस रोड में अधिक दबाव होने से वहां पर जाम की स्थिति बन गई थी। दो क्रेन की मदद से कड़ी मशक्कत के बाद मालवाहक को हटाया जा सका।

हवा में उछलकर दो पेड़ों के बीच फंसी कार: नवा रायपुर में देर रात एक भयंकर हादसा हुआ। मंदिर हसौद थाना क्षेत्र में तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर हवा में उछल गई और दो पेड़ों के बीच जा फंसी। हादसे में वाहन चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। उसकी पहचान सत्य साईं अस्पताल के एक डॉक्टर के रूप में हुई है।

असामाजिक गतिविधियों में संलिप्त युवक को कलेक्टर 3 माह के लिए किया जिला बदर

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी रायपुर डॉ. गौरव सिंह द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(ख) के तहत राजा राजपूत पिता प्यारे लाल राजपूत उम्र 25 वर्ष साकिन बुद्ध चौक, रामनगर थाना गुढियारी, रायपुर को जिले की सीमाओं से निष्कासित जिला बदर करने का आदेश जारी किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनावेदक के विरूद्ध उसकी अपराधिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की गई जो बेअसर रही। अनावेदक निरंतर अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त रहने में आम जनता में उसके अपराधिक कृत्य को लेकर आतंक व असुरक्षा की भावना फैली हुई थी। अनावेदक की अपराधिक गतिविधियों से सामान्य जनता एवं लोक सेवकों में भय व्याप्त था। इस हेतु सुरक्षा एवं लोक व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन द्वारा आवश्यक गोपनीय साक्ष्य और रिपोर्ट के आधार पर यह कार्रवाई की गई।

जारी आदेश के अनुसार, अनावेदक को आदेश की तिथि से 7 दिवस के भीतर, अर्थात 4 मार्च तक रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाना होगा तथा 03 माह अर्थात् 24 मई 2026 तक बिना सक्षम न्यायालय की अनुमति के इन जिलों की सीमाओं में प्रवेश नहीं कर सकेगा। आदेश का उल्लंघन होने पर संबंधित व्यक्ति के विरुद्ध विधि अनुसार कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

9 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी, सेल्समैन फरार

रायपुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। एक कारोबारी और एक अन्य युवती 9 लाख रुपए से अधिक की धोखाधड़ी का शिकार हुई। मिली जानकारी अनुसार पुराना कांशी राम नगर निवासी प्रीति कुर्रे 24 को 8 जनवरी की सुबह 10.30 से 10 जनवरी की शाम 6.30 के बीच 9572104140 से काल आया। अज्ञात व्यक्ति ने उसके नाम गिफ्ट आने की सूचना दी और डिलीवरी के लिए लिंक भेजा। इस लिंक के जरिए अज्ञात व्यक्ति ने अपने बताए एकाउंट में 2.95 लाख रुपए ट्रांसफर करा लिया। प्रीति ने डेढ़ माह तक गिफ्ट का इंतजार करने और धोखाधड़ी का अहसास होने पर कल देर रात तेलीबांधा थाने में धारा 66डी आईटी एक्ट और 318.4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराई। इधर एमजी रोड स्थित ए लीला इलेक्ट्रॉनिक का कर्मचारी रोशन पेशवानी 45 फर्म के 6 15800 रूपए लेकर फरार हो गया। वह फर्म में वसूली सेल्समैन था। यह रकम 6.24 फरवरी के बीच फर्म के देनदारों से वसूला जा। लीला इलैक्ट्रोनिक के संचालक मनोहर मंधानी ने कल रात मौदहापारा थाने में 316.4 के तहत रिपोर्ट दर्ज कराया।

संपादकीय

सड़क बनाने को लेकर न्यायसंगत दृष्टि जरूरी

सड़कों को लेकर रोज बवाल खड़ा हो रहा है। सड़कें अच्छी साफ सुथरी चमचमाती मिले तो उसका आनंद ही अलग होता है। पर ऐसी नसीब तो प्राय: उन्हीं लोगों को मिलती है जिन्हें वीआईपी में गिने जाते हैं और इसे जनता की कमजोरी कहिए या उनका नसीब, जनता अपने हक के मामले में हमेशा पीछे रह जाती है। लोगों में इस बात को लेकर हमेशा निराशा बनी रहती है कि उनके इलाके की सड़क पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और साहब, अफसर, मंत्री, विधायकों की तरफ की सड़कों में डामर ऊपर डामर चढ़ रही है। सरकार के लिए सब एक समान होना चाहिए और सभी को सुविधाएं भी एक समान मिलनी चाहिए। यह देखा जाता है कि नगर निगम जर्जर सड़कों को नहीं बनाता उल्टे उन सड़कों को बनाए जाता है जिनकी हालत अच्छी है और उस पर अभी दो-तीन साल काम की जरूरत ही नहीं है। रायपुर में ही अगर आप एक छोर से दूसरे छोर निकल जाएंगे तो यह बात पूरी तरह दिखाई देगी। जिधर वीआईपी कल्चर पलती है उधर की सड़कें चकाचक है और जिधर आम लोग जीवन बसर कर रहें हैं उधर की सड़कें जर्जर है और कोई सुध लेने भी नहीं आता। भाटागांव जाएं तो व्हीकल तो क्या पैदल चलना भी मुमकिन नहीं होता। इतने धूल, गुबार और आड़े-टेढ़े गड्ढे वाली सड़कें दिन भर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है। अभी इस पर पिछले महीने से कुछ काम शुरू होते दिखा है पर पूरा बन जाए तभी समझ आयेगा। पुरानी बस्ती, टिकरापारा, संतोषी नगर, प्रोफेसर कालोनी, कमल विहार की तरफ सड़क की हालत खराब है। कुछ एरिया में तो बहुत ही खराब है। बच्चों को सायकल में स्कूल जाने में भी बड़ी परेशानी होती है जबकि सिविल लाइन, खमतराई, गुरुद्वारा के पीछे नहरपारा की सड़कें अभी अच्छी हैं बावजूद उधर की सड़कें बनाई जा रही है। सरकार को इससे केवल आलोचना का विषय बनना पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि जिधर की सड़कें खराब हो उधर पहले प्राथमिकता दी जाए ताकि सभी लोगों को सुविधा मिले और परेशानी से बच सकें। आखिर उधर पैसे खर्च करने से क्या फायदा जिधर सड़कें अच्छी हो। अच्छी सड़कों पर फिर डामर लेयर लगाकर केवल पैसों की बर्बादी करते हैं अगर वही पैसा खराब सड़कों को बनाने में लग जाए तो दुखी जनता सुखी हो जाएगी। जन प्रतिनिधियों का भी यही काम है कि वे दुखी जनता का ध्यान रखे। उनको वह सुविधा मिले जो वीआईपी लोगों को मिल रहा है। हमारा समाज समतामूलक समाज है और सुख दुख में सभी की समान भागीदारी होनी चाहिए। कुछ वर्ग को विशेष सुविधा और कुछ के साथ कोई सुविधा नहीं तो यह न्यायसंगत नहीं होगा।

उल्टा पुल्टा

राजू पहाड़ों पर पैराशूट बेच रहा था।
ग्राहक- अगर पैराशूट नहीं खुला तो?
राजू- तो आपके पूरे पैसे वापिस।

तेज डीजे की शिकायत पर कलेक्टर सख्त समय सीमा उल्लंघन पर जब्ती के निर्देश

■ पीएम आवास योजना की एक भी किस्त नहीं मिलने की शिकायत
■ जनदर्शन में 136 आवेदन हुए प्राप्त

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास भूमि सीमांकन करान, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित आज 137 आवेदन प्राप्त हुए।

इसी कड़ी में नयापारा वार्ड नं 1 निवासी ने प्राचार्य द्वारा अभद्र व्यवहार करने और उनकी बेटी की जन्मतिथि में सुधार नहीं करने का आरोप लगाया है। उन्होंने बताया कि उनकी पुत्री कक्षा 11वीं की छात्रा है और कक्षा 9वीं से शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत है। छात्रा के शालेय अभिलेखों में जन्मतिथि 15/03/2008 दर्ज है, जबकि जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार सही जन्मतिथि 15/03/2009 है। दस्तावेजी त्रुटि सुधार के लिए बार-बार अनुरोध करने के बावजूद विद्यालय प्रबंधन द्वारा सुधार नहीं किया गया तथा जन्मतिथि संशोधन के लिए राजपत्र कराने का दबाव बनाया गया। इस पर कलेक्टर ने प्राचार्य को फोन लगाकर वस्तुस्थिति की जानकारी ली। कलेक्टर ने दस्तावेजों के आधार पर उचित कार्यवाही करने को कहा।

भिलाई निवासी ने महतारी वंदन योजना के तहत राशि दिलाने की मांग की। उन्होंने महतारी वंदन योजना की राशि पिछले तीन माह से नहीं मिलने की शिकायत की है। उन्होंने बताया कि फिंगरप्रिंट मैच नहीं होने के कारण दिसंबर 2025, जनवरी और फरवरी 2026 की किस्त प्राप्त नहीं हो पाई है। आधार कार्ड भी नया बनवाया जा चुका है, फिर भी समस्या का समाधान नहीं हुआ है। इस पर कलेक्टर ने महिला एवं बाल विकास विभाग को कार्यवाही करने को कहा।

गया नगर वार्ड क्रमांक 4 निवासी ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत एक भी किस्त नही मिलने की शिकायत की। उन्होंने बताया कि योजना के तहत आवास निर्माण कार्य शुरू हो चुका है, लेकिन छह माह बीतने के बाद भी योजना की कोई किस्त प्राप्त नहीं हुई। आर्थिक स्थिति इतनी अच्छी नही है ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

स्कूली वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे गिरी, 1 बच्चे की मौत

■ 13 से अधिक बच्चे घायल

बालोद/डौण्डी, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के डौंडी थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुई है। छिंदगांव के आगे मरारटोला गांव के समीप एक स्कूल वाहन अनियंत्रित होकर पुल के नीचे जा गिरी। हादसे में एक छात्र की मौके पर ही मौत हो गई जबकि 13 से अधिक स्कूली बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए हैं।

मिली जानकारी के अनुसार वाहन आजाद पब्लिक स्कूल डौंडी का फोर्स वाहन बताया जा रहा है। स्कूल की छुट्टी के बाद वाहन बच्चों को घर छोड़ने के लिए निकली थी। इसी दौरान मरारटोला के पास पुल पर वाहन अचानक अनियंत्रित हो गई और नीचे जा गिरी। दुर्घटना के बाद डौंडी पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच में जुट गई। वाहन जब्त कर लिया गया है और दुर्घटना के कारणों का पता लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर एंगल से जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। यह हादसा एक बार फिर स्कूल वाहनों की सुरक्षा व्यवस्था और परिवहन मानकों पर गंभीर सवाल खड़ा कर रहा है। मामले के बाद अभिभावकों ने स्कूल वाहनों की नियमित जांच और प्रशिक्षित चालकों की अनिवार्यता सुनिश्चित करने की मांग की है।

नवोदय विद्यालय बोरई के छात्रों के साथ बेरहमी से मारपीट मामला

दो शिक्षक गिरफ्तार

स्कूल में मोबाईल लेकर छात्रों से की गई मारपीट

दुर्ग, 26 फरवरी (देशबन्धु)। नवोदय विद्यालय में गत 21 फरवरी को मोबाईल रखने के नाम पर 2 शिक्षकों द्वारा कतिपय छात्रों के साथ की गई मारपीट के मामले में एक छात्र मंजित देशलहरा के पिता डोमन देशलहरा द्वारा नगपुरा पुलिस चौकी में की गई शिकायत के बाद पुलिस ने आरोपी शिक्षक पियूष कुमार एवं रविशंकर मंडलोई के विरूद्ध मामला दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया गया है। इन शिक्षकों के विरूद्ध धारा 296, 115(2), 3(5) के तहत मामला दर्ज कर लिया गया है। इस पूरे मामले में पुलिस अधीक्षक दुर्ग ने पूरी रिपोर्ट तैयार कर कलेक्टर को भी अवगत करा दिया है। इस मामले में जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा ने कहा कि नवोदय विद्यालय उनके अधिनस्थ नहीं है। इसलिए वे इस बारे में कुछ नहीं बता सकते।

उल्लेखनीय है कि 21 फरवरी को उक्त दो शिक्षकों ने नवोदय विद्यालय में पढ़ने वाले 11 वीं एवं 12 वीं के छात्रों से उनके मोबाईल जब्त किये। छात्रों ने मोबाईल छात्रावास के हाउस में रखा जो लाकर शिक्षकों को दे दिया। स्कूल और छात्रावास में मोबाईल रखना प्रतिबंधित है। इसलिए इन शिक्षकों ने विद्यालय के आठ छात्रों 12 वीं के मोहित कुमार गायकवाड़, जय कुमार गेण्ड्रे, एवं सौम्य कुमार यादव तथा कक्षा 11 वीं के छात्र आदित्य कंवर तुषार वर्मा, अरविंद साहू, मानस कुंभकार, ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

निगम कर्मी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर आधा दिन रहे हड़ताल पर

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय मजदूर संघ के आव्हान पर आज नगर निगम कर्मचारियों ने आधे दिन की हड़ताल की। इससे काफी हद तक नगर निगम का कामकाज प्रभावित रहा। इस दौरान नगर निगम तथा दुर्ग-भिलाई के विभिन्न संगठनों में कार्यरत भारतीय मजदूर संघ के सदस्यों ने पुराने बस स्टैंड में एकत्रित होकर नारेबाजी की।

उक्त आंदोलन के तहत भामसं से संबंद्ध स्वायत्तशासी कर्मचारी महासंघ द्वारा उठाई गई 11 सूत्रीय मांगों में ईपीएफओ अंशदान की सीमा बढ़ाई जाये, ईएसआईसी अंशदान में वेतन सीमा बढ़ायें, इपीएस 90 पेंशन को बढ़ाकर 75 सौ रूपये प्रतिमाह किया जाये। इस योजना के तहत आयुष्मान भारत चिकित्सा योजना जारी की जाये। कांट्रेक्ट श्रमिकों को नियमित किया जाये। छत्तीसगढ़ में नगरीय निकाय 2004 के बाद नियुक्त कर्मचारियों को पुरानी पेंशन का लाभ दिया जाये। दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों एवं प्लेसमेंट के तहत निकायों में कार्यरत कर्मचारियों को नियमित किया जाये। नवीन सेटअप स्वीकृत कर निकाय कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ दिया जाये। यह जानकारी शशिकांत यादव एवं ईश्वर वर्मा ने दी।

27 को प्लेसमेंट कैम्प

निजी क्षेत्र के 43 पदों पर होगी भर्ती

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र दुर्ग मालवीय नगर चौक दुर्ग में शुक्रवार 27 फरवरी को प्रात: 10.30 बजे से प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस कैम्प में निजी क्षेत्र के कुल 43 रिक्त पदों पर भर्ती प्रक्रिया की जाएगी।

उपसंचालक जिला रोजगार एवं स्वरोजगार से प्राप्त जानकारी के अनुसार दो निजी नियोजकों द्वारा विभिन्न पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। इनमें बिजनेस डेवलपमेंट मैनेजर के 18 पद, टेलीकॉलर के 20 पद, कम्प्यूटर टीचर के 2 पद, डाटा एंट्री ऑपरेटर का 01 पद तथा फील्ड स्टाफके 2 पद शामिल हैं। उक्त पदों के लिए निर्धारित वेतनमान 12,000 रुपये से 25,000 रुपये प्रतिमाह तक है। शैक्षणिक योग्यता के रूप में 10वीं, 12वीं, आईटीआई, डिप्लोमा एवं किसी भी विषय में स्नातक उत्तीर्ण अभ्यर्थी प्लेसमेंट कैम्प में शामिल हो सकते हैं।

इंदिरा मार्केट सहित प्रमुख सड़कों पर अवैध कब्जों एवं सड़क तक सामान फैलाकर रखने वालों पर होगी सख्त कार्रवाही : महापौर

महापौर अलका बाघमार ने पुराने बस स्टैंड से अग्रसेन चौक तक पैदल घूमकर किया निरीक्षण, अव्यवस्था पर जताई नाराजगी

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। महापौर अलका बाघमार ने आज पुराने बस स्टैंड इंदिरा मार्केट सहित अग्रसेन चौक तक अपनी टीम के साथ पैदल भ्रमण कर बाजार का निरीक्षण किया तथा बाजार क्षेत्र में सड़क तक सामान फैलाकर व्यवसाय करने वालों ठेले, खोमचों वालों को कड़ी समझाइश देते हुए कहा कि वे अपना व्यवसाय सड़क छोड़कर अंदर की ओर करें अन्यथा आगे सख्त कार्रवाई की जायेगी। आज की कार्रवाई में इसी तरह सड़क तक सामान फैलाकर व्यवसाय करने वाले कतिपय व्यवसाइयों से भी जुर्माना वसूल किया गया। तीन घंटे तक चले इस निरीक्षण कार्य में महापौर श्रीमती बाघमार ने कुआं चौक के पास स्थित पाण्डेय जूस कार्नर के संचालक द्वारा सड़क तक नारीयल रखकर व्यवसाय करने पर जुर्माना वसूल किया गया। उन्होने व्यवसाइयों से कहा कि सड़क तक दूकानें लगा लेने से सड़क बाधित होती है। आवागमन में लोगों को भारी परेशानी होती है। महापौर के साथ इस निरीक्षण के दौरान एमआईसी प्रभारी देवनारायण चंद्राकर, नीलेश अग्रवाल, सहायक अभियंता राजेन्द्र ढवाले, अतिक्रमण अधिकारी परमेश्वर बाजार अधिकारी अभ्युदय मिश्रा उपस्थित थे।

यादव जी की लव स्टोरी फिल्म को लेकर रिलीज होने से पूर्व ही बवाल प्रतिबंध की मांग

■ यादव समाज में रोष, प्रतिबंध की मांग को लेकर सौंपा ज्ञापन

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। सर्व यादव समाज ने राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री एवं सूचना प्रसारण मंत्री, मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर 27 फरवरी को रिलीज होने जा रही फिल्म यादव जी की लव स्टोरी को रिलीज होने से पहले ही प्रतिबंधित करने की मांग की है। इस संबंध में सर्व यादव समाज दुर्ग ग्रामीण के जिला अध्यक्षा भानुप्रताप यादव ने बताया कि इस फिल्म में यादव समाज की बहन बेटियों के सम्मान के विरूद्ध चित्रण किया गया है। इससे यादव समाज की भावनाएं आहत हो रही है और समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। ज्ञापन की एक प्रति अध्यक्ष, राष्ट्रीय फिल्म विकास निगम लि. नई दिल्ली के नाम पर भी भेजी गई है। सर्व यादव समाज दुर्ग ग्रामीण के अध्यक्ष भानुप्रताप यादव ने बताया कि उक्त फिल्म से यादव समाज की लड़की एवं मुस्लिम समाज के लड़के के काल्पनिक प्रेम प्रसंग को दर्शाया गया है। यह समाज की बहन बेटियों के सम्मान के विरूद्ध है। इससे सामाजिक सौहर्दता के बिगड़ने की भी संभावना है।

दुर्ग सहित प्रदेश के किसान ऑयल पाम की खेती की समग्र जानकारी पाने आंध्रप्रदेश रवाना

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के रायपुर, दुर्ग, बेमेतरा एवं बालोद जिलों से चयनित 40 प्रगतिशील किसानों का दल आज रायपुर से आंध्रप्रदेश के लिए एक्ससपोजर विजिट पर रवाना हुआ। इस भ्रमण का मुख्य उद्देश्य किसानों को ऑयल पाम की खेती से संबंधित समग्र एवं व्यावहारिक तकनीकी जानकारी प्रदान करना है।

इनका भ्रमण कार्यक्रम इस प्रकार है : 25 फरवरी नल्लाजेरला एवं देवरापल्ली क्षेत्र में जुवेनाइल एवं यािल्डंग ऑयल पाम बागानों का भ्रमण इसके बाद क्रमश: इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफऑयल पाम रिसर्च, पेदावेगी का भ्रमण।

27 फरवरी को येरनागुडेम आर एंड डी प्लांट, अक्षय केन्द्र नर्सरी दुबाचेरला का भ्रमण करेगें।

इस एक्सपोजर कार्यक्रम के दौरान किसानों को ऑयल पाम नर्सरी प्रबंधन, रोपण तकनीक, उत्पादन बढ़ाने की विधियाँ तथा प्रोसेसिंग इंफ्रास्ट्रक्चर से संबंधित विस्तृत तकनीकी जानकारी दी जायेगी।

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज नगर इकाई का वार्षिक मिलन समारोह

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज नगर इकाई दुर्ग का 22 वा वार्षिक मिलन समारोह कूर्मि भवन दुर्ग में आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि गजेंद्र यादव शिक्षा मंत्री, विशिष्ट अतिथि ललित चंद्राकर विधायक दुर्ग ग्रामीण दुर्ग महापौर अलका बाघमार, प्रीतपाल बेलचंदन अध्यक्ष जिला सहकारी केंद्रीय बैंक दुर्ग, बिरेंद्र कुमार देशमुख प्रसिद्ध नाड़ी वैद्य विशेष अतिथि योगेंद्र बेलचंदन केंद्रीय अध्यक्ष दिल्लीवार कूर्मि क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़ केशव बंटी हरमुख केंद्रीय उपाध्यक्ष ललित देशमुख केंद्रीय महामंत्री, दिलीप देशमुख केंद्रीय कोषाध्यक्ष प्रीति देशमुख केंद्रीय महिला अध्यक्ष, हेमंत देशमुख केंद्रीय युवा अध्यक्ष उपस्थित थे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सामाजिक ध्वजारोहण एवं छत्रपति शिवाजी महाराज व दाऊ ढाल सिंह दिल्लीवार के तैल चित्र मे माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर विधिवत पूजा अर्चना कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। तत्पश्चात मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का स्वागत किया गया। नगर इकाई दुर्ग के अध्यक्ष राकेश हरमुख ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में समाज द्वारा वर्ष भर किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं भविष्य की योजनाओं पर प्रकाश डाला।

सचिव राकेश देशमुख ने अपने प्रतिवेदन में नगर इकाई द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों एवं नवगठित कल्याण समिति के बारे में विस्तार पूर्वक बताया स कोषाध्यक्ष भुवनेश्वर देशमुख ने वार्षिक आय व्यय की जानकारी दी, महिला अध्यक्ष केवरा देशमुख ने प्रतिवेदन वाचन किया। बच्चों के द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। बच्चों के ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

अपर कलेक्टरों के मध्य कार्यो का नया विभाजन

अभिषेक अग्रवाल कबीरधाम स्थानांतरित

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने नवीनतम आदेश के अनुसार, अभिषेक अग्रवाल अपर कलेक्टर जिला दुर्ग को मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत कबीरधाम के पद पर स्थानांतरित किए जाने के कारण जिले में पदस्थ अपर कलेक्टरों के मध्य कार्य विभाजन में महत्वपूर्ण बदलाव किए हैं। कलेक्टर श्री सिंह द्वारा जारी यह आदेश प्रशासनिक दृष्टिकोण से पूर्व के समस्त आदेशों को अधिक्रमित करते हुए तत्काल प्रभाव से लागू किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार अपर कलेक्टर योगिता देवांगन को न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग (अनुभाग धमधा व पाटन हेतु) का प्रभार सौंपा गया है, जिसके तहत वे इन अनुभागों के छत्तीसगढ़ भू.राजस्व संहिता से संबंधित अपील, पुनरीक्षण एवं पुनर्विलोकन प्रकरणों का निराकरण करेंगी। इसके अलावा उन्हें जिले के अंतर्गत नजूल प्रकरणों के अपील और पुनरीक्षण हेतु कलेक्टर की शक्तियों के उपयोग का दायित्व मिला है।

इसी क्रम में अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग को अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट एडीएम जिला दुर्ग के न्यायालयीन कार्यों का प्रभार सौंपा गया है। उन्हें न्यायालय अपर कलेक्टर दुर्ग के रूप में अनुभाग दुर्ग एवं भिलाई3 के भू.राजस्व संहिता से संबंधित प्रकरणों का निपटारे का दायित्व दिया गया है। श्री सिंग को जिला जनगणना अधिकारीए उप जिला निर्वाचन ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

बजट विकास की रफ्तार को देगा नई गति : गजेन्द्र यादव

दुर्ग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत वर्ष 2026-27 का बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास का मार्ग प्रशस्त करने वाला है। लगभग 1 लाख 72 हजार करोड़ के इस ऐतिहासिक बजट को संकल्प थीम के साथ प्रस्तुत किया गया है, जो संवेदनशील, जवाबदेह और दूरदर्शी सरकार की सोच को दर्शाता है।

श्री यादव ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज नहीं, बल्कि हर वर्गो किसान, युवा, महिला, विद्यार्थी, कर्मचारी और व्यापारीओं के सपनों को साकार करने का संकल्प है। विशेष रूप से दुर्ग जिले को अनेक महत्वपूर्ण सौगातें मिली हैं, जो शहर के शैक्षणिक, स्वास्थ्य और अधोसंरचनात्मक विकास को नई ऊंचाई देंगी। उल्लेखनीय है कि दुर्ग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जेल तिराहा से महाराजा चौक होते हुए मिनीमाता चौक तक प्रस्तावित फेरलेन सड़क निर्माण का कुछ ही दिन पूर्व भूमिपूजन किया गया था। जो लंबे समय से क्षेत्रवासियों ➤➤ शेष पृष्ठ 9 पर ➤

दुर्ग को मिली प्रमुख सौगातें

दुर्ग के महाराजा चौक में 3 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर निर्माण। मुख्यमंत्री सड़क सुगम योजना अंतर्गत प्रदेश में 36 सड़कों का निर्माण, जिससे दुर्ग सहित क्षेत्रीय कनेक्टिविटी मजबूत होगी। भिलाई में 10 करोड़ की लागत से व्यवसायिक परिसर का निर्माण। दुर्ग के कन्या महाविद्यालय का उन्नयन एवं 3 करोड़ से सेंटर ऑफ एक्सीलेंस के रूप में विकसित किया जाएगा।, जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत बनाने दुर्ग में जीएनएम प्रशिक्षण केंद्र की स्थापना।, दुर्ग में छत्तीसगढ़ इंस्टिट्यूट ऑफटेक्नोलॉजीकी स्थापना।शिक्षा विभाग को सर्वाधिक 22 हजार करोड़ से अधिक का प्रावधान।

बजट में किसानों, मजदूरों और मिडिल क्लास के लिये कुछ भी नहीं : ताम्रध्वज



छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्त वर्ष 2026-27 के लिए पेश किए गए बजट पर राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू ने बजट को बेहद अस्पष्ट करार देते हुए सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट किसानों, मजदूरों, युवाओं और शहर के मध्यम वर्ग की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरता।

साहू ने कहा इस बजट में खेतिहर किसानो, मजदूरों और शहरी मध्यम वर्ग के लिए कोई ठोस प्रावधान नहीं है। रोजगार सृजन, शिक्षा, सिंचाई और युवाओं से जुड़े महत्वपूर्ण क्षेत्रों पर चुप्पी साध ली गई है। उन्होंने आगे जोर देकर कहा कि कई घोषणाएं केवल कागजों तक सीमित हैं और जमीनी स्तर पर इनका कोई असर नजर नहीं दिखाई देता।

पूर्व गृहमंत्री ने सरकार के पुराने वादों पर भी सवाल उठाए। उन्होंने कहा कि पूर्व में किए वादों जैसे रोजगार सृजन, सरकारी भर्तियां और युवाओं के लिए योजनाओं पर अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गयी है। लोगों की बेरोजगारी बढ़ रही है, लेकिन बजट में इसका कोई समाधान नहीं दिखता।

प्रदेश सरकार का बजट सर्वांगीण विकास करनेवाला : मनीष भंडारी

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्तमंत्री ओ.पी.चौधरी द्वारा राज्य को मजबूत अधोसंरचना देने, समावेशी विकास करने तथा औद्योगिक प्रगति के लिए निवेश के साथ रोजगार सृजन की आवश्यकता को दृष्टिगत रखते हुए प्रस्तुत बजट स्वागते है। बजट में जहाँ एक ओर महिलाओं को आत्मनिर्भर, सशक्त और उद्यमी बनाने राशि निर्धारित की है तो बालिकाओ के लिए रानी दुर्गावती योजना के तहत 1.50 लाख की राशि उनके 18 वर्ष पूर्ण होने पर प्रदान किया जाना, अहम निर्णय है। बेहतर शिक्षा, सशक्त एवं उन्नत कृषि, युवाओं के कौशल विकास हेतु औद्योगिक पार्क निर्माण, सदृढ़ स्वास्थ्य सेवाओं के लिए तथा अन्य योजनाओं के माध्यम से करोड़ो की राशि का प्रावधान कर विकसित भारत की कल्पना को साकार करने और प्रदेश के हर वर्ग किसानो, महिलाओं, आदिवासियों, युवाओं, गरीबों, कर्मचारियों, खिलाड़ियों के उत्थान की भावना परिलक्षित होती है।

होली पर्व की तैयारी को लेकर एसएसपी ने ली समीक्षा बैठक

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस नियंत्रण कक्ष सेक्टर-6 में पुलिस उप महानिरीक्षक दुर्ग द्वारा यातायात पुलिस अधिकारियों की समीक्षा बैठक ली गई। बैठक में आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में संपन्न कराने हेतु समन्वित कार्ययोजना तैयार की गई। निर्देशित किया गया कि होलिका दहन की रात्रि एवं होली के दिन शहर के प्रमुख मार्गों, राष्ट्रीय राजमार्ग, भीड़-भाड़ वाले बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों तथा पूर्व में चिन्हित संवेदनशील एवं अतिसंवेदनशील चौक-चौराहों पर विशेष निगरानी रखी जाए। नशे की अवस्था में वाहन चलाने, तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन संचालन, स्टंटबाजी, ट्रिपल राइडिंग, खुले वाहन में खतरनाक ढंग से यात्रा, संशोधित साइलेंसर, ध्वनि प्रदूषण, सार्वजनिक मार्ग अवरुद्ध करने एवं अन्य वाहन चालकों को बाधित करने वालों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत कठोर दंडात्मक कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ड्रिंक एंड ड्राइव प्रकरणों में ब्रीथ एनालाइजर से जांच कर दोषी पाए जाने पर वाहन जप्त कर प्रकरण तैयार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया जाएगा। आवश्यकता अनुसार संबंधित चालकों के ड्राइविंग लाइसेंस निलंबन हेतु भी वैधानिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाएगी। बैठक के दौरान जिले के प्रमुख चौकों में सघन वाहन चेकिंग में लगे अधिकारीध्कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया तथा सभी को ड्यूटी प्वाइंट पर समयबद्ध उपस्थिति एवं त्वरित प्रतिक्रिया सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिले के प्रमुख चौक चौराहों पर सघन वाहन चेकिंग में संलग्न यातायात पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों द्वारा सतत एवं प्रभावी कार्रवाई की गई। जिनका उत्साहवर्धन प्रशस्ति पत्र प्रदान कर किया गया। पुलिस आम नागरिकों से अपील की है कि होली पर्व को मर्यादित एवं सुरक्षित वातावरण में मनाएं। नशे की अवस्था में वाहन न चलाएं, यातायात नियमों का पालन करें तथा स्वयं एवं अन्य नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

ओवर ब्रिज में लूट

भिलाई। पावर हाउस ओवरब्रिज पर चलती गाड़ी से नकाबपोश युवकों द्वारा नगदी से भरा बैग लूटे जाने का मामला सामने आया है। प्रार्थी महादेव बाघमारे निवासी कैंप-दो भिलाई मसाला व्यवसायी हैं। उन्होंने भट्ठी थाना में दर्ज रिपोर्ट में बताया कि वे प्रतिदिन की तरह अपनी टीवीएस एक्सल वाहन से घर लौट रहे थे। प्रार्थी के अनुसार नगदी से भरा बैग वाहन के बीच में रखा हुआ था। जिसमें लगभग 1 लाख 70 हजार रुपये थे। जैसे ही वे पावर हाउस ओवरब्रिज पर सेक्टर की ओर पहुंचे, उसी दौरान काले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल में सवार दो नकाबपोश युवक दाहिनी ओर से आए और चलती गाड़ी से बैग झपटकर मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना पर भट्ठी पुलिस द्वारा अज्ञात आरोपितों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। आरोपितों की पहचान एवं गिरफ्तारी के लिए घटनास्थल एवं आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। इसी प्रकार पद्मनाभपुर थाना क्षेत्र में भी चेन स्नेचिंग की घटना सामने आई है।

अवैध मादक पदार्थ सहित दो आरोपी गिरफ्तार

भिलाईनगर। वीति को रात्रि लगभग 12 बजे थाना भिलाई भट्टी क्षेत्र अंतर्गत सेक्टर 1 स्थित पंप हाउस के पास दो व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से प्रतिबंधित मादक पदार्थ अल्प्राजोलम टेबलेट का परिवहन एवं विक्रय किए जाने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर तत्काल पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर दोनों संदेहियों को पकड़ा गया। विधिवत तलाशी लेने पर उनके कब्जे से कुल 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट बरामद हुआ। प्रकरण में अपराध क्रमांक 33/2026 धारा 22(ब) बीएनएस के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया गया है। आरोपी सागर सिंह 21 वर्ष सेक्टर-3, अतुल यादव 20 वर्ष सेक्टर 01 के पास से 1650 नग प्रतिबंधित अल्प्राजोलम टेबलेट एक दोपहिया वाहन जप्त किया गया है। उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई भट्टी एवं एसीसीयू टीम की सराहनीय भूमिका रही। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध मादक पदार्थों के क्रय विक्रय, परिवहन अथवा भंडारण की सूचना तत्काल पुलिस को दें।

इंडियन, रिकर्व एवं कंपाउंड स्पर्धाओं का आयोजन

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल में आयोजित चौदहवीं अखिल भारतीय पुलिस तीरंदाजी प्रतियोगिता में विभिन्न स्पर्धाओं के क्वालिफिकेशन राउंड आयोजित किए गए। पुरुष एवं महिला स्पर्धा में 70 मीटर दूरी से 50 मीटर तक कंपाउंड स्पर्धा में 50 मीटर तथा इंडियन राउंड पुरुष में 50 मीटर एवं 30 मीटर की दूरी से क्वालिफिकेशन मुकाबले संपन्न हुए। जिसमें पुरुष वर्ग से 55 एवं महिला वर्ग से 41 खिलाड़ियों ने सहभागिता की। कंपाउंड इवेंट में पुरुष वर्ग से 79 एवं महिला वर्ग से 44 प्रतिभागियों ने भाग लिया। निर्धारित नियमों के अनुसार प्रत्येक इवेंट से 32-32 खिलाड़ियों का चयन आगामी एलिमिनेशन राउंड हेतु किया गया है। निर्णायक मंडल द्वारा अगले दिन इंडिविजुअल एलिमिनेशन एवं मिक्स्ड टीम एलिमिनेशन राउंड आयोजित किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रतियोगिता का संचालन भारतीय तीरंदाजी संघ के पदाधिकारियों एवं तकनीकी अधिकारियों के मार्गदर्शन में किया जा रहा है। प्रतियोगिताओं के संचालन में प्रथम वाहिनी छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल आयोजन समिति तकनीकी अधिकारियों एवं ड्यूटी में तैनात पुलिस अधिकारियों कर्मचारियों की सक्रिय एवं समन्वित भूमिका रही।

बजट को किसी ने सराहा तो किसी ने हताशा वाला बताया

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भिलाई शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर ने प्रदेश बजट को पूरी तरह निराशाजनक बताया है। उनका कहना है कि बजट में आंकड़ों का सिर्फ खेल है। मध्यमवर्गीय परिवार को राहत देने की कोई पहल नहीं की गई है। बेरोजगार युवाओं, महिलाओं, किसानों, शासकीय कर्मचारियों के लिए बजट में कुछ भी नहीं है। श्री चंद्राकर का कहना है कि किसानों के लिए धान खरीदी और समर्थन मूल्य पर कुछ स्पष्ट नहीं है। खाली पड़े सरकारी पदों को भरने के लिए कोई पहल नहीं की गई है। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों की बजट में उपेक्षा की गई है। शिक्षकों एवं चिकित्सकों की कमी को पूरा करने कोई कदम उठाए नहीं गए हैं।

प्रवक्ता जिला कांग्रेस कमेटी भिलाई जावेद खान ने बताया कि ज्ञान और गति के बाद संकल्प रूपी जुमला उछाला गया है तुकबंदी का बेहतरीन प्रदर्शन रहा है। बजटीय भाषण। संकल्प थीम पर पूर्ण रूप से बोलने के बाद मुख्यमंत्री के नाम पर पांच मिशन जोडना समझ से परे ह। ऐसा प्रतीत होता है कि बजट बनने के बाद एआई को जोड़ा गया है। मेगा परिक्षा केन्द्र का निर्माण और व्यापम पर जोर दिया गया है लेकिन नई नौकरियों का कोई उल्लेख नही है केवल और केवल निर्माण कार्य पर बल दिया गया है नितियों का स्पष्ट अभाव तथा केन्द्र का अनुसरण करते हुए सपने दिखाए गए हैं।

बजट मे रोजगार व रिक्त पदो की पूर्ति की बात नही

भिलाईनगर। अखिल भारतीय एससी एसटी ओबीसी संयुक्त मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव अनिल मेश्राम ने बजट पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा कि बजट मे बेरोजगार युवाओ हेतु नवीन पदो का सृजन नही किया गया है और ना ही हजारो रिक्त पदो की पूर्ति तथा एससी एसटी ओबीसी के रिक्त पदो के बैकलॉग को भरे जाने घोषणा की गई है। जिससे छत्तीसगढ़ के बेरोजगार युवाओ व आरक्षित वर्ग के सदस्यो को पुनः हताश होना पड़ा है। महतारी वंदन योजना हेतु 8200 करोड़ सालाना का बजट रखा गया है । शासन को रोजगारोन्मुखी योजनाए लाकर बेरोजगार युवाओ व महिलाओ के हित मे कदम उठाया जाना चाहिए था। इस बजट से छत्तीसगढ़ मे निवासरत अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति व पिछड़ा वर्ग की 97 प्रतिशत आबादी को निराशा ही हाथ लगी है।

कैशलैस चिकित्सा सुविधा पर सरकार का जताया आभार

छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन की ओर से मुख्यमंत्री वित्त मंत्र एव स्वास्थ्य मंत्री का आभार व्यक्त करते हैं कि उन्होंने बजट में कर्मचारियों और अधिकारियों के लिए कैशलैस चिकित्सा सुविधा को शामिल किया। यह निर्णय कर्मचारी वर्ग और उनके परिवारों के लिए बड़ी राहत लेकर आया है। गंभीर बीमारी की स्थिति में आर्थिक चिंता से मुक्ति मिलना एक ऐतिहासिक कदम है। हम सरकार के इस संवेदनशील और कर्मचारी हितैषी निर्णय का स्वागत करते हैं और आशा करते हैं कि भविष्य में भी कर्मचारी हितों को इसी प्रकार प्राथमिकता दी जाती रहेगी। ज्ञात हो कि फेडरेशन 11 सूत्रीय मांगों को लेकर निरंतर संघर्षरत है। उक्त मांग में कैशलेश सुविधा भी प्रमुख मांग था।

दशहरा मैदान के टेन्डर को निरस्त करने की मांग

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। शांति नगर दशहरा मैदान को टेंडर प्रक्रिया से मुक्त कर रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से देने की मांग आज शांति नगर के वरिष्ठ नागरिकों ने वरिष्ठ कांग्रेसी नेता बृजमोहन सिंह एवं पार्षद अभिषेक मिश्रा के नेतृत्व में निगम भिलाई के महापौर एवं आयुक्त से मुलाकात कर शांति नगर दशहरा मैदान के संबंध में नागरिकों की भावनाओं से अवगत कराया। निगम द्वारा जारी किया गया टेंडर तत्काल निरस्त किया जाए। इस ग्राउंड से हजारों खेल प्रेमियों की खेल भावना जुड़ी हुई है, इसलिए इसे किसी भी प्रकार की टेंडर प्रक्रिया के अंतर्गत न लाया जाए। नागरिकों की ओर से यह मांग रखी गई कि मैदान को टेंडर के माध्यम से नहींए बल्कि रुचि की अभिव्यक्ति के माध्यम से केवल रख रखाव हेतु शांति नगर की किसी स्थानीय समिति, संस्था को सौंपा जाए, ताकि मैदान की नियमित देखरेख, घास में समय पर पानी, लाइटों की निगरानी, गड्ढों की मरम्मत एवं असामाजिक गतिविधियों पर रोक सुनिश्चित की जा सके। वर्तमान में कई बाहरी लोग टूर्नामेंट आयोजित कर एंट्री फीस लेते हैं, परंतु मैदान के रख रखाव में सहयोग नहीं करते, जिससे मैदान को नुकसान पहुंचता है। प्रतिनिधिमंडल ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि टेंडर प्रक्रिया समाप्त नहीं की जाती है, तो शांति नगर के सैकड़ों खेल प्रेमी एवं नागरिक नगर निगम के विरुद्ध आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे और यह विरोध तब तक जारी रहेगा, जब तक टेंडर प्रक्रिया पूरी तरह समाप्त नहीं कर दी जाती। महापौर ने चर्चा के दौरान कहा कि मैदान को रुचि की अभिव्यक्ति के अनुसार ही दिया जाएगा तथा वर्तमान टेंडर प्रक्रिया में आवश्यक बदलाव किए जाएंगे। उन्होंने आश्वस्त किया कि नियम एवं शर्तें नागरिकों के सुझावों के अनुरूप निर्धारित की जाएंगी। महापौर ने यह भी निगम का उद्देश्य भी मैदान को सुरक्षित एवं संरक्षित रखना बताया। इस अवसर पर बृजमोहन सिंह, अभिषेक मिश्रा, राजेश शर्मा, बलदेव सिंह धारीवाल, अमर सिंह, राधे कांत मिश्रा, नवतेज सोहेल, केदार बंसल, गिरीश खापर्डे, महेंद्र यादव, संजय उपाध्याय, सत्यनारायण, अजय त्रिपाठी,भारत सिंह, चंद्र भूषण झा, मुरली पोद्दार, आशीष त्रिपाठी उपस्थित थे।

चोरी की 31 दोपहिए वाहन सहित तीन गिरफ्तार

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। शहर के विभिन्न स्थान में वर्ष 2024 से लगातार दोपहिया वाहन चोरी की घटनाएं घटित हो रही थीं। विशेष रूप से बीएसपी के मुख्य गेट स्थित दोपहिया पार्किंग तथा भिलाई भट्टी क्षेत्र को आरोपियों द्वारा निशाना बनाया जाता था। थाना भिलाई नगर में पंजीबद्ध प्रकरणों की समीक्षा, तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर सूचना के आधार पर मुख्य आरोपी ई. पापा राव को चिन्हित कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी द्वारा बताया गया कि वह स्वयं वाहन चोरी कर उन्हें कुंकुरी जिला जशपुर क्षेत्र में ले जाकर अपने सहयोगियों के माध्यम से खपाता था। चोरी के वाहनों को मनोज राम एवं एम. राम सेवक तथा अन्य सहयोगियों के माध्यम से बेचने की प्रक्रिया अपनाई जाती थी। मुख्य आरोपी ई. पापा राव द्वारा भोपाल से मेकनिकल इंजीनियरिंग डिप्लोमा प्राप्त किया जाना भी प्रकाश में आया है। आरोपी प्रायः होंडा साइन एवं अन्य दोपहिया वाहनों को लक्ष्य बनाता था। विवेचना के दौरान कुल 31 दोपहिया वाहन, अनुमानित कीमत लगभग 31 लाख रुपये, जप्त किए गए हैं। इनमें भिलाई भट्टी क्षेत्र की 13 गाड़िया, छावनी थाना क्षेत्र की 3 गाड़ियां, रायपुर क्षेत्र की 2 गाड़ियां तथा 3 ऐसे दोपहिया वाहन शामिल हैं जिनके दस्तावेज पंजीबद्ध नहीं पाए गए। प्रकरण में संबंधित अपराध क्रमांकों के तहत धारा 303(2) बीएनएस के अंतर्गत वैधानिक कार्रवाई की जा रही है। अन्य संलिप्त व्यक्तियों की पतासाजी जारी है। ई. पापा राव रायपुर, मनोज राम निवासी जशपुर, राम सेवक निवासी कुंनकुरी कुल 31 नग दोपहिया वाहन अनुमानित मूल्य लगभग 31 लाख रुपये उक्त कार्यवाही में थाना भिलाई नगर प्रभारी, थाना स्टाफ, साइबर सेल टीम एवं विशेष जांच दल की सराहनीय भूमिका रही। दुर्ग पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अपने वाहनों को सुरक्षित स्थान पर लॉक कर खड़ा करें तथा पार्किंग स्थल पर सुरक्षा संबंधी सावधानियां बरतें। संदिग्ध गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें। वाहन चोरी में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

नराकास की 62वीं छमाही बैठक आयोजित

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की 62वीं छमाही बैठक भिलाई निवास के बहुउद्देशीय सभागार में उप निदेशक कार्यान्वयन नरेन्द्र सिंह मेहरा के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुई। भिलाई इस्पात संयंत्र के निदेशक प्रभारी एवं अध्यक्षए नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, भिलाई दुर्ग चित्त रंजन महापात्र ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। विशिष्ट अतिथि के रूप में कार्यपालक निदेशक मानव संसाधन संयंत्र श्री पवन कुमार उपस्थित थे। महाप्रबंधक प्रभारी संपर्क व अमूल्य प्रियदर्शी एवं महाप्रबंधक संपर्क व प्रशासन जनसंपर्क एवं प्रभारी राजभाषा राजीव कुमार ने शॉल, श्रीफल एवं पुस्तक भेंटकर अतिथिगण का स्वागत किया। मुख्य अतिथि नरेन्द्र सिंह मेहरा ने नराकास भिलाई.दुर्ग की सराहना करते हुए कहा कि नराकास का इतिहास आरंभ से ही गौरवशाली रहा है। उन्होंने नराकास भिलाई दुर्ग को वर्ष 2024 25 के लिए मध्य क्षेत्र के नराकास राजभाषा सम्मान में तृतीय स्थान प्राप्त किया। निदेशक प्रभारी चित्त रंजन महापात्र ने कहा कि नराकास का इतिहास अत्यंत ही गौरवशाली रहा है। हमें गौरव का यह क्रम बनाए रखना है। इस क्रम में गृह मंत्रालय, राजभाषा विभाग की ओर से प्राप्त दिशा.निर्देशों तथा राजभाषा के संवैधानिक प्रावधानों का अनुपालन करके नराकास नई उपलब्धियाँ अर्जित करने में अवश्य ही सफल होगा। हिंदी ना केवल राजभाषा के रूप में समस्त कार्यालयीन कामकाज के लिए आवश्यक एवं लाभदायक है। हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता के लिए भी सहायक है। हम सभी राष्ट्र की समग्र प्रगति चाहते हैं, हिंदी अपनाकर हम सभी इस दिशा में अपना योगदान दे सकते हैं। पवन कुमार ने कहा कि हमारे देश के स्वाधीनता संग्राम तथा स्वतंत्रता आंदोलन के समय से हिंदी हमारी राष्ट्रीय एकता में सहायक रही है। एक राष्ट्रव्यापी भाषा के रूप में हिंदी ने सदैव ही समूचे भारत को एक सूत्र में पिरोने का कार्य किया है। राजीव कुमार ने कहा कि नराकास भिलाई.दुर्ग उत्कृष्टता की ओर सतत अग्रसर रहने प्रयासरत है। बैठक की कार्यवाही में सर्वप्रथम विगत बैठक का अनुपालन प्रतिवेदन एवं आगत तिमाही के लिए कार्यसूची का वाचन किया। इस अवसर पर हिंदी गृह पत्रिका महानदी के ऑपरेशन सिंदूर विशेषांक का विमोचन किया गया। पत्रिका में सदस्य संस्थानों के कार्मिकों एवं उनके परिजनों द्वारा स्वलिखित रचनाओं का समावेश किया गया है। अतिथिगण एवं उपस्थितजनों ने भारतीय सेनाओं की शौर्यगाथाओं तथा राष्ट्रप्रेम, एकता व संप्रभुता पर केन्द्रित रचनाओं की भरपूर सराहना की ।कार्यक्रम का संचालन उप प्रबंधक ;संपर्क एवं प्रशासन द्ध राजभाषाद्ध श्री जितेन्द्र दास मानिकपुरी ने किया तथा आभार प्रदर्शन सहायक प्रबंधक ;न्यू इण्डिया एश्योरेंस कंण् लिण्द्ध सुश्री नूपुर बिस्वास ने किया।

सर्वहितैषी, सर्वसमावेशी बजट : सरोज

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष डॉ सुश्री सरोज पाण्डेय ने प्रदेश सरकार के बजट का स्वागत करते हुए कहा कि कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में महिलाओं पर भी फोकस करते हुए महतारी वंदन योजना के तहत महिलाओं को आत्मनिर्भर, उद्यमी और आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए 8,200 करोड का प्रावधान किया गया है। यह योजना महिलाओं की सामाजिक एवं आर्थिक स्थिति को मजबूत करने के लिए महत्वपूर्ण है। सुश्री पांडेय ने कहा कि प्रदेश सरकार ने एक नई योजना रानी दुर्गावती योजना लायी है। इस योजना के तहत परिवार में बालिका के जन्म पश्चात् बालिका के 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.50 लाख रूपये दिये जाएंगे। रानी दुर्गावती योजना के लिए 15 करोड का प्रावधान किया गया है। उन्होनें कहा कि यह बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, जनकल्याण और आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के संकल्प को साकार करने वाला दूरदर्शी एवं जनहितैषी बजट है। यह बजट प्रदेश की 3 करोड़ जनता की आकांक्षाओं और सपनों का प्रतिबिंब है। इस बजट में किसानों, युवाओं, महिलाओं, श्रमिकों, गरीब एवं मध्यम वर्ग के हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी गई है। कृषि एवं ग्रामीण विकास के लिए विशेष प्रावधान कर अन्नदाता को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने का कार्य किया गया है। साथ ही अधोसंरचना, सड़कों, सिंचाई, स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक निवेश कर विकास की गति को और तेज करने का संकल्प लिया गया है।

निगम आयुक्त को हितग्राहियों ने सौंपा ज्ञापन

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पूर्व मंत्री बदरुद्दीन कुरैशी ने भिलाई के निगम के आयुक्त से शारदा पारा आवासीय योजना के हितग्राहियों ने ज्ञापन सौपा। साड़ा भिलाई के द्वारा शारदा पारा आवासीय योजना के भूखंडों का सेक्टर ब्लॉक प्लांट आकर रजिस्ट्री दिनांक से आज दिनांक तक साडा, नगर निगम भिलाई द्वारा योजना में मूलभूत सुविधाएं जैसी बिजली, पानी, रोड, नाली आदि की सुविधा उपलब्ध न कराए जाने एवं भूखंड को विवादित करने के उद्देश्य से नगर निगम द्वारा स्थल में स्टेडियम, मीना बाजार, रावण दहन, सूर्य कुंड तालाब का निगम द्वारा शासकीय व्यय का उपयोग किया गया है। जिस कारण विवश होकर हितग्राही ने उच्च न्यायालय में का दरवाजा खटखटाना पड़ा । फल स्वरुप नगर निगम भिलाई द्वारा प्रेषित सूचना का जवाब हितग्राही की ओर से प्रस्तुत है। इस संदर्भ में रजिस्ट्रीशुदा हितग्राहियों ने शपथ पत्र के साथ हाई कोर्ट और नगर निगम को लिखित दिया है कि तत्काल हमारे पट्टे को नवीनीकरण करते हुए तत्काल भवन निर्माण हेतु अनुमति दिया जाए। हितग्राहियों में अधिवक्ता जमील अहमद, राजेंद्र प्रसाद शर्मा, शंभू नाथ सिंह, संजय लाखे, हुकुम गहलोत, वासुदेव सिंह, सुभाष सिंह, देवनाथ मिश्रा, मुन्ना साहू, विजय कुमार गुप्ता, कुडंबद्दीन अंसारी, शिवनाथ सिंह, सत्यनारायण, मोहन सिंह, योगेश मुकुंद प्रसाद दव, विजय मुकुंद प्रसाद दवे, मोहन सिंह, नेक लाल, गब्बू लाल, धर्मदास, राम सहारे, इंतजार अहमद, मुर्तुजा खान, जगदीश मौर्य, कैलाश गहलोत, पूनम चंद, लक्ष्मी नारायण शर्मा, लक्ष्मी नारायण शर्मा, दौलत साहू, राम मणि चौबे, विजय साहू, ओमप्रकाश, रामलाल ए शेख नादिन, चतुर्भुज, परमहंस, खुर्शीदा बेगम, शहनाज अली, रणजीत सिंह, बाबूलाल, लीलाबाई राम पद डे, राजेंद्र कुमार देवांगन उपस्थित थे।

सुपेला शासकीय अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा शुरु

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने निर्देशानुसार और सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी के मार्गदर्शन में लाल बहादुर शास्त्री सिविल अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध करायी गई है। उक्त अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन उपलब्ध होने के बावजूद विशेषज्ञ चिकित्सक की अनुपलब्धता के कारण उपयोग में नही लायी जा रही थी। कलेक्टर श्री सिंह ने इसे संज्ञान में लेते हुए सीएमएचओ एवं सिविल सर्जन को उक्त अस्पताल में सोनोग्राफी सुविधा उपलब्ध कराने निर्देशित किया। सिविल सर्जन डॉ.आशीषन कुमार मिंज ने इस हेतु आवश्यक पहल करते हुए स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. विनीता रतनानी को जिला अस्पताल में सोनोग्राफी मशीन संचालन हेतु 10 दिवस का प्रशिक्षण पश्चात् सिविल अस्पताल सुपेला में सोनोग्राफी संचालन के लिए दायित्व सौंपा गया है। डॉ. रतनानी द्वारा उक्त चिकित्सालय में सोनोग्राफी की सुविधा प्रारंभ कर दी गई है। इनके द्वारा प्रतिदिन 10 से 15 गर्भवती माताओं का सोनोग्राफी किया जा रहा है। चिकित्सालय में सोनोग्राफी सुविधा के साथ अन्य सभी आवश्यक सुविधाएं भी उपलब्ध करायी जा रही है।

वैशाली नगर थाना के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य शीघ्र हो

भिलाईनगर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिक निगम भिलाई आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने शहर की व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने की दिशा में जोन-2 वैशाली नगर क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रस्तावित वृद्धाश्रम स्थल और प्रस्तावित सड़क का जायजा लेते हुए उपस्थित अभियंताओं को जनहित में आवश्यक और बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त ने वैशाली नगर थाना के पीछे हमर क्लीनिक के समीप वृद्धाश्रम के लिए प्रस्तावित स्थल का अवलोकन किया। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानजनक और सुरक्षित जीवन यापन के लिए उपयुक्त स्थान उपलब्ध कराना निगम की प्राथमिकता है। आयुक्त ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वृद्धाश्रम स्थल के समीप रोड का तत्काल सीमांकन कराया जाए। वैशाली नगर थाना के बाउंड्रीवाल निर्माण कार्य को शीघ्रता से पूर्ण किया जाए। निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने कुरूद सुन्दर विहार के पास कॉलोनी में मूलभूत सुविधाओं का भी अवलोकन किया। उन्होंने स्पष्ट किया कि नागरिकों की मूलभूत सुविधा विशेषकर सुगम आवागमन को दृष्टिगत रखते हुए सड़क निर्माण के कार्य हेतु प्रस्ताव तैयार किया जाए । इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान आयुक्त के साथ मुख्य रूप से येशा लहरे जोन आयुक्त, अरविंद शर्मा कार्यपालन अभियंता, अर्पित बंजारे सहायक अभियंता, श्वेता वर्मा उप अभियंता, प्रशन्न तिवारी सहायक राजस्व अधिकारी, शंकर सहानी जोन स्वास्थ्य अधिकारी, राजस्व निरीक्षक, सुपरवाइजर एवं अन्य उपस्थित रहे।

युवा संसद कार्यक्रम का सफल आयोजन

सहसपुर लोहारा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारत सरकार के युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय तथा शासकीय महाविद्यालय सहसपुर लोहारा माय भारत ,एन.एस.एस के संयुक्त तत्वाधान में च्विकसित भारत एक दिवसीय युवा संसद कार्यक्रम 2026च्च का सफल आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं में लोकतांत्रिक मूल्यों, संवैधानिक दायित्वों एवं राष्ट्रीय चेतना के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्रीय सांसद संतोष पाण्डेय ने वर्चुअल माध्यम से शामिल हुए। उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि युवा संसद जैसे मंच युवाओं को लोकतांत्रिक प्रक्रिया को समझने, अपने विचार अभिव्यक्त करने तथा राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भागीदारी के लिए प्रेरित करते हैं। प्रमुख अतिथि राजेंद्र चंद्रवंशी (जिला अध्यक्ष, भाजपा) ने च्आपातकाल के 50 वर्ष भारतीय लोकतंत्र के लिए सबकज्ञ विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारतीय लोकतंत्र की मजबूती, संविधान की महत्ता एवं नागरिक अधिकारों की रक्षा पर प्रकाश डाला। प्रथम सत्र में सदन की कार्यवाही में स्पीकर की भूमिका चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी (अध्यक्ष, नगर पालिका) ने प्रभावशाली ढंग से निभाई। प्रतिभागियों ने संसद की कार्यवाही का अनुकरण करते हुए पक्ष एवं विपक्ष के रूप में तार्किक एवं प्रभावशाली तर्क प्रस्तुत किए।

द्वितीय सत्र में स्पीकर की भूमिका अशोक चंद्रवंशी ने निभाई और लोकसभा सदन की कार्यवाही को सुव्यवस्थित रूप से संपन्न कराया।

प्राचार्य डॉ. के. एस. परिहार ने स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। लगभग 100 से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीयन कर कार्यक्रम में भाग लिया, जिनमें से श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले 10 प्रतिभागियों का जिला स्तर पर चयन किया गया। चयनित प्रतिभागियों में गजेंद्र भारती, पंकज ध्रुव, दिलेश वर्मा, दानेश्वर पटेल, इंद्राणी साहू, क्षमा चंद्रवंशी, योगिता, ऐश्वर्या, यामिनी कौशिक एवं रूपेश पटेल शामिल हैं।

जिसमे से पांच प्रतिभागी राज्य स्तरीय युवा संसद में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। कार्यक्रम में योगेश साहू अध्यक्ष, जनभागीदारी समिति, डॉ. ऋचा मिश्रा (प्राचार्य, पीजी कॉलेज), जिनेंद्र दीवान समन्वयक एनएसएस हेमचंद यादव विश्वविद्यालय दुर्ग, परेटन वर्मा (जिला उपाध्यक्ष), लालाराम साहू (मंडल अध्यक्ष, भाजपा), हेमंत साहू (उपाध्यक्ष, नगर पंचायत लोहारा)। निर्णायक समिति में उमेश पाठक, तेज सिंह चंद्रवंशी, गजराज सिंह, सौरभ श्रीवास्तव एवं अब्दुल वहीद खान उपस्थित रहे।यह आयोजन जिले के युवाओं के लिए एक प्रेरणादायक एवं ज्ञानवर्धक मंच सिद्ध हुआ, जिसने उनमें नेतृत्व क्षमता, तार्किक चिंतन, संवाद कौशल एवं लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति समझ विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी एफ आर वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी माय भारत सौरभ निषाद महविद्यालय से असिस्टेंट प्रोफेसर संदीप सोनकर, मोना बर्मन, डॉ ज्योति चंद्रवंशी, अंजू महोबिया, गौरव जायसवाल, दीपक पटेल, रूपेश वर्मा, काजल साहू, विवेक चौहान, काजल साहू ,लक्ष्मी वर्मा, आभा जोशी, डॉ खिलेश्वरी चंद्रवंशी, आशीष, गिरधारी वर्मा ,जे एल मरकाम, हेमंत चंद्रवंशी विनोद देवांगन , अमित कुमार, कामिनी ,जोधन पटेल, कोमल वर्मा ,भगत साहू लव लस्कर, दिलीप ,राम सहित कॉलेज के स्टाफ उपस्थित थे.आयोजन के अंत में प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।

भावना ने विस में नल जल योजना, स्थानीय रोजगार एवं उद्योग व महिला श्रमिकों के हित का उठाया मुद्दा

कवर्धा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पंडरिया विधायक भावना बोहरा द्वारा विधानसभा में जनहित व प्रदेश के प्रमुख विषयों से जुड़े प्रश्न लगातार विधानसभा पटल पर रख रहीं हैं। बजट सत्र के तीसरे दिन उन्होंने नल जल योजना से जल आपूर्ति व गर्मी के दिनों में ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए प्रशासन द्वारा की गई तैयारियों, इन्वेस्ट कनेक्ट और स्थानीय रोजगार एवं कबीरधाम जिला में संचालित लघु व मध्यम उद्योग को प्रोत्साहन और महिला श्रमिकों के हित के सन्दर्भ में प्रश्न पूछा।

पंडरिया विधायक भावना बोहरा ने प्रश्न किया कि पिछले 12 महीनों में कितने जिलों/शहरों में नल जल योजना को जोड़ लिया गया है, कितने जिलों में योजना पूर्ण कर ली गई है? बचे हुए जिलों में कब तक यह योजना पूर्ण कर ली जाएगी? वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल योजना की लक्ष्य पूर्ति में किस स्थान पर है? तथा आगामी ग्रीष्मकाल में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिए विभाग की क्या योजना है? जिसके लिखित प्रतिउत्तर में उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने बताया कि पिछले 12 महीनों में राज्य के सभी जिलों के ग्रामीण क्षेत्रों को नल जल योजना से जोड़ लिया गया है। शहरों में नल जल योजना लागू नहीं है। राज्य के किसी भी जिला में योजना पूर्ण नहीं की गई है। संभावित तिथि बताना संभव नहीं है। वर्तमान में छत्तीसगढ़ नल जल योजना की लक्ष्य पूर्ति में 24 वें नंबर में है। आगामी ग्रीष्मकाल में ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति के लिये लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सभी जिलों में हैण्डपंप संधारण के लिये पर्याप्त हैण्डपंप तकनीशियन नियुक्त किया गया है। हैण्डपंप संधारण हेतु पर्याप्त मात्रा में हैण्डपंप स्पेयर पार्ट्स की व्यवस्था सभी जिलों में सुनिश्चित कर ली गई है। ग्रीष्म ऋतु के पूर्व विभाग के द्वारा 15 मार्च से 15 अप्रैल तक एक माह का विशेष हैण्डपंप संधारण अभियान चलाया जायेगा, जिसमें हैण्डपंपों के सुधार कार्य के साथ-साथ जल स्तर से नीचे चले जाने वाले हैण्डपंपों में राईजर पाईप बढ़ाने के साथ पेयजल की गुणवत्ता का सतत् परीक्षण कर पेयजल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन का भी कार्य किया जायेगा। प्रदेश के 194 नगरीय निकायों में पेयजल आपूर्ति हेतु निकायों द्वारा 15 मार्च के पूर्व हेण्डपप, बखिल के आसपास सफाई, मरम्मत सधारण का कार्य करते हुए क्लोरिनेशन का कार्य किया जायेगा। सतही स्त्रोत आधारित पेयजल योजना अंतर्गत इंटेकवेल, डब्ल्यू.टी.पी. में मोटर पंप मशीनरी का मरम्मत कर अधोसंरचनाओं का सुदृढीकरण किया जायेगा। टंकियों की सफाई किया जायेगा। टुटे-फूटे, लिकेज पाईप लाईन का मरम्मत सुधार कार्य किया जायेगा। वित्तीय वर्ष 2024-25 में ग्रीष्म ऋतु में पेयजल संकट निवारण हेतु नगरीय निकायों को कुल राशि रू. 18.00 करोड़ आबंटित किया गया है। इसके अतिरिक्त पेयजल व्यवस्था हेतु 25 नगरीय निकायों को अधोसंरचना मद से राशि रू. 5.63 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई थी। 15 वे वित्त आयोग टाईड ग्राण्ट के जल घटक अंतर्गत विगत 03 वर्षों में पेयजल व्यवस्था हेतु राशि रू. 566.33 करोड़ की अनुमति निकायों को दी गई है। इस वित्तीय वर्ष 2025-26 में पेयजल संकट निवारण हेतु कुल राशि रू. 18.03 करोड़ जारी किया गया है।

प्रज्ञा वैष्णव बनीं न्यायाधीश, क्षेत्र में खुशी की लहर

छुईखदान, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छुईखदान से लगे हुए इस शिक्षित ग्राम ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का परचम लहराया है। प्रज्ञा वैष्णव ने व्यवहार न्यायाधीश की परीक्षा पास कर लिया है । प्रज्ञा वैष्णव स्वर्गीय गंगा दास वैष्णव की पोती एवं अधिवक्ता भरत दास वैष्णव की सुपुत्री हैं। उनके इस चयन से न केवल परिवार, बल्कि पूरे ग्राम और क्षेत्र का नाम रोशन हुआ है। ग्रामवासियों का कहना है कि कोहलाटोला शिक्षा के क्षेत्र में हमेशा अग्रणी रहा है और यहां के बच्चे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य क्षेत्रों में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहे हैं।

क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम कोहला टोला

ग्राम कोहलाटोला को क्षेत्र का सबसे शिक्षित ग्राम माना जाता है। यहां से सैकड़ों लोग शिक्षक, पटवारी, आरआई, पंचायत सचिव, वकील, खाद्य निरीक्षक,डिप्टी कलेक्टर, प्राचार्य सहित विभिन्न प्रशासनिक पदों पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं। अब प्रज्ञा वैष्णव के न्यायाधीश बनने से गांव को एक नई पहचान मिली है। जो आने वाले समय छेत्र के छात्रों के लिए लिए ड्रीम बनेगी।

जिला वैष्णव समाज करेगा सम्मान

इस उपलब्धि पर जिला वैष्णव समाज के अध्यक्ष देवराज किशोर दास ने कहा कि समाज की बेटी ने क्षेत्र का मान बढ़ाया है। समाज द्वारा शीघ्र ही एक भव्य सम्मान समारोह आयोजित कर प्रज्ञा वैष्णव को सम्मानित किया जाएगा।

प्रेस क्लब ने दी बधाई

प्रेस क्लब के सज्जाक खान सुदीप श्रीवास्तव दीपक देशमुख संजय शर्मा शैलेंद्र तिवारी नीलम वैष्णव महेंद्र सिंह अनिल यादव सन्नी महोबिया अंकित महोबिया विक्रम राजपूत दीनू यदु देवेश सोनी शैलेन्द्र तिवारी दीपक जैन ने उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं दी है।

प्रज्ञा वैष्णव की सफलता से पूरे क्षेत्र में गर्व और प्रेरणा का माहौल है। उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक मिसाल बनेगा और इस क्षेत्र के अत्यधिक छात्र छात्राएं अपनी रुचि को प्रशासनिक अधिकारी बनने के लिए प्रयत्न करेंगे। प्रज्ञा वैष्णव ने बताया कि वे अपने पिता को वकालत करते देखकर न्यायधीश बनने की कल्पना की थी। जो आज साकार हो गया है ।मै इसके लिए अपने माता पिता अपने ग्राम कोहला टोला छुईखदान को भी इसका श्रेय देना चाहूंगी।

छत्तीसगढ़ को ऊंचाई तक ले जाने वाला दूरदर्शी वित्तीय बजट : विनय देवांगन

खैरागढ़, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला भाजपा प्रवक्ता एवं वार्ड क्रमांक 16 दाऊचौरा के भाजपा पार्षद एवं सभापति विनय देवांगन ने कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में प्रस्तुत वित्त वर्ष 2026-27 का बजट राज्य को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने वाला दूरदर्शी और जनकल्याणकारी बजट है। कुल 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपये का यह बजट पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 12 प्रतिशत अधिक है, जो सरकार की मजबूत आर्थिक नीति और विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। देवांगन ने कहा कि यह बजट विशेष रूप से गरीबों, युवाओं, अन्नदाता किसानों, मातृशक्ति, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं आधारभूत संरचना के सर्वांगीण विकास को ध्यान में रखकर तैयार किया गया है। कृषि क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए कृषि उन्नति योजना अंतर्गत 10 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि तथा आधुनिक कृषि तकनीकों को बढ़ावा मिलेगा। महिला सशक्तिकरण की दिशा में महतारी वंदन योजना के लिए 8200 करोड़ रुपये का प्रावधान कर महिलाओं को आर्थिक मजबूती देने का संकल्प दोहराया गया है। वहीं सड़क परिवहन एवं अधोसंरचना विकास के लिए 2000 करोड़ रुपये की राशि निर्धारित की गई है, जिससे ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आवागमन सुविधाएं सुदृढ़ होंगी। उद्योग एवं रोजगार सृजन को बढ़ावा देने के लिए 700 करोड़ रुपये की इंडस्ट्रियल सब्सिडी सपोर्ट योजना लागू की गई है, जिससे युवाओं को रोजगार के नए अवसर प्राप्त होंगे। साथ ही राज्य में 12 नए इंजीनियरिंग कॉलेज एवं 12 नए पॉलिटेक्निक कॉलेज प्रारंभ करने की घोषणा शिक्षा क्षेत्र में मील का पत्थर साबित होगा । उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति में छत्तीसगढ़ की भूमिका को सशक्त करेगा और प्रदेश में समग्र विकास की नई गाथा लिखेगा।

सूने मकान में चोरी का आरोपी गिरफ्तार

खैरागढ़, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिले के खैरागढ़ थाना क्षेत्र में सूने मकान में चोरी की घटना का पुलिस ने पर्दाफाश करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेज दिया है। पुलिस मामले की गहन जांच में जुटी हुई है तथा फरार आरोपी की तलाश जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम बोरी निवासी मानदाता लोधी उम्र 60 वर्ष ने खैरागढ़ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वे 16 से 24 जनवरी तक पारिवारिक कार्यक्रम में शामिल होने घर में ताला लगाकर बाहर गए हुए थे। 24 जनवरी को वापस लौटने पर उन्होंने देखा कि मकान का ताला टूटा हुआ है और अंदर रखा संदूक भी क्षतिग्रस्त है। संदूक में रखे लगभग 35 हजार रुपये मूल्य के सामान अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए थे। शिकायत के आधार पर पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर धारा 331(4) एवं 305 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के अंतर्गत मामला पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की। तकनीकी साक्ष्य एवं मुखबिर की सूचना के आधार पर एक संदेही को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम बीरसिंह वर्मा उम्र 30 वर्ष निवासी धम्मादीप नगर, ईटाभट्ठा चौक, नागपुर (महाराष्ट्र) बताया तथा अपने एक साथी के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से चोरी करना स्वीकार किया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। मामले में अन्य आरोपी की तलाश जारी है तथा विवेचना प्रगति पर है।

झलमला मुख्य चौक से शहर के पर्यावरण पार्क तक हटेगा अतिक्रमण

बालोद। अनुविभागीय अधिकारी ;राण्द्ध बालोद नूतन कंवर द्वारा नगर में अतिक्रमण के संबंध में बैठक आयोजित की गई। जिसमें झलमला मुख्य चौक से पर्यावरण पार्क तक राष्ट्रीय राजमार्ग 930 सड़क के दोनों ओर विभिन्न अतिक्रमणकारियों द्वारा किये गये कब्जे को हटाने के संबंध में चर्चा की गई। बैठक में उपस्थित नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिभा चौधरी, उपाध्यक्ष कमलेश सोनी, व्यापारी संघ के अध्यक्ष हरीश सांखला सहित अन्य गणमान्य नागरिकों से विचार विमर्श उपरांत निर्णय लिया गया कि अतिक्रमण हटाने के संबंध में राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग द्वारा चिन्हित अतिक्रामकों सहित अन्य अतिक्रामकों को मुनादी कराया जाकर तीन दिन में स्वतः अपना कब्जा हटाये जाने का आग्रह किया जावे। इसके बाद नियमानुसार बलपूर्वक कब्जा हटाये जाने की कार्यवाही की जाएगी। बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि नया बस स्टैण्ड परिसर में लंबे समय से खड़ी बसों को हटवाते हुए उनके मालिकों के विरूद्ध दण्डात्मक कार्यवाही की जाए। बस स्टैण्ड में ट्रकों को भी खड़े होने से रोका जावे। एसडीएम श्री कंवर ने कहा कि बालोद नगर को अतिक्रमण मुक्त एवं सुंदर बनाना है जिसमें हम सभी को अपनी भागीदारी निभानी होगी।

निधन

हंसराज रांवका

नवापारा राजिम 25 फरवरी। नगर एवं जैन समाज के वयोवृद्ध 95 वर्षीय हंसराज रांवका का आकस्मिक निधन प्रातः हो गया। वे दिगंबर जैन समाज के सुश्रावक वयोवृद्ध व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 25 फरवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे उनके निज निवास सत्यनारायण मंदिर के पास से निकाली गई । वे रवि, रमेश रांवका के पिता एंव शुभम फुहार के दादा थे।

सामाजिक जागरूकता से मूल हिन्दू धर्म में हुई वापसी

डोंगरगढ़, 25 फरवरी (देशबन्धु)। लालबहादुर नगर तहसील साहू संघ के द्वारा सामाजिक जागरूकता अभियान के तहत घर वापसी का कार्यक्रम परिक्षेत्रीय साहू समाज कोलिहापुरी के अंतर्गत ग्राम डूंडेरा में साहू समाज के लोकेश साहू पिता संतु राम साहू के द्वारा पिछले आठ साल से हिन्दू धर्म को छोड़ कर ईसाई धर्म अपना लिया था जब ग्रामीण साहू समाज को जानकारी प्राप्त हुई तब लोकेश साहू को मानने को तैयार नही हुया तब साहू समाज के उच्च पदाधिकारियों की सक्रियता से ग्राम डूडेरा में तहसील एवम परिक्षेत्रीय साहू समाज के पदाधिकारी एवम ग्रामीण साहू समाज के लोग उपस्थित होकर लोकेश साहू को हिन्दू धर्म और साहू समाज के बारे में विस्तार से समझाया जिसे लोकेश साहू ने समझा और अपने मूल हिन्दू धर्म मे वापसी के लिए अपनी सहमति दी ।इस घर वापसी कार्यक्रम में तहसील साहू संघ लाल बहादुर नगर अध्यक्ष गिरवर साहू जिला साहू संघ राजनंदगांव कोषाध्यक्ष नोबल साहू कोषाध्यक्ष कमलेश साहू सचिव रामाधीन साहू महिला संगठन सचिव उमा साहू युवा प्रकोष्ठ मनोज साहू कोलिहापुरी अध्यक्ष अश्वनी साहू कोषाध्यक्ष पवन साहू उपाध्यक्ष जगदीश साहू सचिव मुकेश साहू महिला उपाध्यक्ष श्रीमती गायत्री साहू संगठन सचिव संतोष साहू एवं सुखदेव साहू लीलाराम साहू लेखराम साहू समारु साहू प्रकाश साहू दौलत साहू विष्णु साहू भैरव साहू सलेखा साहू भिखू राम साहू सेवाराम साहू मूलचंद साहू अग्निवेश साहू प्रीतम साहू एवं अन्य की मुख्य भूमिका रही।

111 किलो गांजा सहित आरोपी गिरफ्तार

डोंगरगढ, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव अंकिता शर्मा के दिशा निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं एसडीओपी डोंगरगढ केशरी नंदन नायक के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संतोष जायसवाल द्वारा थाना क्षेत्र में अवैध गतिविधियोंए शराब कोचियोंए सटोरियोंए संदिग्ध व्यक्तियों एवं असामाजिक तत्वों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाकर कार्यवाही की जा रही है । इसी क्रम में दिनांक 25.02.2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि पिपरिया रोड स्थित शनि मंदिर के पास मुरमुंदा में हिमांशु अवैध रूप से मादक पदार्थ गांजा बिक्री कर रहा है। सूचना पर तत्काल घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा गया। आरोपी हिमांशु कुमार बघेल के कब्जे से एक पॉलिथीन में लगभग 111 किलोग्राम गांजा ;कीमती लगभग 500६ रुपयेद्धए नगदी बिक्री रकम 2ए100६ रुपये एवं एक मोटर सायकल ;कीमती लगभग 60ए000६ रुपयेद्ध जप्त किया गया। कुल जप्ती मूल्य 62ए600६ रुपये है।आरोपी के विरुद्ध धारा 20;खद्ध एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर माननीय न्यायालय में पेश किया गया।

नव विवाहिता के शव को गृह ग्राम पथर्रा के लिए किया गया रवाना

गुरुर, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिले में नव विवाहिता द्वारा आत्महत्या के बाद उस समय विवाद की स्थिति निर्मित हो गई, जब मृतिका के मायके वालो ने शव को अपने साथ ले जाने की जिद करने लगे। प्रशासनिक अधिकारियो द्वारा समझाईश के बाद परिजन शांत हुए। पूरा मामला ब्लॉक मुख्यालय गुरुर में बुधवार की है। बता दे कि गुरुर नगर के गुलमोहर कॉलोनी में मंगलवार को दोपहर 2 बजे किराए के मकान में 28 वर्षीय मीनाक्षी भतरिया ने फांसी लगाकर आत्महत्या की है। मीनाक्षी के पति प्रवीण कुमार गुरुर तहसील के रजिस्ट्रार कार्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर है, जब वह भोजन के लिए घर में पहुंचा, तब इस तरह घटना के बारे में जानकारी हुआ।

मानसिक रूप से प्रताड़ना के चलते की आत्महत्या

परिजनों ने बताया कि 8 मई 2025 को मीनाक्षी एवं प्रवीण का सामाजिक रीति रिवाज के साथ विवाह हुआ था, लेकिन यहां परिजनों ने आरोप लगाया कि प्रवीण का अन्य लड़की के साथ अफेयर चल रहा है, प्रवीण कुमार लगातार मीनाक्षी को मानसिक रूप से प्रताड़ित भी कर रहा था, जिससे परेशान होकर मीनाक्षी ने इस तरह घटना को अंजाम दिया है।

मायका में अंतिम संस्कार के लिए बना विवाद की स्थिति

पुलिस के मुताबिक मीनाक्षी भतरिया का शव दुपट्टा के सहारे फांसी के फंदे पर लटका हुआ मिला है। मामला हत्या का है या फिर आत्महत्या, पुलिस द्वारा बारीकी से जांच की जा रही है। बुधवार को दोपहर 1बजे ब्लॉक मुख्यालय गुरुर के मर्च्युरी में पीएम के बाद शव को गृह ग्राम पथर्रा के लिए रवाना किया गया। इसके पहले मृतका के मायके वालों ने प्रवीण कुमार पर गंभीर आरोप लगाते हुए डेड बॉडी को अपने साथ मीनाक्षी के मायका ग्राम थनौद में अंतिम संस्कार करने की जीद में थे। दोनों पक्ष में बीच विवाद की स्थिति को देखते हुए गुरुर तहसीलदार हनुमंत श्याम एवं एसडीओपी माया शर्मा भी मौके पर पहुंची। साथ मे एएसआई कुलेश्वर यादव, लता तिवारी, हरख बघेल द्वारा भी दोनों पक्ष के परिजनों को समझाया जिसके बाद दोनों पक्ष के परिजन शांत हुए।

विवाद के चलते एसडीओपी व तहसीलदार भी पहुंचे

प्रादेशिकी का शेष...

तेज डीजे की शिकायत पर ...

कि वह बिना सहायता के आवास बना सके। उन्होंने शीघ्र किस्त जारी कर सहायता प्रदान करने की मांग की। इस पर कलेक्टर ने नगर निगम दुर्ग आयुक्त को नियमानुसार किस्त प्रदान करने के निर्देश दिए।

कुरूद के सुंदर विहार एवं प्रगति नगर क्षेत्र के रहवासियों ने प्रीत पैलेस के पास तेज आवाज में डीजे बजाए जाने की शिकायत की। स्थानीय लोगों ने बताया कि नालंदा इंग्लिश मीडियम स्कूल के समीप स्थित प्रीत पैलेस में विवाह व अन्य कार्यक्रमों के दौरान देर रात तक तीव्र ध्वनि में डीजे चलाया जाता हैए जिससे बच्चों की पढ़ाई, मरीजों व बुजुर्गों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस पर कलेक्टर ने एसडीएम भिलाई को निर्धारित समय सीमा से बाहर साउंड सिस्टम संचालित किए जाने पर जप्ती की कार्यवाही करने के निर्देश दिए।

दो शिक्षक...

प्रियाशू टंडन को लाठी, हाथ मुक्का एवं डंडे से मारपीट की गई। इस मारपीट से एक छात्र के प्राइवेट पार्ट में तथा अन्य छात्रों की पीठ, कान इत्यादि स्थानों पर चोट पहुंची । इन छात्रों का डाक्टरी मुलाहिजा भी कराया गया है। इन आरोपी शिक्षकों को पूर्व में ही निलंबित किया जा चुका है।

दिल्लीवार कुर्मी क्षत्रिय समाज...

लिए रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें प्रथम स्थान हर्षिता देशमुख द्वितीय स्थान मान्या हरमुख ने प्राप्त किया। महिलाओं के कुर्सी दौड़ मे प्रथम स्थान केवरा देशमुख, द्वितीय स्थान सुनीता देशमुख, तृतीय स्थान चित्रलेखा रही, सेवानिवृत सम्मान के अंतर्गत नरेश पिपरिया भरत लाल देशमुख सहदेव राम देशमुख चित्रलेखा देशमुख सरस्वती देशमुख चंद्रकांता देशमुख का सम्मान एवं प्रतिभावान सम्मान के अंतर्गत विकास देशमुख पीएचडी, डॉ निधि देशमुख एमडी, राहुल गौतम सीएम, योगेश देशमुख एआई कक्षा 12वीं में वेदांत देशमुख मयंक देशमुख कक्षा दसवीं में कीर्तन देशमुख को सम्मानित किया गया ।

अपर कलेक्टरों के मध्य ...

अधिकारी सामान्य एवं स्थानीय निर्वाचन और परिसीमन पंचायत व नगरीय निकाय का दायित्व सौंपा गया है।

अपर कलेक्टरों हेतु लिंक अधिकारी भी नियुक्त किये गए है, जिसके अनुसार अपर कलेक्टर योगिता देवांगन के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग और अपर कलेक्टर वीरेन्द्र सिंग के लिंक अधिकारी अपर कलेक्टर योगिता देवांगन होंगी।

बजट विकास की रफ्तार को...

की प्रमुख मांग रही है जिससे बढ़ते यातायात दबाव को कम करने में महत्वपूर्ण मदद मिलेगी।

आज प्रदेश के वित्त मंत्री द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत बजट में महाराजा चौक पर लगभग 3 करोड़ की लागत से फ्लाईओवर निर्माण को भी स्वीकृति प्रदान की गई है।

विश्व महिला दिवस पर बेमेतरा में जल संरक्षण महाभियान

बेमेतरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला बेमेतरा वर्तमान समय में गंभीर जल संकट की चुनौती का सामना कर रहा है। निरंतर गिरते भू-जल स्तर, अनियमित वर्षा, जल स्त्रोतों के सूखने तथा बढ़ती जल खपत के कारण आने वाले वर्षों में स्थिति और भी भयावह हो सकती है। जल के बिना जीवन की कल्पना असंभव है—ऐसे में जल संरक्षण एवं संवर्धन आज की सबसे बड़ी आवश्यकता बन चुकी है। इसी गंभीर परिस्थिति को ध्यान में रखते हुए 08 मार्च 2026, विश्व महिला दिवस के पावन अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर च्जल संरक्षण महाभियानज्ज प्रारंभ किया जा रहा है। इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक नागरिक से अपने घर, आंगन या परिसर में रिचार्ज पिट (रिचार्ज पिट) का निर्माण करने का आह्वान किया गया है, ताकि वर्षा जल को संरक्षित कर भू-जल स्तर को बढ़ाया जा सके।

जल संकट: भविष्य की बड़ी चुनौती

विशेषज्ञों के अनुसार यदि अभी से जल संरक्षण के ठोस उपाय नहीं किए गए, तो आने वाले समय में पेयजल संकट गहराता जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को दूर-दूर से पानी लाने की समस्या और अधिक बढ़ सकती है। जल के अभाव का सीधा प्रभाव स्वास्थ्य, कृषि, पशुपालन और आजीविका पर पड़ता है। जल केवल प्राकृतिक संसाधन नहीं, बल्कि जीवन की मूल आधारशिला है। यह कृषि उत्पादन, पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और मानव अस्तित्व का आधार है। इसलिए जल की प्रत्येक बूंद का संरक्षण हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है।

जल शक्ति से ही नारी सशक्त

विश्व महिला दिवस पर इस अभियान को विशेष रूप से महिलाओं को समर्पित किया गया है। जल संकट का सर्वाधिक प्रभाव महिलाओं पर ही पड़ता है—उन्हें घर और परिवार की जल आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए अतिरिक्त श्रम करना पड़ता है। च्जल शक्ति से ही नारी सशक्त होती हैज्ज — क्योंकि जल के बिना वह अपने परिवार, बच्चों और समाज के भविष्य की कल्पना भी नहीं कर सकती। अतः इस दिवस पर जल संरक्षण का संकल्प लेना वास्तव में महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम है।

रिचार्ज पिट : सरल, सस्ता और प्रभावी उपाय

जल संकट से निपटने का सबसे सरल एवं कारगर उपाय है रिचार्ज पिट का निर्माण 7 रिचार्ज पिट के लाभ- वर्षा जल का भू-जल में पुनर्भरण, जल स्तर में वृद्धि, हैंडपंप एवं बोरवेल की आयु में वृद्धि, जलभराव की समस्या में कमी, भविष्य के लिए जल सुरक्षा सुनिश्चित 7 रिचार्ज पिट का निर्माण कम लागत में स्थानीय संसाधनों से किया जा सकता है। घर की छत से निकलने वाले वर्षा जल को पाइप के माध्यम से गड्ढे में डालकर, उसमें गिट्टी, रेत और पत्थर की परतें लगाकर जल को धरती में समाहित किया जाता है।

जन-जन तक पहुंचेगा जल संरक्षण का संदेश

जल संरक्षण महाभियानज्ज के अंतर्गत ग्राम पंचायतों, नगरीय निकायों, स्वयं सहायता समूहों, महिला मंडलों, स्कूल-कॉलेजों एवं सामाजिक संगठनों के माध्यम से व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। रैली, संगोष्ठी एवं कार्यशालाएँ, दीवार लेखन एवं पोस्टर अभियान, सोशल मीडिया जागरूकता संदेश, स्कूलों में जल संरक्षण शपथ कार्यक्रम इन सभी माध्यमों से नागरिकों को जल संरक्षण के प्रति जागरूक किया जाएगा।

सामूहिक संकल्प से ही संभव होगा समाधान

जिले के समस्त सम्माननीय नागरिकों से अपील की गई है कि वे जल की एक-एक बूंद को व्यर्थ बहने से रोकें, घरों में रिचार्ज पिट का निर्माण करें, वर्षा जल संचयन को अपनाएँ, परिवार एवं समाज के प्रत्येक सदस्य को प्रेरित करें, बच्चों को जल संरक्षण के संस्कार दें 7 यदि प्रत्येक घर एक रिचार्ज पिट बनाए, तो पूरे जिले में हजारों जल संरचनाएँ निर्मित होंगी, जिससे भू-जल स्तर में उल्लेखनीय वृद्धि संभव होगी।

जल बचाएँ : जीवन बचाएँ

विश्व महिला दिवस के अवसर पर यह केवल एक अभियान नहीं, बल्कि भविष्य को सुरक्षित करने का संकल्प है। आइए, हम सब मिलकर यह प्रण लें हम जल की एक-एक बूंद बचाएंगे, वर्षा जल का संरक्षण करेंगे, रिचार्ज पिट का निर्माण करेंगे, और बेमेतरा को जल संकट से मुक्त बनाएंगे ।ज्ज 08 मार्च 2026 को अपने घर में रिचार्ज पिट बनाकर महिलाओं के सम्मान में जल संरक्षण का संकल्प लें। यही सच्ची श्रद्धांजलि होगी प्रकृति, मातृशक्ति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति।

पूर्व सांसद मोहन मंडावी गोंडवाना समाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत

दल्लीराजहरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ के वरिष्ठ समाजसेवी व पूर्व सांसद मोहन मंडावी को गोंडवाना समाज का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर समाज में हर्ष एवं उत्साह का वातावरण है। उनके दीर्घ सामाजिक अनुभव, संगठनात्मक दक्षता एवं समाजहित में निरंतर सक्रिय भूमिका को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है।श्री मंडावी जी पूर्व में बस्तर संभाग के संभागीय सचिव एवं प्रदेश उपाध्यक्ष व कांकेर लोकसभा सांसद के रूप में भी सफलतापूर्वक दायित्व निभा चुके हैं। उनके नेतृत्व में समाज के संगठनात्मक विस्तार और सामाजिक एकता को नई मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस गौरवपूर्ण अवसर पर पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनन गुप्ता ने विशेष रूप से हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि मोहन मंडावी का राष्ट्रीय स्तर पर मनोनयन गोंडवाना समाज के लिए गर्व का विषय है। उनके अनुभव, सरल स्वभाव और समाज के प्रति समर्पण से निश्चित रूप से संगठन को नई ऊर्जा और नई दिशा मिलेगी ।मनन गुप्ता ने आगे कहा कि श्री मंडावी का नेतृत्व समाज में समन्वय, विकास और सांस्कृतिक गौरव को और अधिक सुदृढ़ करेगा। उन्होंने उनके सफल एवं उज्ज्वल कार्यकाल की कामना करते हुए पूर्ण सहयोग का आश्वासन भी दिया ।समाज के अनेक सामाजिक, राजनीतिक एवं गणमान्य व्यक्तियों ने भी बधाई प्रेषित कर हर्ष व्यक्त किया है।

बेमेतरा विधानसभा के किसानों को मिली बड़ी सौगात

सिंचाई व पेयजल से किसानो को मिलेगी बड़ी राहत

बेमेतरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 का 1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए का बजट वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत किया गया। 'संकल्प' थीम पर आधारित इस बजट में किसानों को ब्याज मुक्त ऋण, सिंचाई विस्तार, शिक्षा, विद्युत व्यवस्था, सड़क एवं सुरक्षा ढांचे,स्वास्थ्य क्षेत्र को मजबूत करने पर विशेष फोकस किया गया है।

बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को इस बजट में बहुआयामी विकास की सौगात मिली है। जिसमे शिवनाथ नदी के अमोरा घाट पर लगभग 300 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से अमोरा बैराज निर्माण को स्वीकृति दी गई है। विधायक दीपेश साहू ने कहा कि अमोरा बैराज की स्वीकृति बेमेतरा के किसानों के वर्षों पुराने सपनों को साकार करने की दिशा में निर्णायक कदम है इससे न केवल सिंचाई की स्थाई व्यवस्था होगी बल्कि फसल उत्पादन में वृद्धि आएगी और उत्पादन मे बढ़ोतरी और पेयजल की बेहतर उपलब्धता सुनिश्चित होगी द्य साथ ही अमोरा बैराज के बनने से क्षेत्रवासियों को शुद्ध एवं मीठा पेयजल उपलब्ध होगा। यह परियोजना क्षेत्र की कृषि अर्थव्यवस्था को नई मजबूती प्रदान करेगी।

6 विद्युत सब स्टेशन निर्माण के लिए मिली प्रशासनिक स्वीकृति

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा बेमेतरा आगमन के दौरान घोषित 6 नवीन विद्युत सब-स्टेशन को भी प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इन सब-स्टेशनों के निर्माण से किसानों को कृषि पंपों के लिए नियमित बिजली आपूर्ति मिलेगी, लो-वोल्टेज और बिजली कटौती की समस्या दूर होगी तथा ग्रामीण-शहरी उपभोक्ताओं को सीधा लाभ मिलेगा। इससे औद्योगिक एवं व्यावसायिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

देवरबीजा कॉलेज में भवन निर्माण की मिली स्वीकृति

बजट में देवरबीजा कॉलेज के लिए भवन निर्माण की स्वीकृति भी मिली है इस दौरान विधायक दीपेश साहू ने कहा कि महाविद्यालय भवन केवल एक भवन निर्माण नहीं बल्कि हमारे बेटों बेटियों के उज्जवल भविष्य की नीव है नए भवन से छात्र-छात्राओं को सुरक्षित और सुविधाजनक वातावरण मिलेगा द्य आधुनिक कक्षाएं, पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं तथा आवश्यक संसाधन उपलब्ध होने से उन्हें उच्च गुणवत्ता की शिक्षा अपने ही क्षेत्र में प्राप्त होगी द्य छात्र-छात्राओं को दूर-दराज शहरों में जाने की आवश्यकता कम होगी जिस समय और आर्थिक व दोनों की बचत होगी साथ ही अभिभावक में भी सुरक्षा और विश्वास की भावना मजबूत होगी।

बजट पर प्रतिकिया

यह बजट संकल्प से सिद्धि का है: अवधेश चंदेल

बेमेतरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार ऐतिहासिक बजट पेश किया है, छत्तीसगढ़ का बजट बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ का हो गया है जो कि विजन 2047 और संकल्प का बजट है



सरगुजा संभाग प्रभारी एवं बेमेतरा के पूर्व विधायक अवधेश सिंह चंदेल ने कहा कि ये बजट विकास का संकल्प लेकर किया गया है जिसमें बस्तर से सरगुजा तक विकसित राज्य का रोड़मैप है, इस बजट में गरीब, युवा, किसान और महिलाओं पर विशेष ध्यान दिया गया है

बजट का संकल्प समावेशी विकास छत्तीसगढ़ की प्रगति का मूल मंत्र है जिसमें क्षेत्रीय असंतुलन को दूर कर हर वर्ग तक पहुंचने का संकल्प है, आर्थिक विकास के लिए मजबूत रीढ़ होता है मूलभूत सुविधा जैसे सड़क, सिंचाई, बिजली, शहरी विकास और डिजिटल कनेक्टिविटी, औद्योगिक विकास से हर क्षेत्र में रोजगार के अवसर मिलेगा जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा,कुशल मानव संसाधन से शिक्षा कौशल विकास निर्माण क्षमता पर विशेष ध्यान दिया गया है जिससे युवा, स्वस्थ, उद्योग, आईटी, पर्यटन जैसे नए रोजगार के अवसर मिलेगा

आगे चंदेल ने कहा कि अंतिम पंक्ति के व्यक्ति तक विकास को पहुंचने का ये बजट है, आजीविका के संसाधनों को सशक्त बनाने के लिए लाइवलीहुड कृषि और उससे जुड़े क्षेत्र में आजीविका के नए अवसर मिलेगा।

चंदेल ने कहा कि मैं माननीय मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी और वित्त मंत्री ओ पी चौधरी जी को धन्यवाद देता हु कि इस बजट में छत्तीसगढ़ के हर वर्ग को जोड़कर विकास की नई धार देने के लिए।

छत्तीसगढ़ सरकार के चौमुखी विकास बजट पर बेरला भाजपा मंडल अध्यक्ष डोमेन्द्र सिंह राजपूत ने कहा कि ये बजट हर वर्ग को विकास से जुड़ता है, शिक्षा, स्वास्थ्य, युवा, कृषि, औद्योगिक से राज्य का विकास सुनिश्चित करने वाला बजट है

प्रदेश के साथ बेमेतरा विधानसभा क्षेत्र को बहुत कुछ इस बजट में दिया गया है जिसमें प्रमुख रूप से बेमेतरा की जीवन दायिनी शिवनाथ नदी में अमोरा बैराज का निर्माण होने से क्षेत्र में पीने की पानी और सिंचाई में किसानों को सहायक होगा, साइबर थाना का निर्माण होने से साइबर ठगी और कानून व्यवस्था मजबूती मिलेगा और देवरबीजा में शासकीय नवीन कालेज भवन निर्माण से शिक्षा को मजबूती मिलेगा और बच्चों को सुविधा मिलेगा

राजपूत ने बताया कि ये बजट संकल्प को सिद्ध करने का बजट है जो भाजपा की नीति को बताता है कि हमने बनाया है, हम ही संवारेंगे।

नगर में फाग प्रतियोगिता का शुभारंभ

थानखमरिया, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर में फाल्गुन मास के उपलक्ष्य में फाग प्रतियोगिता का आयोजन 25 फरवरी से प्रारंभ हुआ। भारतमाता और श्री कृष्ण की पूजा कर आयोजन का श्री गणेश किया गया। प्रथम दिन तीन मण्डलियों ने फाग गायन किया। फाग गायन 2 मार्च तक प्रतिदिन सायं 5 बजे से अटल चौपाटी, गोलबाजार में आयोजित होगा। यह आयोजन पुरुषोत्तम अग्रवाल फाउंडेशन के तत्वावधान में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में नगर सहित ग्रामीण अंचलों से भी प्रतिभागी भाग लेंगे। आयोजन का यह द्वितीय वर्ष है गत वर्ष आयोजित प्रतियोगिता अत्यंत रोमांचकारी रही थी, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की थी। यह आयोजन फाल्गुन मास में आपसी भाईचारा एवं सद्भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से किया जाता है। प्रतियोगिता में विजेताओं को आकर्षक पुरस्कार प्रदान किए जायेंगे जिसमें प्रथम पुरस्कार 11,111 रुपये, द्वितीय पुरस्कार 7,111 रुपये, तृतीय पुरस्कार 5,111 रुपये, साथ ही प्रत्येक टीम को 551 रुपये का सांत्वना पुरस्कार एवं प्रतीक चिन्ह प्रदान किया जाएगा। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र भी दिए जाएंगे। शुभारंभ अवसर पर चंदन अग्रवाल, टीकम अग्रवाल, कैलाश शर्मा, चेतन सिन्हा, पार्षद विजय, भैयाराम लहरे, सूरज पाल, शरद कुंभकार, रामस्नेही नामदेव आदि उपस्थित थे। नगरवासियों ने फाग गायन का भरपूर आनंद लिया।

विद्युत उपभोक्ताओं के अधिकारों पर विधिक जागरूकता शिविर

ग्राम बहेरा में एक दिवसीय शिविर में ग्रामीणों को दी गई महत्वपूर्ण कानूनी जानकारी

बेमेतरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बेमेतरा के निर्देशानुसार ग्राम बहेरा में विद्युत उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक करने हेतु एक दिवसीय विधिक जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों को विद्युत उपभोक्ता होने के नाते प्राप्त अधिकारों एवं शिकायत निवारण की प्रक्रिया की जानकारी देना था।

शिविर में सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता आयुष शुक्ला ने उपस्थित ग्रामवासियों को बताया कि प्रत्येक उपभोक्ता को निर्धारित वोल्टेज एवं गुणवत्ता के साथ नियमित विद्युत आपूर्ति प्राप्त करने का अधिकार है। अनावश्यक एवं बार-बार विद्युत कटौती नहीं की जा सकती। निर्धारित समय से अधिक कटौती होने पर उपभोक्ता मुआवजे की मांग कर सकते हैं। उन्होंने यह भी बताया कि विद्युत बिल स्पष्ट, समझने योग्य तथा वास्तविक मीटर रीडिंग पर आधारित होना चाहिए। लंबे समय तक औसत बिलिंग नहीं की जा सकती। यदि उपभोक्ता को बिल पर संदेह हो तो उन्हें मीटर जांच कराने का अधिकार है। मीटर में समस्या की शिकायत करने पर 15 दिनों के भीतर उसका निराकरण किया जाना अनिवार्य है। यदि निर्धारित समय में समाधान नहीं होता, तो उपभोक्ता उपभोक्ता फोरम में शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

सहायक प्रतिरक्षा अधिवक्ता देवेंद्र साहू ने बताया कि विद्युत संबंधी शिकायतें तीन स्तरों पर की जा सकती हैं जिसमे ग्रिवेंस रिड्रेसल ऑफिसर, विद्युत लोकपाल, आवश्यकता होने पर उपभोक्ता आयोग शामिल हैं 7 अमन दुबे ने जानकारी दी कि कोई भी पात्र व्यक्ति निर्धारित शुल्क जमा कर नया बिजली कनेक्शन प्राप्त करने का अधिकारी है तथा वितरण कंपनी मनमाने ढंग से आवेदन अस्वीकार नहीं कर सकती।

प्रतिरक्षा अधिवक्ता पी. राजेश्वरी ने मीटर जांच एवं परीक्षण के अधिकार के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि उपभोक्ता लिखित आवेदन देकर मीटर टेस्टिंग की मांग कर सकता है। यदि मीटर खराब पाया जाता है तो बिल में आवश्यक संशोधन किया जाएगा। शिविर के दौरान ग्रामीणों को नि:शुल्क विधिक सहायता के महत्व एवं आपराधिक मामलों में लीगल एड डिफेंस काउंसिल की भूमिका के संबंध में भी विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी जिज्ञासाओं का समाधान प्राप्त किया।

दो दिवसीय श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव आज व कल

थानखमरिया, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर में 26 एवं 27 फरवरी को श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ किया जाएगा। बाबा श्याम की आराधना में दो दिनों तक विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे। यह आयोजन स्व. चंदा देवी अग्रवाल की स्मृति में रूद्रेश एवं कल्पना अग्रवाल द्वारा किया जा रहा है।

प्रथम दिन 26 फरवरी को प्रात: 10 बजे श्याम बाबा का अभिषेक किया जाएगा। सायं 4 बजे बाबा के शीश पर चंदन सजाया जाएगा। वहीं 27 फरवरी को प्रात: 7 बजे निशान यात्रा निकाली जाएगी, जो शुभम मोटर्स से प्रारंभ होकर निर्धारित स्थल पर सम्पन्न होगी।

सायं 6 बजे से श्याम भजन रूपी गंगा प्रवाहित होगी, जिसमें कोलकाता की सीमा सराफ, हरगोपाल शर्मा, बेबी श्रुति, नेहा पांडे बिलासपुर तथा भाटापारा के गिरधर व्यास द्वारा मधुर भजनों की प्रस्तुति दी जाएगी।

इस अवसर पर बाबा का भव्य एवं आकर्षक दरबार सजाया जाएगा, जहां पुष्पवर्षा एवं इत्रवर्षा होगी तथा बाबा को छप्पन भोग अर्पित किया जाएगा। श्याम परिवार द्वारा प्रतिवर्ष श्री श्याम फाल्गुन महोत्सव का आयोजन बड़े धूमधाम से किया जाता है, जिसकी प्रतीक्षा श्याम भक्तों को पूरे वर्ष रहती है। आयोजकों ने समस्त नगरवासियों एवं श्याम भक्तों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की।

पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान की तैयारी को लेकर जिला कार्यशाला संपन्न

बेमेतरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी जिला बेमेतरा द्वारा पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 की तैयारियों को लेकर जिला स्तरीय प्रशिक्षण कार्यशाला आज भाजपा जिला कार्यालय बेमेतरा में भव्य रूप से सम्पन्न हुई। कार्यशाला की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष अजय साहू ने की। कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात दीप प्रज्वलन, वंदे मातरम् एवं राज्यगीत के सामूहिक गायन के साथ आयोजन का शुभारंभ हुआ। अतिथियों को शाल व स्वदेशी वस्तुओं से बने स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत-अभिनंदन किया गया।

संगठन को सशक्त बनाने का संकल्प- उद्घाटन सत्र में जिलाध्यक्ष अजय साहू ने कार्यशाला की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि प्रशिक्षण ही संगठन की शक्ति है। उन्होंने मंडल अध्यक्षों को निर्देशित किया कि प्रत्येक मंडल व बूथ स्तर पर भी इसी प्रकार प्रशिक्षण कार्यशालाएं आयोजित की जाएं, ताकि कार्यकर्ता वैचारिक रूप से सशक्त और संगठित रूप से सक्रिय बनें। प्रथम सत्र में जिला प्रभारी प्रहलाद रजक ने पार्टी के इतिहास, विचारधारा और संगठनात्मक विकास पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि भाजपा का मूल मंत्र राष्ट्र प्रथम की भावना है, जिसे कार्यकर्ता अपने आचरण में उतारें।

नवाचार से लेकर पंच परिवर्तन तक गहन मंथन- द्वितीय सत्र में विधानसभा सह योजना बैठक आयोजित की गई, जिसमें आगामी कार्यक्रमों की रणनीति पर विचार-विमर्श हुआ।

तृतीय सत्र में पीपीटी प्रशिक्षण नवाचार की अध्यक्षता प्रमोद सिंह ने की तथा वक्ता के रूप में भाटापारा के पूर्व विधायक एवं पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री शिव रतन शर्मा ने संगठनात्मक नवाचार एवं कार्यप्रणाली में आधुनिक तकनीकों के उपयोग पर मार्गदर्शन दिया। चतुर्थ सत्र पीपीटी पंच परिवर्तन की अध्यक्षता प्रमोद सिंह ने की। मुख्य वक्ता प्रमोद सिंह ने अपने प्रभावी वक्तव्य में कहा कि पंच परिवर्तन के माध्यम से भाजपा समाज के हर वर्ग तक विकास और सुशासन का संदेश पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।

जिज्ञासा समाधान के साथ हुआ समापन- पंचम एवं समापन सत्र की अध्यक्षता प्रदेश मंत्री संध्या परघनिया ने की। मुख्य वक्ता प्रमोद सिंह एवं शिव रतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए संगठनात्मक मजबूती, अनुशासन और सक्रियता पर बल दिया। कार्यक्रम का मंच संचालन जिला महामंत्री राजेश ठाकुर एवं हर्ष वर्धन तिवारी ने किया, जबकि आभार प्रदर्शन जिला उपाध्यक्ष अंजय बघेल ने व्यक्त किया। कार्यशाला में ओम प्रकाश जोशी राजेंद्र शर्मा होरी लाल सिन्हा जिला उपाध्यक्ष प्रनीश रजक महेश साहू राजेश चोरड़िया तानसेन पटेल जिला मीडिया प्रभारी दीपक मोटवानी मोंटी साहू सौरभ मिश्रा केशव साहू अमरीका निर्मलकर सावित्री निर्मलकर निशा चौबे सहित बड़ी संख्या में पदाधिकारी, मंडलों की प्रशिक्षण टोली एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

पूरे आयोजन में संगठनात्मक ऊर्जा, वैचारिक स्पष्टता और आगामी अभियान की ठोस तैयारी का उत्साह स्पष्ट दिखाई दिया। पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 को सफल बनाने के लिए जिला भाजपा पूरी तरह सक्रिय और प्रतिबद्ध नजर आई। यह कार्यशाला आने वाले समय में संगठनात्मक मजबूती और प्रभावी जनसंपर्क अभियान की दिशा में मील का पत्थर साबित होगी।

शहर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में पक्की सड़क बनाने का कार्य जोरों पर

बालोद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। लोक निर्माण विभाग के द्वारा पक्की सड़क डामरीकृत किए जाने के लिए इस वर्ष बजट में शासन द्वारा बालोद जिले के मटेवा रोड, माहुद अ मुख्य मार्ग अर्जुंदा 2 किलोमीटर एवं भंडेरा से मुड़िया 3 किलोमीटर पक्की सड़क बनाने का प्रावधान किया गया है जिससे बालोद जिले के ग्रामीण जनों को पक्की सड़क बन जाने से आवागमन में सुविधा मिलेगी। बालोद लोक निर्माण विभाग ई.ई. पूर्णिमा चंद्रा ने एक भेंट में बताया कि प्रशासकीय स्वीकृति मिलते ही टेंडर की प्रक्रिया अपनाकर सड़क निर्माण के कार्य को प्रारंभ कराया जाएगा ताकि ग्रामीण अंचल के लोगों को पक्की सड़क का लाभ आवागमन के दौरान मिल सके।

इसी प्रकार बालोद नगर में 400 सीटर का ऑडिटोरियम भवन बनाने की घोषणा डिप्टी सीएम अरूण साव ने किया है। इसी प्रकार वालों शहर के पीडब्ल्यूडी कॉलोनी के पास लोक निर्माण विभाग का स्वयं का भवन डिव्हीजन ऑफिस निर्माण कार्य प्रगति पर है। जंहा विभाग के अधिकारी कर्मचारियो के सघन देखरेख में बनाया जा रहा है। बालोद नगर की विकास की बात करें तो वर्तमान में दल्ली चौक से मधु चौक राजनांदगांव मुख्य मार्ग की सड़क चौड़ीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर चल रहा है। जहां लोगों के चलने लायक पक्की सड़क बन गया है। साथ ही साथ सड़क के दोनों तरफनाली निर्माण, पोल शिफ्टिंग एवं डिवाइडर निर्माण का कार्य भी प्रगति पर है। उल्लेखनीय है कि पीडब्ल्यूडी विभाग की लगातार सक्रियता और दिशा निर्देश के तहत सड़क निर्माण कार्य समय पर पूर्ण हो जाएगा और आने वाले कुछ दिनों में शहर सहित ग्रामीण अंचल के लोगों को एक सरल सुगम सड़क आवागमन के लिए उपलब्ध हो जाएगा। इस प्रकार बालोद नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलों में विकास कार्य लगातार चलने से जिलेवासियों में खुशी का माहौल व्याप्त है।

शासकीय ठाकुर महाराज सिंह महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया

थानखमरिया, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती वीणा त्रिपाठी द्वारा वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष ओमप्रकाश जोशी रहे। अध्यक्षता जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश सिंघानिया ने की। जिला महामंत्री राजेश ठाकुर, जिला सभापति परमेश्वर वर्मा, जिला मंत्री सुरेश सिंघानिया सहित अन्य जनप्रतिनिधियों का पुष्पहार से स्वागत किया गया।

मुख्य अतिथि ओमप्रकाश जोशी ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 के बाद देश में स्वर्णिम युग का आरंभ हुआ है। उन्होंने समाज में समरसता, पर्यावरण संरक्षण, कुटुंब भाव एवं स्वदेशी के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को अनुशासन और समय के सदुपयोग का संदेश दिया।

जनभागीदारी समिति अध्यक्ष राजेश सिंघानिया ने कहा कि आज का दिन विद्यार्थियों की शिक्षा, खेल एवं कला के क्षेत्र में सामूहिक उपलब्धियों का उत्सव है। ऐसे आयोजन विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने का मंच प्रदान करते हैं। जिला महामंत्री राजेश ठाकुर ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही सफलता की सीढ़ी है, जिसके सहारे जीवन में ऊंचाइयों को छुआ जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित कर निरंतर परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

महाविद्यालय परिवार द्वारा नगर पंचायत अध्यक्ष अनीता चंदन अग्रवाल के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया, जिन्होंने महाविद्यालय परिसर हेतु गार्डन सामग्री प्रदान कर तथा शिक्षण कार्य में आर्थिक सहयोग देकर महाविद्यालय के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके सहयोग को विद्यार्थियों के लिए प्रेरणास्त्रोत बताया गया।

कार्यक्रम में प्रमुख रूप से नमिता सिन्हा, सरिता जैन, अनिल सिंघानिया, चंद्रशेखर राजपूत, दौलतनाथ योगी, जिला प्रवक्ता हरदत्त साहू सरपंच, आदर्श जोशी, डाक्कार दुबे, रेखा शर्मा, बसु राजपूत सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

महाविद्यालय परिवार से प्राचार्य श्रीमती वीणा त्रिपाठी, श्री ओमप्रकाश मरकाम (सहायक प्राध्यापक), श्री अजय कुमार (सहायक प्राध्यापक), श्री राजेश वर्मा (अतिथि व्याख्याता), श्री देवेंद्र लाल साहू (अतिथि व्याख्याता), श्री निलेश भकेला (अतिथि व्याख्याता), श्री पांजल मिश्रा, श्री हरिशंकर साहू, श्री पवन कुमार साहू, श्री धनंजय कुमार साहू, डॉ. कन्हैया साहू तथा प्रयोगशाला सहायक श्री रमेश सोनी के साथ कु. धनवेश्वरी साहू, श्रीमती रामेश्वरी कश्यप, डॉ. संगीता आदिल, कु. भावना चंद्रवंशी, कु. नम्रता चतुर्वेदी एवं कु. ममता पटेल (प्रयोगशाला व्याख्याता) कुश कश्यप सहित अन्य प्राध्यापकगण एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

सहायक अध्यापक ओमप्रकाश मरकाम ने सभी अतिथियों एवं अभिभावकों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यालय परिवार के सभी सदस्यों को बधाई दी।

समारोह का समापन सांस्कृतिक प्रस्तुतियों एवं धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

अंत्योदय से सिद्धि की ओर बढ़ता छत्तीसगढ़ बजट को बताया ऐतिहासिक: घम्मन साहू

खैरागढ़, 25 फरवरी (देशबंधु)। पूर्व भाजपा के जिलाध्यक्ष व पूर्व जिपं सभापति घम्मन साहू ने छत्तीसगढ़ विधानसभा में वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1,72,000 करोड़ के बजट को प्रदेश की 25 वर्षों की विकास यात्रा को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक और जनहितैषी बजट बताया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व तथा वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत यह बजट समृद्ध किसान, सशक्त युवा, सुरक्षित महिला और विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प को नई ऊर्जा प्रदान करेगा। घम्मन साहू ने कहा कि डबल इंजन सरकार का यह बजट अंत्योदय के संकल्प से सिद्धि की ओर बढ़ने का सशक्त माध्यम है। बजट का मूल मंत्र संकल्प,समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, आजीविका और पॉलिसी से परिणाम प्रदेश के सर्वांगीण विकास की स्पष्ट रूपरेखा प्रस्तुत करता है। उन्होंने बताया कि कृषि एवं किसान कल्याण के लिए 13,507 करोड़, पंचायत एवं ग्रामीण विकास हेतु 16,560 करोड़ तथा स्कूल शिक्षा विभाग के लिए 22,360 करोड़ का प्रावधान राज्य के ग्रामीण और शैक्षणिक ढांचे को सुदृढ़ करेगा। महिलाओं के आर्थिक सशक्तिकरण के लिए महतारी वंदन योजना में 8,200 करोड़ तथा सक्षम आंगनबाड़ी एवं पोषण के लिए 2,320 करोड़ का प्रावधान किया गया है। युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए आर्थिक सहयोग, स्टार्टअप और कौशल विकास को बढ़ावा देने के ठोस कदम उठाए गए हैं। 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बालिकाओं को डेढ़ लाख रुपये देने की घोषणा को उन्होंने ऐतिहासिक निर्णय बताया। स्वास्थ्य क्षेत्र में 200 बिस्तर अस्पताल, नए जिला अस्पताल, डायलिसिस केंद्र, जन औषधि केंद्र, होम्योपैथी कॉलेज एवं स्टेट कैंसर इंस्टीट्यूट की स्थापना को जनस्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण बताया गया। घम्मन साहू ने कहा कि यह बजट सामाजिक न्याय, सुशासन और पारदर्शिता पर आधारित है तथा प्रदेश के हर वर्ग और क्षेत्र के समुचित विकास को सुनिश्चित करेगा।

प्रदेश महामंत्री यशवंत जैन मुंबई प्रशिक्षण कार्यशाला में हुए शामिल

बालोद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के प्रशिक्षण वर्ग में सात राज्यों के एक दिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। छत्तीसगढ के महामंत्री यशवंत जैन इसमें शामिल हुए। मुंबई के रंग शारदा परिसर में संपन्न इस कार्यशाला में मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र, गुजरात, दमन दीप के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस कार्यक्रम में 7 मार्च से देश भर में प्रारंभ होने वाले मंडल जिला, प्रदेशों के प्रशिक्षण महाअभियानों के 12 विषयों के बारे में पदाधिकारी को प्रशिक्षित किया गया। इस कार्यशाला में भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी एल संतोष, सह संगठन मंत्री शिवप्रकाश, राष्ट्रीय संघटक वी सतीश का मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। छत्तीसगढ़ से प्रशिक्षण कार्यशाला में प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल ने प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय सहित 20 प्रमुख पदाधिकारी शामिल हुए।

जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने डौण्डीलोहारा विकासखंड के विभिन्न परीक्षा केन्द्रों का किया निरीक्षण

बालोद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा मंडल रायपुर द्वारा आयोजित हाई स्कूल मुख्य परीक्षा 2026 कक्षा 10वी के दूसरे दिन जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल ने डौंडीलोहारा विकासखंड के परीक्षा केंद्रों पर सख्त निगरानी रखते हुए औचक निरीक्षण किया। प्रशासन की इस कार्रवाई से परीक्षा की पारदर्शिता और निष्पक्षता को लेकर स्पष्ट संदेश गया है कि किसी भी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उड़नदस्ता दल ने स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय दुधली, शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बड़गांव, स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय डौंडीलोहारा तथा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कमकापार का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। जिला शिक्षा अधिकारी बालोद मधुलिका तिवारी ने केंद्रों में उपस्थित विद्यार्थियों से संवाद कर उन्हें आत्मविश्वास और ईमानदारी के साथ परीक्षा देने की सलाह दी। उन्होंने छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि कड़ी मेहनत ही सफलता की कुंजी है। निरीक्षण के दौरान किसी भी केंद्र में नकल का एक भी मामला सामने नहीं आया। सभी परीक्षा केंद्र शांतिपूर्ण, व्यवस्थित और अनुशासित वातावरण में संचालित होते पाए गए जिससे प्रशासनिक सतर्कता की प्रभावशीलता साबित हुई। साथ ही जिला शिक्षा अधिकारी ने विद्यालयों की आधारभूत सुविधाओं का भी निरीक्षण कर प्राचार्यों को आवश्यक सुधारात्मक सुझाव दिए। जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल में सहायक परियोजना समन्वयक लेख राम साहू, जिला खेल समन्वयक सपन जेना, व्यायाम शिक्षक सुरेश शांडिल्य एवं व्यायाम शिक्षिका सुश्री आदिला खान भी शामिल रहे।

CMYK

बाल चौपाल में बच्चों ने बेझिझक बोली अपने मन की बात

- जंगलपुर में बाल चौपाल, बच्चों ने पूछा ''नशे से कैसे लड़े जंग?''
- बच्चों के अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का खुला संवाद आयोजित

जंगलपुर में बाल चौपाल, बच्चों ने पूछा ''नशे से कैसे लड़े जंग?''

बच्चों के अधिकार, शिक्षा और सुरक्षा पर राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग का खुला संवाद आयोजित

राजनांदगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जब बच्चे बोलते हैं, तो बदलाव की शुरुआत होती है इसी सोच के साथ राजनांदगांव जिले के जंगलपुर स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में विगत दिनों राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा बाल चौपाल का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों को उनके अधिकारों, कर्तव्यों, शिक्षा, स्वास्थ्य और सुरक्षा के प्रति जागरूक करना था। बाल चौपाल के दौरान बच्चों ने खुलकर अपने विचार रखे और बेझिझक विभिन्न विषयों पर सवाल पूछे।

कार्यक्रम में बच्चों ने खास तौर पर नशे के खिलाफ कैसे लड़ाई लड़ी जाए, इस विषय पर अपनी चिंता और जिज्ञासा व्यक्त की। साथ ही विद्यालय और शिक्षा से जुड़ी समस्याओं को भी छत्तीसगढ़ राज्य बाल अधिकार संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा के सामने रखा। डॉ. शर्मा ने बच्चों की बातों को गंभीरता से सुना और उपस्थित अधिकारियों को बेहतर संसाधन उपलब्ध कराने के निर्देश दिए।

इस पहल के माध्यम से बाल सहभागिता को बढ़ावा देने का प्रयास किया गया, ताकि बच्चे अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने के साथ आत्मविश्वास से अपनी बात रख सकें। डॉ. वर्णिका शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित यह संवाद आधारित कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। वे बच्चों के सर्वांगीण विकास और संरक्षण के लिए लगातार ऐसे जन-जागरूकता कार्यक्रमों को प्रोत्साहित कर रही हैं।

आयोजन में उपस्थित शहर की प्रथम महिला नागरिक श्रीमती करुणा मधुसूदन यादव ने पालकों से विशेष रूप से अपील करते हुए कहा कि प्रत्येक माता-पिता अपने बच्चों को जो सबसे अच्छी विरासत दे सकते हैं, वह है, अपने हरदिन की व्यस्ततम दिनचर्या में से फुर्सत के कुछ पल, जो बच्चों के लिये जीवन भर यादगार रहते हैं। उन्होंने आयोग की इस पहल की सराहना करते हुए भविष्य में भी ऐसे आयोजनों की आवश्यकता पर बल दिया और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया।

कार्यक्रम में समाजसेवी सिद्धि मिरानी ने बच्चों को स्वास्थ्य संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी दी। आयोजन में ग्राम जंगलपुर के स्थानीय समाजसेवी, नेतागण एवं ग्रामवासी केजादास साहू, जानीवाकर साहू, लक्ष्मण साहू, चन्दूलाल साहू, संतोष चौबे, लोमनदास साहू, ताम्रध्वज साहू, विनोद साहू, दीपिका साहू, सूर्यकांत साहू, तांकाराम साहू एवं अन्य उपस्थित रहे। बाल चौपाल का मुख्य उद्देश्य बच्चों की झिझक और संकोच को दूर कर उनके सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना रहा, ताकि वे आत्मविश्वास के साथ समाज में अपनी पहचान बना सकें।

होली पर नशे में वाहन चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई, 46 चालकों पर हुई कार्यवाही

राजनांदगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। शहर में होली पर्व के मद्देनजर यातायात पुलिस ने सड़क सुरक्षा को लेकर सख्त रुख अपनाया है। पुलिस अधीक्षक सुश्री अंकिता शर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री कीर्तन राठौर के मार्गदर्शन एवं यातायात प्रभारी नवरत्न कश्यप के नेतृत्व में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों के विरुद्ध लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है।

प्रमुख चौराहों पर चेकिंग, ब्रेथ एनालाइज़र से जांच– यातायात पुलिस द्वारा शहर के प्रमुख चौराहों और आउटर क्षेत्रों में विशेष चेकिंग प्वाइंट स्थापित किए गए हैं। यहां ब्रेथ एनालाइज़र मशीन के माध्यम से वाहन चालकों की जांच की जा रही है। निर्धारित सीमा से अधिक अल्कोहल पाए जाने पर संबंधित वाहन चालकों के विरुद्ध मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्रवाई के साथ अन्य वैधानिक कार्रवाई भी की जा रही है।

न्यूनतम 10,000 जुर्माना, न्यायालय में पेशी– शराब सेवन कर वाहन चलाते पाए जाने वाले चालकों को माननीय न्यायालय में प्रस्तुत किया जा रहा है, जहां उन्हें न्यूनतम ?10,000 या उससे अधिक के जुर्माने से दंडित किया जा रहा है। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि नियमों के उल्लंघन पर किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी।

वर्ष 2026 में 46 चालकों पर कार्रवाई– यातायात पुलिस द्वारा वर्ष 2026 में अब तक 46 वाहन चालकों के विरुद्ध शराब पीकर वाहन चलाने के मामलों में कार्रवाई की जा चुकी है। अभियान लगातार जारी है।

नागरिकों से अपील- परिवार का ख्याल रखें, सुरक्षित घर लौटें– पुलिस ने सभी वाहन चालकों से अपील की है कि घर से निकलते समय अपने परिवार के बारे में अवश्य सोचें और शराब का सेवन कर वाहन न चलाएं। त्यौहार के उल्लास के बीच किसी भी प्रकार की दुर्घटना रोकना पुलिस की प्राथमिकता है।

शराब के सेवन से चालक की निर्णय क्षमता और प्रतिक्रिया समय प्रभावित होता है, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका बढ़ जाती है। यह लापरवाही न केवल चालक, बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी जानलेवा साबित हो सकती है।

नियमों का उल्लंघन करने वालों पर जारी रहेगी सख्त कार्रवाई– यातायात पुलिस ने स्पष्ट किया है कि होली पर्व के दौरान ही नहीं, बल्कि अन्य समय में भी शराब पीकर वाहन चलाने वालों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। नागरिकों से सहयोग की अपेक्षा की गई है, ताकि होली का पर्व शांतिपूर्ण, सुरक्षित और आनंदमय वातावरण में संपन्न हो सके।

तृप्ति को मिला अमृत कुंभ सम्मान

राजनांदगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। हिंदी भाषा भारतीय संस्कृति, ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय भावना की वह जीवंत धारा है,जिसने देश को एक सूत्र में बांधे रखा है । मातृभाषा के प्रति सम्मान, अभिव्यक्ति में सहजता तथा ज्ञान विस्तार की दृष्टि से हिंदी का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है। इस दिशा में हिंदी ओलंपियाड फाउंडेशन द्वारा संचालित गतिविधियां प्रशंसनीय हैं। इसी क्रम में फाउंडेशन द्वारा गत दिनों अमृत कुंभ सम्मान व अंतर्राष्ट्रीय हिंदी ओलंपियाड पुरस्कार वितरण समारोह सी डी देशमुख ऑडिटोरियम नई दिल्ली में आयोजित किया गया, जिसमें स्थानीय वाइडनर इंग्लिश मीडियम स्कूल की शिक्षिका तृप्ति दुबे को उनकी स्वरचित रचना के लिये अमृत कुंभ सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें लद्दाख के उप राज्यपाल द्वारा प्रदान किया गया। तृप्ति की इस उपलब्धि पर विद्यालय परिवार, उनके ईष्ट मित्रों व परिजनों ने बधाई देते हुये शुभकामनायें प्रेषित की हैं।

सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह का हुआ भव्य आयोजन

- विविध मंचीय प्रस्तुति व परिचर्चा सत्र से हुए श्रोता लाभान्वित,
- पत्रकार घनश्याम साव सहित सोलह अन्य साहित्यकार हुए सम्मानित

डोंगरगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। विमतारा सभागार रायपुर में सरस्वती बुक्स व श्री साईनाथ फाउंडेशन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित सरस्वती साहित्य सम्मान समारोह के अंतर्गत देश के वरिष्ठ साहित्यकार रुद्रनारायण पाणीग्राही को चतुर्थ सरस्वती साहित्य सम्मान प्रदान किया गया। नेताजी आनंद सिंघानिया की पावन स्मृति में विगत सात वर्षों से विभिन्न साहित्यिक सम्मान प्रदान किए जा रहे हैं, इसी कड़ी में इस वर्ष सातवां साहित्य रत्न सम्मान युवा गीतकार भरत द्विवेदी को व प्रथम पत्रकारिता रत्न सम्मान सुप्रसिद्ध पत्रकार तृप्ति सोनी को प्रदान किया गया।

मोहम्मद अज़ीम खान स्मृति प्रथम उर्दू साहित्य रत्न सम्मान युवा शायर इरफ़ानुद्दीन इरफ़ान ने अर्जित किया।

अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित साहित्य अकादमी के अध्यक्ष शशांक शर्मा, राजभाषा आयोग के अध्यक्ष प्रभात मिश्रा, वरिष्ठ साहित्यकार नर्मदा नरम व उर्दू अकादमी की पूर्व उपाध्यक्ष नजमा अज़ीम खान ने उपरोक्त सम्मानों के अंतर्गत सम्मानित होने वाली विभूतियों को अंगवस्त्र, सम्मान पत्र, सम्मान चिन्ह व नगद धनराशि प्रदान कर उन्हें अलंकृत किया। उक्त सम्मानों के इतर प्रदेश के सोलह युवा उभरते साहित्यकारों मिनेश साहू, सौरभ आचार्य, डॉ. विभाषा मिश्रा, भावेश देशमुख, ज्ञानेश साहू, जीवन जायसवाल, अनीस अरमान, मुकेश सिंघानिया, ईश्वर साहू बंधी, मुकेश सिंघानिया, गौरव राठौर, सूरज प्रकाश डडसेना, गजेंद्र कुमार साहू, डॉ. शुभा मिश्रा कनक, डोंगरगांव के पत्रकार घनश्याम साव व निधि तिवारी नीति को भी सरस्वती नव लेखक सम्मान से अलंकृत किया गया।

दो महत्वपूर्ण परिचर्चा सत्रों में सुप्रसिद्ध लेखक एवं इतिहासकार डॉ. परिवेश मिश्रा, पुरातत्वविद राहुल कुमार सिंह, वरिष्ठ साहित्यकार राजीव रंजन प्रसाद एवं वरिष्ठ लेखक शिवकुमार पाण्डेय ने बस्तर सहित छत्तीसगढ़ के इतिहास संस्कृति व पर्यटन पर अपना सार्थक व्यक्तव्य प्रस्तुत किया. वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनिल द्विवेदी एवं युवा लेखिका डॉ. शुभा मिश्रा च्कनकज् ने सूत्रधार के रूप में बेहद रोचक ढंग से सत्रों का संचालन किया। आमंत्रित वक्ताओं द्वारा प्रदत्त विभिन्न तथ्यात्मक जानकारियों ने श्रोताओं को आवाक करके रख दिया।

कर्यक्रम का शुभारंभ च्धुनर का मंचज् के माध्यम से श्रेया चक्रवर्ती, खुमार निर्मल, मिनेश साहू, आकर्ष दीवान, नितेश ठाकुर, रंजीत सिंह, पुष्पराज केसरी, हेमंत साहू, गोपा शर्मा व सौरभ आचार्य की विविध काव्य, लोकगीत, गायन व श्लोक की भावपूर्ण प्रस्तुतियों से हुआ।

इस समारोह के आयोजक श्री साईनाथ फाउंडेशन के संस्थापक युवा लेखक एवं संस्कृतिकर्मी आशीष राज सिंघानिया सहित युवा कवि भावेश देशमुख व लोकप्रिय शायर हर्षराज हर्ष ने विविध सत्रों का सटीक संचालन किया। अंत में सरस्वती बुक्स के संचालक आकाश महेश्वरी ने शहर के तमाम साहित्यप्रेमियों, मीडियाकर्मियों व उपस्थितजनों के प्रति आभार व्यक्त किया व निरंतर ऐसे गुणवत्तायुक्त आयोजनों की श्रृंखला के संकल्प को दोहराया।

समारोह में वरिष्ठ कवि मीर अली मीर, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी व लेखक भागवत जायसवाल, उप सचिव संस्कृति व पर्यटन रूचि शर्मा, अपर कलेक्टर अरुण वर्मा, नाचा – अमेरिका के संस्थापक गणेश कर, वरिष्ठ साहित्यकार अरुण कुमार निगम, वरिष्ठ लेखिका शकुंतला तरार, देश के लोकप्रिय गीतकार अमन अक्षर, जिला आबकारी अधिकारी सुरेंद्र श्रीवास्तव, डॉ. एच पी सिन्हा, जनसम्पर्क अधिकारी आमना मीर, यूनिसेफ़ से सम्बद्ध खुशबू खुशरंग, लोक गायक प्रांजल सिंह राजपूत सहित अनेक गणमान्य लोगों की महत्वपूर्ण उपस्थिति रही।

महक नरवासे का सेंट्रल जोन में चयन, जिला क्रिकेट एसोसिएशन के लिए गौरव का क्षण

राजनांदगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंतरराज्यीय सीनियर महिला वनडे चैंपियनशिप में छत्तीसगढ़ की टीम ने इतिहास रचते हुए पहली बार सेमीफाइनल में प्रवेश किया है। इस ऐतिहासिक सफलता के साथ ही जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव की होनहार खिलाड़ी महक नरवासे का चयन सेंट्रल जोन की टीम में दूसरी बार हुआ है, जिससे जिले में हर्ष का वातावरण है।

सातों लीग मैच जीतकर बनाया रिकॉर्ड

छत्तीसगढ़ प्रदेश क्रिकेट संघ की महिला टीम ने अपने सभी सातों लीग मुकाबले जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। ग्रुप में शीर्ष स्थान प्राप्त करने के बाद टीम ने नॉकआउट राउंड में मुंबई जैसी मजबूत टीम को पराजित कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। 26 तारीख को टीम सेमीफाइनल मुकाबला खेलेगी।

लीग मैचों में राजनांदगांव की महक नरवासे, नेहा बड़वाईक एवं कुमुद साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए टीम की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान दिया।

ऑलराउंड प्रदर्शन का मिला पुरस्कार

राजनांदगांव की जूनियर महिला खिलाड़ी महक नरवासे के प्रभावशाली ऑलराउंड प्रदर्शन को देखते हुए बीसीसीआई ने उन्हें लगातार दूसरी बार सेंट्रल जोन की टीम के लिए चुना है। आगामी माह देश के पांचों जोन की टीमें वनडे क्रिकेट प्रतियोगिता की प्रतिष्ठित ट्रॉफी के लिए आमने-सामने होंगी।

छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ की कप्तान कीर्ति गुप्ता भी महक नरवासे के साथ सेंट्रल जोन टीम में शामिल की गई हैं।

झूलन गोस्वामी ने दी बधाई

हाल ही में भारतीय महिला क्रिकेट टीम की पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी झूलन गोस्वामी ने महक नरवासे से मुलाकात कर उनके उत्कृष्ट खेल की सराहना की और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

जिले के लिए गर्व का विषय

जिला क्रिकेट एसोसिएशन राजनांदगांव के लिए यह अत्यंत गौरव का विषय है कि लगातार दूसरे वर्ष जिले की खिलाड़ी सेंट्रल जोन टीम में चयनित हुई है। इससे जिले की युवा महिला खिलाड़ियों को भी प्रेरणा मिलेगी और महिला क्रिकेट को नई दिशा प्राप्त होगी।

जिला क्रिकेट एसोसिएशन के प्रवक्ता लक्ष्मण लोहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि यह उपलब्धि पूरे जिले के लिए सम्मान की बात है और भविष्य में भी खिलाड़ी बेहतर प्रदर्शन कर प्रदेश और देश का नाम रोशन करेंगी।

जिला क्रिकेट एसोशिएशन के अध्यक्ष सुशील कोठारी सचिव योगेश बागड़ी ने कहा कि महक नरवासे की यह उपलब्धि बताती है कि छोटे शहरों की बेटियां भी यदि समर्पण और मेहनत से आगे बढ़ें तो राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बना सकती हैं।

बजट पर प्रतिक्रिया

गांव-गांव तक विकास पहुंचाने का माध्यम बनेगा यह बजटः तोरन पुन्नी यादव

थानखमरिया, 25 फरवरी (देशबन्धु)। क वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत राज्य बजट का स्वागत करते हुए भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष तोरन पुन्नी यादव ने इसे गांव-गांव तक विकास पहुंचाने वाला दूरदर्शी बजट बताया है।

यादव ने कहा कि 23 फरवरी को विधानसभा सत्र में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट में ग्रामीण अधोसंरचना, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य एवं आजीविका संवर्धन पर विशेष जोर दिया गया है, जिससे प्रदेश के दूरस्थ अंचलों तक विकास की गति और तेज होगी।

उन्होंने विशेष रूप से अपने ग्राम पंचायत दर्री में हाईस्कूल स्थापना तथा दर्री से श्यामपुरकांपा तक सड़क निर्माण को बजट में सम्मिलित किए जाने पर विधायक साजा ईश्वर साहू, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं वित्त मंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

तोरन पुन्नी यादव ने विश्वास जताया कि बजट का प्रभावी क्रियान्वयन होने से बेमेतरा जिले सहित पूरे छत्तीसगढ़ में विकास के ठोस और सकारात्मक परिणाम देखने को मिलेंगे। उन्होंने कहा कि यह बजट ग्रामीण क्षेत्र के लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम सिद्ध होगा।

विकास विरोधी बजट, 'मोदी की गारंटी' को भी नहीं किया शामिलः रोशन सिन्हा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत हालिया बजट को ब्लॉक कांग्रेस कमेटी थान खम्हरिया के अध्यक्ष रोशन सिन्हा ने विकास विरोधी करार देते हुए इसे किसान, मजदूर, महिला और युवा वर्ग की उपेक्षा करने वाला बताया है। उन्होंने कहा कि यह बजट जमीनी हकीकत से कोसों दूर है और केवल शब्दों का खेल साबित हो रहा है।

रोशन सिन्हा ने आरोप लगाया कि बजट में आम जनता की मूलभूत आवश्यकताओं—शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार—को प्राथमिकता नहीं दी गई है। उन्होंने कहा कि किसानों को लागत का उचित मूल्य, सिंचाई सुविधा और कर्ज राहत जैसे मुद्दों पर ठोस प्रावधानों की अपेक्षा थी, लेकिन बजट में इस दिशा में कोई प्रभावी घोषणा नजर नहीं आती। इससे ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने की उम्मीद कमजोर हुई है।

युवा वर्ग को लेकर उन्होंने कहा कि बढ़ती बेरोजगारी आज देश की सबसे बड़ी समस्या है, लेकिन बजट में बेरोजगार युवाओं के लिए न तो रोजगार सृजन की ठोस योजना दिखाई देती है और न ही किसी प्रकार के बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान। उन्होंने कहा कि चुनाव के दौरान 'मोदी की गारंटी' के तहत युवाओं को बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया गया था, परंतु बजट में इसका कोई उल्लेख नहीं है, जिससे युवाओं में निराशा है।

महिलाओं और श्रमिकों के मुद्दे पर भी उन्होंने सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि मध्यान्ह भोजन योजना से जुड़ी रसोइयां महीनों से अपनी मांगों को लेकर आंदोलनरत हैं, लेकिन उनके मानदेय वृद्धि या सेवा शर्तों में सुधार को लेकर बजट में कोई स्पष्ट प्रावधान नहीं किया गया। इसी प्रकार शिक्षकों की वेतन विसंगति, पूर्व सेवा की गणना संबंधी मांगों पर भी कोई सकारात्मक पहल नहीं दिखी।

रोशन सिन्हा ने कहा कि बजट में उद्योगपतियों और बड़े कॉर्पोरेट घरानों को प्रोत्साहन देने वाले प्रावधान अधिक दिखाई देते हैं, जबकि आम जनता की आय बढ़ाने और महंगाई से राहत देने के उपाय पर्याप्त नहीं हैं। उन्होंने इसे आम लोगों की अपेक्षाओं के साथ अन्याय बताया।

बढ़ता बजट, बढ़ता कर्ज पर राजनांदगांव, किसान और युवा क्यों उपेक्षित: विपिन यादव

राजनांदगांव, 25 फरवरी (देशबन्धु)। जिला कांग्रेस अध्यक्ष विपिन यादव ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट आकार और घोषणाओं में भले बड़ा दिखाई दे, लेकिन आम जनता की वास्तविक समस्याओं के समाधान में कमजोर साबित होता है। महंगाई, बेरोजगारी और आय असुरक्षा से जूझ रहे नागरिकों के लिए ठोस दिशा का अभाव साफ दिखाई देता है। लगभग 3 प्रतिशत के आसपास अनुमानित राजकोषीय घाटा और लगातार बढ़ता कर्ज आने वाले वर्षों में राज्य की अर्थव्यवस्था पर ब्याज का अतिरिक्त बोझ डालेगा। आय-व्यय संतुलन और वित्तीय अनुशासन की स्पष्ट रूपरेखा के बिना यह प्रवृत्ति चिंताजनक है।

उन्होंने कहा कि किसानों की आय दोगुनी करने के दावों के बावजूद इस बजट में उत्पादन लागत घटाने, लाभकारी मूल्य सुनिश्चित करने, सिंचाई विस्तार और कृषि आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे ठोस एवं दीर्घकालिक कदमों का स्पष्ट खाका नहीं है। कृषि प्रधान राज्य में यदि किसान की आय में वास्तविक वृद्धि नहीं होगी, तो विकास के दावे खोखले सिद्ध होंगे।

मध्यम वर्ग और युवा, जो राज्य की आर्थिक संरचना की आधारशिला हैं, उनके लिए भी बजट में स्पष्ट दिशा का अभाव है। बढ़ती महंगाई और शिक्षा-स्वास्थ्य खर्च से जूझ रहे मध्यम वर्ग के लिए राहत का कोई ठोस रोडमैप नहीं दिखता। वहीं युवाओं के लिए कितनी नई सरकारी नौकरियां सृजित होंगी, किस विभाग में कितने पद भरे जाएंगे और किस निश्चित समयसीमा में भर्ती प्रक्रिया पूरी होगी — इसका उल्लेख तक नहीं है। केवल घोषणाओं से रोजगार नहीं मिलता; पद सृजन और पारदर्शी भर्ती का ठोस कैलेंडर आवश्यक है।

विपिन यादव ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में मेडिकल कॉलेजों की व्यवस्थाओं के सुधार, पर्याप्त स्टॉफ और उपकरणों के लिए कोई बड़ा प्रावधान स्पष्ट नहीं है। साथ ही राजनांदगांव जिले को भी इस बजट में अपेक्षित प्राथमिकता नहीं मिली। अम्बेडकर चौक से नवागांव 4 किमी सड़क हेतु मात्र 20 लाख रुपये तथा मेडिकल कॉलेज से सुकुलदैहान 3.60 किमी सड़क व पुल-पुलिया निर्माण के लिए केवल 48 लाख रुपये का प्रावधान किया गया है, जो गुणवत्तापूर्ण कार्य के लिए अपर्याप्त है।

उन्होंने कहा कि जब पिछले वित्तीय वर्ष में कई विभाग आवंटित राशि का लगभग 20 प्रतिशत खर्च ही नहीं कर पाए, तब नई घोषणाओं की विश्वसनीयता स्वत: प्रश्नों के घेरे में आ जाती है। मेट्रो परियोजना का वर्षों से उल्लेख किया जा रहा है, पर धरातल पर प्रगति स्पष्ट नहीं है।

अंत में उन्होंने स्पष्ट कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता को प्रचार नहीं, परिणाम चाहिए; आंकड़ों की चमक नहीं, आर्थिक स्थिरता चाहिए; और कर्ज के सहारे विकास नहीं, टिकाऊ वित्तीय प्रबंधन चाहिए। अन्यथा यह बजट आने वाले समय में विकास का नहीं, बल्कि वित्तीय दबाव का दस्तावेज़ सिद्ध होगा।

बजट में प्रदेश की समृद्धि का संकल्प:भावेश बैद

जिला भाजपा कोषाध्यक्ष भावेश बैद ने प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश की समृद्धि का च्संकल्प बताया है। श्री बैद ने कहा कि बजट में युवाओं के कौशल विकास, स्वरोजगार और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के उन्नयन पर जोर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इंडस्ट्री और ट्रेड सेक्टर के लिए 750 करोड़ रुपये के इंतजाम से राज्य में इंडस्ट्रियल एक्टिविटी में तेजी आएगी। इससे नए इन्वेस्टमेंट को बढ़ावा मिलेगा, बिजनेस का माहौल मजबूत होगा और राज्य की इकॉनमी में नई एनर्जी आएगी।वहीं च्अटल निर्माण वर्षज् के तहत बुनियादी ढांचे में निवेश से रोजगार के नए अवसर सृजित करना सरकार का सराहनीय प्रयास है। इसी तरह बजट में रानी दुर्गावती योजना के तहत 18 साल की उम्र की बेटियों को ?1.5 लाख देने की घोषणा को भाजपा कोषाध्यक्ष ने अच्छी पहल बताया। उनका कहना है कि इससे बेटियों की पढ़ाई, स्किल डेवलपमेंट और आत्मनिर्भरता मजबूत होगी। च्महतारी वंदन योजनाज् के सफल क्रियान्वयन के साथ-साथ महिलाओं के स्वरोजगार और लखपति दीदी योजना को नई गति देना महिला सशक्तिकरण का प्रत्यक्ष प्रमाण है। श्री बैद ने कहा कि यह बजट सोशल सिक्योरिटी और इकॉनमिक डेवलपमेंट के च्संकल्पज् पर आधारित है। बजट में राजनांदगांव को मिली करोड़ो की सौगातों के लिए श्री बैद ने साय सरकार के प्रति आभार जताया है। उन्होंने कहा कि डोंगरगढ़ को पर्यटन कॉरिडोर में शामिल करना जिले के लिए बड़ी उपलब्धि है। इसी तरह फिजियोथेरेपी कॉलेज, औद्योगिक विकास, सड़कों के निर्माण के लिए बजट में बड़े प्रावधान किए गए हैं, जो जिले के विकास को तीव्र गति प्रदान करने की दिशा में मिल का पत्थर साबित होगा।

जनता को सपनों का झुनझुना, जमीनी हकीकत में खाली खजाना :छत्तीसगढ़ का निराशाजनक बजट

महेन्द्र यादव, सदस्य जिला पंचायत राजनांदगांव एवं महामंत्री जिला कांग्रेस कमेटी राजनांदगांव (ग्रामीण) ने छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट को प्रदेश की जनता के साथ बड़ा छल बताया है। उन्होंने कहा कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा पेश किया गया बजट केवल कागजी आंकड़ों और बड़ी-बड़ी घोषणाओं का पुलिंदा है, जिसमें आम जनता, किसान, मजदूर, युवा और महिलाओं के लिए कोई ठोस एवं प्रभावी प्रावधान नजर नहीं आता।

महेन्द्र यादव ने कहा कि प्रदेश का किसान आज समर्थन मूल्य, सिंचाई सुविधा, खाद-बीज की उपलब्धता और कर्ज राहत की मांग कर रहा है, लेकिन बजट में किसानों को वास्तविक राहत देने वाली कोई स्पष्ट नीति नहीं दिखाई देती। बेरोजगारी चरम पर है, युवा रोजगार के लिए भटक रहे हैं, लेकिन रोजगार सृजन के लिए ठोस रोडमैप का अभाव है।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह बजट जमीनी सच्चाइयों से कोसों दूर है। महंगाई, स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाल स्थिति, ग्रामीण सड़कों की दुर्दशा और शिक्षा व्यवस्था में सुधार जैसे मुद्दों पर सरकार ने गंभीरता नहीं दिखाई। ग्रामीण क्षेत्रों और पंचायतों को सशक्त करने के बजाय उन्हें उपेक्षित किया गया है।

महेन्द्र यादव ने कहा कि यह बजट प्रदेश की जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने में पूरी तरह विफल रहा है। सरकार ने विकास के नाम पर केवल प्रचार किया है, जबकि हकीकत में जनता को झुनझुना थमाया गया है।

अंत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी जनता के हितों की आवाज को मजबूती से उठाती रहेगी और किसानों, युवाओं तथा आम नागरिकों के हक की लड़ाई सड़क से सदन तक लड़ेगी।

युवाओं व छात्र-छात्राओं को प्रोत्साहित करने वाला बजट

भारतीय जनता युवा मोर्चा के शहर मंत्री और शासकीय दिग्विजय महाविद्यालय के जन भागीदारी समिति के सदस्य छात्र नेता अमितेश झा ने बताया कि बजट में छात्र-छात्राओं और युवाओं के लिए विशेष तौर पर ध्यान रखकर वित्तमंत्री ओपी चौधरी द्वारा बजट पेश करते ही युवाओं और छात्र-छात्राओं में खुशी की लहर दौड़ पड़ी। युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए प्रमुख प्रावधान इस प्रकार है 731 करोड़ राज्य के विश्वविद्यालय को अनुदान 100 करोड़ स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट विद्यालय योजना 50 करोड़ आईटीआई एवं पॉलीटेक्नीक संस्थानों के अधोसंरचना उन्नयन व 33 करोड़ व 33 करोड़ प्रतियोगी परिक्षाओं हेतु सहायता अंबिकापुर, बिलासपुर, दुर्ग, रायपुर आदि विस्तार, 25 करोड़ महाविद्यालय भवन निर्माण। रायगढ़ के 5 सरकारी महाविद्यालयो में उत्कृष्टता केन्द्र की स्थापना ।

विकास, अधोसंरचना व सुशासन को नई मजबूती देता बजटः जैनम बैद

साय सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट का स्वागत करते हुए भाजपा पार्षद जैनम बैद ने इसे विकासोन्मुखी और दूरदर्शी बताया। उन्होंने कहा कि बजट में गुड गवर्नेंस, इंफ्रास्ट्रक्चर और टेक्नोलॉजी पर दिया गया विशेष फोकस प्रदेश तथा नगरीय निकायों के लिए सकारात्मक बदलाव का मार्ग प्रशस्त करेगा। लोक निर्माण विभाग के लिए 9,451 करोड़ रुपए और जल जीवन मिशन हेतु 3,000 करोड़ रुपए का प्रावधान बुनियादी सुविधाओं के विस्तार व गुणवत्ता सुधार की दिशा में बड़ा कदम है।

बैद ने कहा कि मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना के लिए 200 करोड़ रुपए का प्रावधान नगरपालिकाओं और नगर पंचायतों में सड़क, स्वच्छता व नागरिक सेवाओं को सुदृढ़ करेगा, जिससे शहरी जीवन स्तर में प्रत्यक्ष सुधार होगा। उन्होंने शिक्षा क्षेत्र में बजट की ऐतिहासिक बढ़ोतरी को भविष्य निर्माण की आधारशिला बताते हुए कहा कि डिजिटल लर्निंग और आधुनिक संसाधनों से विद्यार्थियों को बेहतर अवसर मिलेंगे।

पार्षद बैद के अनुसार बजट की 'संकल्प' अवधारणा समावेशी विकास, निवेश और कुशल मानव संसाधन को नई गति देगी। सड़कों के जाल और सुव्यवस्थित शहरी नियोजन से स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलेगी। उन्होंने इस जनहितैषी बजट के लिए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय व वित ?तमंत्री ओपी चौधरी के प्रति आभार व्यक्त किया।

हर वर्ग के लिए उपयोगी बजट

छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने मंगलवार को वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1.72 लाख करोड़ रुपये का बजट पेश किया। उन्होंने कहा कि यह बजट समावेशी विकास, इंफ्रास्ट्रक्चर की मजबूती के साथ ही निवेश बढ़ाने पर केंद्रित है। इसका मकसद छत्तीसगढ़ के विकास के सफर को तेज करना है। छत्तीसगढ़ सरकार ने बजट में कई कल्याणकारी योजनाओं की भी घोषणा की है.

लड़कियों को 18 साल बाद मिलेंगे 1.5 लाख

वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट में ऐलान किया कि छत्तीसगढ़ सरकार रानी दुर्गावती योजना शुरू करेगी। इस योजना के तहत लड़कियों को 18 साल की उम्र पूरी होने पर 1.5 लाख रुपए मिलेंगे।

किसानों के लिए खोला खजाना

कृषक उन्नति योजना के लिए 10,000 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

बिजली पंपों की बिजली सब्सिडी के लिए 5,500 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है।

प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लिए 820 करोड़ का बजट रखा गया है।

दीनदयाल भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण के लिए 600 करोड़ का प्रावधान है।

गन्ना किसानों के बोनस के लिए बजट में 60 करोड़ रुपये रखे गए हैं।

डेयरी समग्र विकास योजना के तहत 90 करोड़ रखे गए हैं।

शिक्षा की गुणवत्ता के लिए 100 करोड़ की योजना

सरकार ने शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना का ऐलान किया है। इस योजना के लिए 100 करोड़ रुपये के बजट प्रावधान किया गया है।

बेघर ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान के लिए 4,000 करोड़

राज्य सरकार ने जरूरतमंद और बेघर ग्रामीण परिवारों को पक्के मकान उपलब्ध कराने के लिए बजट में 4,000 करोड़ का प्रावधान किया है।

महिलाओं के नाम पर जमीन, रजिस्ट्री में बड़ी छूट

महिलाओं के नाम पर जमीन, भवन, अचल संपत्ति की खरीद पर बड़ी छूट मिलेगी। सरकार ने महिलाओं के नाम पर जमीन, भवन, अचल संपत्ति की खरीद पर रजिस्ट्री शुल्क 50 फीसदी की छूट का ऐलान किया है।

उल्टा पुल्टा

अमिताभ बच्चन और प्राण साहब बस स्टॉप पर खड़े थे। बस आई, प्राण साहब बस में चढ़ गए, लेकिन अमिताभ नहीं चढ़े। क्योंकि बस पर लिखा था, रघुकुल रीत सदा चलि आई, 'प्राण' जाई पर 'बचन' न जाई ?

संपादकीय

सड़क बनाने को लेकर न्यायसंगत दृष्टि जरूरी

सड़कों को लेकर रोज बवाल खड़ा हो रहा है । सड़कें अच्छी साफ सुथरी चमचमाती मिले तो उसका आनंद ही अलग होता है। पर ऐसी नसीब तो प्रायः उन्हीं लोगों को मिलती है जिन्हें वीआईपी में गिने जाते हैं और इसे जनता की कमजोरी कहिए या उनका नसीब, जनता अपने हक के मामले में हमेशा पीछे रह जाती है। लोगों में इस बात को लेकर हमेशा निराशा बनी रहती है कि उनके इलाके की सड़क पर कोई ध्यान नहीं दे रहा है और साहब, अफसर, मंत्री, विधायकों की तरफ की सड़कों में डामर ऊपर डामर चढ़ रही है। सरकार के लिए सब एक समान होना चाहिए और सभी को सुविधाएं भी एक समान मिलनी चाहिए। यह देखा जाता है कि नगर निगम जर्जर सड़कों को नहीं बनाता उल्टे उन सड़कों को बनाए जाता है जिनकी हालत अच्छी है और उस पर अभी दो-तीन साल काम की जरूरत ही नहीं है। रायपुर में ही अगर आप एक छोर से दूसरे छोर निकल जाएंगे तो यह बात पूरी तरह दिखाई देगी। जिधर वीआईपी कल्चर पलती है उधर की सड़कें चकाचक है और जिधर आम लोग जीवन बसर कर रहें हैं उधर की सड़कें जर्जर है और कोई सुध लेने भी नहीं आता। भाटागांव जाएं तो व्हीकल तो क्या पैदल चलना भी मुमकिन नहीं होता। इतने धूल, गुबार और आड़े-टेढ़े गड्ढे वाली सड़कें दिन भर दुर्घटनाओं को आमंत्रण दे रही है। अभी इस पर पिछले महीने से कुछ काम शुरू होते दिखा है पर पूरा बन जाए तभी समझ आयेगा। पुरानी बस्ती, टिकरापारा, संतोषी नगर, प्रोफेसर कालोनी, कमल विहार की तरफ सड़क की हालत खराब है। कुछ एरिया में तो बहुत ही खराब है। बच्चों को सायकल में स्कूल जाने में भी बड़ी परेशानी होती है जबकि सिविल लाइन, खमतराई, गुरुद्वारा के पीछे नहरपारा की सड़कें अभी अच्छी हैं बावजूद उधर की सड़कें बनाई जा रही है। सरकार को इससे केवल आलोचना का विषय बनना पड़ता है।

सरकार को चाहिए कि जिधर की सड़कें खराब हो उधर पहले प्राथमिकता दी जाए ताकि सभी लोगों को सुविधा मिले और परेशानी से बच सकें। आखिर उधर पैसे खर्च करने से क्या फायदा जिधर सड़कें अच्छी हो। अच्छी सड़कों पर फिर डामर लेयर लगाकर केवल पैसों की बर्बादी करते हैं अगर वही पैसा खराब सड़कों को बनाने में लग जाए तो दुखी जनता सुखी हो जाएगी। जन प्रतिनिधियों का भी यही काम है कि वे दुखी जनता का ध्यान रखे। उनको वह सुविधा मिले जो वीआईपी लोगों को मिल रहा है। हमारा समाज समतामूलक समाज है और सुख दुख में सभी की समान भागीदारी होनी चाहिए। कुछ वर्ग को विशेष सुविधा और कुछ के साथ कोई सुविधा नहीं तो यह न्यायसंगत नहीं होगा।

विकसित छग के संकल्प को चरितार्थ करने वाला बजट : सांसद चौधरी

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष और सांसद श्रीमती रूपकुमारी चौधरी ने वित्तीय वर्ष 2026.27 के बजट को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के किकसित भारत के विजन को छत्तीसगढ़ की धरती पर उतारने वाला एक जन.हितैषी और समावेशी बजट बताया है। श्रीमती चौधरी ने कहा कि छत्तीसगढ़िया लोगों की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब यह बजट ज्ञान की प्रगति सुनिश्चित करते हुए राज्य को विकास की गति प्रदान करने के संकल्प को सिद्ध करेगा। भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष व सांसद श्रीमती चौधरी ने कहा कि हमारी सरकार ने श्रानी दुर्गावती योजना की घोषणा कर बेटियों के भविष्य को सुरक्षित किया है। जन्म लेने वाली बच्चियों को 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर 1.50 लाख रुपये की राशि प्रदान करना प्रदेश की नारी शक्ति के प्रति मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की संवेदनशीलता को दर्शाता है। इसके साथ ही महतारी वंदन योजना के तहत 70 लाख महिलाओं को निरंतर मिल रही सहायता और नई लखपति भ्रमण दीदी योजना महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाएगी। श्रीमती चौधरी ने बजट की संकल्प ;समावेशी विकास, अधोसंरचना, निवेश, कुशल मानव संसाधन, अंत्योदय, लाइवलीहुड और पॉलिसी से परिणाम थीम की सराहना करते हुए कहा कि 1.72 लाख करोड़ का यह बजट छत्तीसगढ़ को देश के अग्रणी राज्यों की श्रेणी में खड़ा करेगा। श्रीमती चौधरी ने कहा कि बजट में बस्तर की इंद्रावती नदी पर मातवर और देउरगांव बैराजों के लिए 2024 करोड़ का प्रावधान किसानों की सिंचाई क्षमता को बढ़ाएगा। साथ ही मुख्यमंत्री आदर्श शहर समृद्धि योजना और पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु होम स्टे योजना से ग्रामीण अर्थव्यवस्था को गति मिलेगी।

साय सरकार के बजट ने गांव, गरीब किसान को ठगा : सुमित्रा घृतलहरे

किसान मजदूर युवा महिला सशक्तिकरण के लिए कोई ठोस योजना नहीं

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ की साय सरकार का बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला कांग्रेस बलौदा बाजार अध्यक्ष सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि इस बजट ने सभी वर्ग को निराश किया है। सरकार बड़े बड़े कागजी दावे करती है मगर दुर्भाग्य से सरकार पिछले साल के बजट का लगभग 30: प्रतिशत बजट खर्च ही नहीं कर पाई जो इनकी विकास की कमजोरी बताता है।

जिला कांग्रेस अध्यक्षा सुमित्रा घृतलहरे ने कहा कि साय सरकार सिर्फनाम बदलने में माहिर है पहले बजट को गति का बजट नाम दिया जिसका हाल जनता देख चुकी है फिर दूसरे बजट को ज्ञान का बजट नाम दिया है और ज्ञान के नाम पर सिर्फ अज्ञानता ही फैलाई गई। अब साय सरकार ने बजट को संकल्प नाम दिया गया है मगर इसके लिए भी कोई ठोस योजना नहीं बनाई गई है। सुमित्रा धृतलहरे ने कहा कि सरकार अपने चुनावी वादे ही पूरा नहीं कर पाई है आज सड़क पर अपनी माँगो को लेकर आँगन बाड़ी कार्यकर्ता रसोइये शिक्षक स्वास्थ्य कर्मी है उनके लिए भी कोई योजना बजट में नहीं है। शिक्षा स्वास्थ्य रोजगार महिला सशक्तिकरण किसान मजदूर के लिए भी सरकार के पास कोई ठोस नीति नहीं है। आज स्कूल कालेज बंद हो रहे है मगर मदिरालय धड़ल्ले से खुल रहे है। अब तो तीज त्योहार में भी साय सरकार शुष्क दिवस बंद कर रही है जिससे शराब आसानी से मिल सके। जिला अध्यक्ष ने कहा कि सरकार ने 35000 शिक्षक भर्ती का चुनावी वादा भी पूरा नहीं किया ना ही आँगन बड़ी, रसोइयों, संविदा कर्मचारियों के नियमिति करण के लिए कोई योजना बनाई है ना ही महंगाई नियंत्रण पर कोई ध्यान दिया गया है। इन्होने कहा है कि कुल मिलाकर साय सरकार के पास विकास का कोई विजन ही नहीं है, बजट में दूरदर्शी योजना नहीं है, हर वर्ग इससे ठगा महसूस कर रहा है खास कर मध्यम वर्ग के लिए कुछ नहीं है।

विकसित छग के लक्ष्य को साकार करने वाला बजट: भाऊराम

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष व पार्षद भाऊराम साहू ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य का संकल्प बजट 2026.27 देश और प्रदेश के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण दस्तावेज है। उन्होंने बजट को जन.जन की आकांक्षाओं को पूरा करने वाला बताते हुए कहा कि इसमें किसान, युवा, महिला, व्यापारी और मध्यम वर्ग सहित समाज के हर वर्ग के हितों का विशेष ध्यान रखा गया है। यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ 2047 के लक्ष्य को साकार करने की मजबूत आधारशिला रखता है। भाऊराम साहू ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी और मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार जताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में प्रदेश निरंतर विकास के नए आयाम स्थापित कर रहा है। उन्होंने दावा किया कि बजट में बुनियादी ढांचे के विकास, रोजगार सृजन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार पर विशेष फोकस दिया गया है, जिससे महासमुंद जिला सहित पूरे प्रदेश को लाभ मिलेगा। श्री साहू ने विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा के प्रयासों से महासमुंद विधानसभा के लिए बजट में हुए प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि विधायक श्री सिन्हा के भगीरथ प्रयासों से ही सिरपुर.मोहमेला बॅराज प्रोजेक्ट 690 करोड़, सिकासेर.कोडार नहर लिंक परियोजना 3047 करोड़ सहित पुरा नगरी सिरपुर के विकास के लिए 42 करोड़ रूपए तथा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामीण सड़कों के उन्नयन, नवनिर्माण के लिए करोड़ों के प्रावधान हुए हैं। जो आने वाले समय में महासमुंद विस क्षेत्र के ग्रामीण अंचल की सूरत बदल देगी। श्री साहू ने सरकार द्वारा किसानों, मजदूरों, युवाओं, महिलाओं सहित हर वर्ग के लिए किए गए प्रावधानों को प्रदेश के चहूँमुखी विकास का मील बताया है।

छग चेंबर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार इकाई की कार्यकारिणी बैठक

सदस्यता, शपथ ग्रहण व संगठन विस्तार को लेकर लिए गए महत्वपूर्ण निर्णय

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स की बलौदाबाजार इकाई की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक सोमवार की देर शाम सिंधी समाज धर्मशाला में आयोजित की गई। बैठक संरक्षकगण विपिन बिहारी वर्मा, महेंद्र वर्मा, रामगोपाल केशरवानी, अशोक पंजवानी, हेमचंद केसरवानी, चेंबर अध्यक्ष लक्ष्मी साहू, महामंत्री शिव प्रकाश तिवारी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मेंद्र अग्रवाल तथा विशेष सलाहकार अभिषेक मिकी तिवारी के नेतृत्व में संपन्न हुई।

बैठक में बलौदाबाजार जिले के व्यापारियों की उपस्थिति में संगठन को सुदृढ़ बनाने एवं सदस्यता संबंधी विषयों पर विस्तृत चर्चा करते हुए निम्नलिखित निर्णय लिए गए। आजीवन सदस्यता शुल्क दृ 3500 रुपये की आजीवन सदस्यता रायपुर स्थित चेंबर कार्यालय के माध्यम से की जाएगी। इस संबंध में बलौदाबाजार के स्थानीय व्यापारियों हेतु लोकल स्तर पर समिति के नियम एवं स्थानीय सदस्यता शुल्क के निर्धारण के लिए मार्गदर्शन लिया जाएगा। सदस्यता अभियान को व्यापक बनाते हुए स्थानीय व्यापारियों को जोड़ने तथा चेंबर ऑफकॉमर्स संगठन को मजबूत करने का निर्णय लिया गया। नई कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण कार्यक्रम रायपुर चेंबर ऑफकॉमर्स द्वारा समय एवं स्थान निर्धारित होने पर आयोजित किया जाएगा। स्थानीय स्तर पर कार्यक्रम एवं अन्य व्यय के लिए पूर्ववत 500 रुपये प्रतिवर्ष शुल्क लिया जाएगा। नई कार्यकारिणी के नाम एवं संपर्क नंबर का पंपलेट छपवाकर व्यापारियों के बीच वितरित किया जाएगा। सभी सदस्यों की सूची तैयार की जाएगी, जिसमें फर्म का नाम, प्रोप्राइटर का नाम एवं मोबाइल नंबर निर्धारित प्रारूप में अंकित किया जाएगा। बैठक में मीडिया >> शेष पृष्ठ 9 पर >

इंडिया एआई समिट में अमर्यादित आचरण का भाजपा महिला मोर्चा ने किया विरोध, राहुल का पुतला दहन

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय महिला मोर्चा के राष्ट्रीय नेतृत्व के आह्वान पर, प्रदेश अध्यक्ष महिला मोर्चा श्रीमती विभा अवस्थी के निर्देशानुसार, जिला अध्यक्ष येतराम साहू के मार्गदर्शन में तथा भाजपा जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर के नेतृत्व में इंडिया एआई समिट के दौरान युवा कांग्रेस के इंपैक्ट सिस्टम से जुड़े कथित अमर्यादित एवं अभद्र कृत्य के विरोध में भाजपा महिला मोर्चा जिला महासमुंद द्वारा राहुल गांधी का पुतला दहन कर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर महिला मोर्चा की पदाधिकारियों ने कहा कि सार्वजनिक जीवन में इस प्रकार की अमर्यादित गतिविधियाँ लोकतांत्रिक मूल्यों एवं सामाजिक मर्यादाओं के सर्वथा प्रतिकूल हैं। भाजपा महिला मोर्चा ऐसे कृत्यों की कड़े शब्दों में निंदा करती है। तथा भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, इसकी मांग करती है। कार्यक्रम में महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष श्रीमती स्मिता हितेश चंद्राकर, प्रदेशजिला कार्यकारिणी सदस्य श्रीमती कौशल्या बंसल, उत्तरा पहरे, श्रीमती निरंजना शर्मा महामंत्री, श्रीमती शुभ्रा मनीष शर्मा, श्रीमती मीना वर्मा, श्रीमती प्रीति बदल मक्कड़, श्रीमती विजय लक्ष्मी जांगड़े, श्रीमती प्रमिला साहू, श्रीमती मधु यादव, श्रीमती चुनेश्वरी साहू, श्रीमती गिरिजा दास, श्रीमती कल्पना सिंहा, गीतिका सोनी, दुर्गा चंद्राकर, सुनीता साहू पार्षद सुनैना ठाकुर, धनेश्वरी सोनवानी, मैना कोसले, दुर्गा सर्वा, पुष्पांजलि सिंहा, चंद्रलेखा साहू, शकुन यादव, जमुना कनौजे, सुनीता यादव आदि उपस्थित थे। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष श्रीमती >> शेष पृष्ठ 9 पर >

बजट को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई

जहां सत्तापक्ष इसे विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बता रहा, वहीं विपक्ष इस बजट को निराशाजनक और जमीनी मुद्दों से भटका हुआ करार दिया

नवापारा राजिम, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-2 7 के बजट को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। जहां सत्तापक्ष इसे विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बता रहा है, वहीं विपक्ष ने बजट को निराशाजनक और जमीनी मुद्दों से भटका हुआ करार दिया है। सत्तापक्ष का दावा है कि यह बजट 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। वहीं विपक्षी का आरोप है कि बजट में रोजगार सृजन, महंगाई, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर ठोस कार्ययोजना का अभाव है।

बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की गई हैं, लेकिन रोजगार सृजन, उद्योग स्थापना और बेरोजगारी कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना का अभाव : टिकेंद्र ठाकुर

राष्ट्रीय मजदूर कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष टिकेंद्र सिंह ठाकुर ने बजट को निराशाजनक बताते हुए कहा कि इसमें विकास और युवाओं के भविष्य को लेकर कोई ठोस और नई दिशा नजर नहीं आती। उन्होंने कहा कि बजट में बड़ी-बड़ी घोषणाएं तो की गई हैं, लेकिन रोजगार सृजन, उद्योग स्थापना और बेरोजगारी कम करने के लिए ठोस कार्ययोजना का अभाव है। उनका कहना है कि प्रदेश के लाखों युवा प्रतियोगी परीक्षाओं और नौकरी की तैयारी में लगे हैं, लेकिन उनके लिए स्थायी रोजगार के अवसर सृजित करने की स्पष्ट नीति बजट में दिखाई नहीं देती। किसानों के लिए घोषित योजनाओं पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि पूर्व में किए गए वादों की पूर्ण जानकारी और प्रगति रिपोर्ट सार्वजनिक नहीं की गई है। वहीं शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्र में भी आवंटन को च्पर्याप्त नहींज्ञ बताते हुए कहा गया कि ग्रामीण क्षेत्रों की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए ठोस पहल आवश्यक है। कहा कि बजट में महंगाई, युवाओं के पलायन और छोटे व्यापारियों की चुनौतियों को लेकर कोई ठोस राहत पैकेज नहीं है। कुल मिलकर सरकार का यह बजट जुमले बाजी और निराशाजनक बजट है।

शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन सरकार ने उद्योग, कौशल विकास और भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया : संध्या राव

नेता प्रतिपक्ष संध्या राव ने बजट को च्निराशाजनक और जुमलों का पुलिंदाज्ञ बताते हुए कहा कि विकसित छत्तीसगढ़ का जो सपना दिखाया गया है, वह केवल भाषणों तक सीमित है। संध्या राव ने कहा कि बजट में युवाओं के लिए स्थायी रोजगार सृजन की ठोस योजना नजर नहीं आती। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रदेश के लाखों शिक्षित युवा रोजगार की तलाश में भटक रहे हैं, लेकिन सरकार ने उद्योग, कौशल विकास और भर्ती प्रक्रिया को गति देने के लिए स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत नहीं किया। किसानों के संदर्भ में उन्होंने कहा कि उपज का उचित मूल्य, समय पर भुगतान और कृषि लागत में कमी जैसे मूल मुद्दों पर ठोस पहल का अभाव है। नेता प्रतिपक्ष ने महिलाओं का विशेष उल्लेख करते हुए कहा कि सरकार ने योजनाओं की घोषणाएं तो की हैं, लेकिन जमीनी स्तर पर महिलाओं की सुरक्षा, पोषण, स्वरोजगार और स्वसहायता समूहों की आर्थिक मजबूती

के लिए पर्याप्त संसाधन और प्रभावी निगरानी तंत्र दिखाई नहीं देता। उन्होंने कहा कि महंगाई और घरेलू खर्च के दबाव के बीच महिलाओं को वास्तविक राहत देने की आवश्यकता थी। संध्या राव ने कहा कि मजदूरों को उचित मजदूरी और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सशक्त करने के लिए कोई ठोस नीति बजट में नहीं दिखती। शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे बुनियादी क्षेत्रों की अनदेखी करते हुए सरकार केवल आंकड़ों का खेल खेल रही है। उन्होंने कहा कि यह बजट प्रदेश को विकसित बनाने का च्झुनझुनाज्ञ है, जो जनता की अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता।

विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम : नागेंद्र वर्मा

छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट को लेकर प्रदेश की राजनीति गरमा गई है। जहां सत्तापक्ष इसे विकसित छत्तीसगढ़ की दिशा में मजबूत और दूरदर्शी कदम बता रहा है, वहीं विपक्ष ने बजट को निराशाजनक और जमीनी मुद्दों से भटका हुआ करार दिया है। सत्तापक्ष न नगर भाजपा अध्यक्ष नागेंद्र वर्मा दावा किया है कि यह बजट 'विकसित भारत-विकसित छत्तीसगढ़' के संकल्प को आगे बढ़ाने वाला है। वहीं विपक्षी का आरोप है कि बजट में रोजगार सृजन, महंगाई, ग्रामीण अर्थव्यवस्था और बुनियादी सुविधाओं को लेकर ठोस कार्ययोजना का अभाव है।

गिरौदपुरी में तीन दिवसीय संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला उमंग और सद्भाव के साथ सम्पन्न

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बाबा गुरु घासीदास की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में 22 से 24 फरवरी 2026 तक आयोजित तीन दिवसी संत समागम एवं गुरुदर्शन मेला मंगलवार को उमंग और सौहार्दपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मुख्य मंदिर में मत्था टेका एवं गुरूगद्दी का दर्शन कर आशीर्वाद लिया। मेले में इस बार मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय की मंशानुरूप जिला प्रशासन द्वारा सुविधाओं में विस्तार किया गया जिसका श्रद्धालुओं ने लाभ उठाया। कलेक्टर दीपक सोनी ने शांतिपूर्ण एवं बेहतर ढंग से मेला सम्पन्न कराने में सहयोग के लिए मेला समिति, श्रद्धालुओं, मेला से जुड़े अधिकारी-कर्मचारी एवं नागरिकों के प्रति आभार प्रकट किया है।

कलेक्टर दीपक सोनी के मार्गदर्शन में इस बार मेले में जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था के लिए परिसर में 84 सीसीटीवी कैमरा स्थापित कर कंट्रोल रूम से मॉनिटरिंग किया गया। मेला में 9 पुलिस कन्ट्रोल रूम बनाया गया था जिसकी सहायता से प्राप्त शिकायतों को त्वरित निराकरण किया गया। 8 अग्निशमन वाहन एवं 2 क्रेन की व्यवस्था की गई थी। 170 वायर लेस सेट। 1150 पुरुष एवं महिला पुलिस बल की तैनाती थी। इसी तरह 21 स्थानों पर 250 दाल-भात केन्द्र स्थापित किए गए थे, जिसमे प्रतिदिन लगभग 1 लाख 30 एवं 3 दिनों में 3 लाख 90 हजार श्रद्धालुओं को निःशुल्क भोजन कराया गया। 10 स्थानों पर चिकित्सा शिविर लगाया था जिसमें 149 मेडिकल स्टॉफकी ड्यूटी लगाई गई थी एवं 10 एम्बुलेंस भी तैनात किए गए थे। मेडिकल कैम्प के ओपीडी में 21863 लोगों का स्वास्थ्य जांच किया गया। इसके साथ ही आईपीडी में 83 लोगों का ईलाज किया गया।

मेला परिसर में विभिन्न स्थलों की सुलभ जानकारी हेतु मोबाइल एप्प लांच किया गया था। मोबाइल एप्प और वेबसाईट का क्यूआर कोड से एक्सेस की सुविधा हेतु जगह-जगह उक्त कोड को चस्पा किया गया था। 3 दिन में मेला के दौरान लगभग 85 हजार से अधिक श्रध्दालुओं ने वेबसाइट का प्रयोग किया एवं लगभग 15000 लोगों ने मोबाइल एप्प इंस्टाल किया। मेला परिसर में संचालित हेल्प डेस्क की सहायता से 33 गुमशुदा लोगों को उनके परिवार से मिलाया गया तथा लगभग 10 हजार 500 लोगों ने हेल्प डेस्क में पूछताछ का लाभ उठाया। मेला में स्वच्छता को दृष्टिगत रखते हुए पंचायत विभाग एवं नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा 24 घण्टे साफ-सफाई की व्यवस्था की गई। पूरे मेले स्थल को 10 जगहो में बांटा गया था। जिसमें लगभग 550 सफाई कर्मचारी एवं स्वच्छाग्रही की ड्यूटी लगाई गई थी। मेला परिसर में 250 अस्थाई टेप नल कनेक्शन, 48 पानी टैंकर, 100 अस्थाई एवं 80 स्थाई >> शेष पृष्ठ 9 पर >

कलेक्टर ने जन चौपाल में सुनी लोगों की समस्याएं

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने जिला कलेक्ट्रेट के सभाकक्ष में आयोजित जन चौपाल में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर श्री लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जन चौपाल में आज कुल 72 आवेदन प्राप्त हुए। जन चौपाल में ग्राम पंचायत नर्रा के शेख फरीद ने पेयजल की समस्या के निराकरण के लिए नलकूप खनन हेतु आवेदन दिए। इसी तरह ग्राम तेंदुकोना निवासी कमला साहू ने आकस्मिक मृत्यु होने पर नियम के तहत मुआवजा राशि के संबंध में, ग्राम मुढ़ेना निवासी हेमलाल सिंह ने दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना का लाभ दिलाने, वार्ड भानपुर बागबाहरा निवासी संजय ध्रुव ने निजी जमीन पर अवैध अतिक्रमण कर निर्माण पर रोक लगाने हेतु, ग्राम लभरा खुर्द महासमुंद निवासी बलराम सेन ने श्रमिक पंजीयन कार्ड में संशोधन हेतु, ग्राम पंचायत बम्हनी के ग्रामवासियों ने अवैध शराब बिक्री पर रोक लगाने हेत, ग्राम कोसरंगी निवासी डोमन लाल साहू ने किसान सम्मान निधि की राशि दिलाने हेतु, ग्राम चोरभट्टी निवासी दिनेश यादव ने आकस्मिक मृत्यु होने पर आर्थिक सहायता राशि प्राप्त के लिए एवं ग्राम घोड़ारी निवासी फनिया ठाकुर ने शौचालय एवं गैस कनेक्शन प्रदाय करने हेतु आवेदन किए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।

नवनिर्वाचित बार एसोसिएशन के रजनीश सिंह बने अध्यक्ष

■ त्रिवेणी शंकर साहू बने हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के कार्यकारणी सदस्य

कसडोल/बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष पद पर रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी है। अध्यक्ष पद पर खड़े कुल सात उम्मीदवारों में से उन्हें सबसे अधिक मत मिले।

इसी तरह उपाध्यक्ष (पुरुष पद) पर गौतम खेत्रपाल की जीत हुई है। उपाध्यक्ष (महिला पद) पर श्रीमती मांडवी भारद्वाज निर्वाचित हुईं हैं। सचिव पद अनिल त्रिपाठी और सहसचिव (पुरुष पद) पर विजय कुमार साहू जीते हैं। सहसचिव (महिला पद) पर आस्था शुक्ला को जीत मिली है। इसके साथ ही कोषाध्यक्ष पद पर आशापुरन सिंह भाटिया विजयी हुई हैं। ध्यान रहे कि छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष गौतम खेत्रपाल को बधाई देते साथी अधिवक्ता। 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग 2026-2028 के लिए दो वर्षीय कार्यकाल के लिए गुरुवार 12 फरवरी को शांतिपूर्ण ढंग से मतदान हुआ था। चुनाव में अधिवक्ताओं ने अभूतपूर्व उत्साह दिखाते हुए भारी संख्या में मतदान किया। एसोसिएशन के कुल 1418 पंजीकृत मतदाताओं में से 1213 अधिवक्ताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

इस तरह कुल मतदान प्रतिशत 85.54 फीसदी रहा। शुक्रवार 13 फरवरी की सुबह 10 बजे से काउंटिंग शुरू की गई। इसके लिए दिन भर गहमागहमी रही और कई बार उतार चढाव देखने को मिला। देर शाम नतीजे पदवार जारी किए गए। कार्यकारिणी सदस्यों के रिजल्ट सबसे पहले जारी हुए। अध्यक्ष पद की घोषणा सबसे अंत में रात 10 बजे के करीब हुई।17 पदों के लिए 61 उम्मीदवार थे मैदान में हाईकोर्ट बार एसोसिएशन का यह चुनाव बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है, क्योंकि हाईकोर्ट में नियमित प्रैक्टिस करने वाले वकीलों ने विशेष रुचि दिखाई है। चुनाव में 17 पदों के लिए कुल 61 उम्मीदवारों ने अपनी किस्मत आजमाई। सबसे अधिक गहमागहमी अध्यक्ष पद को लेकर देखी गई। इसके लिए सीनियर एडवोकेट राजीव श्रीवास्तव, अरविंद सिन्हा, दिनेश कुमार तिवारी, अब्दुल वहाब खान, शैलेन्द्र कुमार बाजपेयी, हनुमान प्रसाद अग्रवाल और रजनीश सिंह बघेल के बीच मुकाबला था। इसमें अंत में रजनीश सिंह बघेल ने बाजी मारी। ग्रंथालय सचिव के पद पर राहुल कुमार मिश्रा को जीत मिली है। क्रीड़ा और सांस्कृतिक सचिव (पुरुष पद पर अमन पांडे और महिला पद पर प्रज्ञा पांडे जीते हैं।

कार्यकारिणी सदस्यों में सबसे अधिक वोट अभिषेक पांडे को मिला। इसके साथ ही त्रिवेणी शंकर साहू, आशुतोष मिश्रा, शरद मिश्रा, उज्जवल चौबे निर्वाचित हुए। महिला वर्ग में दीप्ती तिवारी और लक्ष्मीन कश्यप जीते हैं। वहीं उपाध्यक्ष (वरिष्ठ) पद के लिए दीपक कुमार जैन, भरत लाल सोनी, गौतम खेत्रपाल, अरविंद दुबे, महेन्द्र नाथ दुबे और शशिकांत सोनकर चुनाव मैदान में थे। इसमें गौतम खेत्रपाल को 500 से अधिक वोट मिला और उन्होंने एकतरफा जीत दर्ज की। महिला उपाध्यक्ष पद के लिए भी मांडवी भारद्वाज को जीत मिली है। सचिव पद पर अनिल त्रिपाठी को भारी मतों से जीत मिली है।

छत्तीसगढ़ में प्रस्तुत बजट आम जनता के लिए अज्ञान और दुर्गति का बजट है: अंकित

बागबाहरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। काँग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि आज का छत्तीसगढ़ बजट सिर्फ छलावा के अलावा इसमें कुछ भी नही है। वर्तमान में भाजपा सिर्फ शो मैन शिप में उलझी हुई है कि आमजन को सिर्फ सपने दिखाओ। जिसका जमीनी यथार्थ से कोई संबंध नही होता है। अगर सब कुछ 2047 में ही होना है तो अभी सभी मंत्रियों और मुख्यमंत्री को इस्तीफा दे देना चाहिए।

वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा विधानसभा में प्रस्तुत आज का बजट संकल्प,ज्ञान और गति के नारों के साथ प्रस्तुत किया गया बजट है। जो कि वास्तव में बिना किसी विकल्प का अधूरा संकल्प है। यह आम जनता के लिए बहुत अल्प बजट है। और पूरी तरह से इसमें सिर्फ छल कपट भरा हुआ है। ये बजट छत्तीसगढ़ माटी-महतारी के लिए भारी अज्ञानता से भरा हुआ है। जिसमें सिर्फ झूठे आंकड़ों का ज्ञान और कुर्सी का गुमान ज्यादा दिखाई दे रहा है। इस बजट में विज्ञापनों की गति ज्यादा है। पर आम आदमी की दुर्गति वाला बजट भी है।

क्षेत्र के तेज तर्रार वरिष्ठ कांग्रेस नेता अंकित बागबाहरा ने बताया कि इस बजट की असफलता का पता इस बात से लगाया जा सकता है कि इसमें पूंजीगत व्यय और बुनियादी संरचना में खर्च होने वाले बजट में भारी कमी आयी है। साथ ही साथ इसमें 2000 करोड़ के घाटे का बजट है। जिसमें सिर्फ आंकड़ों की जादूगरी से गुमराह करने की कोशिश हुई है। साथ ही नए रोजगार,500 रुपये के सिलेंडर,किसानों की उन्नति उनको तत्काल घर पहुंच बोनस की बातें गायब हैं।

अंकित ने कहा कि बजट में अलग-अलग विभागों का प्रावधान तो दिखा दिया गया। पर उसमें विकास में कितना खर्च होगा और सैलेरी बांटने,बिजली बिल चुकाने में कितना ये नही बताया।और महासमुंद मेडिकल कॉलेज के लिए कुछ नही दिया गया।जबकि अन्य जिलों के लिए दिया गया है।। कुल मिलाकर यह बजट जुमले और छलावे का बजट है। जिसका यथार्थ जीवन से कोई लेना देना नही है। इस बजट में युवा, किसान,मजदूर ,और बढ़ती माहंगाई के लिए कुछ भी नही है। जो वर्तमान भाजपा सरकार की विफलता को बताने के लिए पर्याप्त है।

एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव देवेंद्र यादव का कसडोल में स्वागत

■ गिरौदपुरी धाम के लिए हुए रवाना

कसडोल/बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं भिलाई विधायक देवेंद्र यादव सोमवार को संत शिरोमणि गुरु घासीदास जी की पावन जन्मस्थली गिरौदपुरी धाम के दर्शन के लिए रवाना हुए। इस दौरान कसडोल पहुंचने पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं युवा साथियों द्वारा उनका जोरदार एवं भव्य स्वागत किया गया।

कसडोल नगर में प्रवेश करते ही कार्यकर्ताओं ने फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया। ढोल-नगाड़ों और जयकारों के बीच कार्यक्रम स्थल पर उत्साहपूर्ण माहौल बना रहा। स्वागत कार्यक्रम का नेतृत्व युवा कांग्रेस नेता भावेश यादव ने किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में युवा कार्यकर्ता उपस्थित रहे और उन्होंने अपने लोकप्रिय विधायक के समर्थन में नारे लगाए। स्वागत समारोह में

नवीन पैकरा, साहिल यादव, अनुराग, हर्ष, धनंजय, नीकेश, संजू, जीतू, आकाश, रूपेश, हेमंत, प्रिंस, मनोज सहित अन्य युवा साथी एवं वरिष्ठ कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान स्थानीय मुद्दों एवं संगठन की मजबूती को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की गई। इस अवसर पर श्री यादव ने कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि गिरौदपुरी धाम आस्था का केंद्र है और संत गुरु घासीदास जी के बताए मार्ग पर चलकर ही समाज में समानता, भाईचारा और सद्भाव स्थापित किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश की सुख-समृद्धि एवं खुशहाली के लिए वे गुरु गद्दी में मत्था टेककर प्रार्थना करेंगे। इसके बाद वे गिरौदपुरी धाम के लिए रवाना हुए, जहां उन्होंने गुरु गद्दी में पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों की उन्नति और शांति की कामना की।

उनके दौरे को लेकर क्षेत्रीय कांग्रेस कार्यकर्ताओं में विशेष उत्साह देखा गया। देवेंद्र यादव के इस दौरे को संगठनात्मक दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। स्थानीय स्तर पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन को मजबूती देने की दिशा में सकारात्मक कदम बताया है। कसडोल में हुए भव्य स्वागत कार्यक्रम ने क्षेत्र में राजनीतिक सरगर्मियां भी बढ़ा दी हैं।

नगर के कर बकाएदार तत्काल राशि जमा करें, अन्यथा उनके नाम सार्वजनिक कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी

बागबाहरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा कार्यालय में सोमवार को नगर पालिकाध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल ने सम्पत्ति कर, जलकर सहित अन्य करो की वसूली की समीक्षा की गई। सभी करो की वित्तीय वर्ष के वार्डवार वसूली की जानकारी ली गई। कम वसूली के लिए राजस्व प्रभारी को सभी बड़े बकायेदारों को नोटिस जारी करने का निर्देश दिया गया। नगर पालिका परिषद प्रशासन ने टैक्स न चुकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है। तथा उनके नाम सार्वजनिक करने हेतु आदेशित किया है। नगर के वार्ड 1 से 15 तक घूम रही राजस्व की टीम नगर पालिका परिषद बागबाहरा के वार्डों से संपत्ति कर को लेकर नगर पालिका ने कई बार लोगों से अपील की कि संपत्ति कर समय पर जमा किया जाए।लेकिन नगरपालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 01 से 15 तक अधिकांश घरों में सम्पत्ति कर, समेकित कर और जल शुल्क की बड़ी बकाया राशि लंबित है। नगर पालिका के अनुसार बकायादारों को पूर्व में कई बार नोटिस जारी कर भुगतान के लिए अवसर दिया गया। लेकिन इसके बावजूद भी अब तक बड़ी संख्या में लोगों ने कर जमा नहीं किया है। अब नगर पालिका परिषद बागबाहरा प्रशासन ने सख्त कार्रवाई करने का निर्णय लिया है।

उल्लेखनीय है कि नगर में लगभग 2255 घरों में पानी का कनेक्शन है। जिन पर लगभग चालू वर्ष में 29 लाख रुपये बकाया है। वहीं पिछले साल का 50 लाख की वसूली अभी भी बकाया है। इसी तरह संपत्ति कर 37 लाख व समेकित कर 39 लाख. रुपये की बकाएदारी चल रही है। टैक्स जमा करने के लिए एन डीएस ऐप बनाया गया है। ऐप माध्यम से आप घर बैठे मोबाइल से अपना गृहकर-जलकर जमा कर सकते हैं। बकायादारों को आखिरी मौका नगर पालिका परिषद बागबाहरा के मुख्य नगरपालिका अधिकारी गिरीश कुमार चंद्रा ने बताया कि वार्ड में नगर पालिका की टीम की ड्यूटी लगाकर वसूली करवाई जा रही है। नगर में मुनादी कराकर संपत्ति, समेकित, दुकान और जल कर जमा करने को कहा जा रहा है। जमा नहीं करने वालों को चिन्हांकित कर उनके खिलाफ कानूनी कार्यवाही की जाएगी। वार्ड नंबर 1 से 15 तक वसूली अभियान चलाने के लिए फिर से नगर पालिका की राजस्व टीम का गठन किया गया है। जो नगर के सभी वार्डों में घूम कर बकाएदारों से करो की वसूली करेंगे।

इको-फ्रेंडली कैरी बैग व दोना-पत्तल के उपयोग से प्लास्टिक मुक्त गिरौदपुरी मेला का दिया सन्देश

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। बाबा गुरू घासीदास जी की जन्मभूमि एवं तपोभूमि गिरौदपुरी में 22 से 24 फरवरी 2026 तक तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला में प्रशासन द्वारा प्लास्टिक के उपयोग को हतोत्साहित कर स्वच्छ पर्यावरण की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुए श्रद्धालुओं को इको फ्रेंडली कैरी बैग वितरित किया गया। इसके साथ ही समूह की महिलाओं द्वारा निर्मित दोना-पत्तल में भंडारा स्थलों पर भोजन परोसने पर जोर दिया गया। इस पहल से प्लास्टिक मुक्त गिरौदपुरी मेला का सन्देश दिया गया। तीन दिवसीय गिरौदपुरी मेला के दौरान मेला परिसर में साफ-सफाई व्यवस्था दुरुस्त रखने के लिये स्वच्छाग्रहियों एवं सफाई कर्मियों लगभग 550 की ड्यूटी लगाई गई थी। मेला परिसर में 24 घण्टे साफ-सफाई हेतु स्वच्छाग्रहियों एवं सफाई कर्मियों ने बीड़ा उठाया था। इसके साथ ही पूरे मेला परिसर में जगह-जगह डस्टबीन भी रखे गए थे ताकि कचरा इधर उधर न फैले। कार्य के प्रति उनके समर्पण से मेला परिसर 24 घण्टे स्वच्छता देखने को मिली। जिला प्रशासन द्वारा इस वर्ष मेले में सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं एवं सुविधाओं में काफी इजाफा किया गया था जिससे श्रद्धालुओं को काफी सुविधा हुई और यहां से श्रद्धालु सुखद अनुभूति लेकर वापस गए।

मिनीमाता कन्या महाविद्यालय में वार्षिक उत्सव संपन्न

■ कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा हुए शामिल

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय बलौदाबाजार में 19 फरवरी 2026 को वार्षिक उत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा कैबिनेट मंत्री राजस्व एवं आपदा प्रबंधन युवा कल्याण उच्च शिक्षा विभाग थें। विशिष्ट अतिथि के रूप में अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष बलौदाबाजार उपस्थित थे। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि के द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया व आमंत्रित अतिथियों का स्वागत पुष्पगुच्छ भेंट कर किया गया। केबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा के द्वारा वार्षिक खेल प्रतियोगिता के लिए अलग-अलग कक्षाओं में प्रथम श्रेणी प्राप्त करने वाली छात्राओं को प्रमाण पत्र व राशि प्रदान किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति में शिक्षा के अलावा छात्राओं को कला व कौशल के विकास होने से छात्राएं हर क्षेत्र में अपना भविष्य बना सकती हैं, जिससे छात्राओं का सर्वांगीण विकास होगा। इन्होने कहा कि शिक्षा का महत्व सदैव से रहा है। श्री वर्मा ने छात्राओं को उनके उज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी। वार्षिकोत्सव के अवसर पर अशोक जैन नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि शिक्षा के साथ साथ खेल को भी महत्वपूर्ण बताते हुए स्वावलम्बी जीवन आज के समय मे अत्यंत आवश्यक है, उत्कृष्ट प्रतिभा से नगर व प्रदेश का नाम रोशन होता है। छात्राओं के द्वारा स्वयं से तैयार व्यंजनों की प्रशंसा करते हुए स्टालों का अवलोकन किया गया व शुभकामनाएं दी गई। वार्षिक उत्सव आयोजन के अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य के द्वारा वर्ष भर में हुए कार्यक्रम का वार्षिक प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया।

आयोजित कार्यक्रम में महाविद्यालय की छात्राओं के द्वारा विभिन्न राज्य की कला एवं संस्कृति को नृत्य के माध्यम से प्रस्तुत किया गया। आयोजित कार्यक्रम में विजय केसरवानी, नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र माहले, एस. एम. पाध्ये, मंडल अध्यक्ष राकेश ध्रुव, महादेव एवं जनभागीदारी अध्यक्ष श्रीमती संगीता ध्रुव व जनभागीदारी सदस्य एवं महाविद्यालीन समस्त प्राध्यापक कर्मचारी एवं छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

बजट में बैराज के लिए 390 करोड़, विकास के लिए 36 करोड़ से सिरपुर का होगा कायाकल्प

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु)। सिरपुर विकास के लिए बजट में प्रावधान करने से विकास को गति मिलने के साथ ही सिरपुर का कायाकल्प होगा बल्कि ऐतिहासिक नगरी सिरपुर के लिए पर्यटक आकर्षित होंगे। उक्त बातें प्रेस विज्ञप्ति में ग्राम पंचायत सिरपुर के उप सरपंच राजेश सिंह ठाकुर ने कही। उन्होंने सीएम विष्णुदेव राय, वित्त मंत्री ओपी चौधारी व स्थानीय विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधायक के प्रयास से बजट में प्रावधान शामिल किया गया है। 36 करोड़ की स्वीकृति सिरपुर के विकास के लिए बजट में प्रावधान किया गया है जिससे ग्लोबल मेडिटेशन सेंटर, म्यूजियम, महानदी तट में रिवर्ट फ्रंट, नवीव सड़क एवं अन्य विकास कार्य शामिल है। इसी तरह मुहमेला सिरपुर बैराज के लिए 390 करोड़ रुपए की स्वीकृति मिली है। बैराज बनने से जहां किसानों को लाभ मिलेगा वही वाटर लेबल भी क्षेत्र में बढ़ेगा। श्री ठाकुर ने बताया कि सिरपुर प्रवास के दौरान विधायक श्री सिन्हा ने इन सभी परियोजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को देते हुए कहा था कि विकास के लिए सिरपुर किसी का मोहताज नही रहेगा। पर्यटन विकसित होने से युवाओं को रोजगार मिलेगा।

कलेक्टर ने किया स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव का निरीक्षण

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु)। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने पीएम श्री स्वामी आत्मानंद स्कूल तुमगांव का सघन निरीक्षण एवं अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने विद्यालय परिसर, कक्षाओं, विज्ञान प्रयोगशालाओं, कंप्यूटर लैबए पुस्तकालय तथा अन्य शैक्षणिक एवं आधारभूत सुविधाओं का अवलोकन किया। जिसमें सैचुरेशन के 21 बिंदुओं को एक.एक पॉइंट विषयवार निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कलेक्टर श्री लंगेह ने कक्षा छठवीं के बच्चों के साथ ट्रैफिक सिग्नल पर चर्चा करते हुए हेलमेट की उपयोगिता सीट बेल्ट बांधना और गाड़ी चलाते वक्त मोबाइल का उपयोग न करने पर विस्तृत चर्चा की। कलेक्टर ने खेल के महत्व के बारे में भी बच्चों को समझाया तथा पढ़ाई के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए रिवीजन को आवश्यक आवश्यक बताते हुए बच्चों को पढ़ाई के लिए प्रेरित किया। कलेक्टर ने बच्चों को मोबाइल से दूरी बनाने तथा मोबाइल की उपयोगिता को कम करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने बच्चों के साथ चर्चा के दौरान

पढ़ाई के महत्व को समझाते हुए कहा कि जो चीज समझ में नहीं आता उसे बार.बार पढ़ा जाए पूछा जाए और उसको सीखने की कोशिश की जाए तो वह दो से तीन बार में समझ में आने लगेगी। इंग्लिश रीडिंग के साथ हिंदी में समझ भी आना चाहिए। कलेक्टर ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि बच्चों में टीएलएम बल फीचर्स, जादुई पिटारा एवं पीयर लर्निंग के माध्यम से अधिक से अधिक गुणवत्ता सुधार करने का प्रयास किए जाए। इस दौरान उन्होंने पीएम श्री तुमगांव में चल रहे निर्माण कार्य की भी समीक्षा किया और जल्द से जल्द बिल्डिंग बनाकर मार्च तक पूर्ण करने निर्देशित किया गया। उन्होंने पीएम श्री योजना अंतर्गत निर्धारित विभिन्न मानकों एवं घटकों जैसे स्मार्ट क्लास, व्यावसायिक शिक्षा, इंटरनेट सुविधा, सुसज्जित पुस्तकालय, एकीकृत विज्ञान प्रयोगशाला, खेल सुविधाएं, ग्रीन स्कूल फीचर्स, नवाचार परिषद, ईको क्लब, शिक्षक क्षमता संवर्धन, टीएलएम का उपयोग, करियर काउंसलिंग, बालिका सुरक्षा प्रशिक्षण, स्वच्छ पेयजल, स्वच्छ शौचालय, छात्र उपस्थिति ट्रैकिंग, आईडी कार्ड वितरण एवं बैगलेस डे आदि को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाने के निर्देश दिए।

पंचायतों का विकास भाजपा की प्राथमिकता से बाहर: सृष्टि

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु)। जिला पंचायत सदस्य सृष्टि अमर चंद्राकर ने कहा कि त्रि.स्तरीय पंचायत चुनाव के एक वर्ष पूर्ण होने के बाद भी पंचायतों के खाते खाली पडे हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा की साय सरकार में पंचायतें बेहाल हो चुकी है। सरकार का जो रवैया है उसे देखकर ऐसा लग रहा है कि गाँवों का विकास भाजपा सरकार की प्राथमिकता से बाहर है। छत्तीसगढ़ में बीजेपी की सरकार बने 2 वर्ष से अधिक तथा पंचायत चुनाव को एक वर्ष का समय बीत चुका है, लेकिन ग्रामीण विकास की बुनियाद कही जाने वाली पंचायतें आज इतिहास की सबसे कमजोर स्थिति में पहुंच चुकी हैं। गांवों के विकास का दावा करने वाली भाजपा सरकार के कार्यकाल में पंचायतों के बैंक खाते खाली पड़े हैं और विकास कार्य पूरी तरह ठप हो चुके हैं। राज्य की ग्राम पंचायतें आज आर्थिक बदहाली का शिकार हैं। पंचायतों में कार्य पूरी तरह ठप पड़े हैं। सृष्टि ने कहा कि सत्ता परिवर्तन के बाद सरकार ने न तो पंचायतों के लिए कोई बड़ी योजना शुरू की, और न ही पिछली सरकार के कार्यकाल की 15वें वित्त आयोग की लंबित राशि को जारी करने की कोई पहल की। नतीजा यह है कि पंचायतें सिर्फ नाम की रह गई हैं, जबकि फैसले और फंड राजधानी की फाइलों में कैद हैं। पंचायत चुनाव में चुने हुए जनप्रतिनिधि केवल नाम का रह गया है। सरपंचए पंच, जनपद सदस्य, जिला पंचायत सदस्य केवल डमी बनकर रह गया है। राशि नहीं होने से पंचायतों के विकास में जनप्रतिनिधि अपना योगदान नहीं दे पा रहे हैं। सरपंच, पंच अपने गाँवों के लोगों का सामना नहीं कर पा रहे हैं।

पूर्व में महासमुंद ब्लॉक के पंचायत प्रतिनिधियों ने 15 वें वित्त की राशि की मांग को लेकर धरना . आंदोलन किया था, जिसके बाद साल में 4 बार किश्तों में मिलने वाली 15 वें वित्त की राशि का केवल एक किश्त पंचायतों को मिला था। लेकिन उक्त राशि का भी टेक्निकल कारणों से आहरण पर रोक लगा दिया गया है।थे।

क्रिकेट स्पर्धा में शामिल हुए नपाध्यक्ष

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु)। सिरपुर क्षेत्र के ग्राम खिरसाली में ग्रामीण युवाओं द्वारा भव्य क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू शामिल हुए। उन्होंने खिलाड़ियों को उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने प्रेरित करते हुए कहा कि ग्रामीण स्तर पर इस तरह के आयोजनों से गाँव के प्रतिभाओं को आगे ब ?ने का मौक मिलता है। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को आपसी सामंजस्य व भाईचारे की भावना के साथ खेलने की बात कही। इस अवसर पर टीम के कप्तान मोहित ध्रुव, उप कप्तान दुर्जन बरिहा, राकेश बरिहा, योगेश बरिहा, संजू विश्वकर्मा, उमेंद्र पटेल, रूपेश पटेल, गितेश पटेल, दीपक पटेल, गंगाराम ध्रुव, भगत बरिहा, मिलन बरिहा, अजित बरिहा, रोशन दीवान, टनेश्वर बरिहा, हेमसागर कर्ष, महेश्वर कर्ष, विशाल ध्रुव, सरगम ध्रुव, हिमांशु पटेल, अमित ध्रुव आदि उपस्थित थे।

बजट जनाकांक्षाओं के विपरीत, 5 सौ रु में रसोई गैस देने के वादा पर अमल नहीं: विनोद

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु) ।पूर्व संसदीय सचिव विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने मंगलवार को वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत बजट को केवल मोदी के तारीफों का पुलिंदा बताते हुए जन आकांक्षाओं के विपरीत व प्रदेश वासियों को निराश करने वाला निरूपित किया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि बजट में विधान सभा चुनाव के दौरान की गई घोषणाओं का जिक्र नहीं किया गया है। महिलाओं को 500 रुपए में रसोई गैस, बेरोजगार युवाओं से किए वादे को बजट में नजर अंदाज किया गया है। प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने की दिशा में कोई घोषणा नहीं हुई है। 33 हजार शिक्षकों की भर्ती को लेकर भी कोई प्रावधान नहीं किया गया। युवाओं के लिए रोजगार सृजन की कोई ठोस व्यवस्था नहीं है। बीएड अभ्यर्थी और संविदा कर्मचारी हड़ताल पर हैं, परंतु बजट में उनकी समस्याओं का कोई जिक्र नहीं किया गया। प्रदेश के दैवेभो कर्मियों को नियमित करने का वादा था। कर्मचारी आशान्वित थे कि उनकी नियमितीकरण को लेकर विशेष पहल होगी। लेकिन, उन्हें भी निराश किया गया। महाविद्यालयीन छात्राओं को मासिक ट्रेवलिंग अलाउंस देने का वादा कर सरकार बनाने वाली भाजपा की साय सरकार ने तीसरे बजट में भी कोई विशेष पैकेज की घोषणा नहीं की। ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के लिए भी कोई स्पष्ट योजना सामने नहीं आई है। विश्व विख्यात सिरपुर को राष्ट्रीय पटल पर सामने लाने विशेष घोषणाएं नहीं होने से उपेक्षित रहा। सिरपुर विकाश प्राधिकरण को अलग से राशि जारी न कर सरकार ने सिरपुर के ऐतिहासिक महत्ता को नजर अंदाज किया है। खेतिहर भूमिहीन किसानों के लिए जितनी राशि का प्रावधान किया गया हैए वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान है। प्रदेश में 500 नई मोबाइल टावर लगाने का प्रावधान कर साय सरकार ने उद्योगपति मित्रों का विशेष ध्यान रखा। जबकि गांव, गरीब, किसान, मजदूर, युवाओं, महिलाओं के हितों को पूरी तरह दरकिनार किया है। यह बजट पूरी तरह निराश करने वाला प्रदेश वासियों की हितों पर कुठाराघात है।

संकाय विकास कार्य पर दी जानकारी

महासमुंद 25 फरवरी (देशबंधु)। पाँच दिवसीय राष्ट्रीय स्तर के संकाय विकास कार्यक्रम का शुभारंभ 24 फरवरी को हाइब्रिड माध्यम ;ऑनलाइन एवं ऑफलाइनद्ध में किया गया। यह कार्यक्रम आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ आईक्यूएसीद्ध के तत्वावधान में तथा राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान के सहयोग से आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य शिक्षा, रोजगार एवं नेतृत्व के क्षेत्र में सभी लिंगों के लिए समान अवसर सुनिश्चित करना, लिंग आधारित भेदभाव एवं पूर्वाग्रहों को समाप्त करना, समान कार्य हेतु समान वेतन को प्रोत्साहित करना तथा सुरक्षित, सम्मानजनक एवं उत्पीड़न.मुक्त वातावरण का निर्माण करना है। उद्घाटन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में प्राचार्य करुणा दुबे उपस्थित रहीं। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि छात्राओं को पुरानी सोच से आगे बढ़ते हुए जागरूकता एवं अपने अधिकारों के प्रति सजग रहकर विकसित भारत के निर्माण में सक्रिय योगदान देना चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ एस बी कुमार ने की। उन्होंने स्वागत भाषण में संकाय विकास कार्यक्रम के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए महिला सशक्तिकरण से संबंधित विभिन्न शासकीय योजनाओं का उल्लेख किया तथा वैश्विक लैंगिक अंतर सूचकांक में भारत की स्थिति पर चिंता व्यक्त की। प्रथम दिवस की मुख्य वक्ता डॉ आराधना शुक्ला, सहायक प्राध्यापक रायपुर ने श्महिलाएं एवं वित्तीय नेतृत्वरू आर्थिक नीति निर्माण में उनकी भागीदारी एवं सशक्तिकरण विषय पर व्याख्यान दिया।

उपभोक्ता आयोग ने शो-रूम को स्कूटी मरम्मत कराने किया आदेशित

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। ओला इलेक्ट्रानिक बाईक शो-रूम द्वारा स्कूटी को सुधार कर प्रदाय नही किये जाने के कारण उपभोक्ता विवाद प्रतितोष आयोग बलौदाबाजार द्वारा शो-रूम को सेवा में कमी का दोषी मानते हुए उपभोक्ता के वाहन का मरम्मत कर उसके पूर्ण संतुष्टि में प्रदाय करने आदेशित किया है।

बजट घोषणाओं से परिणाम तक की कसौटी पर सरकार

कुरूद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य सरकार के वर्ष 2026ङ्क27 के बजट पर क्षेत्र में विविध प्रतिक्रियाएँ सामने आई हैं। विभिन्न वर्गों के प्रतिनिधियों ने बजट को आकार और घोषणाओं में प्रभावशाली बताया, लेकिन इसकी सफलता को पारदर्शी क्रियान्वयन और समयबद्ध परिणामों से जोड़कर देखा है।

राज्य विधिज्ञ परिषद छत्तीसगढ़ के सदस्य अधिवक्ता शत्रुहन सिंह साहू ने कहा कि बजट बड़ा और महत्वाकांक्षी है, पर इसकी वास्तविक सफलता पारदर्शी क्रियान्वयन, वित्तीय अनुशासन और समयबद्ध परिणामों पर निर्भर करेगी। उन्होंने प्रमुख योजनाओं पर सार्वजनिक मॉनिटरिंग और सामाजिक लेखा-जोखा सुनिश्चित करने की मांग की।

पत्रकार अश्विन ठोकने ने कहा, च्जनता अब घोषणा नहीं, परिणाम देखना चाहती है। बजट की हर योजना की जमीनी सच्चाई सामने आनी चाहिए।ज्ज उन्होंने कुरूद विधानसभा क्षेत्र की एक जर्जर सड़क का उदाहरण देते हुए बताया कि ग्राम मौरी खुर्द से ग्राम सिरसिदा और ग्राम चारभाटा को जोड़ने वाली सड़क वर्षों से खराब स्थिति में है। यह क्षेत्र विधायक अजय चंद्राकर का निर्वाचन क्षेत्र है। स्थानीय लोगों के अनुसार सड़क की मरम्मत की मांग लंबे समय से की जा रही है।

गोंड समाज तहसील कुरूद के समाजसेवी संतोष सोरी ने कहा, च्समावेशी विकास का दावा तभी सार्थक होगा जब अंतिम व्यक्ति तक लाभ पहुँचे।ज्ज

किसान नेता शेखर चंद्राकर ने कृषि प्रावधानों का स्वागत करते हुए कहा कि समर्थन मूल्य और सिंचाई व्यवस्था पर ठोस कार्रवाई जरूरी है। वहीं युवा नेता तुकेश साहू ने स्टार्टअप और तकनीकी मिशन को सकारात्मक बताया, लेकिन सरकारी भर्ती और रोजगार पर स्पष्ट रोडमैप की मांग की।

व्यापारी प्रतिनिधि टीकम साहू (सरस्वती प्रिंटर्स, कुरूद) ने कहा कि व्यापार और उद्योग को गति देने के लिए कर-सरलीकरण और भुगतान प्रणाली में पारदर्शिता आवश्यक है।

राजनीतिक प्रतिक्रियाओं में भाजपा नेता कमल शर्मा ने बजट को गांव, गरीब, किसान और महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम बताया। विधायक प्रतिनिधि भानु चंद्राकर ने कहा कि सरकार का फोकस अधोसंरचना और निवेश बढ़ाने पर है, जिससे प्रदेश को नई गति मिलेगी।

वहीं कांग्रेस नेता मनोज अग्रवाल (कुरूद मंडल) ने कहा कि बजट में बड़े दावे तो हैं, लेकिन जमीनी क्रियान्वयन की स्पष्ट समयसीमा नहीं दिखती। पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष तपन चंद्राकर ने जनता को राहत और रोजगार के ठोस उपायों की आवश्यकता पर जोर दिया।

कुल मिलाकर बजट 2026ङ्क27 को लेकर उम्मीदें और सवाल दोनों साथ-साथ चल रहे हैं। अब नजर इस बात पर रहेगी कि घोषणाएँ जमीनी हकीकत में कब और कैसे बदलती हैं।

भीखम सिंह ठाकुर ने बजट का किया स्वागत कहा 'विकास को मिलेगी नई दिशा'

बागबाहरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वित्त वर्ष 2026-27 के लिए प्रस्तुत 1.72 लाख करोड़ के ऐतिहासिक बजट का महासमुंद जिला एवं खल्लारी विधानसभा क्षेत्र में व्यापक स्वागत किया गया है। प्रदेश के यशस्वी मुख्यमंत्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में प्रस्तुत यह बजट कृषि, अधोसंरचना, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला सशक्तिकरण एवं युवा विकास पर केंद्रित एक दूरदर्शी एवं जनहितैषी दस्तावेज के रूप में देखा जा रहा है।

जिला पंचायत उपाध्यक्ष भीखम सिंह ठाकुर ने बजट का स्वागत करते हुए कहा कि कृषक उन्नति योजना के अंतर्गत 10,000 करोड़ का प्रावधान प्रदेश के किसानों की आय बढ़ाने में मील का पत्थर सिद्ध होगा। कृषि पंपों हेतु ?6,700 करोड़ की बिजली सब्सिडी, 5 नए कृषि महाविद्यालयों की स्थापना तथा सिंचाई परियोजनाओं के विस्तार से खल्लारी क्षेत्र में कृषि उत्पादन को नई गति मिलेगी।

उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख किया कि बागबाहरा कॉलेज के लिए भी इस बजट में महत्वपूर्ण प्रावधान किया गया है, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा के बेहतर अवसर प्राप्त होंगे।

ग्रामीण विकास को बल देते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) एवं जल जीवन मिशन के लिए हजारों करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। साथ ही मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत नई सड़कों का निर्माण, नगरीय निकायों के विकास कार्यों एवं अधोसंरचना विस्तार के लिए विशेष राशि निर्धारित की गई है।

स्वास्थ्य क्षेत्र में 8,050 करोड़ के प्रावधान के साथ जिला अस्पतालों में सुविधाओं का विस्तार, नए चिकित्सा महाविद्यालयों की स्थापना एवं स्वास्थ्य सेवाओं के सुदृढ़ीकरण पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा के क्षेत्र में समग्र शिक्षा अभियान के माध्यम से विद्यालय भवनों का उन्नयन, डिजिटल शिक्षा का विस्तार एवं छात्र-छात्राओं के लिए आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

महिला सशक्तिकरण की दिशा में रानी दुर्गावती योजना के अंतर्गत 18 वर्ष पूर्ण करने वाली बेटियों को ?1.5 लाख की सहायता, स्व-सहायता समूहों को प्रोत्साहन तथा पोषण योजनाओं के विस्तार का प्रावधान किया गया है।

युवाओं के लिए‚ द्ध मिशन, स्टार्टअप मिशन, स्पोर्ट्स एक्सलेंस मिशन एवं कौशल विकास कार्यक्रमों के माध्यम से रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। साथ ही वीबीजीआर एवं अन्य अधोसंरचना परियोजनाओं के लिए ?40,000 करोड़ से अधिक का प्रावधान प्रदेश के समग्र विकास को नई ऊंचाई देगा।

श्री ठाकुर ने कहा कि यह बजट महासमुंद एवं खल्लारी क्षेत्र के सर्वांगीण विकास को नई दिशा प्रदान करेगा और सरकार की जनकल्याण सर्वोपरि की भावना को प्रतिबिंबित करता है। उन्होंने प्रदेश सरकार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के लिए स्थानीय स्तर पर समन्वित प्रयास सुनिश्चित किए जाएंगे।

भाजपा प्रदेश संगठन ने प्रकोष्ठ में जिम्मेदारी सौंपी धीरज मिश्रा को

पलारी, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी पलारी बलौदाबाजार भाटापारा के वरिष्ठ कार्यकर्ता धीरज मिश्रा को प्रदेश भाजपा संगठन आर्थिक प्रकोष्ठ में प्रदेश सदस्य नियुक्त किया है यह नियुक्ति प्रदेश भाजपा संगठन के द्वारा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश संगठन महामंत्री पवन साय छेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल एवं आर्थिक प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक शिव चन्द्राकर के अनुसंसा पर हुई है धीरज मिश्रा लंबे वर्षो से भाजपा संगठन के प्रति निष्ठा पूर्वक कार्य कर रहे है इससे पहले धीरज मिश्रा बलौदाबाजार भाटापारा जिला आर्थिक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक का दायित्व लंबे समय से निर्वाहर करते आ रहे थे इस बार प्रदेश संगठन के द्वारा उनकी सतत सक्रियता और कर्मठता को देखते हुए प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के दायित्व सौंपी है इस नियुकि पर भाजपा प्रदेश प्रभारी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मन की बात कार्यक्रम (प्रदेश प्रभारी) एवं नव नियुक्त प्रदेश कार्यसमिति सदस्य आर्थिक प्रकोष्ठ धीरज मिश्रा के द्वारा प्रदेश के सभी शीर्ष नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव प्रदेश महामंत्री पवन साय छेत्रिय संगठन महामंत्री अजय जामवाल प्रदेश संयोजक शिव चन्द्राकर कैबिनेट मंत्री टंक राम वर्मा श्याम बिहारी जायसवाल पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा प्रदेश अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा सनम जांगड़े भाजपा जिलाध्यक्ष आनंद यादव वरिष्ठ नेता योगेश चन्द्राकर विपिन बिहारी वर्मा दुर्गा महेश्वर ओम प्रकाश चंद्रवंशी यशवर्धन वर्मा नंद वर्मा पवन वर्मा के प्रति आभार प्रकट किया है।

अमलीडीह में वीबीजी राम जी चौपाल, योजनाओं से जुड़ने का दिया संदेश

पिथौरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। पिथौरा मंडल अंतर्गत ग्राम अमलीडीह (जिला महासमुंद) में वी.बी.जी. राम जी चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता भाजपा जिला महासमुंद के प्रवक्ता स्वप्निल तिवारी तथा प्रदेश सह-संयोजक (प्रधानमंत्री धन धान्य प्रकल्प, भाजपा किसान मोर्चा छत्तीसगढ़) अजय डड़सेना रहे, व युवा मोर्चा जिला उपाध्यक्ष विजय नायक जिन्होंने वी.बी.जी. राम जी अभियान के उद्देश्य, महत्व एवं उपयोगिता पर विस्तार से प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से इससे जुड़कर शासन की योजनाओं का अधिकाधिक लाभ लेने का आह्वान किया।

वक्ताओं ने बताया कि वी.बी.जी. राम जी कार्यक्रम गांव, गरीब, किसान और मजदूर वर्ग तक शासकीय योजनाओं को सीधे पहुंचाने का एक प्रभावी माध्यम है। इसके माध्यम से पात्र हितग्राहियों की पहचान कर उन्हें योजनाओं से जोड़ना, सरकारी सुविधाओं की जानकारी घर-घर तक पहुंचाना तथा ग्रामीण क्षेत्रों में विकास को गति देना प्रमुख लक्ष्य है। चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों की समस्याओं को मौके पर सुनकर उनके समाधान हेतु संबंधित विभागों तक पहुंचाने की दिशा में भी पहल की जाती है।इस अवसर पर ग्राम अमलीडीह के सरपंच मिथिलेश कुमार पटेल एवं उप-सरपंच पिंकी ध्रुव सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। चौपाल के दौरान ग्रामीणों ने कार्यक्रम के प्रति उत्साह दिखाते हुए जानकारी प्राप्त की तथा योजनाओं का लाभ लेने की इच्छा व्यक्त की। कार्यक्रम सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ।

नई शराब दुकान खोलने की नहीं केवल स्थानांतरण की प्रक्रिया

धमतरी, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कुछ सोशल मीडिया पर धमतरी जिले के 17 गांवों में नई शराब दुकानें खोले जाने संबंधी भ्रामक प्रचार प्रसारित किया जा रहा है। इस संबंध में स्पष्ट किया जाता है कि जिले में किसी भी प्रकार की 17 नई शराब दुकानों को स्वीकृति प्रदान नहीं की गई है। कार्यालय जिला आबकारी अधिकारी, जिला धमतरी द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत धमतरी को पत्र क्रमांक/आब./2026/88 दिनांक 19.01.2026 के माध्यम से अवगत कराया गया था कि जिले में वर्तमान में 04 को-लोकेटेड मदिरा दुकानें संचालित हैं। आबकारी नीति वर्ष 2025-26 की कंडिका 5.2 के अनुसार इन दुकानों का युक्तियुक्तकरण करते हुए आवश्यकतानुसार एक मदिरा दुकान को मदिरा-विहीन क्षेत्र में स्थानांतरित कर उसके स्वरूप में परिवर्तन किए जाने का प्रस्ताव है। यह प्रस्ताव नई दुकानें खोलने के संबंध में नहीं, बल्कि नीति अनुरूप स्थानांतरण एवं स्वरूप परिवर्तन की प्रक्रिया से संबंधित है। अत: 17 नई शराब दुकानें खोले जाने का प्रचार पूर्णत: भ्रामक एवं तथ्यहीन है। आबकारी आयुक्त, छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार मदिरा दुकानों के संभावित स्थानांतरण हेतु जिला स्तरीय स्थायी समिति द्वारा जनहित, विधि-व्यवस्था, अवैध मदिरा विक्रय पर नियंत्रण तथा शासकीय राजस्व के पहलुओं को ध्यान में रखते हुए विचार किया जाता है। इसी प्रक्रिया के तहत मदिरा-विहीन क्षेत्रों की ग्राम पंचायतों से आवश्यक अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्राप्त करने हेतु सूची भेजी गई है। उक्त प्रक्रिया का उद्देश्य अवैध शराब के विक्रय पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित करना तथा केवल अधिकृत एवं प्रमाणिक मदिरा की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। किसी भी निर्णय से पूर्व संबंधित ग्राम पंचायतों की सहमति, प्रशासनिक परीक्षण एवं वैधानिक औपचारिकताओं का पालन किया जाएगा। जिला प्रशासन धमतरी नागरिकों से अपील करता है कि वे अपुष्ट एवं भ्रामक सूचनाओं पर विश्वास न करें तथा किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अधिकृत शासकीय स्रोतों पर ही भरोसा करें।

गांजा तस्करी में 12 साल सश्रम कारावास

महासमुंद, 25 फरवरी (देशबंधु)। अवैध मादक पदार्थ गांजा तस्करी के मामले में आरोप दोष सिद्ध होने पर एनडीपीएस एक्ट के विशेष न्यायाधीश सुश्री संघ पुष्पा भतपहरी ने ओड़िशा कोरापुर जिले के अंतर्गत ग्राम वारणीफुट राणाशाही निवासी 25 वर्षीय रंजन खोरा पिता लक्ष्मण खोरा को एनडीपीएस एक्ट की धारा 20 (ख) (।।) (ग) के तहत 12 वर्ष के सश्रम कारावास व 1 लाख रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। अर्थदंड की राशि नही पटाने पर 1 वर्ष का सश्रम कारावास पृथक से भुगतना होगा। अभियोजन के अनुसार बागबाहरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत 31 जुलाई 20 को एनएच 353 पर पिथौरा चौक के पास आने जाने वाले वाहनों को रोककर समझाईश दे रहे थे उसी समय खरियार रोड की ओर से एक स्लेटी कलर का टाटा टीआगो क्रमांक ओडी 10 एन 7574 आया जिसमें एक अपचारी बालक और रंजन खोरा बैठे हुए थे। छग आने के संबंध में पूछताछ करने पर संतोषप्रद जवाब नही दे पाए। संदेह पर वाहन को कब्जे में लेकर पुलिस ने जांच की तो वाहन के पीछे डिक्की में 10 पैकेटों में लिपटा 50 किलो अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला। विवेचना उपरांत मामला कोर्ट को सौंपा गया था। अभियोजन की ओर से विशेष लोक अभियोजक नूतन साहू ने पैरवी की।

छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष दीपक को राज्यसभा भेजने से कांग्रेस होगी अधिक मजबूत : जितेन्द्र सिन्हा

पिथौरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। छत्तीसगढ़ युवक कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव,जनपद पंचायत के पूर्व सभापति जितेंद्र सिन्हा ने आज एक प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया की कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे,कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गांधी,कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी एवं कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी को पत्र लिखकर छत्तीसगढ़ कांग्रेस के प्रदेशाध्यक्ष दीपक बैज को छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद बनाए जाने की मांग की है।

युवक कांग्रेस नेता जितेंद्र सिन्हा ने कहा कि छत्तीसगढ़ की अस्मिता,आदिवासी स्वाभिमान और जनहित के मुद्दों को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावी ढंग से उठाने के दीपक बैज को राज्यसभा भेजा जाना चाहिए।

श्री सिन्हा ने कहा कि दीपक बैज की राजनीतिक यात्रा संघर्ष,समर्पण और संगठन निर्माण की मिसाल रही है छात्र जीवन में ह्रस्ङ्ग से राजनीति की शुरुआत कर उन्होंने युवाओं की आवाज़ बुलंद की, तत्पश्चात भारतीय युवा कांग्रेस में सक्रिय भूमिका निभाते हुए संगठन को नई ऊर्जा दी। लोहंडीगुड़ा ब्लॉक अध्यक्ष के रूप में उन्होंने जमीनी स्तर पर कांग्रेस को मजबूत किया और जिला पंचायत सदस्य बनकर जनसेवा का व्यापक कार्य किया।जनता के अपार समर्थन से वे 2013 में पहली बार विधायक बने और 2018 में पुन: विधायक निर्वाचित होकर क्षेत्र के विकास को नई दिशा दी। वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में उन्होंने 23 वर्षों से जमे भारतीय जनता पार्टी के गढ़ को ध्वस्त कर ऐतिहासिक जीत दर्ज की—यह जीत केवल एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की जनता की आकांक्षाओं की जीत थी।

श्री सिन्हा ने आगे कहा कि आज जब प्रदेश के किसानों की आय,आदिवासी अधिकार,वनाधिकार कानून,बेरोजगारी और सामाजिक न्याय जैसे गंभीर मुद्दे राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनने चाहिए, तब राज्यसभा में एक जमीनी,संघर्षशील और निर्भीक नेता की आवश्यकता है। दीपक बैज का अनुभव,उनकी जनस्वीकृति और उनका संघर्षशील व्यक्तित्व उन्हें इस दायित्व के लिए सर्वाधिक उपयुक्त बनाता है।

उन्होंने पार्टी नेतृत्व से मांग की कि कार्यकर्ताओं की भावना और प्रदेश की अपेक्षाओं का सम्मान करते हुए शीघ्र निर्णय लिया जाए। यह केवल राजनीतिक प्रतिनिधित्व का प्रश्न नहीं, बल्कि छत्तीसगढ़ की आवाज़ को निर्णायक रूप से संसद में स्थापित करने का अवसर है।

पिकअप-बाइक में भिड़ंत, एक की दर्दनाक मौत

खरोरा, 25 फरवरी। रायपुर बलौदा बाजार मुख्य मार्ग पर करमा पुल के पास एक बाईक सवार युवक पिकअप वाहन से टकरा गया जिससे मौके पर ही बाइक सवार युवक की दर्दनाक मौत हो गयी टककर इतनी जबरदस्त थी की बाईक वही पर जलकर खाक हो गया यह घटना अभी दोपहर 11:30 की है मौजूद लोगो द्वारा 112 को कॉल किया गया जिससे 112 वाहन पहुंच चूका था अभी तक मृतक की पहचान नहीं हो पायी है। पुलिस मामले की जांच में जुटी।

संकल्प थीम पर रहा छत्तीसगढ़ का बजट : डॉ सनम जांगड़े

लवन, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सनम जांगड़े ने उत्साह पूर्वक बताया कि साय सरकार का तीसरा बजट च्ज्ञानज्‌ और च्गतिज्‌ के बाद च्संकल्पज्‌ के थीम पर आधारित है। इसमें स का अर्थ समावेशी विकास, ‚ का अर्थ अंधोसंरचना। ह का अर्थ निवेश। च का अर्थ कुशल मानव संसाधन। ‚ यानि अंत्योदय। रु का अर्थ लाइवलीहुड। और क्क यानि पॉलिसी से परिणाम को प्रमुखता से शामिल किया गया है।

1 लाख 72 हजार करोड़ रुपए बजट पेश

राज्य बनने के बाद छत्तीसगढ़ का बजट 35 गुना बढ़ गया है। छत्तीसगढ़ निर्माण के बाद पांच हजार करोड़ का बजट अब 35 गुना बढ़कर 1 लाख 72 हजार करोड़ पहुंच गया है,छत्तीसगढ़ के वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने 24 फरवरी को विधानसभा में तीसरा बजट पेश किया है। जो 1.72 लाख करोड़ का है। यह बजट सुशासन से समृद्धि की दिशा में मजबूत कदम है। प्रदेशवासियों की आकांक्षाओं को पूरा करते हुए विकसित छत्तीसगढ़ की नींव रखी जाएगी।

छत्तीसगढ़ सरकार अब 5 प्रमुख मिशन पर काम करेगी। इनमें मुख्यमंत्री एआई मिशन, मुख्यमंत्री पर्यटन विकास मिशन, मुख्यमंत्री खेल उत्कृष मिशन, मुख्यमंत्री अधोसंरचना मिशन और मुख्यमंत्री स्टार्टअप और निपुण मिशन शामिल हैं। हर मिशन के लिए 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है। डॉ जांगडे ने कहा कि

अनुसूचित जाति हेतु बजट में प्रावधान

भण्डारपुरी में गुरुद्वारा (मोती महल) हेतु 17 करोड़, जिला मुंगेली में सतनाम भवन के पुनरुद्धार हेतु 25 लाख, ग्राम सेतगंगा में सामुदायिक भवन हेतु 50 लाख, सतनाम भवन भिलाई में डोम निर्माण हेतु 50 लाख, भण्डारपुरी में डोम निर्माण हेतु एक करोड़, रायपुर में सतनामी समाज के भवन हेतु एक करोड़, ग्राम मडवा में सतनाम धर्मशाला हेतु 50 लाख, गिरौदपुरी मेला हेतु वार्षिक 25 लाख आबंटन को बढ़ाकर 50 लाख किया गया है।

निधन

हंसराज रांवका

नवापारा राजिम 25 फरवरी।

नगर एवं जैन समाज के वयोवृद्ध 95 वर्षीय हंसराज रांवका का आकस्मिक निधन प्रात: हो गया। वे दिगंबर जैन समाज के सुश्रावक वयोवृद्ध व्यक्ति थे। उनकी अंतिम यात्रा आज 25 फरवरी बुधवार को दोपहर 2 बजे उनके निज निवास सत्यनारायण मंदिर के पास से निकाली गई । वे रवि, रमेश रांवका के पिता एंव शुभम फुहार के दादा थे।

प्रादेशिकी का शेष...

छग चेंबर ऑफ कॉमर्स ...

प्रभारी दलजीत सिंह चावला एवं दिलीप माहेश्वरी, चेंबर के पूर्व कोषाध्यक्ष महेश अग्रवाल, संजयनारायण केशरवानी, लक्ष्मीनारायण केशरवानी, साजिद चौहान, दिनेश जैन, संदीप हबलानी, राजेश साहू, आयुष अग्रवाल, जितेन्द्र डडसेना, ऋषभ जैन, पुनाराम भगवती प्रसाद, रजत रंजन यादव, वासुदेव सिंह ठाकुर, गोपाल जायसवाल, प्रलय शर्मा, त्रिभुवन साहू (लवन), मनोज पांडेय (लवन), राकेश (बाबा) केशरवानी, ईश्वर हरिदयानी, राजेश हबलानी, उमेश अग्रवाल, जितेन्द्र जैन, राजेश शेहरा, खिलेंद्र वर्मा, रमाशंकर सोनी, महेंद्र जैन, शिवम साहू, दिलीप माहेश्वरी, जिमी सलूजा, मुरारी साहू एवं अनिल सहित बड़ी संख्या मे सम्माननीय व्यापारीगण उपस्थित रहे।

इंडिया एआई समिट में अमर्यादित...

स्मिता हितेश चंद्राकर ने कहा कि भाजपा महिला मोर्चा सदैव राष्ट्रहित, महिला सम्मान एवं सामाजिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है तथा किसी भी प्रकार की अभद्रता के विरुद्ध मुखर होकर आवाज उठाती रहेगी। उक्त जानकारी जिला मीडिया प्रभारी आनंद साहू ने दी है।

गिरौदपुरी में तीन दिवसीय संत...

शौचालय, 16 चलित शौचालय, 55 स्नानागार,18 विद्युत ट्रांसफार्मर, 10 जनरेटर की भी व्यवस्था की गई थी। मेला परिसर में उपलब्ध सुविधाओं एवं साफ-सफाई व्यवस्था पर श्रध्दालुओं ने संतुष्टि व्यक्त किया।

नपा अध्यक्ष के आश्वासन के बाद भी नहीं हो पाई परिषद की बैठक

आरंग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद आरंग इस वक्त सियासत और जन-आक्रोश का अखाड़ा बनी हुई है। प्रशासन की कार्यप्रणाली और अध्यक्ष के कथित च्तानाशाही रवैयेज्‌ से क्षुब्ध कांग्रेस पार्षदों ने आज पालिका परिसर के मुख्य द्वार पर एक दिवसीय धरना देकर व्यवस्था के खिलाफ बिगुल फूंक दिया।विपक्ष का सीधा आरोप है कि पिछले 6 महीनों से सामान्य सभा की बैठक न बुलाकर शहर के विकास का गला घोंटा जा रहा है। पार्षदों ने दो-टूक शब्दों में चेतावनी दी है कि यदि 15 दिनों के भीतर उनकी 12 सूत्रीय मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं हुई, तो आरंग की सड़कों पर उग्र आंदोलन और नगर पालिका का घेराव किया जाएगा।आपको बता दे कि लंबे समय के बाद बीते 23 जनवरी को सामान्य सभा की बैठक रखी गई थी लेकिन बैठक में जनहित से जुड़े एजेंडे शामिल नहीं होने से सत्ता पक्ष यानी भाजपा के पार्षदों ने परिषद की बैठक का बहिष्कार कर दिया था।तब खुद नगर पालिका अध्यक्ष डॉ संदीप जैन ने 10 दिनों में सामान्य सभा की बैठक करवाने का आश्वासन दिया था।अब एक महीने से ज्यादा का समय हो चुका है लेकिन सामान्य सभा की बैठक कब होगी इसकी जानकारी किसी को नहीं है। बैठक नहीं होने से नाराज कांग्रेस पार्षदों ने धरने पर बैठकर प्रशासन को घेरते हुए कई गंभीर आरोप लगाए हैं। पार्षदों का कहना है कि 23 जनवरी की स्थगित बैठक के बाद अध्यक्ष डॉ. संदीप जैन ने 10 दिनों में दोबारा बैठक बुलाने का वादा किया था, जो आज तक अधूरा है। प्रधानमंत्री आवास योजना की लंबित किस्तें, वृद्धावस्था पेंशन और राष्ट्रीय परिवार सहायता जैसी बुनियादी योजनाओं को लटकाने का आरोप लगाया गया है। शहर में फल-फूल रहे अवैध प्लॉटिंग के कारोबार और बिना जांच जारी किए गए ह्र.ह्र.ष्ट. को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। पार्षदों ने इसमें शामिल अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की मांग कर विभाग में हड़कंप मचा दिया है।झलमला तालाब सौंदर्यकरण में ठेकेदार की मनमानी और स्रञ्जक्क मशीन न लगाए जाने को लेकर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए गए हैं। कांग्रेस नेताओं ने शहर की बदहाली पर दुख जताते हुए कहा कि आज पूरे आरंग में स्ट्रीट लाइटें जगह जगह बंद पड़ी हैं और साफ-सफाई की व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है।

सांकरा नाका में बिना दस्तावेज धान परिवहन पर एसडीएम की कार्रवाई

नगरी, 25 फरवरी (देशबन्धु)। सांकरा फॉरेस्ट नाका में बिना वैध दस्तावेज धान परिवहन करते पकड़े गए 12 चक्का वाहन के मामले में एसडीएम नगरी मनोज मरकाम द्वारा सख्त कार्रवाई की गई है। जानकारी के अनुसार वाहन क्रमांक ष्ट्र04द्ध85939 में लगभग 615-616 बोरी धान लोड था, जिसे ग्राम धुरखागुड़ी (जिला गरियाबंद) से धमतरी की ओर ले जाया जा रहा था। निरीक्षण के दौरान चालक लोचन यादव के पास धान परिवहन से संबंधित कोई वैध दस्तावेज, बिल अथवा मंडी शुल्क रसीद नहीं पाई गई।

मामले की जानकारी मिलते ही एसडीएम नगरी मनोज मरकाम ने प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए तत्काल जांच के निर्देश दिए। राजस्व एवं मंडी अमले की रिपोर्ट के आधार पर धान से भरे वाहन को जब्त कर आवश्यक वैधानिक प्रकरण दर्ज किया गया। साथ ही संबंधित पक्षों को नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है।

एसडीएम ने स्पष्ट किया कि बिना वैध दस्तावेज के कृषि उपज का परिवहन पूर्णत: नियम विरुद्ध है तथा ऐसे मामलों में नियमानुसार दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने क्षेत्र के व्यापारियों एवं किसानों से अपील की है कि कृषि उपज के परिवहन के दौरान सभी आवश्यक दस्तावेज साथ रखें, ताकि अनावश्यक कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक बजट : संकेत

पलारी, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं भाजपा मंडल पलारी के कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है।छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय जहां बजट का आकार लगभग ?5,000 करोड़ था, वहीं आज यह बढ़कर 35 गुना से अधिक होकर ?1,72,000 करोड़ तक पहुंच गया है, जो प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन का प्रतीक है।सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद इस वर्ष 'संकल्प' थीम पर आधारित है। 'संकल्प' का आशय समावेशी विकास, अधोसंरचना विस्तार, निवेश संवर्धन, कुशल मानव संसाधन निर्माण, अंत्योदय, आजीविका सशक्तिकरण तथा नीति से परिणाम तक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

विकसित छग की आधारशीला है बजट : नपा अध्यक्ष महेश यादव

राजिम, 25 फरवरी। राजिम नगर पालिका अध्यक्ष महेश यादव ने बजट पर अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट विकसित छत्तीसगढ़ की आधारशीला है, सरकार ने इस बजट में गांव, गरीब किसान, मजदूर , बुजुर्गों और महिलाओं का खास ध्यान रखा है, नये नये संस्थानों को राज्य में आने का न्यौता भी दिया जा रहा है, साथ ही बेरोजगार युवाओं के लिये भी कई रोजगार भी शामिल है।

अल्ट्राटेक बैकुंठ में श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर का 40वां स्थापना दिवस कलश शोभायात्रा

तिल्दा नेवरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के सुप्रसिद्ध व मनवांछित श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर की स्थापना दिवस बडे ही भक्तिभाव के साथ हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। सुबह से रात्री तक विविध धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमे हजारों लोगों की भारी भीड देखने को मिला।

अवसर पर सर्व प्रथम सुबह श्रीहनुमान मंदिर पर श्रीगंगापुजा किया गया। जिसमे मुख्य यजमान के रूप में फंक्शन हैड टेक्निकल राजीव सिंघल जी श्रीमती नितु सिंगल विराजमान रहे। तत्पश्चात 108 विशाल कलश शोभायात्रा महिलाओं के द्वारा पीले रंग की आकर्षक वस्त्रो मे निकाली गई। जो कि यहां के श्रीहनुमान मंदिर से प्रस्थान कर मुख्यमार्ग से होते हुए। श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर धाम मे जाकर विश्राम किया। फंक्शन हैड फाइनेंस श्री सुनंदा बासु सपत्नीक, फंक्शनल हैड माइंस अशोक सिन्हा, ई एंड आई हैड विवेक बघेल, टेक्निकल सेल एवं प्रोजेक्ट हैड अशोक मिश्रा, मैकेनिकल हैड अनिल गुप्ता, एच आर हैड जितेन्द्र तनवर, सेक्यूरिटी हैड अभिषेक तेवतिया के आलावा अधिकारीयों, कर्मचारियों, कालोनीवासीयो एवं क्षेत्रवासियों की उपस्थिति रही।

दीपा कुलकर्णी की उपस्थिति में हर्षोल्लास के साथ मनाया

इस अवसर पर अल्ट्राटेक बैकुंठ सीमेंट वर्क्स के यूनिट हैड पवन कुलकर्णी की श्रीमती दीपा कुलकर्णी की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस अवसर पर हजारो की संख्या में अधिकारियों, कर्मचारियों, कालोनीवासीयो एवं क्षेत्रवासियों का ताता लगा रहा। श्रीसुंदरकांड पाठ के पश्चात दीपदान किया गया। श्री बैकुंठेश्वर महाराज जी की महाआरती की गई। फिर भगवान जी को भक्तो के द्वारा लाये गये 56 भोग लगाये गये।

अंत मे मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रही श्रीमती दीपा कुलकर्णी ने विशाल सभा को संबोधित करते हुए कहा कि आज श्री बैकुंठेश्वर महाराज जी की स्थापना दिवस के इस महोत्सव में शामिल हो, मै अपने आप को धन्य मानती हूं। क्योंकि यह बैकुंठ सीमेंट केवल नाम नही। अपितु वास्तव स्वर्ग लोक की वास्तविक बैकुंठ की आभास कराती है, वही यहां के इस श्री बैकुंठेश्वर मंदिर साक्षात तीनो लोकों के स्वामी विराजमान है, जिसकी प्रभाव अंचल भर मे सुप्रसिद्ध है।

इस अवसर पर फंक्शनल हैड टेक्निकल राजीव सिंगल ने कहा कि यहां जो भी आयोजन होता है वह अलौकिक व धार्मिक-सांस्कृतिक से ओतप्रोत होता है वही यहां की टीम वर्क प्रत्येक आयोजनों की सफला सुनिश्चित कर देती है यहां के कर्मचारियों की भजनमंडली की शराहना करने से नही चूंके कहां हमारे कर्मठ कर्मचारी होने के साथ साथ विलक्षण कलाओं के धनी हैं जो प्रत्येक मंगलवार को श्री हनुमान मंदिर व श्रीबैकुंठेश्वर मंदिर में संगीतमय श्रीसुंदरकांड पाठ का लगातार 182 कडी संपन्न किये। वही यहां की श्री सरस्वती महिला मंडलीयो की भी प्रशंसा किये।

अंत में धन्यवाद ज्ञापन विवेक बघेल के द्वारा किया गया। जिसमे एच आर, ई आर, सेक्यूरिटी विभाग, सिविल, हल्टीकलचर, के साथ महिलाओं, अधिकारीयों, भजनमंडलीयो, कर्मचारियों एवं क्षेत्रवासियों आदि के द्वारा प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस अवसर पर अंत में 56 भोग के महाप्रसाद के साथ साथ महा भोग भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारो की संख्या में भक्तो ने कतार में खड़े हो भोग भंडारे का प्रसाद ग्रहण किये।

इस कार्यक्रम को सफल बनाने में जिनका विशेष योगदान रहा है। उन्मे अशोक मिश्रा, विवेक बघेल, जितेन्द्र मिश्रा, राजेंद्र कुमार साहू, अभिषेक तेवतिया, ब्रजेश पटेल, गुरूदयाल साहू, पं सुशील शर्मा, पं मनोज तिवारी, पं कैलाश तिवारी, के आलावा सभी अधिकारीयों, कर्मचारियों, कालोनी वासीयो, पुरूष एंव महिला मंडलीय की महत्वपूर्ण योगदान रहा।

अंजय शुक्ला को निगम मंडल के उपाध्यक्ष बनाए जाने पर ब्राम्हण समाज ने किया स्वागत

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राज्य शासन द्वारा छ.ग. आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा एवं औषधि पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष पद पर अंजय शुक्ला के नियुक्ति होने पर भाजपा एवं सर्व ब्राम्हण समाज बलौदाबाजार के लोगों ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई दी हैं। श्री शुक्ला के नियुक्ति पश्चात प्रथम बलौदाबाजार आगमन पर भाजपा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं के साथ सर्व ब्राम्हण समाज द्वारा विप्र वाटिका भवन में आतिशबाजी के साथ भव्य स्वागत किया गया।

विप्र वाटिका भवन में आयोजित स्वागत सभा समारोह को सम्बोधित करते हुए अंजय शुक्ला ने कहा कि भाजपा एक ऐसी पार्टी एवं संगठन है जिन्होने सामान्य कार्यकर्ताओं को दायित्व देकर सम्मान किया जाता है। उनके कार्यो के अनुरूप आगे बढाने का मौका दिया जाता है। मेरे जैसे सामान्य कार्यकर्ता को एक बडी जिम्मेदारी संगठन व पार्टी ने दी है। जिसके लिए मैं संगठन के लिए वरिष्ठ नेतृत्व एवं प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार मानता हूं और आशा करता हूं कि जिस जिम्मेदारी से मुझे यह पद दिया गया है निश्चित ही उनके अनुरूप कार्य करूंगा। श्री शुक्ला ने अपने सम्मान एवं स्वागत के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ सर्व ब्राम्हण समाज के लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इन्होने ब्राम्हण समाज द्वारा रखी गई भवन विस्तार की मांग को यथासंभव पूरा करने का आश्वासन भी दिया। कार्यक्रम में आभार एवं धन्यवाद ज्ञापन पूर्व विधायक एवं भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने किया। जबकि मांगो का प्रस्ताव स्वागत भाषण में सर्व ब्राम्हण समाज बलौदाबाजार के अध्यक्ष श्याम शुक्ला ने किया। कार्यक्रम का संचालन रामाधार पटेल ने किया। इस अवसर पर विशेष रूप से बलौदाबाजार सर्व ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष श्याम कुमार शुक्ला, पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा, नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, देशबंधु के ब्यूरो चीफरामाधार पटेल, ब्राह्मण समाज के सचिव सुशील तिवारी, राजीवलोचन शुक्ला, नरेंद्र शुक्ला, राजकुमार तिवारी, रमेश मिश्रा, शिव नरेश मिश्रा, प्रभाकर मिश्रा, राजा तिवारी, मनोज दुबे, शिव शुक्ला, मिक्की तिवारी, पीयूष मिश्रा, शुभम तिवारी, गुड्डा दीवान, संजय शर्मा, आर्यन शुक्ला, नितेश शमा, बाबी द्विवेदी, अविनाश शर्मा एवं बड़ी संख्या में विप्रजन उपस्थित थे। श्री शुक्ला को भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, नगर पालिका उपाध्यक्ष जितेन्द्र महले, शशी शुक्ला आदि ने भी बधाई दी हैं।

इसके पूर्व अंजय शुक्ला गुरू खुशवंत साहेब के नेतृत्व में निकाली गई विशाल सतनाम सद्भावना पदयात्रा में शामिल हुए। सतनाम सद्भावना पदयात्रा के दौरान ग्राम कंजी में अंजय शुक्ला एवं पूर्व विधायक व भाजपा प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा ने गुरू खुशवंत साहेब को लड्डू से तौलकर स्वागत अभिनंदन किया। जहां काफी संख्या में कार्यकर्ता शामिल हुए।

पीयूष मिश्रा बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ के सह संयोजक

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ की सूची जारी की गई हैं जिसमें बलौदाबाजार जिले के पीयूष मिश्रा को जिला सह संयोजक पद पर पदस्थ किया गया हैं। अपनी इस नियुक्ति पर पीयूष मिश्रा ने प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा, पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री कृष्णा अवस्थी, एवं विशेष रूप से पूर्व विधायक प्रमोद शर्मा व प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ अजय राव के प्रति आभार व्यक्त किया।

पीयुष मिश्रा ने अपनी नियुक्ति पश्चात कहा कि वे दी गई जिम्मेदारी को बेहतर ढंग से निभाने का प्रयास करेंगे। ज्ञात हो कि पीयूष वर्तमान में जिला स्काउट गाइड में कोषाध्यक्ष तथा छ.ग.चेंबर ऑफ कॉमर्स बलौदाबाजार के उपाध्यक्ष पर पर भी हैं। पीयूष मिश्रा के सह संयोजक पद पर नियुक्ति पर नगर पालिका अध्यक्ष अशोक जैन, वरिष्ठ पत्रकार रामाधार पटेल, नीरज बाजपई, भाजपा नेता विजय केसरवानी, नरेश केशरवानी, अभिषेक तिवारी जिलाध्यक्ष विहिप, जितेंद्र महाले नगर पालिका उपाध्यक्ष, नवीन मिश्रा, भाजपा युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रणम्य पांडे, उमेश अग्रवाल, असीम बिश्नोई, रितेश श्रीवास्तव, राहुल अग्रवाल, राहुल सोनी, आलोक सोनी रायपुर, हेमंत वर्मा, संजय पांडे, साहिल मेहता, हरीश चंदानी, शंकर दुलानी, परेश अग्रवाल, आदित्य बाजपेई आदि ने बधाई दी है।

नपाध्यक्ष बघेल ने किया विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण

बागबाहरा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। नगर पालिका परिषद बागबाहरा में आज क 50 लाख के विभिन्न निर्माण कार्यों का लोकार्पण नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वज बघेल के हाथों संपन्न हुआ। नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी ताम्रध्वजबघेल व पार्षद गण ने विधिवत पूजा अर्चना कर श्रीफल तोड़कर फीता काटकर निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया

नगरपालिका अध्यक्ष श्रीमती खिलेश्वरी तानम्रध्वज बघेल ने संबोधित करते हुए कहा कि आज नगर में वार्ड क्रमांक 12 तेन्दूलोथा में मुक्तिधाम 34 लाख, डा भीमराव अंबेडकर मूर्ति स्थापना 19 लाख, कुल 50 लाख से अधिक निर्माण कार्यों का लोकार्पण कर जनता को समर्पित किया गया। नपा अध्यक्ष श्रीमती बघेल आगे कहा कि बाबा साहब का जीवन संघर्ष, शिक्षा और समानता का प्रतीक है। उन्होंने समाज के प्रत्येक वर्ग को अधिकार दिलाने के लिए आजीवन कार्य किया। उनकी विचारधारा आज भी समाज को एकजुट करने और आगे बढ़ाने की प्रेरणा देती है।

प्रतिमा की स्थापना से नई पीढ़ी को डॉ. अंबेडकर के जीवन और उनके योगदान के बारे में जानने का अवसर मिलेगा। बाबासाहेब जीवन च्च्संघर्ष की पाठशालाज्ज है और उनकी प्रतिमा समानता, शिक्षा और अधिकारों की प्रेरणा देती रहेगी। अनावरण समारोह के अंत में उपस्थित लोगों ने संविधान निर्माता के आदर्शों को आत्मसात करने और समाज में भाईचारे की भावना को मजबूत करने का संकल्प लिया।

श्रीमती मति बघेल ने आगे कहा कि नगर क्षेत्र का बहुमुखी विकास हो रहा है। जनता के हितों को प्राथमिकता के तौर पर शामिल करते हुए उनकी खुशहाली के लिए सतत प्रयास जारी है। इस अवसर पर नपा उपाध्यक्ष देवेश साहू, पार्षद सविता दीवान, शैलेष साहू, प्रीति गुप्ता, रमेश ठाकुर, मंता यादव, मोनिका साहू, मिथुन अमीर, प्रेम साहू, श्यामा चन्द्राकर, शिवा जगत, अनिता ताण्डी, मुख्य नगर पालिका अधिकारी गिरीश चन्द्रा उप-अभियंता दीपक अग्रवाल उपस्थित थे

ब्रांडेड कंपनियों की धुलाई कर रहे लोकल वाशिंग पाउडर

भाटापारा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। वाशिंग पाउडर बनाने वाली लोकल इंडस्ट्रीज खुश हैं बाजार में बढ़ती हिस्सेदारी को देखकर। 40त्न मांग पर कब्जा के बाद अब लक्ष्य है 50 फ़ीसदी का। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए फ्री सोप और कैरी बैग या जूट बैग का ऑफर दे रहीं हैं।

ग्रीष्म ॠतु यानी धूल और चिपचिपी गर्मी, मतलब कपड़ों का जल्द गंदा होना। इसलिए यह मौसम वाशिंग पाउडर का सीजन माना जाता है लेकिन पहली बार प्रतिष्ठित ब्रांडेड कंपनियों के पसीने छूट रहे हैं अपनी स्थापित जगह को बरकरार रखने के लिए क्योंकि स्थानीय ईकाइयों द्वारा उत्पादित वाशिंग पाउडर से कड़ा मुकाबला करना पड़ रहा है। सस्ते हैं इसलिए मांग बढ़त लिए हुए हैं।

बाजार हिस्सेदारी 40 फ़ीसदी: स्थानीय स्तर पर वाशिंग पाउडर उत्पादन करने वाली कंपनियां 1 किलो के पैक के साथ एक साबुन फ्री में दे रहीं हैं, तो कुछ कंपनियां बैग या जूट बैग जैसा उपहार मुफ्त में दे रहीं हैं। ऐसे ऑफर के अलावा उत्पादन की प्रति किलो कीमत 2 से 4 रुपए कम ही हैं। इन सभी स्थितियों ने लोकल वाशिंग पाउडर की हिस्सेदारी 40त्न तक पहुंचा दी है। 50त्न तक पहुंचाने की कवायद चालू हो चली है।

बाजार में आधी हिस्सेदारी के करीब पहुंचे

महंगा होगा नहाने का साबुन ?

नहाने का साबुन। सीजन इसका भी शुरू हो चुका है लेकिन इसकी खरीदी अब महंगी पड़ सकती है क्योंकि उत्पादन में जरूरी केमिकल की दर बढ़ चुकी है। रही- सही कसर जीएसटी की नई दर पूरी कर रही है। संकेत दो से तीन रुपए प्रति नग बढ़ने के मिल रहे हैं। स्थानीय स्तर पर नहाने का साबुन बनाने वाली कंपनियां फिलहाल नहीं हैं। इसलिए बढ़ी हुई कीमत स्वीकार करनी होगी उपभोक्ताओं को।

बढ़ेगी डिमांड क्योंकि...

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग ने आगत ग्रीष्मकाल के लिए जो पूर्वानुमान जारी किया है, उसके मुताबिक इस वर्ष तापमान नया रिकॉर्ड बना सकता है। इसलिए संभावित बढ़ने वाली मांग को देखते हुए वाशिंग पाउडर, वाशिंग सोप और बाथ सोप उत्पादन करने वाली ईकाइयों को मांग में 25 से 30त्न की वृद्धि की संभावना नजर आ रही है। लिहाजा अग्रिम तैयारियां चालू हो चलीं हैं।

दूरदर्शिता और संकल्प का बजट, छत्तीसगढ़ के विकास को देगा नई दिशा : चंद्रशेखर

राजिम, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री व पूर्व जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू ने मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में वित्त मंत्री ओपी चौधरी द्वारा प्रस्तुत ?1.72 लाख करोड़ के बजट को छत्तीसगढ़ के इतिहास का दूरदर्शी, निर्णायक और स्वागत योग्य बजट बताया है। श्री साहू ने कहा कि यह बजट केवल आंकड़ों का दस्तावेज़ नहीं, बल्कि प्रदेश के भविष्य को दिशा देने वाला संकल्प-पत्र है। उन्होंने कहा पिछले वर्ष बजट 'ज्ञान से गति' थीम पर था, जबकि इस वर्ष बजट 'संकल्प' थीम पर है। यह साफ संकेत है कि भाजपा सरकार ने पहले दिशा तय की और अब उसी दिशा में तेज़ी से फैसले लेकर उन्हें जमीन पर उतारने जा रही है।ज्ज

उन्होंने बताया कि इस बजट में किसानों के लिए कृषि व सिंचाई सुविधाओं के विस्तार, ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मज़बूती, महिलाओं के स्वावलंबन और आदिवासी अंचलों में शिक्षा-स्वास्थ्य सेवाओं के विस्तार जैसे ठोस प्रावधान किए गए हैं। सड़क, बिजली और पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाओं पर निवेश से गांव-गांव तक विकास पहुंचेगा। युवाओं के भविष्य को ध्यान में रखते हुए सरकार द्वारा नई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) आधारित योजना की घोषणा को श्री साहू ने ऐतिहासिक कदम बताया। उन्होंने कहा कि इससे युवाओं को आधुनिक तकनीक का प्रशिक्षण मिलेगा और रोजगार के नए अवसर खुलेंगे।

अनुपम बने भाजपा आर्थिक प्रकोष्ठ जिला संयोजक

भाटापारा, 25 फरवरी (देशबन्धु)। गत दिवस प्रदेश भाजपा ने आर्थिक प्रकोष्ठ की सूची जारी किया जिसमें बलौदाबाजार जिले के आर्थिक प्रकोष्ठ संयोजक पद पर अनुपम अग्रवाल को पदस्थ किया गया है, इस नियुक्ति पर अनुपम अग्रवाल ने प्रदेश अध्यक्ष श्री किरण सिंह देव, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, वरिष्ठ नेता शिवरतन शर्मा, पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल, मंत्री टंकराम वर्मा पूर्व विधायक सनम जांगड़े, जिला अध्यक्ष आनंद यादव, महामंत्री कृष्णा अवस्थी को नियुक्ति के लिए आभार देते हुए कहा कि वर्तमान में मोदी सरकार ने खर्च की जगह निवेश का बजट प्रस्तुत किया है जो 2047 भारत की आजादी के 100 वर्ष पूर्ण होने के अमृतकाल में विकसित भारत और सबसे बड़े अर्थव्यवस्था बनने के लक्ष्य की ओर कदम बढ़ाया है ऐसे समय में आर्थिक प्रकोष्ठ की जिम्मेदारी और अपेक्षा बहुत ज्यादा बढ़ जाती है, जिसमें शासकीय योजनाओं से आमजन की आर्थिक विकास और जीवन शैली कैसे उत्कृष्ट हो, इसका संयोजन और आर्थिक योजनाओं का नीति निर्धारण हेतु आंकड़ों का सटीक विश्लेषण की आवश्यकता होगी इस हेतु हम पूरी तत्परता से पार्टी द्वारा सौंपे इस दायित्व में खरा उतरने की पुरजोर कोशिश करेंगे।

श्री अग्रवाल के संयोजक पद पर नियुक्ति में सुहेला मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार, महामंत्री संतन बांधे, रामकुमार साहू, आदित्य सिंह ठाकुर, तामेश्वर जायसवाल, जवाहर वर्मा, पूर्व जनपद सदस्य तारिणी राजपूत, यशवंत साहू, डागेश्वर वर्मा, शिव वर्मा, मित्रण नायक, वंदना बंजारे, ओम प्रकाश पटेल, लक्ष्मण खत्री, चैन कुमार जायसवाल, प्रेमलाल वर्मा, राधेश्याम साहू, संजू वर्मा, बोधराम वर्मा, आदि भाजपा पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त किया है।

कलेक्टर ने बच्चों व युवाओं को सामूहिक दवा सेवन के लिये किया प्रेरित

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कलेक्टर दीपक सोनी ने बुधवार को राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम के अंतर्गत पाठशाला स्कूल के बच्चों एवं मिनीमाता शासकीय कन्या महाविद्यालय के छात्राओं को सामूहिक दवा सेवन के लिये प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों और छात्राओं को एल्बेंडाजोल की गोली वितरित की जिसे बच्चों और छात्राओं ने सेवन किया।

युवाओं को दिये कैरियर सम्बंधित महत्वपूर्ण टिप्स

कलेक्टर ने महाविद्यालय में कहा कि दवा सेवन से हाथी पाँव बीमारी को रोका जा सकता है। एहतियात के तौर पर यह दवाई दी जा रही है। यह अभियान हर साल स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाया जाता है। उन्होने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को यह दवाई लेनी है ताकि अगले 3 -4 साल में जिले को फाइलेरियामुक्त जिला बना सकें। आप स्वयं दवा खाएं और आस -पास के लोगों को भी दवा सेवन के बारे में बताये। कलेक्टर ने महाविद्यालय के छात्राओं को कैरियर मार्गदर्शन देते हुए कि जिस क्षेत्र में कैरियर बनाना चाहते है उसकी पूर्व जानकारी के साथ पूरी लगन से तैयारी करें। प्रतिदिन समाचार पत्र पढ़े। जिला प्रशासन द्वारा प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी हेतु सीएसआर मद से कोचिंग सुविधा दी जा रही है। हम होंगे कामयाब अंतर्गत रोजगार व स्वरोजगार के अवसर प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा पंडित चक्रपाणी शुक्ल हाई स्कूल में जिला अर्थशाला शुरू किया गया है जहां बिजनेस और वित्त से सबंधित जानकारी दी जा रही है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ कल्पना उपाध्याय सहित अन्य प्राध्यापक एवं छात्राएं उपस्थित रहें।

चार्ज अधिकारियों को दी गई जनगणना हेतु आधारभूत प्रशिक्षण

बलौदाबाजार, 25 फरवरी (देशबन्धु)। 16 वीं जनगणना 2027 कार्यक्रम अंतर्गत जिले में जनगणना कार्य सुचारु ढंग से सम्पन्न कराने हेतु बुधवार को संयुक्त जिला कार्यालय के प्रगति कक्ष में चार्ज अधिकारियो को प्रशिक्षण दिया गया। जनगणना कार्य दो चरणों में समन्न होगा जो पूरी तरह से डिजिटल होगा।

कार्यक्रम में कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा कि प्रशिक्षण को बहुत ही गंभीरतापूर्वक लें ताकि निर्धारित समय पर कार्य सम्पन्न हो सके। उन्होंने कहा कि जनगणना कार्य पूरे देश में एक साथ होगा जिससे तय समय पर ही कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने कहा कि जनगणना के लिये लोगों के बीच जाने पर उन्हें स्पष्ट जानकारी दें कि यह सर्वे केवल डाटा संकलन के लिये है और इससे किसी योजना के पात्रता या अपात्रता का कोई सबंध नहीं है। उन्होंने कहा कि जिला स्तरीय प्रशिक्षण के पश्चात् ब्लॉक लेवल पर अधीनस्थ कर्मचारियों का कई चरणों में प्रशिक्षण होगा। जनगणना कार्य हेतु प्राथमिक शिक्षकों की ड्यूटी लगाई जाएगी। जनगणना कार्यालय की सहायक निदेशक रश्मिता स्वाई ने बताया कि 16 वीं जनगणना 2027 दो चरणों में होगी जिसमें प्रथम चरण मई 2026 में शुरू होगा। प्रथम चरण में मकानों की लिस्टिंग का कार्य होगा। द्वितीय चरण फरवरी 2027 से शुरू होगा जिसमें विस्तृत रूप से जानकारी डिजिटल फॉर्म में भरे जायेंगे। प्रथम चरण के पूर्व 16 अप्रैल 2026 से स्व गणना पोर्टल के माध्यम से होगा। प्रशिक्षण के दौरान जनगणना की आधारभूत संरचना का निर्माण, जनगणना में उपयोग की जाने वाली प्रक्रियाएं, अवधारणा और परिभाषाएं, सीएमएमएस का परिचय आदि पर विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण कार्यक्रम में सभी एसडीएम, उप संचालक योजना एवं सांख्ययिकी पायल पाण्डेय सहित तहसीलदार, नायब तहसीलदार एवं मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

पूरी तरह डिजिटल फॉर्म में एवं दो चरणों में संपन्न होगा जनगणना कार्य

बजट छत्तीसगढ़ के उज्जवल भविष्य की मजबूत आधारशिला रखेंगी : जितेंद्र सोनकर

राजिम, 25 फरवरी (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश किसान मोर्चा रसायन बीज उर्वरक के सदस्य जितेंद्र सोनकर ने बताया कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आज विधानसभा में बजट प्रस्तुत किया गया। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने बजट के माध्यम से गरीब, मजदूर, महिला, छात्र-छात्राओं, शिक्षित बेरोजगार, किसान, व्यापारी और सभी छोटे वर्ग के लोगों को ध्यान देते हुए इस बजट को सराहनीय कहा। श्री सोनकर ने विष्णु देव सरकार के कार्यकाल को सुशासन का बजट बताया है। उन्होंने आगे कहा कि इससे हर वर्ग खुश है और हमारे देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मिशन 2047 के विकसित भारत का जो सपना देखा है वह निश्चित रूप से बजट के माध्यम से पूरा होगा। छत्तीसगढ़ में विकास का बयार बहेगा।

आज सरकार द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ संकल्प बजट प्रदेश के सर्वांगीण विकास, पारदर्शी शासन एवं जनकल्याण के संकल्प को सशक्त बनाने वाला जनहितैषी एवं दूरदर्शी बजट है।

यह बजट किसानों की समृद्धि, महिलाओं के सशक्तिकरण, युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित करने तथा प्रदेश में आधारभूत संरचना को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। इससे प्रदेश के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा और विकास को नई गति प्राप्त होगी। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ सुशासन, विकास एवं जनकल्याण के नए आयाम स्थापित कर रहा है। यह संकल्प बजट प्रदेश को आत्मनिर्भर एवं समृद्ध बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। बजट निश्चित रूप से छत्तीसगढ़ के उज्ज्वल भविष्य की मजबूत आधारशिला रखेगा तथा प्रदेश को विकास की नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा।

कन्या महाविद्यालय में जलवायु परिवर्तन पर हुआ अतिथि व्याख्यान

धमतरी, 25 फरवरी (देशबन्धु) ।शासकीय नारायण राव मेघावाले कन्या महाविद्यालय के भूगोल विभाग द्वारा जलवायु परिवर्तन – कारण, प्रभाव एवं समाधान विषय पर अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. बी.एल. पटेल शासकीय नवीन महाविद्यालय पिरदा उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता भूगोल विभागाध्यक्ष डॉ. डी. आर. चौधरी ने की। व्याख्यान कार्यक्रम में वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ रोहिणी मरकाम, भूगोल प्रयोगशाला तकनीशियन डी.पी. गोस्वामी एवं छात्राओं की सक्रिय सहभागिता रही।

मुख्य वक्ता डॉ. बी. एल. पटेल ने अपने उद्बोधन में जलवायु परिवर्तन की अवधारणा को सरल एवं वैज्ञानिक दृष्टिकोण से समझाया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी का संतुलित पर्यावरण मानव जीवन के लिए अत्यंत आवश्यक है, उन्होंने विशेष रूप से अरावली पर्वतमाला के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पर्वत श्रृंखला पश्चिमी भारत में मरुस्थलीकरण को रोकने तथा पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। उन्होंने ऑक्सीजन और कार्बन डाइऑक्साइड के संतुलन को जीवन चक्र का आधार बताते हुए कहा कि वृक्षारोपण एवं वन संरक्षण से ही इस संतुलन को बनाए रखा जा सकता है, ओजोन परत के महत्व को रेखांकित करते हुए उन्होंने बताया कि यह परत सूर्य से आने वाली हानिकारक पराबैंगनी किरणों से पृथ्वी की रक्षा करती है। यदि ओजोन परत क्षीण होती है तो त्वचा रोग, जलवायु असंतुलन और जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। डॉ. पटेल ने जलवायु परिवर्तन के प्राकृतिक कारणों जैसे ज्वालामुखी विस्फोट, सौर गतिविधियाँ एवं समुद्री धाराओं में परिवर्तन के साथ-साथ मानवीय कारणों जैसे औद्योगिकीकरण, जीवाश्म ईंधनों का अत्यधिक उपयोग, वनों की कटाई एवं प्रदूषण को भी विस्तार से समझाया। उन्होंने छात्राओं से पर्यावरण संरक्षण के लिए व्यक्तिगत स्तर पर पहल करने का आह्वान किया। अध्यक्षता करते हुए डॉ. डी.आर. चौधरी ने कहा कि वर्तमान समय में जलवायु परिवर्तन वैश्विक चिंता का विषय बन चुका है, इसके लिए हमें स्वयं को जागरूक होना पड़ेगा। उन्होंने छात्राओं को शोध, जनजागरूकता अभियान एवं वृक्षारोपण जैसे कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान कार्यक्रम पूर्णरूपेण महाविद्यालय की छात्राओं के लिए ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी रहा। कार्यक्रम में सतीश साहू जनभागीदारी व्याख्याता के द्वारा अतिथि वक्ता के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कार्यक्रम का समापन किए।

जोरातराई हाई स्कूल के पीछे जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार

धमतरी, 25 फरवरी (देशबन्धु) ।पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा अवैध गतिविधियों पर प्रभावी नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना भखारा पुलिस द्वारा जुआ खेलने वाले 03 और जुआरियों के विरुद्ध सखत एवं वैधानिक कार्यवाही की गई।

थाना भखारा को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम जोरातराई हाई स्कूल के पीछे कुछ व्यक्ति 52 पत्ती ताश से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। जिसकी सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए भखारा पुलिस टीम ने गवाहों के साथ बताए गए स्थान पर पहुंचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की। पुलिस को देखते ही कुछ व्यक्ति मौके से फरार हो गए, जबकि 03 व्यक्तियों को जुआ खेलते हुए रंगे हाथों पकड़ा गया।

पकड़े गए जुआरियों के नाम होमेश मारकण्डेय पिता यशवंत मारकण्डेय उम्र 24 वर्ष साकिन सिवनीकला कुरूद जिला धमतरी, रमेश कुमार साहू पिता स्व. साघुराम साहू उम्र 55 वर्ष साकिन भेडसर भखारा और

(03) प्रहलाद बघेल पिता गोवर्धन बघेल उम्र 23 वर्ष साकिन सलोनी थाना मुजगहन रायपुर, जिला रायपुर है। जुआरियों के पास एवं फंड से कुल 3,100 रूपये नगद राशि तथा 52 पत्ती ताश जब्त कर विधिवत कब्जे में लिया गया।

उक्त कृत्य जुआ एक्ट के तहत पाये जाने से पांचों जुआरियों के विरुद्ध थाना भखारा में अपराध क्रमांक 18/2026 छ.ग. जुआ (प्रतिषेध) अधिनियम 2022 की धारा 3(2) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई है।

उल्लेखनीय है कि आज ही थाना रूद्री एवं साइबर टीम की संयुक्त कार्यवाही में गंगरेल रिसॉर्ट में संचालित ऑनलाइन जुआ गतिविधि का भंडाफोड़ करते हुए आरोपियों के विरुद्ध जुआ प्रतिषेध अधिनियम के तहत वैधानिक कार्यवाही की गई। कार्यवाही के दौरान, महेंद्रा एक्सयूवी 700 एवं 02 मोबाइल सहित कुल लगभग 17 लाख रुपये की संपत्ति जप्त कर कार्यवाही की गई है।

सिमगा, 25 फरवरी (देशबन्धु) । समीपस्थ ग्राम दुलदुला में ग्रामीणों द्वारा योजित अखण्ड नवधा रामायण कार्यक्रम में पूर्व विधायक शिवरतन शर्मा, भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, सम्मिलित होकर भगवान श्री राम से क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उक्त अवसर पर क्षेत्र के जनपद सभापति चंद्रप्रकाश टोंडे सरपंच जीवन कामनी साहू छोटू यदु गोलू अवस्थी हेमंत साहू सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

लंबित मांगों को लेकर एनएचएम कर्मचारी विधासनभा घेराव के तैयारी में

गरियाबंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के कर्मचारी अपनी लंबित मांगों को लेकर फिर से आंदोलन की तैयारी में है। मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री के आश्वासन के पांच माह बाद भी छह सुत्रीय मांगों पर ठोस निर्णय नहीं होने से नाराज कर्मचारियों ने अब विधानसभा घेराव का मन बना लिया है। संघ के अनुसार सत्र के दौरान प्रदेश के 17 हजार एमएचएम कर्मचारी विधानसभा का घेराव करेंगे। संघ के जिला अध्यक्ष अमृत राव भोसले ने बताया कि पिछले आंदोलन के दौरान राज्य सरकार ने इन मांगों पर करवाई का आश्वासन दिया गया था, लेकिन अब तक प्रशासनिक स्तर पर फाइलों में कोई ठोस प्रगति नहीं हुई है। इसको लेकर प्रदेशभर के कर्मचारियों में असंतोष बढ़ रहा है। वहीं, कर्मचारियों को इस बार बजट से भी काफी उम्मीदें थीं। उन्हें विश्वास था कि सरकार उनकी समस्याओं को संज्ञान में लेकर कोई बड़ी घोषणा करेगी, लेकिन बजट में उनकी मांगों को लेकर कोई निर्णय या घोषणा नहीं की गई। इससे कर्मचारियों में निराशा है।

ये है प्रमुख मांगे

जिला अध्यक्ष भोसले ने बताया कि ग्रेड पे, चिकित्सा परिचर्या सुविधा, अनुकंपा नियुक्ति, स्थानांतरण नीति, नई मानव संसाधन नीति और नियमित कर्मचारियों की तरह बीमा सुविधा सहित कई महत्वपूर्ण मांगें लंबे समय से लंबित हैं। इसके अलावा वेतन भुगतान से संबंधित बैंकिंग प्रक्रिया में देरी भी कर्मचारियों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है।

गंगरेल के ठेमली टापू में अवैध महुआ शराब निर्माण की सूचना पर पुलिस ने की कार्यवाही

धमतरी, 25 फरवरी (देशबन्धु) ।गंगरेल बांध के सामने स्थित ठेमली टापू के समीप एक अन्य टापू में कच्ची महुआ शराब निर्माण किए जाने की सूचना प्राप्त हुई, जिसकी सूचना मिलते ही एसपी धमतरी के निर्देशन में धमतरी पुलिस द्वारा तत्काल कार्यवाही करते हुए थाना रूद्री, थाना केरेगांव की संयुक्त टीम गठित कर मौके पर दबिश दी गई। पुलिस टीम द्वारा ठेमली आईलैंड के जंगल क्षेत्र में सघन तलाशी लेने पर अवैध शराब निर्माण में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई।

■ एसपी के निर्देश पर दो थानों की संयुक्त टीम द्वारा जंगल क्षेत्र में दबिश,भारी मात्रा में सामग्री जब्त एवं 1000 लीटर महुआ लाहन नष्ट

छापेमारी में पुलिस ने 200 लीटर क्षमता के पांच नीले/काले प्लास्टिक ड्रम, तीन छोटे प्लास्टिक ड्रम, छः जर्मन गंजी, पांच स्टील गंजी, चार लोहे के चूल्हे, छः धमेला जब्त किया है। इसके अतिरिक्त 5 बड़े ड्रमों में भरा हुआ लगभग 200-200 लीटर महुआ लाहन (कुल 1000 लीटर) मौके पर पाया गया, जिसे विधिवत कार्यवाही करते हुए मौके पर ही नष्ट किया गया। समस्त सामग्री को पंचनामा कार्यवाही कर विधिवत जप्त किया गया। कार्यवाही के दौरान मौके पर कोई व्यक्ति उपस्थित नहीं मिला। आसपास के ग्रामों में जाकर पूछताछ की गई, किन्तु किसी ने उक्त गतिविधि के संबंध में जानकारी होने से इंकार किया है। मामले की विस्तृत जांच जारी है एवं जिसमें संलिप्त व्यक्तियों की लगातार पतासाजी की जा रही है, मिलने पर वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

आरंग में गिरौदपुरी पदयात्रियों के लिए उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

आरंग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। आस्था और सेवा की त्रिवेणी आरंग के कलाई चौक पर देखने को मिला ।तिवारी सदन कलाई चौक में सर्व समाज आरंग एवं समस्त ग्रामीण जनों के सहयोग से गिरौदपुरी धाम की ओर जा रहे दर्शनार्थियों के लिए विशाल भोजन भंडारा का भव्य आयोजन किया गया। बाबा गुरु घासीदास जी के दर्शन के लिए गिरौदपुरी जा रहे हजारों श्रद्धालुओं के स्वागत में पूरा कलाई चौक 'सतनाम' के जयकारों से गूंज उठा। इस सेवा शिविर में केवल भोजन ही नहीं, बल्कि भक्तों के विश्राम और शुद्ध पेयजल की भी उत्तम व्यवस्था की गई थी। आयोजन के दौरान सुबह से लेकर देर शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। आरंग के सर्व समाज और ग्रामीणों ने मिलकर सेवा का संकल्प लिया,शुद्ध और सात्विक भोजन का वितरण किया गया, हजारों की संख्या में पदयात्रियों और स्थानीय भक्तों ने कतारबद्ध होकर श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। आयोजकों ने बताया कि गिरौदपुरी मेले के उपलक्ष्य में इस वर्ष पहली बार पदयात्रियों की सेवा का अवसर मिला है। ग्रामीणों का मानना है कि दूर-दराज से पैदल चलकर आ रहे बाबा के भक्तों की सेवा करना ही सबसे बड़ा पुण्य है। इस आयोजन को सफल बनाने में कलाई चौक के युवाओं और समस्त ग्रामवासियों का विशेष योगदान रहा।

कलेक्टर कन्नौजे ने स्कूल के निर्माण में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए

■ स्कूल भवन निर्माण के गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करने कलेक्टर के निर्देश

■ कलेक्टर ने पीएमश्री स्कूलों के सभी कार्यों का किया विस्तृत समीक्षा

बिलाईगढ़, 25 फ़रवरी (देशबंधु)। कलेक्टर डॉ. संजय कन्नौजे ने सोमवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के पीएमश्री स्कूलों के प्राचार्यों एवं प्रधान पाठकों की महत्वपूर्ण बैठक लेकर शैक्षणिक गुणवत्ता, प्रशासनिक व्यवस्थाओं और बोर्ड परीक्षा परिणामों का गहन समीक्षा किया। उन्होंने कार्यालय के सभी रिकार्ड, लेखा-जोखा को संधारित रखने के निर्देश दिए। बैठक में शिक्षा विभाग के पीएमश्री स्कूल के नोडल अधिकारी नरेश चौहान उपस्थित थे।

कलेक्टर ने कहा कि पीएमश्री स्कूल जिले के मॉडल स्कूल हैं, इसलिए इनका संचालन उत्कृष्ट स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। प्रत्येक विकासखंड में एक पीएमश्री स्कूल संचालित है और इन विद्यालयों को आदर्श बनाकर अन्य स्कूलों को भी प्रेरित किया जाना चाहिए। उन्होंने बैठक में कहा कि, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, बेहतर अनुशासन, नवाचारपूर्ण गतिविधियों तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर विशेष जोर दिया।

जिलाधीश डॉ कन्नौजे ने बैठक में दो टूक कहा कि किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि किसी शिक्षक द्वारा पढ़ाई में लापरवाही बरती जाती है तो संबंधित शिक्षक एवं विषय शिक्षक पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही सभी स्कूलों में बोर्ड परीक्षा में 100 प्रतिशत परिणाम सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर कन्नौजे ने स्कूल के निर्माण में लापरवाही करने वाले ठेकेदारों पर सख्त कार्रवाई करने और स्कूल भवन निर्माण के गुणवत्ता में कोई समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।

आगामी दिनों में दिल्ली से ज्वाइंट सेक्रेटरी द्वारा जिले के पीएमश्री स्कूलों का निरीक्षण किया जाएगा, जिसके सम्बन्ध में कलेक्टर डॉ संजय ने सभी स्कूलों की वर्तमान स्थिति, लक्ष्य आदि की जानकारी लेकर आवश्यक कार्यों को समय में पूर्ण करने के निर्देश दिए, वहीं स्कूलों में विद्यार्थियों की 100 प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पीएम श्री स्कूल अरुंधती देवी उत्कृष्ट विद्यालय का जिला पंचायत सीईओ ने किया औचक निरीक्षण

आरंग, 25 फरवरी (देशबन्धु)। मंगलवार को शासकीय व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करने और शैक्षणिक गुणवत्ता की जांच के उद्देश्य से जिला कलेक्टर डॉ गौरव कुमार सिंह के निर्देश पर जिला पंचायत सीईओ कुमार बिश्वरंजन ने पीएम श्री शासकीय अरुंधती देवी उत्कृष्ट अंग्रेजी एवं हिंदी उच्चतर माध्यमिक स्कूल, आरंग की बुनियादी सुविधाओं से लेकर शैक्षणिक स्तर तक कुल 21 बिंदुओं पर सघन जांच की और आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए।

शौचालय की स्वच्छता, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता और कैंपस की साफ-सफाई, विद्यार्थियों की कक्षावार प्रगति और शिक्षकों एकेडमिक व्यवस्था,जिला एवं राज्य स्तर पर विद्यार्थियों का प्रदर्शन और खेलकूद गतिविधियां, स्कूल में संचालित च्करियर गाइडेंस प्रोग्रामज की प्रभावशीलता आदि पर फोकस किया गया।

सीईओ ने शाला प्रबंधन के संबद्ध में स्पष्ट कहा कि केवल पढ़ाई ही नहीं अपितु बुनियादी सुविधाएं ,स्वच्छता एवं बच्चों के सर्वांगीण विकास पर ध्यान दे तथा कैरियर गाइडेंस जैसे महत्वपूर्ण प्रोग्राम को और व्यवहारिक बनाने की बात कही। इस अवसर पर डीईओ श हिमांशु भारतीय ने परीक्षा परिणाम की समीक्षा करते हुए कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने की बात कही तथा शासन की गाइड लाइन के अनुसार बेहतर कार्य करने को निर्देशित किया। इस अवसर पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी दिनेश शर्मा, प्राचार्य सहित विद्यालय स्टॉफ उपस्थित रहे।

कांग्रेस की जंबो जिला कार्यकारिणी घोषित

गरियाबंद, 25 फरवरी (देशबन्धु)। कांग्रेस ने गरियाबंद जिले में अपनी जंबो जिला कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। 50 सदस्यीय इस नई टीम में 12 उपाध्यक्ष, 17 महामंत्री और 20 सचिव शामिल किए गए हैं। इसके अतिरिक्त कार्यसमिति में 10 सदस्यों को स्थान दिया गया है। मंगलवार को प्रदेश प्रशासनिक महामंत्री मलकीत सिंह गेंदू ने सूची जारी की। जिला अध्यक्ष सुखचंद बेसरा की नई कार्यकारिणी में आबिद ढेबर को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वही उपाध्यक्ष पद पर तपेश्वर सिंह ठाकुर, पुष्पा साहू, राजकुमार प्रधान, पवन सोनकर, डॉ. चिराग अली, सुखचंद नेताम, ग्वालसिंह सोरी, रमेश शर्मा, कुंजल राम यादव, मेघराम बघेल, रमिज रहमान और सन्नी मेमन को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

■ 50 सदस्य वाली टीम में 12 उपाध्यक्ष 17 महामंत्री और 20 सचिव शामिल

महामंत्री पद पर ओंकार सिंह ठाकुर, हाफिज खान, छगन यादव, लोकेन्द्र सिंह कोमर्रा, प्रह्लाद यादव, पन्नालाल ध्रुव, कमल यादव, नीरज ठाकुर, अवधेश प्रधान, चेतन सिन्हा, राजेश साहू, दिलेश्वर देवांगन, खेदू नेगी, जुनैद खान, हरिश देवांगन, सोंदर कश्यप और हबीब मेमन की नियुक्ति हुई है।

सचिव पद पर सुभाष यादव, गजेंद्र साहू, दामोदर सोरी, प्रेमलाल आडिल, राजेश यादव, अजय बाजपेयी, अनुराग बांधे, वासुदेव बिसी, गेंदलाल यादव, सतीश चौरे, हरिश्वर पटेल, अशोक ध्रुव, चन्द्रभूषण चौहान, यशवंत सोरी, बिसाहु सिन्हा, राय सेन, ददेवांगन प्रधान, भूपेंद्र अवस्थी, प्रकाश कुमर्रा और कौशिक देवांगन को जिम्मेदारी दी गई है। वहीं कार्यकारिणी सदस्य के रूप में हेमंत साहू, श्रवण सतपथी, सुनिता श्रीवास्तव, रोशनी गोस्वामी, जगमोहन नेताम, राजकुमारी सोनी, सुखबती तांडे, योगेश्वरी साहू, हरीश चन्द्र नागेश और धनेश्वर प्रधान को शामिल किया गया है।

नई कार्यकारिणी के गठन से संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं जिला कार्यकारिणी की घोषणा पर विधायक पूर्व विधायक जिला पंचायत, जनपद पंचायत और नगर निकाय क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और वरिष्ठ पदाधिकारी ने बधाई दी है।

समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में ऐतिहासिक बजट: संकेत

पलारी 25 फरवरी (देशबन्धु)। भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश विशेष आमंत्रित सदस्य एवं भाजपा मंडल पलारी के कोषाध्यक्ष संकेत वर्मा ने राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे प्रदेश के समग्र एवं समावेशी विकास की दिशा में एक ऐतिहासिक और दूरदर्शी बजट बताया है।छत्तीसगढ़ राज्य के निर्माण के समय जहां बजट का आकार लगभग ?5,000 करोड़ था, वहीं आज यह बढ़कर 35 गुना से अधिक होकर ?1,72,000 करोड़ तक पहुंच गया है, जो प्रदेश की आर्थिक प्रगति और सुदृढ़ वित्तीय प्रबंधन का प्रतीक है।सरकार का तीसरा बजट 'ज्ञान' और 'गति' के बाद इस वर्ष 'संकल्प' थीम पर आधारित है। 'संकल्प' का आशय समावेशी विकास, अधोसंरचना विस्तार, निवेश संवर्धन, कुशल मानव संसाधन निर्माण, अंत्योदय, आजीविका सशक्तिकरण तथा नीति से परिणाम तक की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

उन्होंने बजट की प्रमुख घोषणाओं का उल्लेख करते हुए कहा कि राज्य के विश्वविद्यालयों को अनुदान हेतु 731 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

25 महाविद्यालय भवनों के निर्माण के लिए 25 करोड़ स्वीकृत किए गए हैं।

दुर्ग, जशपुर, रायपुर, बलौदाबाजार एवं रायगढ़ के 5 शासकीय महाविद्यालयों में उत्कृष्टता केंद्र की स्थापना हेतु 15 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

किसानों के विद्युत पंपों पर बिजली बिल सब्सिडी के लिए 5,500 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है।

महिला एवं बाल विकास विभाग की विभिन्न योजनाओं के लिए 10,857 करोड़ का प्रावधान किया गया है।

स्वामी विवेकानंद उत्कृष्ट शाला योजना के लिए 100 करोड़ की राशि निर्धारित की गई है।

यह बजट शिक्षा, कृषि, महिला सशक्तिकरण और अधोसंरचना विकास को नई गति देने वाला है। इससे प्रदेश के सर्वांगीण विकास को मजबूती मिलेगी और अंतिम व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने की सरकार की प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है।

उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह बजट छत्तीसगढ़ को विकास के नए आयामों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

बागबाहरा महाविद्यालय में दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सेमीनार सफलतापूर्वक सम्पन्न

बागबाहरा , 25 फरवरी (देशबन्धु)। शासकीय खेमराज लक्ष्मीचंद कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय बागबाहरा के वाणिज्य एवं अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पीएम-उषा के वित्त प्रयोजन में 20 एवं 21 फरवरी को 'विकसित भारत 2047 – सतत् विकास एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़' विषय पर दो दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय संगोष्ठी का भव्य एवं सफल आयोजन किया गया। यह आयोजन महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. रश्मि मिंज के कुशल मार्गदर्शन में संपन्न हुआ। संगोष्ठी में विभिन्न महाविद्यालयों के प्राध्यापकों,शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ.मनीषा महापात्रा और डॉ.मधुलिका अग्रवाल रहे।दोनों अतिथियों ने आज के युवावर्ग को स्टार्टअप की ओर ध्यान देना चाहिए।उन्हें नौकरी करने वाला नहीं नौकरी देने वाला होना चाहिए ।दोनों ने सेमीनार के सफल आयोजन की कामना करते हुए कहा कि आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ से विकसित भारतञ्च2047 का सपना पूर्ण करने में मदद मिलेगी।प्रथम दिवस में आयोजित तकनीकी सत्र के प्रथम मुख्य वक्ता डॉ.एल.एन.वर्मा,रायपुर ने कहा कि विकसित भारत एवं आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ का सपना तभी साकार होगा जब देश के सभी नागरिक जीएनसी अर्थात ग्रॉस नेशनल कंट्रीब्यूशन में अपना योगदान दे। द्वितीय प्रमुख वक्ता डॉ. राधेश्याम साहू ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था पर जोर देते हुए कहा कि गांव विकास से छत्तीसगढ़ का विकास होगा और छत्तीसगढ़ का विकास से देश का विकास होगा। द्वितीय दिवस में नागपुर महाराष्ट्र से आए प्रमुख वक्ता डॉ. गोविंदराजा भट्टा ने विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए रोडमेप तैयार कर सभी का सहयोग आवश्यक है।देश के विकास में छत्तीसगढ़ का महत्वपूर्ण योगदान है यहां की योजनाएं राज्य के अंतिम छोर में बसे व्यक्ति जीवन स्तर को ऊंचा करने में सहायता कर रही है जो विकसित राष्ट्र के सपना को साकार करेगी। डॉ. रीतू मारवाह प्रमुख वक्ता ने विकसित भारत 2047 के लक्ष्य की प्राप्ति हेतु शिक्षा, कौशल विकास, उद्यमिता, तकनीकी नवाचार एवं सतत् विकास की रणनीतियों पर विस्तृत एवं विचारोत्तेजक व्याख्यान प्रस्तुत किए। डॉ.प्रीति कंसारा प्रमुख वक्ता ने आत्मनिर्भर छत्तीसगढ़ के निर्माण में युवा शक्ति, अनुसंधान एवं नवाचार की महत्वपूर्ण भूमिका पर विशेष बल दिया।

संगोष्ठी में देश के विभिन्न भागों से आए शोधार्थियों, सहायक प्राध्यापकों, प्राध्यापकों एवं छात्र-छात्राओं ने ऑफलाइन एवं ऑनलाइन माध्यम से सक्रिय सहभागिता करते हुए अपने शोध पत्र एवं शोध सारांश प्रस्तुत किए। प्रश्नोत्तर एवं संवाद सत्रों के माध्यम से अकादमिक विमर्श को नई दिशा मिली तथा प्रतिभागियों को समसामयिक विषयों पर गहन जानकारी प्राप्त हुई। समापन सत्र के मुख्य अतिथि डॉ.गोविंद राजा भट्टा ने युवाओं से राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने, नवाचार को अपनाने एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का निर्वहन करने का आह्वान किया तथा सेमिनार के सफल आयोजन पर सभी को शुभकामनाएं दी। प्राचार्य डॉ.रश्मि मिंज ने महाविद्यालय परिवार के समर्पित प्रयासों, उत्कृष्ट समन्वय एवं टीम भावना से यह राष्ट्रीय संगोष्ठी अत्यंत सफल रही। सेमीनार के संयोजक गजानंद बुड़ेक, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य ने उक्त जानकारी प्रदान करते हुए बताया कि इस आयोजन में महाविद्यालय के सभी प्राध्यापक, अतिथि व्याख्याता, कर्मचारी एवं छात्र-छात्राओं की उल्लेखनीय सहभागिता रही। पीएम- उषा प्रभारी धनुर्जय साहू ,सहायक प्राध्यापक अंग्रेजी ने सभी अतिथियों, वक्ताओं, प्रतिभागियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए आयोजन की सफलता पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएँ दीं।